www.deshbandhu.co.in ताजा समाचार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 3 जुलाई 2024 । वर्ष – 66 । अंक –78 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

नए आपराधिक कानून लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ : तारिगामी पृष्ठ 2

■ अपनी रणनीति में सफल हुए राहुल
■ स्पीकर चुनाव: मत विभाजन न कराकर क्या विपक्ष ने एक बड़ा... पृष्ठ 6

■ 'मोदी की मास्को यात्रा से दोनों देशों के संबंध होंगे और भी प्रगाढ़'
■ सूडान में अर्द्धसैनिक बलों के हमले में 9 बच्चों की मौत पृष्ठ 7

मैं हमेशा इस जर्सी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देता हूं पृष्ठ 8

हाथरस सत्संग में भगदड़, 122 की मौत

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे को संज्ञान में लेते हुए जांच के निर्देश दिए
■ हादसे में मरने वालों के लिए मुआवजे का भी ऐलान
■ बाबा उर्फ साकार विश्व हरि का चल रहा था सत्संग

हाथरस, 2 जुलाई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ से 122 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे को संज्ञान में लेते हुए इसकी गहन जांच के निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने हादसे में मरने वालों के लिए मुआवजे का भी ऐलान कर दिया है। योगी ने हाथरस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजन को 2-2 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया है। साथ ही घायलों के समुचित इलाज के लिए भी अफसरों को निर्देशित किया है। घटना की जांच के लिए एडीजी, आगरा और कमिश्नर, अलीगढ़ के नेतृत्व में टीम गठित की गई है।

मंगलवार को हाथरस के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गांव फुलरोई में भोले बाबा उर्फ साकार विश्व हरि का सत्संग चल रहा था। इस कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल थे। कार्यक्रम के समापन के दौरान किसी कारण से वहां भगदड़ मच गई। इस दौरान कई लोग मौके पर बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। एटा जिला अस्पताल में 27 लोगों के शव पहुंचे। अन्य अस्पतालों में भी तमाम घायलों ने दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों के युद्ध स्तर पर संचालन और घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। यूपी के हाथरस जनपद में सिकंदराराऊ थाना अंतर्गत फुलरई मुगलगढ़ी के एक खेत में साकार ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

मुख्यमंत्री साय ने हादसे पर जताया दु:ख

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाथरस हादसे पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए कहा कि दुर्घटना हृदय विदारक है। इस हादसे में दिवंगत हुए लोगों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं अपने परिवारजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं:
द्रौपदी मुर्मु (राष्ट्रपति)

हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से बात की। यूपी सरकार सभी पीड़ितों की हरसंभव सहायता में जुटी हुई है। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने इसमें अपने प्रियजनों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं : **नरेन्द्र मोदी** (प्रधानमंत्री)

सत्संग के दौरान मची भगदड़ से कई श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। सरकार और प्रशासन से अनुरोध है कि घायलों को हर संभव उपचार एवं पीड़ित परिवारों को राहत उपलब्ध कराएं। इंडिया के सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि राहत और बचाव में अपना सहयोग प्रदान करें :
राहुल गांधी (नेता प्रतिपक्ष)

सार संक्षेप

अब तक 51,000 श्रद्धालुओं ने किए बाबा अमरनाथ के दर्शन

जम्मू। 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक 51,000 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को 6,537 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था दो सुरक्षा काफिले के साथ कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 6,537 तीर्थयात्री जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुए। इस वर्ष की यात्रा के दौरान 7,000 से अधिक 'सेवादार' यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 3 जुलाई से अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है।

वादाखिलाफी से नाराज किसान आज से करेंगे प्रदर्शन

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर कई महीनों तक किसान संगठनों ने प्रदर्शन किया था। शासन से मिले आश्वासन और लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह प्रदर्शन खत्म कर दिया गया था। लेकिन अब एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण की वादाखिलाफी के विरोध में किसान संगठनों ने धरना प्रदर्शन करने का फैसला किया है। पहला प्रदर्शन 3 जुलाई को भारतीय किसान परिषद द्वारा किया जाएगा।

इंदौर के अनाथ आश्रम में 12 बच्चों की तबीयत बिगड़ी

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में एक अनाथ आश्रम के बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। एक बच्चे की मौत भी हो गई है। वहीं 12 बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तबीयत बिगड़ने की शुरुआती वजह फूड प्वाइजनिंग बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मल्हारगंज थाना क्षेत्र में स्थित अनाथ आश्रम में आसपास के जिलों के बच्चों को रखा गया है। प्रथम दृष्टया बच्चों की तबीयत बिगड़ने की वजह फूड प्वाइजनिंग है।

रामलला के दर्शन कर आज मुरेठा खोलेंगे सम्राट चौधरी

पटना। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी आज रामलला के दर्शन कर मुरेठा खोलेंगे। सम्राट चौधरी ने संकल्प लिया था कि वे अपना मुरेठा तभी खोलेंगे, जब नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटा देंगे। सम्राट चौधरी ने अयोध्या जाने से पहले कहा, 28 जनवरी को बिहार में एनडीए की सरकार बनी, नीतीश कुमार ने इस्तीफा दिया था और मैंने कहा था कि अब इस मुरेठा की आवश्यकता नहीं रही और प्रभु श्री राम के चरणों में जाकर मैं मुरेठा समर्पित करूंगा।

सिंगल विंडो पोर्टल में एक बार आवेदन से ही सभी विभागों का मिलेगा क्लीयरेंस

छत्तीसगढ़ में उद्योगों की स्थापना के लिए हर संभव सहयोग : मुख्यमंत्री

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले और उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता सुशासन और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है। इसी क्रम में आज निवेशकों और नए उद्योग लगाने वालों की सुविधा के लिए विभिन्न क्लीयरेंस और स्वीकृतियां त्वरित रूप से प्रदान करने के लिए सिंगल विंडो पोर्टल 2.0 का शुभारंभ किया गया है। प्रशासनिक दखल कम कर प्रक्रिया को सरलीकृत बनाने के लिए यह बड़ी पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पोर्टल उद्यमियों के लिए अत्यंत आसान और उपयोग करने में सुगम होगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज यहां अपने राजधानी रायपुर स्थित निवास कार्यालय से सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 पोर्टल शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने

■ मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग के सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 का किया शुभारंभ
■ उद्योगों की स्थापना की राह हुई आसान, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के मौके

कहा कि प्रदेश में संसाधनों के विपुल भंडार है और औद्योगिक विकास के भी असीम अवसर उपलब्ध हैं। उद्योग विभाग की इस नई व्यवस्था से सभी सुविधाएं एक क्लिक पर उपलब्ध होंगी। उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया आसान होने से निवेश में उनकी रुचि बढ़ेगी और युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। व्यवसायियों को आवश्यक विभागीय अनुमति-सहमति और क्लीयरेंस के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और ना ही अलग-अलग विभागों में आवेदन करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि नए पोर्टल में विभागीय अधिकारियों को भी जिम्मेदारियां दी गई है और उन पर आवेदनों के समय पर निराकरण की जवाबदेही भी होगी। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर इसकी समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सभी व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे समय पर आवेदनों का निराकरण होगा और आवेदक सिंगल क्लिक पर अपने आवेदन की स्थिति के बारे में जान पाएंगे। वाणिज्य और उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद ने सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के बारे में विस्तार पूर्वक ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

हिंदुओं पर झूठा आरोप लगाने की कोशिशें हो रहीं हैं : मोदी

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर लोकसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि वे राष्ट्रपति के भाषण के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सदन में उपस्थित हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा 'जो पहली बार सांसद बनकर हमारे बीच आए हैं और उनमें से कुछ साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। उनका व्यवहार ऐसा था, जैसे एक अनुभवी सांसद का होता है। उन्होंने सदन की गरिमा को बढ़ाया है।'



पीएम मोदी ने कहा कि देश ने सफल चुनाव आयोजित कर दुनिया को दिखा दिया है कि ये सबसे बड़ा चुनाव था। प्रधानमंत्री ने कहा 'मैं कुछ लोगों की पीड़ा समझ सकता हूं क्योंकि लगातार झूठ का प्रसार करने के बाद भी उनकी पराजय हुई।'

हमारा एकमात्र लक्ष्य भारत सर्वप्रथम है

प्रधानमंत्री ने आगे कहा 'देश की जनता ने तीसरी बार हमें सेवा करने का अवसर दिया है। देश की जनता की भारतीय जनता पार्टी के 10 वर्ष के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा। पीएम मोदी ने कहा कि देश की जनता ने देखा है कि हमारा एकमात्र लक्ष्य भारत सर्वप्रथम है। उन्होंने कहा 'हमारा एक ही लक्ष्य रहा है कि 'भारत प्रथम'। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती है। इस विचार को सर्वोपरि रखते हुए हमने देश की सेवा करने का प्रण लिया है।'

हमारा तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण का विचार

हम तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण के विचार को लेकर चले हैं। पीएम मोदी ने कहा 'इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टिकरण की राजनीति ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

सभी जिला मुख्यालयों में महिला पिंक थाने खुलेंगे

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जिला मुख्यालयो में महिला पिंक थाने खुलेंगे। इस संबंध में विभागीय तैयारी की जा रही है। इसके लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय बैठक में महिला पिंक थाने शुरू करने की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि यह थाने महिलाओं के लिए सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 258 सड़कों की प्रगति की समीक्षा की। ये सड़के पिछले 5-6 वर्षों से माओवादी गतिविधियों और सुरक्षा के अभाव में अपूर्ण थीं। उन्होंने इन सड़कों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्व सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अपलोड करने और स्वयं का भी एग्लिकेशन बनाने कहा। उन्होंने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

भाषण के अंश हटाए जाने पर राहुल ने हैरानी जताई

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने भाषण से हटाई गई टिप्पणियों और अंशों को लेकर स्पीकर ओम बिरला को खत लिखा है। उन्होंने भाषण के अंश हटाए जाने पर हैरानी जताई है। राहुल गांधी ने लोकसभा स्पीकर से अनुरोध करते हुए उनके हटाए गए भाषण के अंशों को फिर से बहाल करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने भाषण में कई अनर्गल बातें कहीं और उनमें से सिर्फ एक शब्द को कार्यवाई से हटाया गया। राहुल गांधी ने लिखा, 'मैं यह पत्र 1 जुलाई 2024 को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मेरे भाषण से निकाली गई टिप्पणियों और अंशों के संदर्भ में लिख रहा हूं। यह देखकर हैरान हूं कि जिस तरह से मेरे भाषण के काफी हिस्से को निष्कासन की आड़ में कार्यवाही से हटा दिया गया है, मेरी सुविचारित टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटा देना, संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ है।'



◆ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को लिखा पत्र

खत में राहुल गांधी ने आगे केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा, मैं अनुराग ठाकुर के भाषण की ओर भी ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं, जिनका भाषण आरोपों से भरा था, हालांकि, आश्चर्यजनक रूप से केवल एक शब्द हटाया गया। आपके प्रति उचित सम्मान के साथ, यह चयनात्मक निष्कासन तर्क को धता बताता है। मैं अनुरोध करता हूं कि कार्यवाही से हटाई गई टिप्पणियों को बहाल किया जाए।

सच्चाई को मिटाया नहीं जा सकता है-अंश हटाए जाने पर राहुल गांधी ने प्रतिक्रियाएं दी। मीडिया से बात करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी की दुनिया में सच्चाई को मिटाया जा सकता है। लेकिन, हकीकत में सच्चाई को मिटाया नहीं जा सकता। जो मैंने कहा और जो मुझे कहना था, मैंने कह दिया, वह सच्चाई है, अब उन्हें जो मिटाना है मिटाएं।

राहुल ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा में नीट मुद्दे पर चर्चा की मांग

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरकार से बुधवार को लोकसभा में नीट मुद्दे पर बहस कराने का अनुरोध किया है। राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा है कि मेरा मानना है कि छात्रों के हित में नीट मुद्दे पर बहस का नेतृत्व करना उचित होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पत्र में लिखा है कि हमारा उद्देश्य 24 लाख नीट उम्मीदवारों के हित में रचनात्मक रूप से जुड़ना है, जो जवाब के इकदार हैं। मेरा मानना है कि यह उचित होगा कि आप इस बहस का नेतृत्व करें। मैं नीट मुद्दे पर संसद में बहस का अनुरोध करने के लिए लिख रहा हूं।

हिंडनबर्ग ने सेबी के नोटिस को बताया 'बकवास'

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। हिंडनबर्ग रिसर्च, एक अमेरिकी शॉर्ट सेलर, जिसने अडानी समूह पर शेयर बाजार में हेरफेर और लेखा धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, एक बार फिर चर्चा में है। फर्म ने मंगलवार को बताया कि उसे 27 जून को सेबी से एक ईमेल मिला। हिंडनबर्ग ने बताया कि उसके बाद अडानी समूह के शेयरों में शॉर्ट सेलिंग का दांव लगाकर भारतीय नियमों का उल्लंघन करने के आरोपों पर उसे भारतीय नियामक की ओर से कारण बताओ नोटिस भेजा गया।

■ चुप कराने और डराने की है कोशिश

न्यूयॉर्क की कंपनी हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस को 'बकवास' बताते हुए कहा कि यह उन लोगों को चुप कराने और डराने का प्रयास है जिन्होंने भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों की ओर से किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का पर्दाफाश करने की कोशिश की। हिंडनबर्ग ने कहा कि उसने खुद ही खुलासा किया था कि उसने अडानी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग की थी जिसका अर्थ है कि उसने अपने मूल्य में गिरावट की उम्मीद में शेयरों का सौदा किया था। हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए इस प्रकरण में कोटक महिंद्रा बैंक का भी नाम घसीटा है। उसके बारे में हम आगे चर्चा करेंगे। पहले बताते हैं कि हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस पर क्या प्रतिक्रिया दी है?

केजरीवाल की याचिका पर हाईकोर्ट की सीबीआई को नोटिस

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने सीबीआई को इस मामले में 17 जुलाई तक जवाब दाखिल करने को कहा है। सीएम केजरीवाल इस समय भ्रष्टाचार मामले में फिलहाल 14 दिन (12 जुलाई तक) तक न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी और उसके बाद एजेंसी की हिरासत की वैधता पर सवाल उठाया। 26 जुलाई को सीएम केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान सीबीआई ने उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें पूछताछ के लिए तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। पिछले हफ्ते तिहाड़ जेल में केंद्रीय एजेंसी की ओर से सीएम केजरीवाल से पूछताछ किए जाने के बाद उन्हें विशेष अदालत में पेश करने की सीबीआई को अनुमति दी गई थी। हाल ही में, दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में सीएम केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने मई में सीएम केजरीवाल की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें उन्होंने शराब नीति मामले में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड को चुनौती दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्हें 21 दिन की अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था।

■ 17 तक जवाब देने को कहा
■ केजरीवाल ने गिरफ्तारी को दी है चुनौती

आपदा

डिब्रूगढ़ जिले से 13 मछुआरों को सेना ने बचाया, कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट

असम में बाढ़ से 6.71 लाख से अधिक लोग प्रभावित

गुवाहाटी, 2 जुलाई (एजेंसियां)। मौसम ने देश के कई हिस्सों में जहां चेहरे पर मुस्कान खिलाई है। वहीं पूर्वोत्तर इसकी मार से कराह रहा है। पिछले एक माह से बाढ़ से जूझ रहे असम के लोग अस्थायी कैंपों में रह रहे हैं।

असम में इस साल आई दूसरी बाढ़ में 20 जिलों में 6.71 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। हालांकि, लोगों के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) भगवान का रूप बनी हुई है। गंभीर रूप से प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले से 13 मछुआरों को सेना ने बचाया है। एक आधिकारिक बुलेटिन में बताया गया कि ब्रह्मपुत्र समेत 13 प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। इसके चलते कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुरोध पर डिब्रूगढ़ के हटिया अली इलाके से मछुआरों को बचाया गया है। अधिकारी ने बताया कि एएसडीएमए ने वायु सेना से अनुरोध किया कि 13 मछुआरों को बचाने में मदद करें। वहीं, एयरलिफ्ट से लोगों को बचाने में जो भी खर्चा आएगा वो भी खुद एसडीएमए ही उठाएगा। एएसडीएमए बुलेटिन ने कहा कि 20 जिलों- बिश्वनाथ, कछार, चराइदेव, दरांग, चिरांग, धेमाजी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, लखीमपुर, शिवसागर, सोनितपुर, मोरेगांव, नगांव, माजुली, करीमगंज, तामुलपुर, तिनसुकिया और नलबाड़ी के 67 राजस्व क्षेत्रों में 6,71,167 लोग बाढ़ के पानी की चपेट में हैं। पिछले 24 घंटों में एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि होने के साथ ही इस साल बाढ़, तूफान और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है।

एनडीए से राज्य सभा जाएंगे उपेन्द्र कुशवाहा

पटना, 2 जुलाई (देशबन्धु)। काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव में हार का सामना करने के बावजूद एनडीए ने उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजने का फैसला लिया है। सियासी गलियारे में इस बात की चर्चा थी कि उपेंद्र कुशवाहा गठबंधन से नाराज चल रहे हैं। हालांकि इसी बीच एनडीए ने उन्हें बड़ा गिफ्ट दे दिया है। दरअसल, जेडीयू से अलग होने के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी अलग पार्टी बनाई है। लोकसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने एनडीए के साथ गठबंधन किया।

देश

उवाच

सत्तारूढ़ भाजपा 2026 के बाद होने वाली परिसीमन कवायद में हिंदी पट्टी के लिए भारी बहुमत नहीं जुटा पाएगी, क्योंकि उसे लोकसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है।

-शशि थरूर, कांग्रेस नेता

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	36.0	26.0
मुंबई	30.0	28.0
कोलकाता	29.0	28.0
चेन्नई	36.0	29.0

अर्थव्यवस्था पर आंकड़े छुपा रही सरकार : अखिलेश

■ विपक्ष ने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट व अग्निपथ के मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। लोकसभा की कार्यवाही एक बार फिर मंगलवार को शुरू हुई। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। इस दौरान दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था पर आंकड़े छुपा रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को बोलने का मौका देने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले उन सभी मतदाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने लोकतंत्र को एकतंत्र बनाने से रोका। चुनाव के समय ऐसा कहा गया कि 400 पार पर समझदार जनता को फिर से धन्यवाद। उन्होंने कहा कि आवाम ने तोड़ दिया हुकूमत का गुमार, दरबार तो लगा है, मगर बड़ा गमगीन बेनूर है और पहली बार ऐसा लग रहा है कि हारी हुई सरकार विराजमान है।

जनता कह रही है कि चलने वाली नहीं, यह गिरने वाली सरकार है। क्योंकि ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं, अधर में जो लटकी, वो तो कोई सरकार नहीं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में पूरे इंडी गठबंधन की जीत हुई है। यह इंडिया की सकारात्मक जीत हुई है। 2024 का परिणाम हम इंडिया वालों के लिए जिम्मेदारी से भरा पैगाम भी है। हम यह भी कहे 15 अगस्त 1947 अगर आजादी का दिन था, तो 4 जून 2024 देश के लिए सांप्रदायिक राजनीति से आजादी का दिन रहा। सबसे अच्छी बात यह है कि सांप्रदायिक राजनीति की हार हो गई।

लोकसभा चुनाव में जो लोग चार सौ सीटें जीतने का दावा करते थे जनता ने उनका गुरूर तोड़ दिया है : अखिलेश यादव

नीट पेपर लीक पर बोला हमला

नीट पेपर लीक पर बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले 10 सालों की उपलब्धि बस इतनी ही है कि शिक्षा परीक्षा माफिया का जन्म हुआ। यूपी में सारे पेपर लीक हुए हैं। यहां तक कि अन्य राज्यों में भी ऐसा ही हुआ। नीट का पेपर भी लीक हुआ। अब सवाल उठता है कि आखिरकार सारे पेपर लीक कैसे हो रहे हैं। सच्चाई यह है कि सरकार नौकरी नहीं देना चाहती है इसलिए ऐसा करा रही है। सरकार आशा का प्रतीक होना चाहिए न कि निराशा का। उन्होंने आगे कहा, सरकार पीछे की बात न करके आगे की बात करे। जनता किसी के बहकावे में नहीं आएगी। सपा सांसद ने कहा कि एक और जीत हुई है। अयोध्या में हुई जीत जनता की समझ की जीत है। हम तो यही सुनते आए हैं हाए वही जो राम रचराखा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जो लोग चुनाव को अपनी तरह से मोड़ते हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि इस चुनाव के परिणाम में तोड़ने वाली राजनीति की हार हुई है। वहीं जोड़ने वाली राजनीति की जीत हुई है। इस चुनाव में धन, छल, बल की नकारात्मक राजनीति को शिकस्त हुई है। यह चुनाव सकारात्मक का दौर शुरू हुआ है। संविधान ही संजीवनी है। यह संविधान मंथन में हैं। संविधान रक्षकों की जीत हुई है। मैं कहना चाहता हूं कि देश किसी की निजी महत्वाकांक्षा से नहीं, बल्कि जन आंकाक्षा से चलेगा। मतलब अब मनमर्जी नहीं जनमर्जी चलेगी।

उत्तर प्रदेश में 35 फीसदी की ग्रोथ चाहिए

सपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि सरकार कहने को तो कहती है कि यह पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। मगर सरकार क्यों छिपा रही है कि अगर यह सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो हमारे देश की प्रति व्यक्ति आय किस स्थान पर पहुंची है। हमने देखा है कि अगर दिल्ली सरकार ने कहा होगा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगी, तो जहां से पीएम से चुनकर आती है, तो वहां की प्रदेश सरकार कह रही है कि हम एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बना लेंगे। अगर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनना है तो 35 फीसदी की ग्रोथ चाहिए। मुझे नहीं लगता है कि इतनी ग्रोथ हो पाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की सबसे बड़ी प्राथमिकता कोई है तो वो देश की सीमाओं की सुरक्षा है। अग्निवीर जैसी व्यवस्थाओं से वो संभव नहीं है। हम अग्निवीर को कभी स्वीकार नहीं कर सकते। हम जब भी सत्ता में आएंगे, अग्निवीर खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि अनाथ पशु की समस्याओं से छुटकारा दिलवाने के लिए बहुत वादे किए थे, लेकिन आजतक गन्ने का भुगतान तक नहीं दिया गया। अब तो वचन देने वाले लोगों को भी याद नहीं है। इसलिए जनता का इस सरकार पर से विश्वास उठ गया है।

ईवीएम पर कल भी भरोसा नहीं था आज भी नहीं है : यादव

अखिलेश यादव ने लोकसभा में ईवीएम को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुझे कल भी ईवीएम पर भरोसा नहीं था आज भी नहीं है। अगर यूपी में 80 की 80 सीटें जीत भी जाऊं तो भी भरोसा नहीं होगा। ईवीएम का मुद्दा मरा नहीं है। जब तक ईवीएम हट नहीं जाती समाजवादी लोग इस पर अड़िग रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने कहा कि जब मॉडल ऑफ कंडक्ट चुनाव हुआ तो सरकार काफी लोगों पर मेहरबान रही। मुझे ईवीएम पर कल भी भरोसा नहीं था और आज भी नहीं है। मैंने अपने चुनाव में कहा था कि ईवीएम से जीतकर ईवीएम को हटाने का काम करेंगे। न ईवीएम का मुद्दा मरा है और न ही होगा खत्म। जबतक ईवीएम नहीं हटेगी हम लोग उस बात पर अड़ा रहेंगे। सपा सांसद ने आगे कहा कि पहली बारिश में टपकती छत और गिर चुकी स्टेशन की वीडा बेइमानी की निशानी बन गई है। विकास का ढिंढोरा पीटने वाले इस विनाश की जिम्मेदारी कब लेंगे। रही सच्चे विकास की बात तो हमने जो सड़कें बनाई तो उस पर हवाई जहाज इतने थे और यूपी की सड़कों पर नाव उतरी है। अगर और बारिश हुई तो नाव से ही चलना पड़ेगा। जनता को कोई सुविधा नहीं मिली है।

संसद से

तीन नए सदस्यों ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को तीन नए सदस्यों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी पी सुनीर, कांग्रेस के जोस के. मणि और आईयूएमएल के हारिस बीरन को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। इसके बाद सभापति ने दो सदस्यों मदन राठौड़ और बीद्या मस्तान राय यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और सदन के पटल पर आवश्यक दस्तावेज रखवाएं।

14 प्रतिशत मुसलमानों में से सिर्फ चार प्रतिशत सांसद हैं : असदुद्दीन ओवैसी

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि इस सदन में सिर्फ चार प्रतिशत मुसलमान जीतकर आते हैं। क्या यह सामाजिक न्याय है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के सांसद अब अपर समाज में आ चुके हैं, लेकिन 14 प्रतिशत मुसलमानों में से सिर्फ चार प्रतिशत सांसद हैं। मुसलमान वोट बैंक नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी को जो जनादेश मिला है वह मुसलमानों के विरोध के कारण हिन्दू वोट मिला है। उन्होंने कहा कि आज देश में बड़े स्तर पर बेरोजगारी है और हिंदुस्तान के युवा रूस जाकर वहां की सेना में शामिल हो रहे हैं।

सरकार की नीतियों से आम जनता को हो रही परेशानी : माकपा

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के.वी.शिवदासन ने कहा कि सरकार की नीतियों से आम जनता को परेशानी हो रही है। परीक्षाओं की विश्वसनीय समाप्त हो रही है और छात्रों तथा युवाओं का भविष्य संकट दिखाई दे रहा है। विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि संविधान की रक्षा हर कीमत पर की जानी चाहिए। जनता ने चुनाव में स्पष्ट संदेश दिया है कि संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगी। तृणमूल कांग्रेस के समीरुल इस्लाम ने कहा कि सरकार को समभाव के साथ काम करना चाहिए।

राष्ट्रपति के अभिभाषण में आदिवासियों के कल्याण की बात दिखाई नहीं देती : प्रकाश सिंह

तृणमूल कांग्रेस के प्रकाश सिंह ने कहा कि देश की राष्ट्रपति आदिवासी समुदाय से हैं लेकिन उनके अभिभाषण में आदिवासियों के कल्याण की बात दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि इस देश में हर कोई चाय पर चर्चा करता है लेकिन चाय बागानों के मजदूरों की चर्चा कोई नहीं करता। उन्होंने कहा कि इन मजदूरों को वित्तीय परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन उनके कल्याण की दिशा में कदम नहीं उठाए जा रहे।

पिछले दस साल में सरकार ने कई योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की : एम.तंबी दुरै

अन्नाद्रमुक के एम.तंबी.दुरै ने कहा कि पिछले 10 साल में सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की है। सरकार के केंद्र में आम आदमी का कल्याण रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। तमिल मछुआरों की आजीविका समुद्र पर निर्भर करती है। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है।

सार संक्षेप

अनंतनाग में आग से 11 घर व सात दुकानें जलकर खाक

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के मेहमान मोहल्ला में सोमवार रात को लगी भीषण आग में 11 घर और सात दुकानें जलकर खाक हो गईं। अग्निशमन एवं आपातकालीन अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर रात मेहमान मोहल्ला के भीड़भाड़ वाले रिहायशी सह व्यावसायिक इलाके में एक घर में आग लग गई, जिसमें 11 रिहायशी घर सह गोदाम और सात दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग बुझाने के लिए अनंतनाग, मट्टन, विजवेहरा, अचवल, सीर हमदान और शांगस इलाकों के अग्निशमन मुख्यालयों से करीब 12 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

हाथरस सत्संग हादसा अत्यंत दुखद : डा. मोहन यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में कई लोगों के असमय निधन पर शोक व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में कई लोगों की असामयिक मृत्यु एवं घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगतों की पुण्य आत्मा को मोक्ष प्रदान करें।

बिहार का स्वरूप बदलने को पद यात्रा जारी रहेगी : प्रशांत किशोर

सुपौल। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने आज कहा कि बिहार के स्वरूप बदलने के लिए उनकी पद यात्रा चलती रहेगी। किशोर ने सुपौल जिले के किशनपुर थाने के अन्तर्गत उच्च विद्यालय के प्रांगण में आयोजित सभा में कहा कि जन सुराज को अभी दल का स्वरूप नही दिया गया है और लेकिन दल का स्वरूप लेने बाद चुनावी राजनीति में प्रवेश किया जाएगा। राजनीति दल बनने के बाद इसका नेता वे स्वयं नहीं बल्कि जनता के बीच से चुनकर बनाया जाएगा। बिहार के स्वरूप बदलने के लिए पद यात्रा चलती रहेगी।

जी.निरंजन ने की राहुल गांधी के भाषण की प्रशंसा

हैदराबाद। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने मंगलवार को कहा कि देश लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण की सराहना कर रहा है। निरंजन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। टीपीसीसी की ओर से गांधी को हार्दिक बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जिन्होंने पहले गांधी को शहजादा और पप्पू कहकर मजाक उड़ाया था, दोनों ही स्पष्ट रूप से चिंतित और परेशान दिखाई दिए।

तमिलनाडु के मछुआरों के हितों को लेकर जयशंकर से स्टॉलिन का आग्रह

मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों का हो स्थायी समाधान

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन ने विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर को पत्र लिखा है और राज्य के मछुआरों के अधिकार को बनाए रखने के लिए स्थायी समाधान निकालने की अपील की है। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए इंदिरा गांधी सरकार पर आरोप लगाया था कि, उन्होंने तमिलनाडु के पास मौजूद कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था। जिसे लेकर देश में कई दिनों तक वाद-विवाद और आरोप-प्रत्यारोप को दौर चला।

वहीं कच्चातिवु द्वीप एक बार फिर चर्चा में हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि, मैं आपके ध्यान में यह लाना चाहता हूं कि हाल के हफ्तों में श्रीलंकाई अधिकारियों की तरफ से तमिलनाडु के मछुआरों को हिरासत में लेने की मामलों में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है। इस संबंध में, मैं यह बताना चाहता हूं कि डीएमके के नेतृत्व वाली

श्रीलंकाई अधिकारियों की तरफ से तमिलनाडु के मछुआरों को हिरासत में लेने की मामलों में हुई हैं जबरदस्त बढ़ोत्तरी : एम. के स्टालिन

राज्य सरकार ने कच्चातिवु समझौते का पुरजोर विरोध किया और तमिलनाडु विधानसभा और संसद दोनों में इसका विरोध स्पष्ट किया गया। यह बात सभी जानते हैं कि इस मामले में राज्य सरकार से उचित परामर्श नहीं लिया गया।

वहीं अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देते हुए भी यह मुद्दा उठाया था और कहा था कि, क्या कच्चातिवु हमारी मां भारती का अंग नहीं था। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में इसे श्रीलंका को दे दिया गया। यह कांग्रेस का इतिहास है। मां भारती को छिन्न-भिन्न करने का इतिहास। वहीं कच्चातिवु द्वीप को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के साथ-साथ डीएमके पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने डीएमके और कांग्रेस को एक ही परिवार की इकाइयां बताया था। तमिलनाडु की तमाम सरकारें 1974 के समझौते को मानने से इनकार करती रहीं और श्रीलंका से द्वीप को दोबारा प्राप्त करने की मांग उठाती रहीं। इस मामले में साल 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव लाया गया था। वहीं साल 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट भी गई थी। इसके अलावा साल 2011 में जयललिता ने एक बार फिर से विधानसभा में प्रस्ताव पारित कराया था।

इस कड़ी में मई 2022 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पीएम मोदी की मौजूदगी में एक समारोह में मांग की थी कि कच्चातिवु द्वीप को फिर से भारत को वापस लेना चाहिए।

केंद्र सरकार ने मछुआरों के अधिकारों व हितों को खतरे में डाला

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि पूर्व की केंद्र सरकार ने भारतीय मछुआरों के अधिकारों और हितों को खतरे में डालते हुए और उनसे वंचित करते हुए द्वीप को पूरी तरह से श्रीलंका को सौंप दिया था। बता दें कि कच्चातिवु पाक जलडमरूमध्य में एक छोटा सा द्वीप है, जो बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। कच्चातिवु द्वीप 285 एकड़ का हरित क्षेत्र है जो 1976 तक भारत का था। साल 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके के साथ 1974-76 के बीच चार समुद्री सीमा समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इन्हीं समझौते के तहत कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया।

लालू व राबड़ी को पटना हाइकोर्ट से राहत

पटना, 2 जुलाई (देशबन्धु)। आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को मंगलवार को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की बेंच ने आज लालू और राबड़ी के खिलाफ दर्ज केस को आज खारिज कर दिया। जस्टिस संदीप कुमार की बेंच ने मंगलवार को केस को खारिज करने का आदेश दिया है। मामला 14 साल पुराना यानि 2010 का है। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी पर पटना के एक्पोर्ट थाने में केस दर्ज किया गया था। इस केस का ट्रायल भी निचली अदालत में शुरू हो गया था। लालू-राबड़ी ने पहले निचली अदालत में मुकदमे को रद्द करने की अर्जी लगाई थी। वहां से अर्जी खारिज हुई तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया। लालू-राबड़ी की ओर से हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि पुलिस ने अपने केस में जो धाराएं लगाई हैं, वे गलत



■ अदालत ने 14 साल पुराने दर्ज मामले को किया खारिज

हैं। लालू प्रसाद और राबड़ी देवी ने ऐसा कोई काम नहीं किया है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाए। लालू-राबड़ी के वकीलों ने हाईकोर्ट में यह भी दलील दी कि पटना के सीजेएम ने इस केस का संज्ञान लेने में देरी की जो कानून के मुताबिक सही नहीं है। ऐसे में केस को खारिज किया जाए। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वकील इस मामले में कोई ठोस दलील नहीं दे पाए। लिहाजा हाईकोर्ट की बेंच ने लालू-राबड़ी के खिलाफ दर्ज इस मामले को खारिज करने का आदेश दिया है।

लालू-राबड़ी पर यह था आरोप

मामला 2010 के विधानसभा चुनाव के दौरान का है। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी अपना वोट डालने वेटनरी कॉलेज बूथ पर गए थे। उसी दौरान ये आरोप लगा था कि लालू-राबड़ी ने मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की और मतदान केंद्र पर हंगामा किया। इसके बाद दोनों के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में केस संख्या-190/2010 दर्ज किया गया था। इस मामले में 2012 में पटना के सीजेएम ने संज्ञान लेते हुए लालू-राबड़ी के खिलाफ ट्रायल शुरू करने का आदेश दिया था।

दानवे विधान परिषद से पांच दिन के लिए निलंबित

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता एवं शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) सदस्य अंबादास दानवे को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सदस्य प्रसाद लाड के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए मंगलवार को सदन से पांच दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। लाड ने सोमवार को दानवे पर उनके खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था और उपसभापति से उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी। इसके बाद सदन में भारी हंगामा हुआ और दानवे और लाड के बीच तीखी बहस हुई। इसके बाद, सत्ता पक्ष के सदस्यों ने विरोध किया और विपक्ष के नेता के इस्तीफे की मांग की। भाजपा सदस्य एवं कैबिनेट मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने दानवे को पांच दिन के लिए निलंबित करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया, जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया।

नए आपराधिक कानून लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ : तारिगामी

■ नए कानूनों के कार्यान्वयन पर की रोक लगाने की मांग

श्रीनगर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने मंगलवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानून अलोकतांत्रिक और कठोर हैं। तारिगामी ने कहा कि नए आपराधिक कानून लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ हैं। देश में सोमवार को तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए और पहले ही दिन कश्मीर घाटी समेत कई जगहों पर कई मामले दर्ज किए गए। तारिगामी ने एक बयान में कहा, ये कानून जल्दबाजी में, बिना बहस के, घोर निरंकुश और अलोकतांत्रिक तरीके से तब पारित किए गए जब बड़ी संख्या में विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह कानून कठोर हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी चिंताएं हैं कि नए

कानून राज्य को अधिक व्यापक शक्तियों से लैस करके नागरिकों की स्वतंत्रता और कानूनी सुरक्षा को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों की गहन समीक्षा की जरूरत है। हम मांग करते हैं कि नए कानूनों के कार्यान्वयन पर रोक लगाई जाए। तारिगामी ने कहा कि कश्मीर के लोगों ने हमेशा यात्रियों का स्वागत किया है और यात्रा के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, लेकिन यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों तक यातायात रुकने के कारण उन्हें अपनी आने-जाने की दूरी तय करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बदलाव *कश्मीर में आतंकवाद के पैर पसारने के बाद वार्षिक अमरनाथ यात्रा का स्वरूप बदला*

अमरनाथ यात्रा में स्थानीय लोगों की भागीदारी न के बराबर

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू,2 जुलाई (देशबन्धु)। असल में जब से कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद ने अपने पांव फैलाए हैं तभी से वार्षिक अमरनाथ यात्रा का स्वरूप बदलता गया और आज स्थिति यह है कि यह धार्मिक यात्रा के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता व अखंडता की यात्रा बन कर रह गई है।

जिसमें देश के विभिन्न भागों से भाग लेने वालों के दिलों में देश प्रेम की भावना तो होती ही है उनके मन मस्तिष्क पर यह भी छाया रहता है कि वे इस यात्रा को 'कश्मीर हमारा है' के मकसद से कर रहे हैं।

यही कारण है कि अमरनाथ यात्रा का एक आश्चर्यजनक पहलू यह है कि इसमें शामिल होने वाले बाहरी राज्यों के निवासी हैं। जबकि स्थानीय लोगों की भागीदारी न के ही बराबर। हालांकि इस बार की भी

■ श्रद्धालुओं में मात्र पांच प्रतिशत ही जम्मू कश्मीर से संबंध रखने वाले

अमरनाथ यात्रा की खास बात यह है कि इसमें स्थानीय भागीदारी नगण्य सी है। जहां अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं में मात्र पांच प्रतिशत ही जम्मू कश्मीर से संबंध रखने वाले हैं वहीं अमरनाथ यात्रा मार्ग पर लंगर लगाने वालों में भी जम्मू कश्मीर से लंगर लगाने वाला ढूंढने से नहीं मिलता। अब स्थिति यह है कि इस यात्रा में भाग लेने वालों को सिर्फ धार्मिक नारे ही नहीं बल्कि भारत समर्थक, कश्मीर के साथ एकजुटता दर्शाने वाले तथा पाकिस्तान विरोधी नारे भी सुनाई पड़ते हैं जो इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि यात्रा में भाग लेने वालों का मकसद राष्ट्रीय एकता व अखंडता को मजबूत बनाना भी है। इसे भी भूला नहीं जा सकता कि आतंकियों के प्रतिबंधों के कारण इस यात्रा को न सिर्फ राष्ट्रीय एकता व अखंडता की यात्रा में ही बदल डाला गया बल्कि भाग लेने वालों का आंकड़ा भी आसमान को छूने लगा। यही कारण था कि वर्ष 1996 में भी पचास हजार से अधिक बजरंग दल के सदस्यों ने इसलिए इस यात्रा में भाग लिया था क्योंकि उन्हें यह दर्शाना था कि कश्मीर भारत का है। और इसी भावना के कारण की गई यात्रा से जो अव्यवस्थाएं पैदा हुई थीं वे अमरनाथ त्रासदी के रूप में सामने आई जिसने तीन सौ से अधिक लोगों की जान ले ली थी। अमरनाथ यात्रा को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की यात्रा में बदलने में पाक समर्थित आतंकियों द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंधों और आतंकियों द्वारा किए जाने वाले हमलों ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। पिछले कई सालों से आतंकियों द्वारा इस यात्रा पर लगाए जाने वाले प्रतिबंधों और किए जाने वाले हमलों ने न सिर्फ अमरनाथ यात्रा को सुर्खियों में ला खड़ा किया बल्कि देश की जनता के दिलों में कश्मीर के प्रति प्रेम को और बढ़ाया जिसे उन्होंने इस यात्रा में भाग लेकर दर्शाया।

सच्ची देश प्रेम की भावना को दर्शाने का एक स्वरूप लंगरों की भी व्यवस्था को भी माना जाता है जिसे देश के विभिन्न भागों से आने वाली स्वयंसेवी संस्थाएं लगा रही है।

'मुंग्या' के 100 करोड़ क्लब में शामिल होने पर बोलीं शरवरी वाघ, 'फिल्म की कामयाबी देखना प्रेरणादायक'

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। सुपरनैचुरल हॉरर कॉमेडी फिल्म फिल्म 'मुंग्या' का तूफानी कलेक्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 112 करोड़ रुपए की कमाई करते हुए 100 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री की। फिल्म के कलेक्शन से बेहद खुश एक्ट्रेस शरवरी ने कहा कि यह उनके लिए काफी खुशी का पल है, क्योंकि यह उनकी पहली फिल्म है, जिसने 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया है। फिल्म को मिल रहे पॉजिटिव रिस्पांस के बारे में शरवरी ने कहा, 'मैं उन बड़े सितारों से बहुत प्रभावित हूं, जिनकी फिल्मों ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। यह देखना कि इतने सारे लोग आपको देखने के लिए थिएटर में आए हैं, आपकी फिल्म और आपके काम पर अपना प्यार बरसा रहे हैं, मेरे लिए यह उत्साहजनक पल है।'

श्वसन तंत्र के वायरल संक्रमण से बच्चों की इम्युनिटी हुई मजबूत, कोविड से हुआ बचाव : शोध

■ श्वसन तंत्र नली का वायरल संक्रमण नाक, गले और वायु नली को प्रभावित करता है और ऐसा कई अलग-अलग तरह के वायरस के कारण हो सकता है

■ अमेरिका में येल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने महामारी के दौरान बाल रोगियों से लिए गए 600 से अधिक नाक के स्वाबों का विश्लेषण किया

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। एक शोध में यह बात सामने आई है कि बच्चों के श्वसन तंत्र में वायरस और बैक्टीरिया की वजह से उनका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। यही वजह है कि बच्चे कोविड-19 के सबसे बुरे प्रभावों से बच सके। श्वसन तंत्र नली का वायरल संक्रमण नाक, गले और वायु नली को प्रभावित करता है और ऐसा कई अलग-अलग तरह के वायरस के कारण हो सकता है। बच्चे, वयस्कों की तुलना में सामान्य सर्दी जैसे श्वसन संक्रमणों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। मगर घातक कोरोनावायरस ने उन्हें कम प्रभावित किया। जहां एक तरफ वैश्विक स्तर पर इसने लाखों लोगों की जान ली, वहीं इसमें बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने और उनकी मृत्यु दर में काफी कमी देखने को मिली। शोध के लिए अमेरिका में येल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने महामारी के दौरान बाल रोगियों से लिए गए 600 से अधिक नाक के स्वाबों का विश्लेषण किया। उन्होंने 19 विभिन्न श्वसन वायरस और बैक्टीरिया के लिए नमूनों की दोबारा से जांच की। साथ ही जन्मजात इम्यून सिस्टम द्वारा एंटीवायरल और सूजनकारी प्रोटीन के स्तर को भी मापा। जर्नल ऑफ एक्सपेरिमेंटल मेडिसिन में प्रकाशित परिणामों से पता चला है कि बिना किसी लक्षण वाले बच्चों के अलावा कई बच्चे कोरोनावायरस-2 के अलावा अन्य श्वसन रोगजनकों से संक्रमित थे। पांच वर्ष से कम उम्र के लगभग 50 प्रतिशत लक्षणरहित रोगियों में वायरस या संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया पाए गए। जिन बच्चों में श्वसन संबंधी रोगाणुओं का स्तर अधिक था, उनमें नाक संबंधी जन्मजात प्रतिरक्षा का स्तर भी अधिक पाया गया। यह छोटे बच्चों और किशोरों दोनों में देखा गया।

शोध से इस बात का भी खुलासा हुआ कि सामान्य सर्दी के लिए जिम्मेदार राइनोवायरस जैसे अपेक्षाकृत कम घातक रोगजनकों से बार-बार संक्रमित होने से बच्चों का जन्मजात इम्यून सिस्टम सक्रिय रहता है।

जेनिटल हर्पीस के कारण स्वास्थ्य देखभाल खर्च में विश्व स्तर पर अरबों डॉलर का नुकसान



नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। एक शोध में यह बात सामने आई है कि जेनिटल (जननांग) हर्पीस संक्रमण और उससे संबंधित जटिलताओं के कारण स्वास्थ्य देखभाल व्यय में विश्व स्तर पर अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है। यूटा स्वास्थ्य विश्वविद्यालय की एक टीम और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से किया गया यह शोध इस बीमारी की आर्थिक लागत का पहला वैश्विक अनुमान है। हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस संक्रमण के कारण फैलता है। यह मुख्य रूप से मुंह से प्रवेश करता है। यह मुंह में या उसके आस-पास संक्रमण पैदा कर सकता है।

बीएमसी ग्लोबल एंड पब्लिक हेल्थ नामक पत्रिका में प्रकाशित शोध से पता चला है कि वैश्विक स्तर पर 0-49 आयु वर्ग के लगभग दो-तिहाई लोग (67 प्रतिशत) एचएसवी-1 से पीड़ित हैं। दुनिया की 15-49 वर्ष की आयु की लगभग 13 प्रतिशत आबादी एचएसवी-2 संक्रमण के साथ जी रही है। शोध में कहा गया है कि एचएसवी सिर्फ घावों और छालों तक सीमित नहीं है। यह अन्य गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता है, जिसमें प्रसव के दौरान यह मां से बच्चे में आ सकता है। साथ ही इसमें एचआईवी संक्रमण का जोखिम भी बना रहता है। शोध में हर्पीज संक्रमण की रोकथाम में अधिक निवेश करने के बारे में भी बात की गई है। साथ ही इस आम वायरस के खिलाफ प्रभावी टीके विकसित करने के प्रयास पर भी जोर दिया गया है। शोध पत्र में टीम ने कहा, 'जेनिटल (जननांग) एचएसवी संक्रमण और इसके परिणामों की वैश्विक लागत काफी अधिक है।' उन्होंने कहा, 'एचएसवी के रोकथाम से एक बड़े आर्थिक बोझ के साथ इस बीमारी से भी बचा जा सकता है। इसके लिए एचएसवी वैक्सीन के विकास पर काम करना जरूरी है।' शोध में वैश्विक स्तर और क्षेत्रवार स्तर पर जेनिटल हर्पीस से जुड़ी आर्थिक लागत का भी विवरण दिया गया है। धनी देशों को लागत का खामियाजा 27 बिलियन डॉलर भुगतना पड़ा, वहीं कुल लागत का 76.6 प्रतिशत हिस्सा उच्च एवं मध्यम आय वाले देशों में था।

सामंथा ने स्तन कैंसर का इलाज करा रही हिना खान को बताया 'योद्धा'

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। तीसरे चरण के स्तन कैंसर से जूझ रही एक्ट्रेस हिना खान को सामंथा रुथ प्रभु ने 'योद्धा' कहा है। उनके कैंसर की खबर सुनकर परेशान हुई एक्ट्रेस ने कहा कि मैं आपके लिए प्रार्थना कर रही हूं। सामंथा ने हिना का नवीनतम वीडियो अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शेयर किया। वीडियो में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की एक्ट्रेस कैंसर डायग्नोसिस के बारे में बात करती नजर आ रही हैं। रील वीडियो में हिना को एक अवॉर्ड शो में भाग लेते हुए और फिर अपनी पहली कीमोथेरेपी के लिए जाते हुए दिखाया गया है।

हिना ने वीडियो को कैप्शन दिया, 'इस पुरस्कार समारोह में मुझे अपने कैंसर के बारे में पता चला, लेकिन मैंने इसे न केवल अपने लिए बल्कि हम सभी के लिए सामान्य बनाने का निर्णय लिया। यह वह दिन था, जिसने सब कुछ बदल दिया, यह मेरे जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण चरणों में से एक की शुरुआत थी।' हिना ने पोस्ट में लिखा, 'मैंने इस चुनौती को खुद को फिर से नया रूप देने के अवसर के रूप में लेने का फैसला किया है। मैंने अपने दृलकित में सकारात्मकता की भावना को पहले उपकरण के रूप में रखने का फैसला किया है। मैंने अपने लिए इस अनुभव को सामान्य बनाने का फैसला किया है। मेरे लिए मेरी कार्य प्रतिबद्धताएं मायने रखती हैं। मेरे लिए मेरी प्रेरणा, जुनून और कला मायने रखती हैं। मैं झुकने से इनकार करती हूं। यह पुरस्कार जो मुझे मेरे पहले कीमो से ठीक पहले मिला, वह अकेले मेरी प्रेरणा नहीं थी, वास्तव में मैं इस कार्यक्रम में खुद को आश्वस्त करने के लिए शामिल हुई थी कि मैंने अपने लिए जो बेंचमार्क सेट किया है, उस पर खरी उतर सकूं।' उन्होंने आगे लिखा, मैंने कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी पहली कीमो के लिए सीधे अस्पताल चली गई। मैं विनम्रतापूर्वक सभी से आग्रह करती हूं कि पहले अपने जीवन की चुनौतियों को सामान्य बनाएं, फिर अपने लिए लक्ष्य निर्धारित करें और हर तरह से उन पर खरा उतरने की कोशिश करें। चाहे कितना भी मुश्किल क्यों न हो। कभी पीछे न हटें।

कभी हार न मानें। सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी यही वीडियो शेयर किया और लिखा, आपके लिए प्रार्थना कर रही हूं, हिना खान तुम योद्धा हो।' हिना ने अपने स्टोरीज सेक्शन पर सामंथा की पोस्ट को फिर से शेयर किया और एक नोट लिखा, 'मुझे पता है कि आप एक बेहतरीन स्टार हैं, और जिस तरह से आपने जीवन में आई हर चुनौती को संभाला है, वह अद्भुत है... देर सारा प्यार सामंथा।' 28 जून को हिना ने सोशल मीडिया पर बताया था कि वह ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं।

'बिग बॉस ओटीटी 3' : 'शेरू' को छिपाकर अरमान मलिक ने किया प्रैंक, भड़क उठी सना सुल्तान

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। 'बिग बॉस ओटीटी 3' में घरवालों के बीच अब जबरदस्त लड़ाई देखने को मिल रही है। अपकमिंग एपिसोड में आपको अरमान मलिक और सना सुल्तान के बीच स्टफ्ड टॉय को लेकर झगड़ा होता हुआ नजर आएगा। सना सुल्तान के पास एक स्टफ्ड टॉय है, जिसे वह प्यार से 'शेरू' कहती हैं। वह उससे काफी कनेक्ट हैं। अरमान सना को लेकर छोटी से शरारत करते हैं और उनके 'शेरू' को छुपा देते हैं। सना अपने स्टफ्ड टॉय को काफी ढूंढती हैं और जब वह नहीं मिलता, तो वह निराश हो जाती हैं। सना को परेशान देख अरमान उनका टॉय लौटा देते हैं और माफी मांग लेते हैं। लेकिन मामला यही नहीं थमता, सना अन्य घरवालों से इस बारे में बात करती हैं। ये देख अरमान भड़क जाते हैं और कहते हैं, 'मैंने पहले ही माफी मांग ली है। तुम दिन-रात एक ही टॉपिक पर बात क्यों कर रही हो और इसे खत्म क्यों नहीं कर देते?' इस पर सना जवाब देती हुई कहती हैं, 'मेरे इमोशन आपके बोलने से नहीं चलते। 'शेरू' मेरे लिए बहुत खास चीज है। आप मेरे लंगारू को नहीं समझ रहे हैं। मैं दुखी हूं और मुझे सही होने में कुछ समय लगेगा।' वह अरमान को बताती हैं कि यह टॉय उनके लिए क्यों खास है। सना ने कहा, 'यह ऐसी चीज है जिससे मैं इमोशनली अटैच हूं। मैं तुरंत ठीक नहीं हो सकती। मुझे वापस अपने सही मूड में आने में कुछ समय लगेगा। मैंने आपको अपना एक्सप्लेनेशन दे दिया है, प्लीज इसकी रिस्पेक्ट करें।' सना के रवैये से चिढ़कर अरमान कहते हैं, 'एक प्रैंक का इतने टाइम से बखेड़ा खड़ा कर रखी है।' इस वीक नॉमिनेशन टास्क में, यूट्यूबर शिवानी कुमारी लगातार तीसरी बार नॉमिनेट हुई हैं। वहीं 'वायरल बड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका दीक्षित, पोलोमी दास, रैपर नेजी, कंटेंट क्रिएटर विशाल पांडे और टैरो कार्ड रीडर मुनिया खटवानी भी नॉमिनेट हैं। बीते 'वीकेंड का वार' में अरमान की पहली पत्नी पायल मलिक एलिमिनेट हो गईं। शो छोड़ने के बाद, पायल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने सभी को उन्हें हेर सारा प्यार और सपोर्ट करने के लिए धन्यवाद दिया। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में उन्होंने कहा, 'सभी को हैलो। आप सबको पता है कि मैं बिग बॉस हाउस से बाहर आ चुकी हूं, इतना प्यार और इतना सपोर्ट देने के लिए थैंक्यू सो मच।'

■ 'बिग बॉस ओटीटी 3' में घरवालों के बीच अब जबरदस्त लड़ाई देखने को मिल रही

विकलांगता आड़े नहीं आती आनंद सिंह के भगवान शिव के प्यार के सामने

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 2 जुलाई (देशबन्धु)। राजस्थान के जयपुर के आनंद सिंह, जिन्होंने 2002 में एक दुर्घटना में अपने दोनों पैर खो दिए थे, इस साल 13वीं बार भगवान शिव के दर्शन के लिए पवित्र गुफा की यात्रा कर रहे हैं। भगवान शिव के भक्त, सिंह पवित्र गुफा मंदिर में पूजा करने के लिए 3,880 मीटर की ऊंचाई पर अमरनाथ की अपनी 13वीं यात्रा पर निकले हैं।

वे बताते थे कि मैंने 2010 में बाबा के दरबार में आना शुरू किया। हालांकि उन्होंने वर्ष 2013 में केदारनाथ में बाढ़ के कारण और दो साल तक जब कोविड महामारी के कारण इसे निलंबित कर दिया गया था, तब वे इस यात्रा में शामिल नहीं हो पाए थे। बाइस साल पहले एक ट्रेन दुर्घटना में अपने दोनों पैर गंवाने वाले सिंह एक ट्रक के टायर में बैठते हैं और अपने हाथों का इस्तेमाल करके चलते हैं।

मैंने 2010 में बाबा के दरबार में आना शुरू किया। हालांकि उन्होंने वर्ष 2013 में केदारनाथ में बाढ़ के कारण और दो साल तक जब कोविड महामारी के कारण इसे निलंबित कर दिया गया था, तब वे इस यात्रा में शामिल नहीं हो पाए थे : आनंद सिंह

वह 2015 तक ऐसा करते रहे हैं लेकिन कुछ शारीरिक कमजोरी होने के बाद उन्होंने पालकी (एक पालकी) या घोड़े पर यात्रा करना शुरू कर दिया। सिंह कहते थे कि पहले चार-पांच साल तक मैं अपने हाथों से खुद को घसीटता रहा, लेकिन अब मेरे लिए यह मुश्किल हो गया है। मैं पालकी में यात्रा करता हूं। भगवान शिव के साथ अपने रिश्ते की 'विशेष' प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए आनंद सिंह कहते थे कि यह बंधन हर साल मजबूत होता जा रहा है। इसलिए मैं यहां आता हूं। उनके शब्दों में पवित्र गुफा में पूजा-अर्चना करके मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है, जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। सिंह के बकौल, मुझे यहां वास्तव में सुकून मिलता है और भोले बाबा के दर्शन करने के बाद मुझे जो आंतरिक संतुष्टि महसूस होती है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। अपनी विकलांगता के बावजूद वह खुद को वंचित महसूस नहीं करते। वे कहते थे कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग मेरे बारे में क्या कहते हैं। कुछ लोग मेरे प्रयास को सकारात्मक रूप से देखते हैं, जबकि कुछ अन्य मेरी आलोचना करते हैं। सभी लोग एक जैसे नहीं होते। सिंह ने पवित्र गुफा मंदिर में तब तक जाने का संकल्प लिया है, जब तक वह खुद ऐसा कर सकते हैं। सिंह ने कहा कि वह चाहते हैं कि पूरी दुनिया में लोग पूरी तरह शांति और सद्भाव के साथ रहें और खुशहाल जीवन जिएं।

टीवी देखते हुए एब क्रंचेस, सिट-अप्स व पुश-अप्स करता हूं : सोनू सूद

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। एक्टर सोनू सूद अपने काम और एक्टिंग के अलावा अपनी फिटनेस के लिए भी जाने जाते हैं। उनके 6 पैक्स एब्स ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। अपनी फिटनेस के पीछे का सीक्रेट बताते हुए उन्होंने खुलासा किया कि वह टीवी देखते हुए एब क्रंचेस, सिट-अप्स और पुश-अप्स को अपनी रूटीन में शामिल करते हैं। आपने अक्सर सुना होगा कि बेहतरीन बॉडी पाने के लिए सप्लीमेंट्स और नॉनवेज खाने की जरूरत पड़ती है। सोनू सूद ने इस बारे में भी आम मिथकों को दूर किया।

उन्होंने कहा, 'लोगों में अक्सर यह गलत धारणा होती है कि अच्छे शरीर के लिए नॉनवेज खाने की जरूरत होती है, लेकिन मैंने सीखा है कि यह हेल्दी डाइट पर ज्यादा निर्भर होता है।' स्टार ने हेल्दी लाइफस्टाइल को बनाए रखने के लिए केटूरेल और बैलेंस डाइट के साथ-साथ पूरे दिन एक्टिव रहने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'टीवी देखते समय भी मैं क्रंचेस, पुश-अप्स और सिट-अप्स करके खुद को एक्टिव रखने के तरीके ढूंढ लेता हूं। ये सिंपल एक्टिविटीज मुझे एक्टिव रहने में मदद करती हैं।' वर्कफ्रंट की बात करें तो, सोनू जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'फतेह' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म साइबर क्राइम के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें दिग्गज एक्टर नसीरुद्दीन शाह, एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज और शिव ज्योति राजपूत लीड रोल में हैं। फिल्म का हाल में टीजर जारी किया गया, इसकी शुरुआत में आवाज सुनाई देती है, 'फतेह, 19 मार्च को तुमने 40 आदमी...' इससे पहले कि बात पूरी हो पाती, सोनू सूद की आवाज सुनाई देती है, 'ए50.... 40 नहीं 50। 10 की बॉडी कभी मिलेंगी नहीं।' वह व्यक्ति पूछता है कि इतने आदमियों को मारने के बाद तुम्हें कुछ कहना है? इस पर सोनू कहते हैं, 'भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।' वह व्यक्ति फिर पूछता है, 'क्या लगता है तुम्हें, जो तुमने किया, वो सही किया?' इसके बाद दोनों हाथों में गन लिए एक आदमी की एंट्री होती है। उसके शरीर पर कई चोट के निशान हैं। वह अपने खून से सने हाथों को धोता है, और इसके बाद खुब सारा मार-धाड़ और खून खराबा दिखाया जाता है। बता दें कि सोनू ने अपने करियर की शुरुआत भारती द्वारा निर्देशित 1999 की तमिल फिल्म 'कल्लाझागर' से की थी। वहीं बॉलीवुड में एंट्री साल 2002 में फिल्म 'शहीद-ए-आजम' से की थी। इस फिल्म में उन्होंने भगत सिंह का रोल प्ले किया। इस फिल्म के बाद उन्हें कई फिल्मों के ऑफर आने लगे। उन्होंने मणिरत्नम की फिल्म 'युवा' में अभिषेक बच्चन के भाई का रोल निभाया था।

■ एक्टर सोनू सूद अपने काम और एक्टिंग के अलावा अपनी फिटनेस के लिए भी जाने जाते हैं

आपकी पसंदीदा पानी पुरी कैंसर, अस्थमा और अन्य बीमारियों का बढ़ा सकती है : विशेषज्ञ

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। क्या आप भी पानी पुरी खाने के शौकीन हैं, तो सावधान हो जाइए। विशेषज्ञों ने चेतावनी देते हुए कहा कि आर्टिफिशियल रंगों से भरी पानी पुरी खाने से कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा कैंसर और अस्थमा का खतरा बढ़ सकता है। कई शिकायतों के आधार पर कर्नाटक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सड़क किनारे स्टालों से लगभग 260 नमूने एकत्र किए। इनमें से 22 प्रतिशत पानी पुरी गुणवत्ता परीक्षण में खरी नहीं उतर पाई। लगभग 41 नमूनों में आर्टिफिशियल रंगों के साथ कैंसर पैदा करने वाले एजेंट शामिल थे। वहीं, 18 नमूने बासी (खाने लायक नहीं) थे। जून के अंत में कर्नाटक के खाद्य सुरक्षा और मानक विभाग ने राज्य भर में चिकन कबाब, मछली और सब्जियों के व्यंजनों में आर्टिफिशियल रंगों का उपयोग करने पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना और सात साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का आदेश पारित किया था। मार्च में गोभी मंचूरियन और कॉटन कैंडी में इस्तेमाल होने वाले आर्टिफिशियल रंग एजेंट रोडामाइन-बी के उपयोग पर कर्नाटक में प्रतिबंध लगा दिया गया था।

कई शिकायतों के आधार पर कर्नाटक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सड़क किनारे स्टालों से लगभग 260 नमूने एकत्र किए

बेंगलुरु के क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स एक्सर सीएमआई हॉस्पिटल में हेड ऑफ सर्विसेज एडविना राज ने बताया, 'व्यंजन को अधिक आकर्षक बनाने और स्वादिष्टता बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल रंगों का उपयोग किया जाता है, जो विभिन्न स्वास्थ्य जोखिमों का कारण बनते हैं। खासकर उन लोगों में जो अक्सर विदेशी भोजन का सेवन करते हैं।' उन्होंने कहा, 'भोजन में ऐसे सिंथेटिक तत्वों के अत्यधिक संपर्क से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है और सूजन बढ़ने से पेट का स्वास्थ्य खराब हो जाता है।' विशेषज्ञ ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप बच्चों में अतिसक्रियता, एलर्जी के लक्षण और दमा के दौरे भी पड़ सकते हैं। इसके अलावा, अगर पानी पुरी में इस्तेमाल किया गया पानी दूषित है तो इससे टाइफाइड जैसी खाद्य जनित बीमारियां भी हो सकती हैं। लोगों को लुभाने के लिए दुकानदार इसमें आर्टिफिशियल रंगों का उपयोग करते हैं। जिससे इसके स्वाद को बढ़ाया जाता है। खाद्य पदार्थों में सनसेट येलो, कार्मोइसिन और रोडामाइन-बी जैसे रंगों का उपयोग कई स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। एडविना ने कहा कि आर्टिफिशियल रंगों के बजाय कोई भी ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन कर सकता है, जो 'चुकंदर, हल्दी, केसर के धागों आदि का उपयोग करके प्राकृतिक रंग और स्वाद' से बनाए गए हो।

टीवी एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया ने डिप्रेशन पर की खुलकर बात

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। टीवी एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया ने डिप्रेशन से जूझने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि टीवी शो 'लोटी सरदारनी' की शूटिंग के दौरान लंबे समय तक काम करने और अकेलेपन ने उन्हें परेशान कर दिया था। अपनी यात्रा को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'डिप्रेशन से जूझना मेरे जीवन में एक बड़ी चुनौती रही है। 'लोटी सरदारनी' की शूटिंग के दौरान लंबे समय तक काम करने के कारण मुझे बर्नआउट एंग्जायटी और डिप्रेशन का सामना करना पड़ा, साथ ही निजी जीवन में अकेलेपन का सामना करना पड़ा।' रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 का हिस्सा रही निम्रत ने कहा कि उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में कभी भी डिप्रेशन का सामना नहीं किया।

उन्होंने कहा, 'मैंने डिप्रेशन के पता चलने के बाद 40 दिन का ब्रेक लेने के बावजूद काम करना जारी रखा और एंटीडिप्रेसेंट लेना शुरू कर दिया। एक साल बाद मैंने होम्योपैथी पर स्विच कर लिया। 'बिग बॉस' सीजन 16 में प्रवेश करने से लगभग एक महीने पहले मैंने दवा लेना बंद कर दिया।' निम्रत ने कहा कि मेरे लिए काम ढूंढना कभी मुश्किल नहीं रहा। मुझे काम पाने के लिए कभी संघर्ष नहीं करना पड़ा। वास्तव में, मैं अपने टेलीविजन करियर के शिखर पर थी। भले ही दुनिया मुझे विजेता के रूप में न देखे, लेकिन मेरी सबसे बड़ी व्यक्तिगत जीत मेरे शरीर में साल भर में आए बदलावों से मानसिक और शारीरिक रूप से उबरना था।

एक्ट्रेस ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। 2018 में उन्हें फेमिना मिस मणिपुर का ताज पहनाया गया। इसके बाद वह बी प्राक के 'मस्तानी' नामक एक संगीत वीडियो में नजर आईं, जिसने उन्हें शोबिज की दुनिया में कदम रखने में मदद की।

रायपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

प्रधानमंत्री के भाषण से निराशा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे, तो एक बार फिर उनके लहजे में बड़बोलेपन और अहंकार के भाव के साथ-साथ विपक्ष के लिए घृणामिश्रित उपेक्षा का भाव नजर आया। श्री मोदी के भाषण को सुनकर ऐसा लगा कि सोमवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जो भाषण दिया था, उसकी चोट से उबरने में अभी उन्हें वक्त लगेगा। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने साफ शब्दों में यह बता दिया था कि भाजपा हिंदू धर्म की शिक्षा पर नहीं चलती है और जिस हिंदुत्व को वह बढ़ावा देती है, उससे नफरत और हिंसा फैलती है। राहुल गांधी के इस वक्तव्य पर संसद में खड़े होकर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके साथियों ने आपत्ति व्यक्त की थी। इसके बाद आधी रात को श्री गांधी के भाषण से उन हिस्सों को हटा दिया गया, जिनमें भाजपा पर चोट की गई थी। राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर इन हिस्सों के हटाए जाने पर अपनी असहमति दर्ज कराई है। इसके अलावा राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री को भी एक पत्र लिखा, जिसमें नीट परीक्षा पर चर्चा की मांग फिर से की है।

प्रधानमंत्री मोदी राहुल गांधी के पत्र का जवाब देंगे या नहीं, इस पर अब संदेह होता है। क्योंकि मंगलवार को अपने भाषण में उन्होंने राहुल गांधी के लिए एक बार फिर अपमान भरे लहजे में बालकबुद्धि शब्द का प्रयोग किया। श्री मोदी ने कहा कि बालक बुद्धि में न बोलने का ठिकाना होता है और न ही बालक बुद्धि में व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। जब ये बालक बुद्धि पूरी तरह सवार हो जाती है, तो सदन में भी किसी के गले पड़ जाते हैं। ये बालक बुद्धि अपनी सीमाएं खो देती है, तो सदन के अंदर बैठकर आंखें मारते हैं। इनकी सच्चाई अब पूरा देश समझ गया है। इसी तरह श्री मोदी ने एक किस्सा सुनाया कि एक बच्चा 99 अंक लाने की बात करता है, लेकिन बाद में पता चलता है कि उसने सौ में नहीं 543 में 99 अंक हासिल किए हैं।

इन दो उदाहरणों से ही साबित हो जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भी पहले की तरह संवेदनहीनता का परिचय देते रहेंगे। श्री मोदी ने एक बार आईआईटी रुड़की के छात्रों से चर्चा के दौरान डिस्लेक्सिया बीमारी का जिक्र निकलने पर भी राहुल गांधी पर तंज कस कर बता दिया था कि उनके मन में मानसिक रोगियों के लिए किस तरह हिकारत का भाव है। जब राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए उन्होंने मंगलवार को सदन में बालकबुद्धि शब्द का इस्तेमाल किया, तब भी यही हिकारत जाहिर हुई। क्योंकि बुद्धिमत्ता के गढ़े गए पैमाने पर, यानी मानक आईक्यू स्तर पर जिन लोगों के अंक कम आते हैं, उनके लिए बालकबुद्धि जैसी बातें कही जाती हैं। संभवत: एनडीए सरकार के लिए नीट, मणिपुर, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, अग्निवीर के नाम पर देश की सुरक्षा के साथ खेला गया खेल, किसानों से छल, विकास के नाम पर आ रही तबाही, ऐसे सारे मुद्दे गौण हैं, तभी इन पर चर्चा की बात करने वाले राहुल गांधी के लिए बालकबुद्धि जैसे शब्द का इस्तेमाल किया गया है।

श्री मोदी हर साल परीक्षा पर चर्चा भी करते आए हैं। एक्जाम वारियर नाम से किताब भी उन्होंने लिखी है। उन्हें शायद पता होगा कि इस देश में हर साल ऐसे हजारों बच्चे आत्महत्या करते हैं, जो युद्ध का मैदान बना दी गई परीक्षा में खुद को हारा हुआ महसूस करते हैं। जबकि असल बात यह है कि परीक्षा को युद्ध बना देना सरकार की विफलता है और उससे भी बड़ी विफलता यह है कि बच्चों के सामने अंकों का महत्व उनकी जिंदगी से ज्यादा जरूरी बना दिया गया है। अगर श्री मोदी इस विफलता को समझते तो वे कांग्रेस की 99 सीटें लाने की तुलना 543 में 99 अंकों से नहीं करते।

यह सही है कि इंडिया गठबंधन को इस बार पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, लेकिन यह भी अकाट्य सत्य है कि इस बार के चुनावों में विपक्ष की सीटें बढ़ी हैं और अगर इंडिया गठबंधन खरीद-फरोख्त का खेल करता तो शायद बहुमत का आंकड़ा पार कर लेता। लेकिन उसने जनादेश को स्वीकार किया, क्योंकि वह जानता है कि जनता ने उसे इस भरोसे के साथ सदन में भेजा है कि वह लोकतंत्र और संविधान की रक्षा में अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएगा। इसलिए राहुल गांधी ने यह कहा कि वे विपक्ष में बैठकर भी प्रसन्न हैं, क्योंकि उनके लिए सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण जनता की आवाज है। श्री मोदी कांग्रेस की 99 सीटों को बड़ी पराजय कहते हुए यह भूल जाते हैं कि कांग्रेस की सीटें इस बार बढ़ी हैं और भाजपा की सीटें कम हुई हैं।

दो घंटे से भी लंबे समय के अपने भाषण में श्री मोदी ने 2014 और 2019 के अपने कार्यकालों का जिक्र किया। सर्जिकल स्ट्राइक और घर में घुसकर मारने की बात की। रफाएल के मुद्दे पर राहुल गांधी का मजाक उड़ाया। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर घोटालों के आरोपों का जिक्र किया। लेकिन उनके पूरे भाषण में काम की बातें तलाशना वैसा ही कठिन था जैसे भूसे के ढेर में सुई ढूंढना। नेहरूजी से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सब पर श्री मोदी ने आरोप लगाया। इतिहास की बातों को अपने हिसाब से तोड़ा मरोड़ा, बाबा अंबेडकर का नाम लेकर यह बताने की कोशिश की कि कांग्रेस ने उनका अपमान किया है। संविधान सिर पर लेकर नाचने जैसे शब्द बोलकर श्री मोदी ने फिर साबित किया कि उनके लिए सदन और चुनावी मंच में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कल के राहुल गांधी के बयान को हिंदू धर्म के अपमान की तरह पेश किया। अपने भाषण में कई बार कांग्रेसी शब्द बोलकर उन्होंने बता दिया कि सत्ता के 11वें साल में भी वे कांग्रेस से भयभीत ही हैं। श्री मोदी कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष पर हावी होने की कोशिश में दिखे, लेकिन जितने देर श्री मोदी बोलते रहे, विपक्ष के सांसद मणिपुर और नीट जैसे विषयों पर न्याय की आवाज बुलंद करते रहे। यानी मंगलवार के स्कोर बोर्ड में भी विपक्ष सरकार पर भारी ही नजर आया।

अपनी रणनीति में सफल हुए राहुल

अरविन्द मोहन

आज तो गर्दा उड़ा दिया', फ़ेसबुक की एक एक लाइन की टिप्पणी पर इस लेखक को जैसी और जितनी प्रतिक्रिया मिली वह बताती है कि विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी का पहला भाषण सफल रहा। राहुल गांधी संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। उनका भाषण सौ मिनट का हुआ और लोकसभा चुनाव से जीवंत हुए विपक्षी खेमे में इस दौरान जो उत्साह दिखा वह तो उल्लेखनीय था ही, सत्ता पक्ष में जिस किस्म की हड़बड़ी दिखी उससे भी लगता है कि राहुल अपनी रणनीति में सफल हुए। इस भाषण के तत्काल बाद भाजपा की तरह से दो केन्द्रीय मंत्रियों और मुख्य पार्टी प्रवक्ता ने प्रेस कांफ्रेंस करके अपना पक्ष रखा या राहुल की बातों को काटने की कोशिश की। और फिर तो मीडिया मैनेजमेंट और भाजपा का प्रचार सेल तरह-तरह से हमले या राहुल की कमियां बताने के अभियान में जुट गया। पर जो जीवंतता संसद के अंदर दिखी वह टीवी चैनलों और अखबारों में भी झलकी और हर जगह राहुल को वह स्थान और प्रमुखता मिली जो आम तौर पर उनके हिस्से नहीं आती थी। यू-ट्यूब समेत सोशल मीडिया पर तो चुनाव के आसपास से ही राहुल और प्रतिपक्ष को एक किस्म की बढ़त रही है। वहां स्वाभाविक तौर पर इस भाषण ही नहीं इस सौ मिनट के पूरे तमाशे का शोर रहा।

राहुल के भाषण का कंटेन्ट भी बदला है, लेकिन सबसे ज्यादा उनका तरीका बदला है। अब यह पूरी तरफ मैच्योर और लाइन पर आ गया हो यह कहना कठिन है। कांग्रेस के जयपुर अधिवेशन में कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने जबरदस्त भाषण दिया था, इस संसद में भी एक-दो बार उनका भाषण अच्छा हुआ है, लेकिन बाद के व्यवहार से उनका असर धुल गया। इस बार भी वे अगर हिन्दू समाज या भारतीय समाज में शांति, अहिंसा, निर्भयता जैसे गुण बताने के लिए तस्वीरें दिखाने जैसे काम न करते तो बेहतर प्रभाव होता। यह सब नाटक जैसा लगा। और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव का यह टोकना भी काफी हद तक सही था कि अपने भाषण के काफी व्यक्त राहुल ने अध्यक्ष के आसन की तरफ पीठ भी दिखाई। विपक्ष के नेता को इतना तो आना ही चाहिए किए सारा सम्बोधन अध्यक्ष की तरह हो अपने साथियों की तरफ अलग से ध्यान देना जरूरी नहीं है। कुछ विषयों पर कम या ज्यादा जोर देने की बात भी की जा सकती है। दो दिन पहले आप नीट की चर्चा के लिए अभिभाषण रुकवाना चाहते थे लेकिन सौ मिनट के भाषण में उसकी चर्चा काफी कम थी।

> **राहुल की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उन्होंने दूसरों के पिच पर खेलने की जगह अपनी पिच पर बैटिंग की। सरकार की तरफ से पहले बोलते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने आपातकाल और संविधान की बात की लेकिन राहुल ने सत्ता पक्ष के लोगों को बार-बार रूल बुक और संविधान दिखाने के लिए बाध्य किया पर उस चर्चा में नहीं गए।**

राहुल की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उन्होंने दूसरों के पिच पर खेलने की जगह अपनी पिच पर बैटिंग की। सरकार की तरफ से पहले बोलते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने आपातकाल और संविधान की बात की लेकिन राहुल ने सत्ता पक्ष के लोगों को बार-बार रूल बुक और संविधान दिखाने के लिए बाध्य किया पर उस चर्चा में नहीं गए। उन्होंने अग्निवीर योजना, नीट परीक्षा में धांधली, किसानों को उचित मूल्य, मणिपुर, अध्यक्ष के भेदभावपूर्ण व्यवहार (जिसमें अपने माइक को बंद किए जाने का मसला भी था), भाजपा और संघ के हिन्दुत्व और सरकार की पूंजीपतियों के प्रति उदारता को निशाना बनाया और इस तरह बात रखी कि प्रधानमंत्री समेत पांच केन्द्रीय मंत्री बीच में दखल देने खड़े हुए। प्रधानमंत्री ने दो बार, अमित शाह और राजनाथ सिंह ने तीन-तीन बार और शिवराज चौहान, किरण रिजिजु और भूपेन्द्र यादव ने खड़े होकर दखल दी। वे राहुल के तीखे हमलों पर शांत न बैठ पाए। खुद अध्यक्ष ने दो बार लंबी सफाई दी पर बात साफ नहीं हुई। यही राहुल के प्रदर्शन का शीर्ष बिंदु है। शोर तो मचता ही रहा पर सत्ता पक्ष और प्रतिपक्षी बेंचों से उठने वाले शोर में फर्क था।

राहुल ने असली चमत्कार सीधे प्रधानमंत्री को भगवान बनाने वाली मानसिकता पर हमला करने के साथ उनके 'खौफ' को निशाना बनाकर किया। न चाहते हुए भी यहां गांधी के चंपारण आंदोलन की चर्चा लानी पड़ती है जिस पर इस लेखक ने काफी काम किया और सारे अध्ययन का लब्बोलुवाब यह था कि गांधी ने चंपारण के किसानों के अंदर से गोरी चमड़ी का डर भगा दिया। और यह चीज चंपारण तक रहने की जगह देश और दुनिया में सभी जगह पहुंची और अंग्रेजी साम्राज्य को विदा होने में ज्यादा वक्त नहीं लगा। राजनाथ सिंह द्वारा बाहर मुस्कुराकर नमस्कार करना पर सदन में प्रधानमंत्री की मौजूदगी के चलते नजर छुपाना और नितिन गडकरी द्वारा भी मोदी जी से खौफ खाने की बात की तो सबको लगा कि तीर निशाने पर है। पार्टी का अनुशासन एक चीज है, साझा जवाबदेही भी एक चीज है लेकिन भाजपा में मोदी युग में जो चल रहा है उसे इन दो बातों की जगह खौफ से ज्यादा बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। और जब भाजपा और उसके शीर्ष के लोगों में इतना खौफ बनाया जाए तो फिर शासन व्यवस्था, राजनीति, मीडिया और समाज में खौफ की बात करना/समझाना आसान हो जाता है। राहुल ने इससे भी ज्यादा मजेदार प्रसंग लोकसभा अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री को झुककर प्रणाम करने का उठाया और कहा कि आप सदन के सर्वेसर्वा हैं, आपको किसी के आगे नहीं झुकना चाहिए। अध्यक्ष भी तत्पर थे और उन्होंने इसे तत्काल अपने संस्कार से जुड़ा बताकर अपनी जान छुड़ाई। राहुल का कथन सही है, उसे संस्कार की आड़ में नहीं छुपाया जा सकता। संयोग से राज्यसभा के अध्यक्ष का व्यवहार और ज्यादा पक्षपातपूर्ण दिखा।

अब शासक जमात और उसका बाहरी तंत्र अपने-अपने काम करता ही है और करेगा। कई सारे भक्त हमारे फेसबुक एकाउंट में भी निकल आए जबकि मैं बहुत सावधान होकर दोस्त बनाता हूं। कुछ टिप्पणियां मर्यादा की सीमा से नीचे की भी आईं। इस लेखक के लिए भी यह कोई नया अनुभव नहीं है पर राहुल गांधी के लिए ऐसे हमले झेलना बहुत पुराना है। कई बार वे सचेत ढंग से भारी मेहनत करके भी असफल हुए हैं तो कई बार अपनी छोटी गलतियों से अपने किए धरे पर खुद पानी फेरा है। उनकी पार्टी में तो उनको पलीता लगाने वालों की फौज ही रही है जो कभी साथ होती है कभी भाजपा में चल देती है। भारत यात्रा और इस बार के चुनाव ने उनको ताकत दी है और संभवत: मैच्यूरिटी भी। यह भाषण उसका ही प्रमाण है। लेकिन अभी दूसरों से ज्यादा उनको खुद अपनी परीक्षा में, विपक्ष के नेता की जिम्मेवारी वाली परीक्षा में और अपने दल को खड़ा करने की परीक्षा में खरा साबित करना होगा।

स्पीकर चुनाव: मत विभाजन न कराकर क्या विपक्ष ने एक बड़ा अवसर खोया ?

■ आलोक बाजपेयी

लोकसभा चुनाव के मिश्रित नतीजों के बाद से राजनीति में रुचि रखने वालों के लिए सबसे ज़्यादा जिज्ञासा का विषय यह था कि अठारहवीं लोकसभा की स्पीकर की कुर्सी पर कौन बैठेगा? पहले यह कयास लगे कि एनडीए के बहुमत के लिए ज़रूरी घटक दल ख़ासकर टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू इस पद को अपने पास रखने की शर्त रखेंगे। नीतीश कुमार और नायडू दोनों अपने दलों को संभावित टूट से बचाने के लिए यह पद भाजपा को सौंपने का खतरा नहीं मोल लेंगे। लेकिन मोदी 3.0 ने मंत्रिमंडल गठन में भी सभी महत्वपूर्ण मंत्रालय भाजपा के पास रखकर और स्पीकर का पद भी भाजपा के लिए रखकर घटक दलों की आशाओं पर पानी फेर दिया। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में दूसरा पेंच तब आया जब संसदीय परंपरा की दुहाई देकर स्पीकर के चुनाव में समर्थन देकर अपने लिए डिप्टी स्पीकर की मांग कर रहे इंडिया ब्लॉक को मध्यस्थता कर रहे राजनाथ सिंह ने कोई आश्वासन नहीं दिया और इंडिया ब्लॉक ने नाराज़ होकर स्पीकर चुनाव में अपना प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर दी और लगभग 46 साल बाद देश में लोकसभा अध्यक्ष हेतु चुनाव देखा।

यूं देखा जाए तो स्पीकर से पहले प्रोटेम स्पीकर के चुनाव से ही इंडिया ब्लॉक और एनडीए के बीच तनातनी शुरू हो गई थी। इस पद पर सबसे वरिष्ठ सांसद को आसीन कर उन्हें सम्मान देने की परंपरा रही है। लेकिन इन दिनों चौतरफा आक्रमण झेल रहे मोदी-शाह की जोड़ी ने सिर्फ अपने आप को पहले की तरह मजबूत और सभी दबावों से ऊपर दिखाने के लिए प्रोटेम स्पीकर के पद पर भी सबसे वरिष्ठ आठ बार के सांसद कांग्रेस के के. सुरेश की बजाए भाजपा के भर्तृहरि महताब को आसीन किया। एक तरह से टकराव की शुरुआत होने भाजपा की ओर से होने के बाद विपक्षी दलों ने लोकसभा अध्यक्ष पद हेतु अपना स्टैंड रखने की सोची और पुरानी परंपरा के अनुसार डिप्टी स्पीकर का पद अपने लिए मांग लिया। यहां ध्यान रहे कि पिछली अर्थात सत्रहवीं लोकसभा में बहुमत के मद में भाजपा सुप्रीमो ने डिप्टी स्पीकर पद खाली ही रखा था और स्पीकर श्री ओम बिड़ला ने पूरी तरह मोदी-शाह के हितों के लिए ही काम करते हुए संसदीय मर्यादा के कई प्रतिमान ध्वस्त किए थे। वास्तव में बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन, निष्कासन और विपक्ष को बाहर कर लगभग बिना बहस के बिलों को पास कराने के आरोप उन पर लगे। यदि लोकसभा अध्यक्षों के इतिहास पर नज़र डाली जाए तो ओम बिड़ला का पहला कार्यकाल बहुत नीचे की पायदान पर आएगा। ज़ाहिर है, ऐसे में न तो विपक्ष और न ही एनडीए के घटक दल चाहते थे कि श्री बिड़ला की स्पीकर पद पर वापसी हो। शिवसेना सांसद श्री संजय राउत ने तो यहां तक कहा कि श्री ओम बिड़ला ने एक साथ सौ से अधिक सांसदों को निलंबित कर दिया था और ऐसा लोकतंत्र विरोधी कदम तो इमरजेंसी में भी नहीं उठाया गया था। लेकिन, अठाहरवीं लोकसभा के संख्या बल की चुनौतियों को समझ रहे नरेन्द्र मोदी ने अपने जाने-परखे व्यक्ति पर ही भरोसा जताया। इसका नतीजा यह निकला कि संसद के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब चुने गए लोकसभा अध्यक्ष के स्वागत भाषण में सांसदों ने ख़ूब उलाहने और भविष्य में संतुलन बनाकर काम करने की ताक़ीद ज़्यादा दी गई।

लेकिन उन सारे उलाहनों से इस सच्चाई पर कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि तमाम विरोधों के बाद भी मोदी-शाह अपनी पसंद का स्पीकर चुनने में क़ामयाब रहे। इंडिया ब्लॉक के हिस्से स्पीकर चुनाव में सिर्फ़ यह आया कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में श्री राहुल गांधी प्रधानमंत्री के साथ उन्हें आसंदी तक छोड़ने गए और उनसे हाथ मिलाया। जबकि जिस ढंग से विपक्ष ने स्पीकर चुनाव को निर्विरोध ना होने देने के लिए टाल ठोंकी थी या कहें कि उन्हें ताल ठोंकने के लिए मजबूर किया गया था, उसे देखते हुए लग नहीं रहा था कि सब कुछ इतनी आसानी से हो जाएगा। कांग्रेस के उम्मीदवार श्री के. सुरेश के दलित होने से उन्हें कुछ अतिरिक्त लाभ की उम्मीद थी। जब सारा देश क़यास लगा रहा था कि के. सुरेश कितनी कड़ी टक्कर दे पाएँगे या क्या उन्हें नीतीश-नायडू का साथ भी मिल सकेगा, तभी दो दिक्कतें इंडिया ब्लॉक के सामने आईं। पहली तकनीकी थी। प्रोटेम स्पीकर के चयन में भाजपा की मनमानी का विरोध करने के लिए सात निर्वाचित सांसदों ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ नहीं ली थी। लेकिन जिस वक्त शपथ नहीं ली थी उस समय किसी को स्पीकर पद हेतु चुनाव का अंदाज़ा नहीं था। बिना शपथ के ये सांसद चुनाव में भाग लेने के पात्र नहीं थे और इस तरह विपक्ष का संख्या बल थोड़ा कम हो गया।

स्पीकर चुनाव के लिए इंडिया ब्लॉक की मुहिम को अच्छा समर्थन मिला था और कुछ राजनीतिक विश्लेषक तो गुप्त मतदान होने की सूरत में अप्रत्याशित नतीज़ों की संभावना भी देखने लगे थे। चुनाव हार जाने की सूरत में भी सरकार को स्पष्ट विरोध का संदेश तो मिलना ही था। लेकिन संभवत: तभी श्री राहुल गांधी के सलाहकार सक्रिय हुए और उन्हें शुरुआत सकारात्मक समन्वय और सामंजस्य की राजनीति से करने इत्यादि के पक्ष में मनाया जाने लगा। श्री राहुल गांधी एक बार फिर अपने प्रतिद्वंदियों की फितरत समझे बिना अपने सलाहकारों की बातों में आ गए और बिना मत विभाजन के मांग के सिर्फ ध्वनि मत से स्पीकर के चुनाव के लिए तैयार हो गए। हुआ भी ऐसा ही और देश में सबसे ज़्यादा विपक्ष विरोधी लोकसभा अध्यक्ष कहे जाने वाले श्री ओम बिड़ला लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने का गौरव पा गए।

> **दीपेंद्र हुड्डा के साथ कठोर व्यवहार से विपक्ष की आंखें खुल गई हैं। विपक्ष के नेता खुलकर अघोषित इमरजेंसी और श्री बिड़ला के एकतरफा व्यवहार का मुद्दा उठा रहे हैं। श्री हुड्डा के कथित अपमान के राजनीतिक दोहन की भी तैयारियां हैं। विपक्ष की रणनीति यह दिखती है कि सदन के भीतर बिड़ला जी विपक्षी सांसदों को भड़काकर उनके खिलाफ़ कार्यवाही का मौका ढूंढ रहे हैं तो उनका विरोध उन नेताओं से कराया जाए तो सदन में हैं ही नहीं। इसी रणनीति के तहत प्रवक्ताओं ने श्री बिड़ला और मोदी सरकार पर खुलकर हमला बोला है।**

इतने जोर शोर से ऐलान के बाद कांग्रेस बिना वोटिंग के स्पीकर का चुनाव हो जाने देगी, इस बात पर सहज यक़ीन करना मुश्किल था। ध्वनि मत से श्री बिड़ला के चुने जाने की घोषणा के बाद मत विभाजन की मांग की आवाज़ भी सुनाई दी। मज़े की बात यह है कि सबसे पहले किसी विपक्षी सांसद नहीं बल्कि एनडीए के घटक दल जेडीयू के सांसद लल्लन सिंह ने पूछा कि क्या वोटिंग नहीं होगी? यह भी इस बात का संकेत करता है कि यदि गुप्त मतदान होता तो श्री बिड़ला के व्यवहार को पसंद न करने वाले कुछ सांसद क्रॉस वोटिंग कर सकते थे। वहां टीएमसी के सांसद अभिषेक बैनर्जी ने तो प्रोटेम स्पीकर पर आरोप ही लगा दिया कि उन्होंने मांग करने पर भी मत विभाजन नहीं होने दिया। इस पर कांग्रेस के जयराम रमेश ने स्पष्ट कहा कि सकारात्मक राजनीति से शुरुआत करने के लिए कांग्रेस ने मत विभाजन की मांग की ही नहीं थी। इंडिया ब्लॉक के दो महत्वपूर्ण नेताओं का इस तरह अलग-अलग बयान देना कहीं न कहीं रणनीति और आपसी संवाद की कमज़ोरी की ओर इशारा करता है। ज़ाहिर है नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपनी भूमिका बेहतर ढंग से निभाने के लिये राहुल गांधी को ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचना होगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के भाषण में जिस सकारात्मक, समन्वय वाली और समावेशी राजनीति की बात से प्रभावित होकर और अपने सलाहकारों की बातों में आकर राहुल गांधी ने मत विभाजन का अवसर गंवाया, उसकी असलियत कुछ ही घंटों में सामने आ गई। कोई पचास साल पहले लगाई गई इमरजेंसी के खिलाफ़ निंदा प्रस्ताव स्वयं नव निर्वाचित स्पीकर लेकर आए। सदन के भीतर और बाहर इमरजेंसी को लेकर सत्ता पक्ष विपक्षी दल की तरह तेवरों के साथ प्रदर्शन करता रहा। डिप्टी स्पीकर पद को लेकर भी कोई स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं है।

जिस तरह से भाजपा आलाकमान का पूरी तरह अनुसरण करने वाले स्पीकर महोदय पहले ही दिन से इमरजेंसी पर निंदा प्रस्ताव लाने के साथ ही स्कूल के हेडमास्टर के अंदाज़ में विपक्षी सांसदों को धमकाया कि स्पीकर खड़े हो जाए तो सदस्यों को बैठ जाना चाहिए और ये बात उन्हें पांच साल में दोबारा न कहनी पड़े, उससे विपक्ष के श्री बिड़ला द्वारा पहले दिये गये घाव हरे हो गए। उन्हें याद आ गया कि श्री बिड़ला के नाम एक सत्र में सर्वाधिक लगभग 146 सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड है। बार-बार विपक्षी सांसदों के माइक बंद करने, एक घंटे से भी कम चर्चा में बिल पास कराने और बिना विपक्ष की उपस्थिति के बिल पास कराने जैसी सारी पुरानी बातें याद आ गईं। इतना ही नहीं दूसरे दिन भी पांच बार के सांसद और इस बार लगभग साढ़े तीन लाख मतों की मार्जिन से जीते सर्वथा अच्छे व्यवहार के लिए पहचाने जाने वाले सांसद श्री दीपेंद्र हुड्डा को बुरी तरह फटकार कर श्री बिड़ला ने संकेत दे दिया कि वे विपक्षी सांसदों पर कार्यवाही का कोई मौका चूकेंगे नहीं। ज्ञातव्य है कि पिछले कार्यकाल में भी उन्होंने भाजपा के एक भी सांसद, यहां तक कि संसद भवन में अपशब्द कह देने वाले भाजपा सांसद के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की थी। इसी तरह नई लोकसभा की शपथ के समय संविधान की भावना के विपरीत जय हिंदू राष्ट्र का नारा लगाने वाले भाजपा सांसद पर वे खामोश रहे और श्री शशि थरूर द्वारा जय संविधान का नारा लगाने पर भड़क गए। निश्चय ही पहले दो दिन में जो ट्रेलर दिखा है, उसके कई एपिसोड आने वाले दिनों में दिखेंगे और हर ऐसी घटना के बाद विपक्ष सोचने पर मजबूर होगा कि बिना मत विभाजन चुनाव का निर्णय ग़लत था।

दीपेंद्र हुड्डा के साथ कठोर व्यवहार से विपक्ष की आंखें खुल गई हैं। विपक्ष के नेता खुलकर अघोषित इमरजेंसी और श्री बिड़ला के एकतरफा व्यवहार का मुद्दा उठा रहे हैं। श्री हुड्डा के कथित अपमान के राजनीतिक दोहन की भी तैयारियां हैं। विपक्ष की रणनीति यह दिखती है कि सदन के भीतर बिड़ला जी विपक्षी सांसदों को भड़काकर उनके खिलाफ़ कार्यवाही का मौका ढूंढ रहे हैं तो उनका विरोध उन नेताओं से कराया जाए तो सदन में हैं ही नहीं। इसी रणनीति के तहत प्रवक्ताओं ने श्री बिड़ला और मोदी सरकार पर खुलकर हमला बोला है। ज़ाहिर है अठारहवीं लोकसभा का हनीमून पीरियड शुरू होने के साथ ही समाप्त हो चुका है और आने वाले दिनों में सरकार और विपक्ष के बीच लगातार हर संभव मौके पर तनातनी के आसार हैं। रोचक रहने वाले हैं आने वाले सत्र, इसके पहले की दो लोकसभाओं से ठीक उलट।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक एवं संस्कृतिकर्मी हैं।)

पावन प्रसंग

बच्चों का शिक्षित होना जरूरी

व्यक्तित्व का निर्बल होना व प्रभावहीन होना स्वयं के लिए और समाज के लिए घातक है, क्योंकि निर्बल व्यक्ति न स्वयं कुछ करने में समर्थ है और न समाज में कुछ करने की सामर्थ्य रखता है। निर्बल और प्रभावहीन व्यक्ति सदा कुटिल एवं स्वार्थी लोगों का शिकार बनता है। इस निर्बलता और प्रभावहीनता का कारण अज्ञान है और इस अज्ञान के पीछे अशिक्षा है। मनुष्य अशिक्षा के कारण संसार के क्रियाकलापों से अपरिचित रहता है। ऐसा व्यक्ति न अपने आप को अभिव्यक्त कर पाता है और न दूसरे को समझ सकता है। यह महान पुरुषों के विचारों और अनुभवों का लाभ लेकर न अपना जीवन निर्माण कर सकता है और न दूसरों को उनका लाभ दे सकता है। कहना चाहिए, जीवन का सच्चा आनंद लेना है तो मनुष्य को शिक्षित होना चाहिए।

इस शिक्षा का शुभारंभ बचपन से होता है। तीन-चार वर्ष की आयु में बच्चा जब शिक्षा आरंभ करता है, तब उसमें निजी समझ का अभाव रहता है। इसी कारण वह स्वयं प्रेरित होकर शिक्षा नहीं लेता है। यदि जबरन पढ़ने के लिए उसे बैठाया भी गया तो वह उसमें रुचि नहीं लेता बल्कि वह इसके स्थान पर अपने सहज स्वभाववश खेल खेलना पसंद करता है; क्योंकि पढ़ाई उसके लिए सर्वथा नई बात है। लेकिन धीरे-धीरे अध्यापक और अभिभावक के प्रेरणा से बच्चों में पढ़ाई की ओर आकर्षण होने लगता है। इस काल में दोनों सतर्कतापूर्वक बालक की पढ़ाई पर ध्यान रखते हैं, तब कहीं बालक की पढ़ाई की बात पकड़ पाता है। जैसे ही बालक पढ़ाई के संबंध में रुचि लेना प्रारंभ कर देता है तो घरों में अभिभावक बालक की पढ़ाई की ओर ध्यान देना बंद कर देता है। वे इस ओर असावधान एवं उदासीन हो जाते हैं। इसका प्रभाव बालक की पढ़ाई में पड़ता है। उसकी पढ़ाई की गति मंद हो जाती है। संभव है कि उसका ध्यान इधर-उधर भी भटक सकता है। जिससे वह बालक आगे जाकर पढ़ाई में ही मंद न होकर अन्य उलटे-सीधे मार्ग पर जाकर अपना जीवन बर्बाद कर सकता है। इधर स्कूलों में अध्यापक भी ऐसे बच्चे के प्रति उदासीन हो जाते हैं। यहां भी जब बालक ढील देखता है तो उसे इधर-उधर भटकने के अवसर मिलते हैं और उसकी पढ़ाई के स्तर में तो कमी आती ही है।

यदि बालक ने प्रारंभिक अवस्था में पढ़ाई की चाल पकड़ भी ली है तो अभिभावक और अध्यापक बच्चे का तब तक पीछा नहीं छोड़ें जब तक बालक में स्वयं की समझ न आ जाए। हमेशा बालकों में पढ़ाई के प्रति अभिरुचि बनाए रखने के लिए उन्हें अपना समय देते रहना चाहिए जिससे उनकी पढ़ाई की गति में अवरोध उत्पन्न न होने पाए। जब तक बालक पढ़ाई में रंग न जाए तब अभिभावक घर पर प्रतिदिन घंटा- आधा घंटा उसकी पढ़ाई लिखाई के लिए दिया करें अपने स्कूल में क्या काम किया है तथा कौन सा काम नहीं किया है। उसकी मात्र जानकारी ही न रखे बल्कि संबंधित समस्या का समाधान भी करें। कभी-कभी पढ़े हुए कुछ प्रश्न पूछकर यह मालूम करने का प्रयत्न करें कि बच्चे ने जो पढ़ा है, वह समझा है या नहीं तथा याद है कि नहीं। उसने गृहकार्य को जंचवाया है या नहीं, इसके संबंध में जानकारी लेने के साथ-साथ कापियों में आई गलतियों की ओर भी बालक का ध्यान आकर्षित करते रहना चाहिए। अच्छा हो गलतियों को सुधारने के लिए अभ्यास दे देवें ताकि उन्हें दोहरा न पाए।

इस प्रकार के निरीक्षण को बालक समझ लेता है तो वह सतर्क हो जाता है और विद्यालय के कार्य को भी बराबर करेगा। यही नहीं, वरन पढ़ाई की ओर उसकी अभिरुचि बढ़ती जाएगी।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

बाढ़ से प्रति वर्ष लाखों लोग बेघर, बेसहारा

हर वर्ष जल के भयानक रौद्र रूप देश के कई राज्यों को मुसीबत में डाल देता है। देश के अनेक राज्यों में जैसे दिल्ली ,गुजरात ,महाराष्ट्र, उत्तरांचल, और उत्तराखंड आदि में हर वर्ष मानव अपनी जान बचाने को तरस गया है। इसी तरह भूकंप के झटके कई प्रदेशों में जनहानि तथा मालहानि की विराट समस्या पैदा कर देता है। जन संख्या में बेतहाशा वृद्धि और जमीन में मकानों के बेतरतीब, अनियंत्रित निर्माण ने ऐसी स्थिति पैदा की है। शहरों में ड्रेनेज सिस्टम बरसों पुराने हैं और अब लगभग असफल हो चुके जिसके फलस्वरूप जल का बहाव अनियंत्रित होकर शहरों के लिए विभीषिका बनकर टूट पड़ता है। देश में लगभग बाढ़ के प्रकोप से 1000 लोग प्रतिवर्ष काल कवलित हो जाते हैं। हमें कब समझ में आएगा और हम कब अपनी इन हरकतों से बाज आएंगे।

ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियों, पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फलस्वरुप होने वाला है। जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनियों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी-नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों में बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कांक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

संजीव ठाकुर

देश विदेश

शी चिनफिंग ने ऑस्ट्रेलिया की नई गवर्नर-जनरल सामन्था मोस्टिन को बधाई दी

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सामन्था मोस्टिन को ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर-जनरल के रूप में पद संभालने के लिए बधाई संदेश भेजा। शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और ऑस्ट्रेलिया एक-दूसरे के महत्वपूर्ण सहयोगी भागीदार हैं। दोनों एशिया-प्रशांत क्षेत्र के महत्वपूर्ण सदस्य और विश्व बहुध्रुवीयता की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण ताकतें हैं। एक स्वस्थ और स्थिर चीन-ऑस्ट्रेलिया संबंध दोनों देशों और उनके लोगों के बुनियादी और दीर्घकालिक हितों के अनुरूप है, और क्षेत्रीय और विश्व शांति, स्थिरता, विकास और समृद्धि के लिए भी अनुकूल है। शी चिनफिंग के अनुसार में चीन-ऑस्ट्रेलिया संबंधों के विकास को बहुत महत्व देता हूं।

'मोदी की मास्को यात्रा से दोनों देशों के संबध होंगे और भी प्रगाढ़'

संयुक्त राष्ट्र, 2 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते मास्को जाने वाले हैं। उनकी इस यात्रा से कई अहम संदेश निकलेंगे और दोनों देशों के बीच संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे। ये बात संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वसीली नेबेंजिया ने सोमवार को कही। इस महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि

■ प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी बार चुने जाने के बाद पहली रूस यात्रा होगी

रूस लंबे समय से भारत का मित्र देश रहा है। भारत के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश अहम मुद्दों पर ठोस बातचीत करेंगे और इससे गंभीर संदेश निकलेंगे, संयुक्त दस्तावेज के रूप में।

उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि रूस-भारत संबंध और भी बेहतर होंगे। इस यात्रा का विशेष महत्व है क्योंकि यह प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी बार चुने जाने के बाद पहली रूस यात्रा होगी। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया, उसके बाद से भारत और रूस के बीच कोई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय यात्रा नहीं हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने आखिरी बार 2019 में रूस का दौरा किया था, जब उन्होंने व्लादिवोस्तोक में पांचवें पूर्वी आर्थिक मंच शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। मॉस्को की पीएम मोदी की आखिरी अधिकारिक यात्रा 2015 में हुई थी। पुतिन की भारत की आखिरी यात्रा 2021 में हुई थी। उन्होंने पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लिया था। इस बीच, पीएम मोदी ने 2021 और 2023 में अमेरिका का दौरा किया, जब राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उनका स्वागत किया। भारत ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की सार्वजनिक निंदा नहीं की है, हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 में उज्बेकिस्तान में एक बैठक के दौरान पुतिन से सीधे कहा कि मैं जानता हूं कि आज का युग युद्ध का युग नहीं है, और मैंने इस बारे में आपसे फोन पर बात की है।

मोदी की यात्रा से पहले रूस में हिंदू मंदिर की उठी मांग

मॉस्को। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ जुलाई को रूस पहुंचने वाले हैं। उनके वहां पहुंचने से पहले ही हिंदू समुदाय की ओर से एक विशेष इच्छा जाहिर की गई है। उनकी मांग है कि रूस में एक हिंदू मंदिर स्थापित हो। रूस में भारतीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र 'सीता' के अध्यक्ष सैमी कोटवानी ने यह मांग उठाई है। कोटवानी का मानना है कि रूस में मंदिर का उद्देश्य, वहां बहते हिंदू समुदाय को एक ऐसी जगह उपलब्ध कराना है, जहां वो पूजा-पाठ और आध्यात्मिक क्रियाकलाप कर सकें। उनके मुताबिक हाल के वर्षों में कई भारतीय, छात्र और पेशेवर रूस में बस गए हैं। ऐसे में मंदिर होने से उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक ज़रूरतें पूरी होंगी। रूस एक रूढ़िवादी ईसाई धार्मिक मान्यता में विश्वास रखने वाला देश माना जाता है, तो क्या मंदिर की मांग से भारत-रूस के संबंधों में खटास आएगी? इस पर सीता के अध्यक्ष कहते हैं- मंदिर की हमारी मांग से भारत-रूस संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है। रूस आम तौर पर हिंदू धर्म सहित विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के प्रति बहुत ही उदार रहा है। रूस भारत का पुराना मित्र और साझेदार रहा है, इसलिए यह अनुरोध मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के अनुरूप है। हमारा मानना है कि रूसी सरकार इसे हमारे लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के तौर पर सकारात्मक रूप से देखेगी। कोटवानी को उम्मीद है कि मंदिर भारतीयों के लिए ही नहीं, अन्य धर्मावलंबियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा- रूस में हिंदू आबादी लगभग 30 हजार है। इसमें मुख्य रूप से भारतीय प्रवासी शामिल हैं।

कजाकिस्तान के पत्रकार सदिकोव का कीव में निधन

कीव, 2 जुलाई (एजेंसियां)। कजाकिस्तान पत्रकार एदोस सादिकोव की यूक्रेन की राजधानी कीव के अस्पताल में 13 दिनों की गहन देखभाल के बाद मृत्यु हो गई है। उन पर 18 जून को राजधानी कीव में हमला किया गया था। सादिकोव की पत्नी नतालय्या सादिकोवा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सुश्री सादिकोवा ने सोशल मीडिया पर कहा कि एदोस सादिकोव कीव समयानुसार आज सुबह 3: 00 बजे हमें छोड़ अनंत यात्रा पर चले गये। मेरे प्यारे पति, हमारे तीन बच्चों के पिता, कज़ाख लोगों के एक महान पुत्र 13 दिनों तक जिदंगी और मौत की जंग हार गये, लेकिन कोई चमत्कार नहीं हुआ। उन्होंने सादिकोव की मौत के लिए कजाख अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। यूक्रेनी मीडिया ने बताया कि कीव में 18 जून को अज्ञात लोगों ने सादिकोव पर गोली चलाई। उन्हें यूक्रेन में आधिकारिक शरणार्थी का दर्जा प्राप्त था। पुलिस ने पुष्टि की कि कीव में विक्टोरा यरमोली स्ट्रीट पर अज्ञात लोगों ने कार पर गोली चला दी। यूक्रेनी अभियोजक जनरल के कार्यालय ने कहा कि कज़ाख नागरिक अल्लाई ज़कानबायेव और मीराम करातायेव पर सादिकोव की हत्या के प्रयास का संदेह जताया गया है। इसके बाद एक संदिग्ध ने कथित तौर पर 21 जून को कज़ाख पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

सुडोकू 6604

			1		6	2		3
	8		3	7	5			1
	1		8				5	7
1	5	4						6
6			5		9			8
2						4	7	5
5	6				8		3	
7			4	5	3		6	
8		3	9		7			

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 3 जुलाई , 2024 आषाण कृष्ण पक्ष 9

राशिफल

मेष - शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ स्वादिष्ट भोजन करने तथा आनंदपूर्वक समय व्यतीत करने का योग बनेगा। भविष्य के लिए आप बेहतर आर्थिक योजना बना सकेंगे। आपको आय में वृद्धि होगी।

वृषभ - आज का दिन उत्साह और प्रसन्नतापूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहने से सुख और आनंद की अनुभूति होगी। सगे-संबंधियों या मित्रों से उपहार मिलेगा। कहीं घूमने जाना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को खुशहाल बनाएगा।

मिथुन - आज संयमशील और विचारपूर्ण व्यवहार आपको बहुत से आंतरिक से बचा लेंगे। आपके वाणी- व्यवहार से गलतफहमी पैदा न हो इस बात का ध्यान रखें। शारीरिक कष्ट, मन को भी अवसाद बनाएंगे।

कर्क - आकस्मिक धन प्राप्ति का लाभ होगा। आज का दिन अत्यंत रोमांचक और आनंदप्रद बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मुनाफा वाले सौदे होंगे। पुत्र और पत्नी से लाभ होगा।

सिंह - आज का दिन नौकरी और व्यवसाय के लिए लाभदायक है। अपने काम से सभी को प्रभावित करेंगे। दृढ़ता और आत्मविश्वास के कारण अपने काम को अच्छी तरह से पूरा कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

कन्या - आपका आज का दिन धार्मिक काम में व्यतीत होगा। किसी धार्मिक स्थान पर जा सकेंगे। विदेश जाने का अवसर मिलेगा। दोस्तों से लाभ मिलेगा। कार्यालय में उच्च अधिकारियों से बातचीत में सावधान रहें।

तुला - आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज आपके दैनिक काम में परिवर्तन हो सकेगा। आज पूरी तरह से मनोरंजन और मौजमस्ती के मूड में रहना चाहेंगे। मित्रों और परिवार के सदस्यों का साथ मिल सकेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

धनु - आज आपको वित्तीय लाभ हो सकेगा। नौकरी में लाभ और आय में वृद्धि होगी। सहकर्मियों से मदद मिलती रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर-परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी।

मकर - आपको मानसिक भय और उत्तझन रहेगी, जिसके कारण आप को योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। संतान की चिंता हो सकती है।

कुंभ - मन में भय और सुस्ती के कारण आप निराशा का अनुभव करेंगे। परिवार में संघर्ष और निकटस्थ लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। समय पर भोजन नहीं मिल सकेगा। नींद नहीं ले पाएंगे। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मीन - आज नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। भाइयों के साथ आनंद के पल गुजारेंगे। मानसिक स्वस्थता के साथ निर्णय ले सकेंगे। विरोधियों के समक्ष आपकी जीत होगी। किसी के साथ प्रेम संबंध में बंधने की संभावना है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

पाकिस्तान में सुरक्षाबलों का ऑपरेशन नौ आतंकी ढेर

इस्लामाबाद, 2 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सुरक्षाबलों ने दो अलग-अलग अभियानों में नौ आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सुरक्षाबलों ने खैबर और लक्की मरवत जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन चलाया। सुरक्षाबलों ने पहले ऑपरेशन के दौरान खैबर जिले के तिराह क्षेत्र में दो आतंकवादी कमांडरों समेत सात आतंकियों को ढेर किया। आईएसपीआर के अनुसार, अभियान के दौरान हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं। मारे गए सभी आतंकवादी वांछित थे। वहीं लक्की मरवत जिले में एक अलग अभियान में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। क्षेत्र में मौजूद अन्य आतंकवादियों को खत्म करने के लिए सेना का अभियान जारी है।

सूडान में अर्द्धसैनिक बलों के हमले में 9 बच्चों की मौत

खार्तूम, 2 जुलाई (एजेंसियां)। सूडान में अर्ध सैनिक बलों और सेना के बीच लड़ाई और तेज हो गई है। पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की

राजधानी एल फशर में अर्द्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हवाई हमले में कम से कम नौ बच्चे मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। एल फशर में एक गैर-सरकारी समूह, प्रतिरोध समिति ने सोमवार को एक बयान में कहा, कि आरएसएफ के एक ड्रोन ने अल-फशर के अल-तिजानिया में अल-हिजरा मस्जिद पर प्रोजेक्टाइल से हमला किया, जिसमें नौ बच्चों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। सूडान ट्रिब्यून समाचार पोर्टल ने बताया कि जिस जगह को टारगेट किया गया था वो विस्थापितों को भोजन उपलब्ध कराने वाली एक रसोई थी। आरएसएफ ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। 15 अप्रैल, 2023 से पूरे सूडान में आरएसएफ और सूडानी सशस्त्र बलों के बीच भीषण संघर्ष चल रहा है।

■ 15 अप्रैल, 2023 से पूरे सूडान में आरएसएफ और सूडानी सशस्त्र बलों के बीच भीषण संघर्ष चल रहा है

इधर 10 मई से एल फशर में भीषण झड़पें हो रही हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने पिछले महीने एक अपडेट में कहा कि घातक झड़पों में अब तक 16,650 लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने जून की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मौजूदा संघर्ष में सूडान में कम से कम 7.3 मिलियन लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

हाथरस के पास सत्संग में ...

हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। वहां पर बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष बाबा का प्रवचन सुन रहे थे। लगभग पौने दो बजे सत्संग खत्म हुआ, बाबा के अनुयायी बाहर सड़क की ओर जाने लगे। बताया जा रहा है कि लगभग 50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक लिया। सेवादारों ने साकार हरि बाबा के काफिले को वहां से निकाला। उतनी देर तक वहां अनुयायी गर्मी और उमस में खड़े रहे। बाबा के काफिले के जाने के बाद जैसे ही सेवादारों ने अनुयायियों को जाने के लिए कहा, वहां भगदड़ की स्थिति बन गई।

सिंगल विंडो पोर्टल में ...

जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 16 से अधिक विभागों की 100 से अधिक सुविधा इस पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध होगी। आवेदक को एक बार ही लॉगिन करना होगा और दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। पूरी प्रक्रिया के दौरान किसी भी विभाग द्वारा यदि कोई जानकारी मांगी जाएगी तो आवेदक लॉगिन कर इसके बारे में जान पाएंगे। उन्होंने बताया कि अब किसी भी कार्यालय से ऑफलाइन मोड में संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है। सचिव आनंद ने बताया कि ई-चालान के माध्यम से पेमेंट की सुविधा भी मिलेगी। नई सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अब किसी भी उद्योग को लगाने से पूर्व किन-किन विभागों से अनुमति की आवश्यकता होगी, यह जानकारी भी पोर्टल में उपलब्ध कराई गई है। सभी विभागीय अधिकारियों को आईडी-पासवर्ड भी दिए गए हैं, जिससे वह समय-समय पर आवेदनों का निराकरण कर पाएंगे। अब इसकी मॉनिटरिंग आसान होगी और अनुमति के लाइसेंस के लिए समय-समय पर संबंधित विभाग अधिकारियों को अलर्ट भी भेजा जाएगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विभिन्न मौकों पर कहा है कि उद्योगों की स्थापना से न केवल प्रदेश का विकास होगा बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उद्योगों की स्थापना प्रक्रिया जितनी अधिक पारदर्शी और आसान होगी, उद्यमी उतने ही अधिक आकर्षित होंगे और निवेश बढ़ने से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उद्योगों की स्थापना को सुगम बनाने वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा पुराने पोर्टल को अपग्रेड करते हुए सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 तैयार किया गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार धीरेन्द्र तिवारी, सचिव पी दयानंद और उद्योग विभाग के संचालक अरूण प्रसाद सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

हिंदुओं पर झूठा आरोप लगाने की ...

भी देखी। जब हम संतुष्टिकरण की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि आखिरी व्यक्ति तक लाभ पहुंचे। जब हम सैचुरेशन के सिद्धांत की बात करते हैं तो ये सच्चे अर्थ में सामाजिक न्याय होता है। इस पर देश की जनता ने हमें तीसरी बार चुनकर मुहर लगा दी है।'

सभी जिला मुख्यालयो में...

` रीपा में मुख्य सचिव के नेतृत्व में गठित समिति की जांच के बारे में जानकारी ली और स्व सहायता समूहों के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को सीजीआईटी के अंदाले शिक्षण सत्र से प्रारंभ के लिए आवश्यक तैयारी शीघ्र पूरी करने और नोडल अधिकारी की नियुक्ति के निर्देश दिए।

उमुमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों को तेजी पूर्ण कराने के लिए राजमिस्त्रियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड को प्रशिक्षण में शामिल किया जाए। ऐसे आईटीआई जहां मेशन ट्रेनिंग के लिए पद नहीं है, वहां मेहमान प्रवक्ता से प्रशिक्षण का कार्य करवाया जाए। उन्होंने शासकीय आदर्श आईटीआई बोलासपुर की मरम्मत पर भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

वर्ग पहेली 6604

१		२		■	३		४	
	■			५				■
६					७			८
			■	९			■	■
■	१०		११			१२		
					१३			■
१४		१५		■		१६	१७	
	■		■	१८	१९			■
२०					२१			२२
	■	■	२३				■	

बायें से दायें:-

१. व्यापार (उर्दू)
३. जो सुनने में अप्रिय लगे
५. दाखिल, भीतर घुसा हुआ
६. सलाहकार
७. कारखाना
९. चाल, गति, वेग (उर्दू)
१०. विशेष लक्षणों से युक्त, अलौकिक
१२. ज़ोर्क के साथ दिया गया धक्का, जोर से दिया गया आघात
१३. बाजू, कांख, पहलू, पार्श्व, कपड़े का टुकड़ा जो अंगरखे कुरते आदि में कंधे के नीचे लगाया जाता है
१४. घायल और मृत
१६. धतूरा, स्वर्ण
१८. माया, जादू (उर्दू)
२०. धनहीन, दरिद्र
२१. सूर्य की किरण
२३. कशिश

ऊपर से नीचे:-

१. पंचांग, कैलेण्डर
२. उदासना (उर्दू)
३. तकल्लीफ़देह
४. झगड़ालू स्त्री
५. वर्षान, प्रतिपादन, प्रसंग
८. फ़ायदेमंद
१०.बेचने वाला
११. माफ़ किया हुआ
१२. क्षणिक, अधूरा दर्शन
१३. उपद्रव, बखेड़ा (उर्दू)
१४. षडयंत्र, साजिश
१५. गर्भ (उर्दू)
१७. गृत्य करने वाला
१८. टीका, माथे पर लगाया गया चदन आदि का निशान
१९. याद करना
२२. ईश्वर, खुदा (उर्दू)

वर्ग पहेली-6603

१ अ	हि	२ त	क	३ र	■	४ अ	भि	५ क	र्त
चे	■	र	■	६ ध	म	ना	■	ले	■
७ त	र	फ	■	वा	■	८ मि	श्रा	वा	९ दी
न	■	दा	■	१० ह	ल	का	■	■	प
■	११ भ	र	१२ स	क	■	■	१३ न	र्ज	मा
■	ला	■	हा	■	१४ ग	रि	मा	■	लि
१५ भा	ई	१६ चा	रा	१७ ग	■	१८ म	लि	का	■
ग्य	■	टु	■	अ	न	२० ल	■	पि	■
२१ वा	टि	का	■	र्च	■	२२ ल	ट	क	२३ ना
न	■	२४ र	च	ना	त्म	क	■	■	री

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

आज का इतिहास

1661- पुर्तगाल ने बॉम्बे को ब्रिटिश राजा चार्ल्स द्वितीय को उपहार में दिया।

1698- ब्रिटेन के थॉमस सेवरी ने पहले व्यवसायिक स्टीम इंजन का पेटेंट हासिल किया।

1720- स्वीडन और डेनमार्क ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1746- मुगल सम्राट के आदेश पर बाबा बंदासिंह बहादुर को फांसी दी गई। 170 में उन्होंने मुगलों को हराया था।

1751- स्वीडन के रसायनशास्त्री और खदान विशेषज्ञ फ्रेडरिक क्रोन्स्टलर निकेल नामक धातु का पता लगाया।

1760- मराठा सेना ने दिल्ली पर कब्जा किया।

1767- पिटकेर्न द्वीप की खोज की गई, मिडशिपमैन रॉबर्ट पिटैरन फिलिप कार्टेर्ट की आज्ञा के अनुसार एक अभियान यात्रा पर थे।

1778- प्रशा ने ऑस्ट्रिया के विरूद्ध युद्ध की घोषणा की।

1819- अमेरिका ने पहला बचत बैंक 'बैंक ऑफ सेविंग इन न्यूयॉर्क' शुरू हुआ।

1876- मांटनीग्रो ने तुर्की के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया।

1883- महान लेखक फ्रांज काफ्का का प्राग में जन्म हुआ।

1886- न्यूयॉर्क ट्रिब्यून छापई मशीन का इस्तेमाल करने वाला पहला अखबार बना।

1884- स्टॉक एक्सचेंज डाउ जॉस ने अपना पहला स्टॉक इंडेक्स जारी।

1897- इतावली वैज्ञानिक मार्कोनी ने लंदन में रेडियो का पेटेंट कराया।

1908- ब्रिटिश सरकार ने बाल गंगाधर तिलक को गिरफ्तार किया।

हमला *दक्षिण में पूर्वी खान यूनिस के लोगों को तुरंत जगह खाली करने का आग्रह किया*

गाजा में इजरायली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा, 2 जुलाई (एजेंसियां)। इजरायली सेना ने गाजा शहर में एक सप्ताह पर हवाई हमले किए। इसमें पांच फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इजरायली सेना ने गाजा पट्टी के दक्षिण में पूर्वी खान यूनिस के लोगों को तुरंत जगह खाली करने का आग्रह किया है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया, इजरायली विमानों ने सोमवार को गाजा शहर के अल-जला स्ट्रीट पर एकत्र हुए लोगों को निशाना बनाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर वायरल हुए वीडियो में हवाई हमले के बाद लोग जमीन पर लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं।

मेडिकल सूत्रों ने बताया कि हवाई हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए

■ इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 23 फिलिस्तीनियों को मार डाला

अस्पताल पहुंचाया गया। यह हमला तब हुआ जब इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने एक्स पर एक पोस्ट में खान यूनिस के पूर्व के इलाकों में रहने वाले निवासियों और विस्थापित लोगों से तुरंत मानवीय क्षेत्र में जाने का आग्रह किया।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को एक प्रेस बयान में कहा था कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 23 फिलिस्तीनियों को मार डाला।

जबकि, 91 अन्य घायल हुए हैं। बीते साल अक्टूबर में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में मरने वालों की कुल संख्या 37 हजार 900 और घायलों की संख्या 87 हजार 60 हो गई है।

गाजा में जलापूर्ति के लिए बिजली बहाली का काम शुरू : इजराइली सूत्र

यरूशलम। गाजा पट्टी में इलेक्ट्रिसिटी कंपनी ने मंगलवार को बिजली को फिर से जोड़ने का काम शुरू कर दिया। इसका उद्देश्य डिसेलिनेशन प्लांट की क्षमता को बढ़ाना है, ताकि एन्क्लेव के निवासियों के लिए ज्यादा पानी का उत्पादन और उसकी आपूर्ति की जा सके। एक इजराइली अधिकारी ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में फिलिस्तीनी इलेक्ट्रिक कंपनी के मजदूरों को फिलिस्तीनी क्षेत्र में बिजली लाइनों की मरम्मत करते दिखाया गया है। इजराइल की सेना के नौ महीने के आक्रमण के दौरान ये लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। अधिकारी के अनुसार, इजराइली योजना का उद्देश्य खान यूनिस में एक प्रमुख वाटर डिसेलिनेशन प्लांट को इजराइल से बिजली उपलब्ध कराना है।

दुनिया को जानें

तिब्बत में उच्च-स्तरीय राजमार्गों का कुल माइलेज 1,196 किलोमीटर तक पहुंचा

बीजिंग, 1 जुलाई (एजेंसियां)। जी4218 याआन (स्झान प्रांत) से येचेंग (शिनच्यांग उइगुर स्वायत्त प्रदेश) राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का ल्हासा से शिकाज़े हवाई अड्डा तक हिस्सा 30 जून को पूरा होकर खोल दिया गया, जिसकी कुल लंबाई 167 किलोमीटर है। वह चीन की 13वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान तिब्बत के राजमार्ग परिवहन की प्रमुख निर्माण परियोजनाओं में से एक है, जिसमें दोनों दिशाओं में चार लेन हैं। यह दर्शाता है कि ल्हासा शहर से शिकाज़े शहर तक का उच्च-स्तरीय राजमार्ग पूरी तरह से यातायात के लिए खुला है और दोनों शहरों के बीच ड्राइविंग का समय पिछले राष्ट्रीय राजमार्ग जी318 की तुलना में लगभग 3 घंटे कम हो गया है। ल्हासा शहर से शिकाज़े शहर तक उच्च स्तरीय राजमार्ग की कुल लंबाई 245 किलोमीटर है। अब तक, तिब्बत में उच्च स्तरीय राजमार्गों का कुल माइलेज 1,196 किलोमीटर तक पहुंच गया है। ल्हासा शहर से शिकाज़े शहर तक के उच्च स्तरीय राजमार्ग में ल्हासा से गोंगगर हवाई अड्डे तक, शिकाज़े हवाई अड्डे से शिकाज़े शहर तक समेत कई हिस्से शामिल हैं।

खेल जगत

विराट कोहली ने दिया प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कोहली की तारीफ की थी, जिसके बाद विराट ने प्रतिक्रिया के तौर पर उनका शुक्रिया अदा किया है। विराट कोहली ने हाल ही में टी20 विश्व कप फाइनल जीतने के बाद इस प्रारूप से अपने संन्यास की घोषणा कर दी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा था- प्रिय विराट कोहली, आपसे बात करके अच्छा लगा। आपने फाइनल मैच में अपनी पारी की तरह भारतीय बल्लेबाजी को भी शानदार ढंग से एकंर किया है। ऐसा आपने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में किया है। टी20 क्रिकेट आपको मिस करेगा, लेकिन मुझे भरोसा है कि आप खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को प्रेरणा देते रहेंगे।

रोहित के कहने पर पद पर बना रहा : द्रविड़

- विराट आपको भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जिताना है
- द्रविड़ की जगह टीम इंडिया के चीफ कोच की जगह गंभीर का नाम लगभग तय

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 2 जुलाई (देशबन्धु)। अपने जमाने के दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाज रहे चीफ कोच राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन और रोहित शर्मा के मार्गदर्शन में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप 2024 के फाइनल में धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली की 76 की बेहतरीन पारी की बदौलत बीते शनिवार को ब्रिजटाउन में सात रन से जीत के साथ 17 बरस के बाद फिर खिताब जीत लिया। खुद कप्तान रोहित, विराट कोहली और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने भारत को खिताब जिताने के साथ टी-20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। साथ ही राहुल द्रविड़ ने बतौर चीफ कोच के रूप में अपनी अंतिम 'पारी' का समापन खिताबी जीत के साथ किया। भारत के खिताब जीतने के बाद कप्तान रोहित और विराट कोहली ने टीम के साथियों सहित हवा में उछाल खूब

जश्न मनाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और कप्तान रोहित शर्मा चाहते थे कि राहुल द्रविड़ भारत के चीफ कोच की जिम्मेदारी संभालना जारी रखे लेकिन खुद द्रविड़ ने यह कह इस पद पर बने रहने के लिए इनकार कर दिया व्यस्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम के चलते उम्र के इस पड़ाव पर यह जिम्मेदारी संभालने रखना मुमकिन नहीं है और इस पद के लिए फिर आवेदन नहीं करेंगे। द्रविड़ की जगह भारत के चीफ कोच के रूप में गौतम गंभीर का नाम लगभग तय है लेकिन बीसीसीआई की ओर से इसकी औपचारिक घोषणा की जानी बाकी है। भारत के दूसरी पंक्ति के खिलाड़ियों से सज्जित क्रिकेट टीम बतौर कोच वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन अब मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ छह जुलाई से पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट खेलने हरारे पहुंच चुकी है।

राहुल द्रविड़ का भारत के चीफ कोच के रूप में कार्यकाल नवंबर, 2023 में भारत के लगातार दस जीत के साथ लगातार जीत के साथ अहमदाबाद में आईसीसी वन डे विश्व कप फाइनल में छह विकेट से हार से खत्म हो गया लेकिन कप्तान रोहित शर्मा के अगुरोध पर उन्होंने इस साल 2024 के टी-20 विश्व कप तक सात महीने और इस पद पर बने रहने के लिए हामी भर दी थी। बतौर कोच द्रविड़ के मार्गदर्शन और रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से इग्लैंड में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया से ही 209 रन से हार कर खिताब जीतने से चूक गई। इन दोनों ही बड़े आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल ऑस्ट्रेलिया से हारने की कसक राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित के दिल में जरूर थी। कप्तान रोहित शर्मा की 92 रन की तूफानी पारी से भारत ने 2024 में ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप में आखिरी सुपर 8 मैच 24 रन से हरा सेमीफाइनल की होड़ से बाहर कर दिया था। भारत के टी-20 क्रिकेट विश्व कप 2024 में खिताब जीतने के बाद द्रविड़ का भारत के चीफ कोच के कार्यकाल खत्म होने के बाद बीसीसीआई द्वारा पोस्ट एक विडियो में द्रविड़ ने कहा कि रोहित 2023, नवंबर में आईसीसी वन डे विश्व कप के फाइनल में अपनी भारतीय टीम की हार के बाद मुझे फोन करने और चीफ कोच के पद पर बने रहने के लिए कहने के लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद।

वहीं द्रविड़ ने विडियो में विराट कोहली के लिए भी एक छोटा सा संदेश दिया, भारत ने सफेद गेंद से -2011 में वन डे विश्व कप, 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी और अब 2024 में टी-20 विश्व

टी-20 विश्वकप जीतने के बाद विदाई भाषण में भावुक हुए द्रविड़

नई दिल्ली। भारत द्वारा बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद, आईसीसी ट्रॉफी के लिए अपने 11 साल के इंतजार को खत्म करते हुए पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ड्रेसिंग रूम में एक प्रेरणादायक स्पीच दी। राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों और उनकी लड़ाई की भावना की प्रशंसा की, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल के दौरान दिखी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने करियर के आंकड़े भूल सकते हैं, लेकिन इस तरह के क्षण हमेशा उन्हें याद रहेंगे। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि मेरे पास वास्तव में शब्द नहीं हैं, लेकिन मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मुझे इस यादगार जीत का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। आप सभी को यह पल याद रहेंगे। यह रन और विकेट के बारे में नहीं है; आप अपने करियर को कभी याद नहीं रखेंगे, लेकिन आप इस तरह के पलों को याद रखेंगे द्रविड़, जो पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो आईसीसी फाइनल हारने के लिए आलोचनाओं के घेरे में थे, उन्होंने अपने कार्यकाल का अंत जीत के साथ किया। द्रविड़ ने कहा कि मैं अपने लोगों पर इससे अधिक गर्व नहीं कर सकता, जिस तरह से आपने वापसी की, जिस तरह से आपने संघर्ष किया, जिस तरह से हमने एक टीम के रूप में काम किया और धैर्य बनाए रखा..., यह सराहनीय है। टीम इंडिया में व डॉल के नाम से मशहूर द्रविड़ ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा कि यह आपका पल है दोस्तों... याद रखें, यह किसी एक व्यक्ति के बारे में नहीं है, यह एक टीम के बारे में है। हमने इसे एक टीम के रूप में जीता है। हमने पिछले महीने में जो कुछ भी किया, वह सब एक टीम के रूप में किया।

टी-20 विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम के आज सुबह दिल्ली पहुंचने की उम्मीद

नई दिल्ली, जुलाई (देशबन्धु)। रोहित शर्मा की अगुआई में ब्रिजटाउन में शनिवार को आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से खिताब जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के मंगलवार रात चार्टर्ड फ्लाइट से स्वाना हो बुधवार सुबह नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। बवंडर और अंधड के बाद बारबडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटले ने अगले करीब 12 घंटों में हवाईअड्डे के उड़ानों के लिए दुरुस्त होने की उम्मीद जताई है। इस खतरनाक बवंडर हरिकेन बेर' के चलते टी -20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम, बीसीसीआई के कुछ अधिकारी और खिलाड़ियों के परिवार बीते दो दिनों से बारबडोस में ही फंसे हैं। भारत के पांच खिलाड़ियों- रिंकू सिंह, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, खलील अहमद और संजू सैमसन को टी-20 विश्व कप के खत्म होने के बाद पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए हरारे (जिम्बाब्वे) रवाना होना था लेकिन अब सैमसन, दुबे और जायसवाल अब बाकी भारतीय टीम को दिल्ली रवाना होंगे। बीसीसीआई की सीनियर चयन समिति इन तीनों की जगह सई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा अब जिम्बाब्वे में पांच टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की शुरू के दो मैचों के लिए हरारे में भारतीय टीम से जुड़ेंगे।

किंग्समीड मैदान में आयोजित वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी-20 को रोशन करेंगे क्रिकेट के कई महानायक

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के डरबन में प्रतिष्ठित किंग्समीड क्रिकेट स्टेडियम बहुप्रतीक्षित विश्व मास्टर्स लीग टी 20 की मेजबानी को लेकर तैयार है। अगस्त 2024 के पहले सप्ताह से शुरू होने वाली इस लीग में इंद्रप्रस्थ वॉरियर्स, गल्फ सुपरस्टार्स, सिडनी स्पार्टन्स, कोलंबो टाइटन्स, लाहौर लायंस और कैरेबियन पाइरेट्स जैसी 6 टीमें शामिल हैं। वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी 20 में भारत, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड जैसे कई देशों के पावरहाउस खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। जिसको लेकर दुनिया भर के प्रशंसकों में रोमांच का माहौल बना हुआ है। आयोजन स्थल की घोषणा करते हुए वर्ल्ड मास्टर्स लीग के सीईओ राजीव भिश्ना ने कहा कि हम वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी20 को प्रतिष्ठित किंग्समीड क्रिकेट स्टेडियम में लाने को लेकर काफी रोमांचित हैं। इस स्थल का एक समृद्ध इतिहास रहा है और निश्चित तौर पर यह कुछ महानतम क्रिकेट प्रतिभाओं को चमकने के लिए आदर्श पृष्ठभूमि प्रदान करेगा। इस टी 20 लीग के दौरान दक्षिण अफ्रीका के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज हर्षल गिब्स, भारतीय क्रिकेट टीम की शान रहे सुरेश रैना, मास्टर क्लास मोहम्मद कैफ और मुनाफ पटेल के साथ ही पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक और श्रीलंका के महान क्रिकेटर एंजेलो परेरा शिरकत करते नजर आएंगे।

हॉकी इंडिया पुरुष और महिला वेटरंस के लिए पहले मास्टर्स कप की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को मास्टर्स कप के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की, जो एक अग्रणी टूर्नामेंट है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग शामिल हैं। यह अनोखा आयोजन अनुभवी खिलाड़ियों, विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों पर प्रकाश डालेगा, जो अन्य घरेलू हॉकी आयोजनों की तुलना में एक अलग मंच प्रदान करेगा। हॉकी इंडिया मास्टर्स कप अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के स्थायी जुनून और कौशल का जश्न मनाने के लिए बनाया गया है। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य पूर्व खिलाड़ियों को एक साथ लाना है, जिससे वे उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने पसंदीदा खेल से फिर से जुड़ सकें। यह हॉकी के प्रति उनके आजीवन समर्पण के प्रमाण के रूप में काम करेगा, फिटनेस बनाए रखने और साथी दिग्गजों के सौहार्द का आनंद लेने का अवसर प्रदान करेगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि हम पहली बार हॉकी इंडिया मास्टर्स कप की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं, एक ऐसा आयोजन जो हमारे अनुभवी खिलाड़ियों के समर्पण और जुनून का सम्मान करता है। यह टूर्नामेंट खेल के प्रति उनके स्थायी प्रेम का जश्न है और हॉकी में उनके अमूल्य योगदान का एक प्रमाण है। टिर्की ने कहा कि पूर्व खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा जारी रखने के लिए एक मंच प्रदान करके, हमारा उद्देश्य समुदाय की एक मजबूत भावना को बढ़ावा देना है और यह सुनिश्चित करना है कि उनका अनुभव और उत्साह खिलाड़ियों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता रहे।

हम पहली बार हॉकी इंडिया मास्टर्स कप की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं, एक ऐसा आयोजन जो हमारे अनुभवी खिलाड़ियों के समर्पण और जुनून का सम्मान करता है : दिलीप टिर्की

हॉकी इंडिया पुरुष और महिला वेटरंस के लिए पहले मास्टर्स कप की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को मास्टर्स कप के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की, जो एक अग्रणी टूर्नामेंट है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग शामिल हैं। यह अनोखा आयोजन अनुभवी खिलाड़ियों, विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों पर प्रकाश डालेगा, जो अन्य घरेलू हॉकी आयोजनों की तुलना में एक अलग मंच प्रदान करेगा। हॉकी इंडिया मास्टर्स कप अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के स्थायी जुनून और कौशल का जश्न मनाने के लिए बनाया गया है।

स्लोवेनिया के खिलाफ पेनल्टी चूकने के बाद बोले रोनाल्डो

मैं हमेशा इस जर्सी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देता हूं

फ्रैंकफर्ट, 2 जुलाई (एजेंसियां)। पुर्तगाल ने स्लोवेनिया के खिलाफ राउंड ऑफ 16 मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। मैच 120 मिनट के खेल के बाद भी गोलरहित बराबरी पर रहा और गोलकीपर डियोगो कोस्टा जीत के हीरो साबित हुए क्योंकि गोलकीपर ने शूट आउट में तीन पेनल्टी बचाईं। इस जीत के बावजूद सारा ध्यान क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर केंद्रित हो गया है जो मैच के 105 वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए थे और अपनी टीम को निर्धारित समय में जीत नहीं दिला पाए थे। रोनाल्डो ने खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बेशक, यह मेरा आखिरी यूरो होगा। लेकिन मैं इससे प्रभावित नहीं हूं मैं उत्साह से प्रेरित हूं। मुझे प्रशंसकों के लिए खेद है। मैं हमेशा इस जर्सी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा, चाहे मैं इसे मिस करूं या नहीं। और मैं यह पूरी जिंदगी करूंगा। आपको जिम्मेदारी लेनी होगी। पेनल्टी चूकने के बाद रोनाल्डो को रोते हुए देखा गया,

पुर्तगाल ने यूरो कप के क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

फ्रैंकफर्ट। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूरो 2024 के राउंड ऑफ 16 में पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल को यूरो 2024 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। पुर्तगाल ने सोमवार को यूरो 2024 में पेनल्टी शूटआउट से स्लोवेनिया को 3-0 से हराया। यह एक रोमांचक मुकाबला रहा। इस मुकाबले में निर्धारित समय में दोनों टीम गोल नहीं कर पाई, इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में भी स्कोर 0-0 रहा। हालांकि, रोनाल्डो के पास एक बड़ा मौका था लेकिन वो पेनल्टी चूक गए। इसके बाद यह स्टार खिलाड़ी काफी निराश नजर आया। लेकिन शूटआउट में उन्होंने पहला पेनल्टी स्कोर कर टीम को मजबूत शुरुआत दी। वहीं, पुर्तगाल के गोलकीपर डियगो कोस्टा ने लगातार तीन गोल बचाए, जिससे पुर्तगाल ने स्लोवेनिया पर 3-0 से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पुर्तगाल का सामना अगले दौर में टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम फ्रांस से होगा, जिसने सोमवार को बेल्जियम को 1-0 से हराया था।

जिससे दुनिया भर के कई फुटबॉल प्रशंसकों का दिल टूट गया। पांच बार के बैलन डी ओर विजेता ने बाद में शूटआउट के दौरान पेनल्टी पर गोल करके अपनी निराशा को मुस्कान में बदल दिया। यूरो के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर ने कहा कि मैं राष्ट्रीय टीम को फायदा दे सकता था, लेकिन मैं इसे प्रबंधित नहीं कर सका, ओब्लाक ने बचा लिया।

एंडी मरे विम्बलडन एकल से हटे भाई जैमी के साथ युगल खेलेंगे

लंदन, 2 जुलाई (एजेंसियां)। दो बार के चैंपियन एंडी मरे वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लैम विम्बलडन के एकल मुकाबलों से हट गए हैं लेकिन अपने भाई जैमी के साथ युगल खेलने की योजना बना रहे हैं। 37 वर्षीय खिलाड़ी, जिनकी 10 दिन पहले रीढ़ की हड्डी में सिस्ट की सर्जरी हुई थी, को मंगलवार को सेंटर कोर्ट पर पहले दौर में चेक प्रतिद्वंद्वी टॉमस मचाक का सामना करना था। सोमवार को अभ्यास करने के बावजूद, स्कॉट ने अब पुष्टि की है कि वह अपना ध्यान युगल में प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित करेंगे। मरे की टीम ने एक बयान में कहा कि दुर्भाग्य से, एक सप्ताह पहले हुए ऑपरेशन के बाद से अपनी रिकवरी पर अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत करने के बावजूद, एंडी ने इस साल एकल नहीं खेलने का बहुत कठिन निर्णय लिया है। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, वह बेहद निराश हैं लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि वह जैमी के साथ युगल में खेलेंगे और आखिरी बार विंबलडन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं। मरे का विम्बलडन में 61-13 का एकल रिकॉर्ड है।

■ अभ्यास करने के बावजूद, स्कॉट ने अब पुष्टि की है कि वह अपना ध्यान युगल में प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित करेंगे

खेलने का बहुत कठिन निर्णय लिया है। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, वह बेहद निराश हैं लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि वह जैमी के साथ युगल में खेलेंगे और आखिरी बार विंबलडन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक है।

सार संक्षेप

एंडी मरे विम्बलडन एकल से हटे, भाई जैमी के साथ युगल खेलेंगे

लंदन। दो बार के चैंपियन एंडी मरे वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लैम विम्बलडन के एकल मुकाबलों से हट गए हैं लेकिन अपने भाई जैमी के साथ युगल खेलने की योजना बना रहे हैं। 37 वर्षीय खिलाड़ी, जिनकी 10 दिन पहले रीढ़ की हड्डी में सिस्ट की सर्जरी हुई थी, को मंगलवार को सेंटर कोर्ट पर पहले दौर में चेक प्रतिद्वंद्वी टॉमस मचाक का सामना करना था। सोमवार को अभ्यास करने के बावजूद, स्कॉट ने अब पुष्टि की है कि वह अपना ध्यान युगल में प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित करेंगे। मरे की टीम ने एक बयान में कहा कि दुर्भाग्य से, एक सप्ताह पहले हुए ऑपरेशन के बाद से अपनी रिकवरी पर अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत करने के बावजूद, एंडी ने इस साल एकल नहीं खेलने का बहुत कठिन निर्णय लिया है। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, वह बेहद निराश हैं लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि वह जैमी के साथ युगल में खेलेंगे और आखिरी बार विंबलडन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक है। मरे का विम्बलडन में 61-13 का एकल रिकॉर्ड है।

सुमित नागल विंबलडन में पुरुष एकल के पहले दौर में हारे

लंदन। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को विंबलडन टूर्नामेंट 2024 में पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में सर्बिया के मिओमिर केकमेनोविच से हार का सामना करना पड़ा है। सोमवार देर रात खेले गए मैच में सार्बियाई खिलाड़ी केकमेनोविच ने दो घंटे और 48 मिनट में नागल को 6-2, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। नागल के शानदार खेल की बदौलत मुकाबला चार सेटों तक खिंचा। सुमित ने पहला सेट 2-6 से हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता। हालांकि इसके बाद केकमेनोविच ने तीसरा सेट 3-6 से जीतकर 2-1 की बढ़त कर दिया। केकमेनोविच ने अपना धैर्य के खेला मुजाहिरा करते हुए तीसरा सेट 3-6 और चौथे सेट में 6-4 से जीत लिया। नागल और सर्बिया के डुसल लाजोविच की जोड़ी अब पेड्रो मार्टिनेज और जौम मुनार से युगल मुकाबले में प्रतिस्पर्धा करेगी। या को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

टोक्यो ओलंपिक समाप्त होते ही मैंने पेरिस 2024 के लिए तैयारी शुरू कर दी थी : निखत

पेरिस 2024

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। निखत ज़रीन पेरिस 2024 में अपने प्रभावशाली पदक संग्रह को बढ़ाने के लिए ओलंपिक पदक पर नजर रख रही हैं। छह भारतीय मुक्केबाज, चार महिलाएं और दो पुरुष, ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है और उनमें से पांच खेलों के लिए फ्रांस की राजधानी जाने से पहले 22 जुलाई तक जर्मनी में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

टीम में निखत ज़रीन (महिला 50 किग्रा), प्रीति पवार (महिला 54 किग्रा), टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोगोहेन (महिला 75 किग्रा), निशांत देव (पुरुष 71 किग्रा) और अमित पंघल (पुरुष 51 किग्रा) शामिल हैं। टोक्यो 2020 में भारत का अभियान समाप्त होने के बाद से, ज़रीन का ध्यान पेरिस 2024 पर केंद्रित है, उन्हें विश्वास है कि यह उनके लिए अपनी चमक दिखाने का क्षण है। जरीन ने ज़ियोसिनेमा से कहा कि जब टोक्यो ओलंपिक में भारत का अभियान समाप्त हुआ, तो उस दिन मैंने अपना ध्यान पेरिस ओलंपिक की तैयारी में लगाने का फैसला किया। मैंने पेरिस की उलटी गिनती के बारे में सोशल मीडिया पर एक तस्वीर भी पोस्ट की। मुझे लगता है कि हर किसी का अपना एक पल होता है, और यह मेरा पल है। जिसने भी कहा था कि मैं पेरिस नहीं पहुंच पाउंगी, मैंने आखिरकार इसे हासिल कर लिया। मैं अपने आस-पास की सभी नकारात्मकता और सकारात्मकता को सकारात्मक रूप से लूंगी और पेरिस में रिंग के अंदर एक अलग फाइटर के रूप में बेहतर होने की कोशिश करूंगी। अपनी सफलता की राह पर विचार करते हुए, ज़रीन अपने समुदाय में सामाजिक मानदंडों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता के अटूट समर्थन को देती हैं। मेरी यात्रा उतार-चढ़ाव भरी रही है, मैं एक ऐसे समुदाय से आती हूं जहां महिलाओं को समर्थन की कमी है। लेकिन मेरे पिता, जो खुद एक एथलीट हैं, जानते थे कि एक चैंपियन बनने के लिए क्या करना पड़ता है। उन्होंने हमेशा मेरी यात्रा में मेरा समर्थन किया। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे अपना ध्यान बॉक्सिंग पर केंद्रित करना चाहिए। जब आप देश के लिए मेडल जीतने का सपना पूरा कर लेंगे, उस दिन ये लोग आपको बधाई देने आएंगे और सेल्फी लेंगे। ज़रीन ओलंपिक चैंपियन बनने की अनूठी चुनौती को रेखांकित करते हुए, अपने खेल के शिखर तक पहुंचने के लिए आवश्यक बलिदानों पर जोर देती हैं। मैंने विश्व चैंपियन बनने के लिए कई चीजों का त्याग किया है, लेकिन ओलंपिक चैंपियन बनना अलग बात है। जब भी मैं प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही होती हूं, मैं सोशल मीडिया से दूर रहती हूं। मैं अपने परिवार या दोस्तों के साथ ज्यादा बात नहीं करती हूं। मैं उनके साथ समय बिताती हूं। इस बार, पेरिस 2024 की तैयारी में, मैं इन सभी विकर्षणों से दूर रहने की कोशिश करूंगी, और जितना संभव हो सके सकारात्मक रहने की कोशिश करूंगी और पेरिस के लिए कोई कसर नहीं छोड़ने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी। पदक से पहले की हर जंग से पहले की अपनी मानसिकता की झलक दिखाते हुए ज़रीन ने हर मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के महत्व पर जोर दिया। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने के मकसद से उतरती हूं ताकि रिंग के अंदर चाहे कुछ भी हो, परिणाम कुछ भी हो, मुझे इस बात का अफसोस नहीं होना चाहिए कि अगर मैंने 10 प्रतिशत और दिया होता तो मैं मुकाबला जीत सकती थी। मैं वह पछतावा नहीं चाहती, इसलिए मैं हमेशा अपना 100 प्रतिशत देने की मानसिकता के साथ उतरती हूं। निखत ज़रीन के शानदार करियर में दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक, 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में एक स्वर्ण और 2022 एशियाई खेलों में एक कांस्य पदक शामिल हैं।

■ पेरिस में रिंग के अंदर एक अलग फाइटर के रूप में बेहतर होने की कोशिश करूंगी

सुडोकू 6604 का हल

4	7	5	1	9	6	2	8	3
9	8	2	3	7	5	6	4	1
3	1	6	8	2	4	9	5	7
1	5	4	7	8	2	3	9	6
6	3	7	5	4	9	1	2	8
2	9	8	6	3	1	4	7	5
5	6	9	2	1	8	7	3	4
7	2	1	4	5	3	8	6	9
8	4	3	9	6	7	5	1	2

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

एनटी	2.74 प्रतिशत
इंफोसिस	1.97 प्रतिशत
एचडीएफसी बैंक	1.51 प्रतिशत
टीसीएस	0.80 प्रतिशत
एचसीएल टेक	0.70 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

भारती एयरटेल	2.38 प्रतिशत
कोटक बैंक	2.16 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	2.07 प्रतिशत
इंडसइंड बैंक	1.89 प्रतिशत
एसबीआई	1.87 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली	
सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	74,220
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	74400
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौंड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूं एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2600-2700
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा अनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
कावुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी दस	3740-3840
चीनी दस	4000-4100
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4400-4500

दाल-दलहन

चना	6100-6200
दाल चना	7100-7200
मसूर दाली	7550-7650
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9850-9950
अरहर दाल	11700-11800

चार बैंकों ने बढ़ाई एफडी की ब्याज दरें

■ सबसे ऊंची दरें दे रहा उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। 1 जुलाई, 2024 से, कई बैंकों ने 3 करोड़ रुपए से कम राशि के लिए अपने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों में बदलाव किया है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक वरिष्ठ नागरिकों के लिए 8.75प्रतिशत और अन्य लोगों के लिए 8.25प्रतिशत की सबसे ऊंची दरें दे रहा है। एक्सिस, आईसीआईसीआई, पंजाब एंड सिंध, और बैंक ऑफ इंडिया भी कंपटीटिव दरें दे रहे हैं।

एक्सिस बैंक ने 1 जुलाई, 2024 से अपनी एफडी ब्याज दरों में बदलाव किया है। 3 करोड़ रुपए तक की जमा राशि के लिए, वरिष्ठ नागरिक 5 से 10 साल की अवधि के लिए सबसे ज्यादा 7.75प्रतिशत कमा सकते हैं। अन्य लोगों के लिए, 17 से 18 महीने की अवधि के लिए सबसे ज्यादा दर 7.2प्रतिशत है।

1 जुलाई, 2024 से, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भी अपनी एफडी दरों में बदलाव किया है। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को 12 महीने की अवधि के लिए 8.75प्रतिशत की सबसे ऊंची दर दे रहा है। सामान्य ग्राहकों के लिए, सबसे 12 महीने की अवधि के लिए सबसे ज्यादा दर 8.25प्रतिशत है।

आईसीआईसीआई बैंक ने 1 जुलाई, 2024 से अपनी एफडी दरों को अपडेट किया है। 3 करोड़ रुपए तक की जमा राशि के लिए, वरिष्ठ नागरिकों को 15 से 18 महीने की अवधि के लिए 7.75त्न तक मिल सकता है। अन्य ग्राहकों के लिए, 15 महीने से 2 साल की अवधि के लिए सबसे ज्यादा दर 7.2प्रतिशत है।

1 जुलाई 2024 से, पंजाब एंड सिंध बैंक ने अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की दरों में बदलाव किया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सबसे ज्यादा ब्याज दर 666 दिनों की अवधि के लिए 7.80प्रतिशत है। अन्य लोगों के लिए, इसी अवधि के लिए सबसे ज्यादा दर 7.3प्रतिशत है।

बैंक ऑफ इंडिया ने 30 जून 2024 से अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की दरों में बदलाव किया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सबसे ज्यादा ब्याज दर 666 दिनों की अवधि के लिए 7.80प्रतिशत है। अन्य लोगों के लिए, इसी अवधि के लिए सबसे ज्यादा दर 7.3प्रतिशत है।

एचडीएफसी बैंक का सीबीएस 13 जुलाई से नए प्लेटफॉर्म पर

मुंबई। निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक 13 जुलाई, 2024 को सिस्टम अपग्रेड कर अपने कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) को नए इंजीनियर्ड प्लेटफॉर्म पर स्थानातरित कर रहा है। बैंक ने कहा कि इससे बैंक को प्रदर्शन की गति में सुधार करने, उच्च ट्रैफ़िक वॉल्यूम को संभालने की अपनी क्षमता का विस्तार करने, विश्वसनीयता और मापनीयता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस अपग्रेड के साथ एचडीएफसी बैंक अपने आकार और बैंकिंग वॉल्यूम के हिसाब से देश में सबसे बड़े बैंकों में से एक होगा, जो अपने कोर बैंकिंग सिस्टम को नए-जीन प्लेटफॉर्म पर होस्ट करेगा। बैंक ने कहा कि इस अपग्रेडेशन के दौरान कुछ सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में भी मजबूत रहेगी : नोमुरा

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। मजबूत आर्थिक विकास दर और महंगाई कम रहने के कारण व्यापक स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था की जड़ें वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में मजबूत रहेंगी। यह बात ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म नोमुरा की ओर से कही गई।

नोमुरा ने कहा कि भारत में रिटेल महंगाई दर वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 4.8 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 के अंत में 5.7 प्रतिशत थी। ला नीना, चावल के पर्याप्त भंडार और दालों का उत्पादन बढ़ने के कारण खाद्य पदार्थों की महंगाई दर में भी कमी देखने को मिल सकती है।

नोमुरा के एनालिस्ट ने आने वाले बजट को लेकर कहा है कि इसमें फोकस पूंजीगत व्यय और राजकोषीय समेकन पर हो सकता है। ब्रोकरेज का फोकस मैन्युफैक्चरिंग और खपत से जुड़ी निवेश थीम्स पर है। नोमुरा ने कहा कि बजट सरकार की दिशा को दिखाएगा। इसमें पहले के मुकाबले कोई ज्यादा बदलाव नहीं देखने को मिलेगा।

बता दें कि केंद्र में नई सरकार के बनने के बाद पूर्ण बजट इसी महीने पेश किया जाना है। मौजूदा समय में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी की विकास दर 8.2 प्रतिशत थी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

नोमुरा का मानना है कि भारत में सुधार राजनीति की कसौटी पर खरे उतरे हैं। हमारा मानना है कि सरकार सुधारों की गति जारी रकेगी। जमीन और श्रम से जुड़े कठिन सुधार को राज्यों पर छोड़ दिया जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव काफी मजबूत है। देश की वृद्धि दर तेज बनी हुई है। महंगाई कम हो रही है और साथ ही चालू खाते की स्थिति भी उत्साह पैदा करने वाली है।

■ वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत थी भारत की जीडीपी विकास दर

सेबी ने हिंडनबर्ग को जारी किया कारण बताओ नोटिस

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट के समय और उसके बाद अदाणी एंटरप्राइजेज की स्क्रिप में ट्रेडिंग के नियमों का उल्लंघन करने को लेकर हिंडनबर्ग रिसर्च, नाथन एंडरसन और मॉरीशस के विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) मार्क किंगडन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 46 पेज के कारण बताओ नोटिस में बाजार नियामक की ओर से कहा गया है कि हिंडनबर्ग और एंडरसन ने सेबी एक्ट, सेबी की धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार आचरण रोकथाम के नियम, और रिसर्च एनालिस्ट के लिए बनाई गई आचार संहिता का उल्लंघन किया है। इस नोटिस में एफपीआई किंगडन पर आरोप है कि उसने सेबी एक्ट, सेबी के धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार आचरण रोकथाम के नियम, और एफपीआई के लिए बनाए गए सेबी की आचार संहिता का उल्लंघन किया है। नियामक की ओर से गया कि हिंडनबर्ग और एफपीआई ने भ्रामक डिस्कलेमर दिया कि यह रिपोर्ट भारत से बाहर ट्रेड की जाने वाली सिक्योरिटीज के लिए है, लेकिन यह पूरी तरह भारत में सूचीबद्ध कंपनियों को लेकर थी।

भारत के ऑटो सेक्टर में तेजी अधिक मांग से बढ़ रही बिक्री

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज गति से आगे बढ़ने के कारण ऑटो सेक्टर में तेजी बनी हुई है। इसके कारण दोपहिया, कारों और कमर्शियल वाहनों की बिक्री में इजाफा हो रहा है।

ऑटो सेक्टर से जुड़े लोगों के मुताबिक, एसयूवी सेगमेंट में नए लॉन्च होने के कारण यात्री वाहनों की ब्रिकी बढ़ रही है। वहीं, ग्रामीण इलाकों की आय बढ़ने की वजह से दोपहिया वाहनों की ब्रिकी में इजाफा हुआ है।

कृषि और इंडस्ट्री क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले कमर्शियल वाहनों की मांग में भी इजाफा हुआ है, जो कि दिखाता है कि देश में आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं।

टाटा मोटर्स की कमर्शियल इकाई की ओर से जून 2024 में 15,224 (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर) वाहनों की ब्रिकी की गई। यह आंकड़ा जून 2023 में 14,770 पर था। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में कुल 41,974 वाहनों की ब्रिकी हुई है। यह वित्त वर्ष 24 में समान अवधि में 36,577 था।

देश की सबसे बड़ी कार विक्रेता कंपनी मारुति की भी जून 2024 में सालाना आधार पर बिक्री 3 प्रतिशत से बढ़कर 1,37,160 यूनिट्स हो गई है जो कि जून 2023 में 1,33,037 यूनिट्स थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की बिक्री सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत बढ़कर 4,19,114 यूनिट्स हो गई है।

यात्री वाहन कंपनी हुंडई की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही में कंपनी की ब्रिकी में सालाना आधार पर 5.68 प्रतिशत की बढ़त हुई है। घरेलू बिक्री का 66 प्रतिशत हिस्सा एसयूवी की बिक्री से आया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की ब्रिकी में जून में 23 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है।

■ ग्रामीण इलाकों की आय बढ़ने की वजह से दोपहिया वाहनों की ब्रिकी में इजाफा

सार संक्षेप

भारत केंद्रित ईटीएफ में जून में आया ज्यादा का इनफ्लो

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशक जमकर निवेश कर रहे हैं। यूएस एक्सचेंज पर लिस्टेड भारत केंद्रित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जून माह में बड़ा इनफ्लो देखने को मिला है। आईशेयर्स एमएससीआई इंडिया ईटीएफ, फ्रैंकलिन एफटीएसई इंडिया ईटीएफ और विसडमट्री इंडिया अर्निंग फंड में कुल 1.08 अरब डॉलर का निवेश बीते महीने हुआ है, जो दिखाता है कि विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में आ रहे उछाल के मौके को भुनाना चाहते हैं। जून में आईशेयर्स एमएससीआई इंडिया ईटीएफ में 496 मिलियन डॉलर, फ्रैंकलिन एफटीएसई इंडिया ईटीएफ में 326 मिलियन डॉलर और विसडमट्री इंडिया अर्निंग फंड में 262 मिलियन डॉलर का निवेश आया है।

अमेजन इंडिया का प्राइम डे सेल 20 व 21 को

बेंगलुरु। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन इंडिया ने प्राइम डे के 8वें संस्करण की घोषणा की है। प्राइम डे सेल की शुरुआत 20 जुलाई को रात 12 बजे से होगी और यह 21 जुलाई को रात 11:59 मिनट तक चलेगी। कंपनी ने कहा कि भारत में दो दिनों तक चलने वाला यह उत्सव प्राइम मेंबरों को खुशियों को खोजने, अद्वितीय शॉपिंग डील्स तक पहुंचने, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन, बचत और अन्य की पेशकश करेगा। स्मार्टफोन से लेकर टीवी, एप्लाएंसेस, फैशन और ब्यूटी, ग्रॉसरी और दैनिक उपयोगी वस्तुओं, अमेजन डिवाइस, होम एंड किचन, फर्नीचर से लेकर दैनिक आवश्यक वस्तुओं आदि तक में , प्राइम मेंबर्स नए लॉन्च, पहले कभी न सुनी गई डील्स, बेहतरीन मनोरंजन और बचत का लुत्फ उठा सकेंगे।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने लॉन्च किए नए साउंडबार

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने अपने नवीनतम साउंडबारों की रेंज को लॉन्च करने की आज घोषणा की जिसकी शुरुआती कीमत 29990 रुपए है। कंपनी ने कहा कि 2024 की लाइन-अप में एसक्यू7टीआर, एसजी10 वाई , एसक्यू7टीवाई, एस7/टीवाई और एस 65 टीआर मॉडल शामिल हैं। एलजी टीवी के साथ सहजता से मेल खाने के लिए डिज़ाइन किए गए ये साउंडबार अपनी साउंड क्वॉलिटी, फीचर और परिष्कृत डिज़ाइनों के माध्यम से एक उन्नत होम सिनेमा अनुभव का वादा करते हैं। साउंडबार और टीवी के बीच बेहतर तालमेल बनाकर, एलजी के नवीनतम साउंडबार मॉडल की उन्नत ऑडियो गुणवत्ता घर पर मनोरंजन के अनुभव को अधिकाधिक सुविधा एवं तल्लीनता की भावना के साथ समृद्ध करती है। ऑर्केस्ट्रा, इंटरफेस, कास्ट फीचर के साथ, साउंडबार और एलजी टीवी अपने ऑडियो चैनलों की पूरी क्षमता का उपयोग करते हैं, जिससे विस्तारित साउंडस्टेज और बेहतर गहराई और ऊँचाई के साथ एक अद्वितीय ऑडियो अनुभव मिलता है।

बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

■ सेंसेक्स 34.74 अंक फिसलकर 79,441.45 पर रहा ■ निफ्टी 18.10 अंक उतरकर 24,123.85 पर बंद

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, ऑटो और बैंकिंग समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 34.74 अंक फिसलकर 79,441.45 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 18.10 अंक उतरकर 24,123.85 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.57 प्रतिशत टूटकर 46,403.23 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत बढ़कर 52,988.28 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4008 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2036 में तेजी जबकि 1880 में गिरावट रही वहीं 92 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 21 कंपनियों में लिवाली जबकि 28 में बिकवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 13 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 0.15, सीडी 0.17, एफएमसीजी 0.67, वित्तीय सेवाएं 0.67, हेल्थकेयर 0.25, दूरसंचार 1.31, यूटिलिटीज 0.16, ऑटो 0.74, बैंकिंग 0.91, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.46, धातु 0.20, पावर 0.37 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 0.04 प्रतिशत की गिरावट रही।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.28 और जर्मनी का डैक्स 0.93 प्रतिशत गिर गया जबकि जापान का निक्केई 1.12, हांगकांग का हैंगसेंग 0.29 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.08 प्रतिशत मजबूत रहा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 364 अंक की तेजी के साथ 79,840.37 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 79,855.87 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर बाद यह 79,231.11 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 79,476.19 अंक के मुकाबले 0.04 प्रतिशत फिसलकर 79,441.45 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 87 अंक बढ़कर 24,228.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,236.35 अंक के उच्चतम जबकि 24,056.40 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,141.95 अंक की तुलना में 0.07 प्रतिशत उतरकर 24,123.85 अंक रह गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने नुकसान उठाया उनमें भारती एयरटेल 2.38, कोटक बैंक 2.16, टाटा मोटर्स 2.07, इंडसइंड बैंक 1.89, एसबीआई 1.87, आईसीआईसीआई बैंक 1.79, बजाज फाइनेंस 1.54, टाइटन 0.93, आईटीसी 0.92, नेस्ले इंडिया 0.86, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.85, एक्सिस बैंक 0.63, मारुति 0.56, अल्ट्रासिमको 0.52, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.38, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.25, टेक महिंद्रा 0.06, अदाणी पोर्ट्स 0.04 और बजाज फिन सर्व 0.01 प्रतिशत शामिल रहे। वहीं, एलटी 2.74, इंफोसिस 1.97, एचडीएफसी बैंक 1.51, टीसीएस 0.80, एचसीएल टेक 0.70, पावरग्रिड 0.55, रिलायंस 0.38, सन फार्मा 0.30, टाटा स्टील 0.23, एनटीपीसी 0.11 और एशियन पेंट के शेयर 0.05 प्रतिशत लाभ में रहे।

यूपीआई से लेनदेन जून में 49 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म से लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 49 प्रतिशत बढ़कर 13.9 अरब हो गई है। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई है। लेनदेन की संख्या मई के 14 अरब के मुकाबले थोड़ी सी कम है। इसकी वजह जून में मई के मुकाबले कम दिन का होना है। जून में यूपीआई लेनदेन की कुल वैल्यू सालाना आधार पर 36 प्रतिशत बढ़कर 20.1 लाख करोड़ रही है। मई में यूपीआई लेनदेन की वैल्यू सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 20.4 लाख करोड़ रुपए पर थी। एनपीसीआई के डेटा के मुताबिक, जून में यूपीआई से औसत लेनदेन की संख्या प्रतिदिन 463 मिलियन रही है और प्रतिदिन औसत 66,903 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है।

आधार के जरिए होने वाले भुगतान की संख्या में सालाना 4 प्रतिशत की बढ़त हुई है और यह 100 मिलियन पर पहुंच गया है। हालांकि, कुल भुगतान वैल्यू सालाना आधार पर 5 प्रतिशत गिरकर 25,122 करोड़ रुपए रही है। औसत प्रतिदिन लेनदेन की संख्या 3.3 मिलियन पर रही है और औसत प्रतिदिन लेनदेन वैल्यू 837 करोड़ रुपए रही।

जून में फास्टैग लेनदेन की संख्या में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और यह 334 मिलियन रही है। वहीं, इन लेनदेन की वैल्यू 1.1 प्रतिशत बढ़कर 5,780 करोड़ रुपए पर रही। यूपीआई के लेनदेन में बढ़त की वजह रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ना और यूपीआई को विदेशों में भी लॉन्च करना है।



■ प्रतिदिन हुए 66,903 करोड़ के ट्रांजैक्शन

खाद्य तेलों में टिकाव, चना दाल सस्ती

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि चना और दाल चना के भाव गिर गए वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 119 रिंगिट उबलकर 4143 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.49 सेंट बढ़कर 46.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में चना 100 रुपए और दाल चना में 100 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। मूंग दाल, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6700-6800, दाल चना 7700-7800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 10300-10400, उड़द दाल 12500-12600, अरहर दाल 11500-11600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल : 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

यूपी में लागू होगा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट

■ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मिलेगा बढ़ावा

■ एक्ट को लागू करने वाला यूपी देश का चौथा राज्य बनेगा

लखनऊ, 2 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात,राजस्थान और कर्नाटक के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए प्रदेश में स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (एसआईआर) एक्ट को लागू करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट के इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। कैबिनेट के इस निर्णय की जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर ने पत्रकारों को बताया कि इस एक्ट को निर्माण (नोडल इन्वेस्टमेंट रीजन फॉर मैन्युफैक्चरिंग) एक्ट नाम दिया गया है। इसके माध्यम से देश और दुनिया के बड़े-बड़े निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित किया जा सकेगा। सरकार के इस निर्णय से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आर्थिक विकास को गति मिलेगी, जबकि जन सामान्य को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होने बताया कि इस तरह का एक्ट अभी तक तीन राज्यों में है,जिनमें गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक शामिल हैं। इस तरह इस एक्ट को लागू करने वाला यूपी देश का चौथा राज्य बन जाएगा। उन्होंने बताया कि जो स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन होते हैं वो बड़े इन्वेस्टमेंट रीजन होते हैं, जहां पर क्लस्टर डेवलपमेंट होता है और साथ ही जो पावर स्टेट गवर्नमेंट में या बाकी डिपार्टमेंट्स में निहित होती हैं। उन्हें अथॉरिटी लेवल पर डिसेंट्रलाइज कर दिया जाता है। ऐसा करने से दो लाभ होते हैं, पहला जो मास्टर प्लानिंग हो उसमें यदि कोई बदलाव करना हो तो वहीं पर किया जा सकता है और दूसरा जितने भी एनओसी और क्लियरेंस जारी होते हैं जिनके लिए प्रदेश स्तर तक आना होता है वो शक्तियां भी डिसेंट्रलाइज हो जाती हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की अवधारणा के अनुरूप जितना डिसेंट्रलाइजेशन होगा। उतना ही अच्छी तरह से हम इन्वेस्टर्स को सर्विस दे पाएंगे। श्री सागर ने बताया कि प्रदेश सरकार का यह एक्ट बनाने का मकसद बड़े-बड़े इन्वेस्टमेंट रीजन बनाना और उन्हें कानूनी संरक्षण प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ने वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का जो लक्ष्य रखा है, उसके लिए आवश्यक है कि हमें बड़े-बड़े इन्वेस्टमेंट रीजन बनाने होंगे।

उन्होंने बताया कि अभी हमने एक्ट में इन्वेस्टमेंट के लिए लैंड की मिनिमम लिमिट निर्धारित नहीं की है, लेकिन जैसे हमने बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की स्थापना की है, जिसके लिए 5 हजार हेक्टेयर का एरिया रखा है उसी तरह स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन में भी बड़ा एरिया रखा जाएगा।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर चिकित्सकों का किया गया सम्मान

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। भारत विकास परिषद रायपुर मुख्य इकाई व्दारा कृष्णा किड्स एकेड्मी ग्रुप के सहयोग से राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (नैशनल डॉक्टर्स डे) का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर आज कृष्णा किड्स एकेड्मी चौबे कॉलोनी व कोटा में तथा शासकीय आयुर्वेद हस्पताल में चिकित्सकों से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया।

इसके साथ ही तीनों स्थानों पर पृथक पृथक कुल पन्द्रह चिकित्सकों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें श्रीफल, दुपट्टा व अभिनन्दन पत्र भेट किया गया तथा शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता व स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन पश्चात् वन्देमातरम गान से हुआ।

कार्यक्रम में कृष्णा किड्स एकेड्मी ग्रुप के संचालक महोदय संग ऐकेड्मी की शिक्षिकाओं व सहायकों के अतिरिक्त परिषद से कर्नल सुनील मिश्रा, शशांक शुक्ल, पवन गौड़, मधु गौड़, डॉ राकेश मिश्रा व विनीत शर्मा के साथ बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 9746/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024
रायपुर दिनांक 02/07/24

प्राधिकरण की राजेन्द नगर (550 जनता मकान) योजनांतर्गत श्रीमती अंजुम आलम पति मो. तनवीर आलम द्वारा जनता मकान क्रमांक 619 क्षेत्रफल 316.77 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। आबंटिती द्वारा मकान का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 22.11.2022 को प्राप्त कर उक्त मकान का विक्रय क्रेता श्रीमती सीमा मेमन पति मोहम्मद इकबाल मेमन निवासी-सी-7/18, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 26.05.2023 के द्वारा किया गया है। क्रेता द्वारा उक्त मकान हेतु प्राधिकरण में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान का नामांतरण क्रेता के नाम पर किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार क्रेता का नाम दर्ज करने की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 02.07.2024 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 9748/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024
रायपुर दिनांक 02/07/24

प्राधिकरण की राजेन्द नगर (550 जनता मकान) योजनांतर्गत श्रीमती अंजुम आलम पति मो. तनवीर आलम द्वारा जनता मकान क्रमांक 620 क्षेत्रफल 316.77 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। आबंटिती द्वारा मकान का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 22.11.2022 को प्राप्त कर उक्त मकान का विक्रय क्रेता श्रीमती सीमा मेमन पति मोहम्मद इकबाल मेमन निवासी-सी-7/18, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 04.05.2023 के द्वारा किया गया है। क्रेता द्वारा उक्त मकान हेतु प्राधिकरण में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त मकान का नामांतरण क्रेता के नाम पर किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार क्रेता का नाम दर्ज करने की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 02.07.2024 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 9765/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024
रायपुर दिनांक 02/07/24

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री राजेन्द्र सिंह भुटानी पिता श्री डी.एस. भुटानी एवं श्री मनप्रीत सिंग गुम्बर पिता श्री कमलजीत सिंग गुम्बर को ब्लॉक 15 में भूखण्ड क्रमांक एसएस-221 क्षेत्रफल 97 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 02.07.2024 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00038 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20232444072 3500084

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी किशोरी लाल सोनी पिता/पति शंकर लाल सोनी पता रेलवे कॉलोनी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 547/3 0.0066 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्वेत चौधरी पिता/पति स्व. चन्द्रसेन चौधरीपता सन्यासीपारा खमतराई रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.07.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.06.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार**
रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/202400115600006 4/अ-6/2023-2024
ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 26.06.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) श्रीमती कौशिल्या बाई यादव (2) श्रीमती सरिता यादव (3) श्रीमती लता यादव पिसरान स्व. सुकलाल यादव निवासी डंगनिया तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदकगण के पिता सुकलाल यादव पिता लक्ष्मण के नाम पर ग्राम डंगनिया, प.ह.नं. 58, रा.नि.मं रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 197/4 का भाग रकबा 436 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेखों में धारित है। यह कि आवेदकगण के पिता सुकलाल यादव की मृत्यु दिनांक 10/04/1999 को हो चुका है तथा आवेदकगण की माता श्रीमती तिजिया यादव की भी मृत्यु दिनांक 20/05/2020 को हो चुकी है। जिनके विधिक वारिसान आवेदकगण है तथा आवेदकगण के भाई रमेश यादव की भी मृत्यु दिनांक 02/02/2018 को अविवाहित अवस्था में हो गई है का लेख करते हुए आवेदकगण के पिता सुकलाल यादव की मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेखों में उनके विधिक वारिसान आवेदकगण का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदकगण का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 19/07/2024 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा /आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 19/07/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आयक्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार**
रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/2024061137000071/अ-6/2023-24
ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर प.ह.नं.35
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 28.06.2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण (1) श्रीमती लक्ष्मीदेवी अग्रवाल पति स्व. मानिकलाल अग्रवाल (2) सृष्टि अग्रवाल (3) अर्पण अग्रवाल (4) चैलसी अधवाल सभी पिता स्व. मानिकलाल अग्रवाल निवासी अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी हीरापुर रोड, सृष्टि विहार कॉलोनी के पास मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत फौती नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिकागण के पिता/पति स्व. मानिकलाल अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल के नाम पर जरवाय उर्फ हीरापुर प.ह.नं. 35, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा क्रमांक 781/36 रकबा 0.0240 हे. एवं खसरा नंबर 781/40 रकबा 0.0480 हे. भूमि राजस्व अभिलेख के परिवर्तित बी-1 संयुक्त रूप से मानिकलाल अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल एवं विष्णु प्रसाद अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल नाम धारित है। सहखातेदार स्व. मानिकलाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 14/02/2024 को हो गया है। मृतक सहखातेदार स्व. मानिकलाल अग्रवाल के विधिक वारिसान में (1) लक्ष्मी देवी अग्रवाल (2) सृष्टि अग्रवाल (3) अर्पण अग्रवाल (4) चैलसी अग्रवाल है। अत: उक्त आवेदित भूमि से मृतक सहखातेदार मानिकलाल अग्रवाल का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसान के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है। शेष खातेदार का नाम यथावत दर्ज रखे जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिकागण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 18/07/2024 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार**
रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

ग्राम निमोरा प.ह.नं. 14
रा.प्र.क्र. 202406114000051/अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उमा गायकवाड़ पति श्री प्रभु गायकवाड़ निवासी 151 वार्ड नं. 12 भटगांव रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम निमोरा प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 140 का भाग रकबा 0.1620 हे. दुलौरिन पिता मोतीराम के नाम पर दर्ज है। खातेदार दुलौरिन पिता मोतीराम द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि को आवेदिका श्रीमती उमा गायकवाड़ पति प्रभु गायकवाड़ के पक्ष में दिनांक 23/03/2024 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया है। खातेदार दुलौरिन पिता मोतीराम की मृत्यु दिनांक 12/05/2024 को हो चुका है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि का पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायाल में पेश किया गया। तत्संबंध में इस न्याया. में रा.प्र.क. 202406114000051/ अ-6 वर्ष 2023-24 विचाराधीन है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 22/07/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 27/06/2024 को जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार**
अभनपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/बी-121/2023-2024
ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70
रायपुर, दिनांक 01.07.2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जलेश कुमारब बांधे पिता अयाराम बांधे निवासी 10 नवापारा उर्फ बापा वार्ड मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 रा.नि.मं. रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक की पुत्री लाब्या बांधे का जन्म (केलाश कांता नर्सिंग होम अवंति विहार रायपुर) दिनांक 12/10/2022 को हो हुआ है। जिसके नाम से जन्म पंजीकरण संख्या बी-2022.22-90434-011541 जारी दिनांक 14/10/2022 को हुआ है जिसमें त्रुटिवश लाब्या बांधे पिता जलेश कुमार बांधे व माता का नाम कुसुम बांधे दर्ज अंकित है। जिसे सुधार कर सही नाम लावन्या बाघडे पिता जलेश कुमार बांधे व माता का नाम कुसुम बांधे दर्ज कर सुधार करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 15/07/2024 को नियत है। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 15/07/2024 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार**
रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00061 मठपुरैना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20232444072 2500440

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती पदमा देवी अग्रवाल पिता/पति-पति कैलाश अग्रवाल सा रामसागरपारा रायपुर पता पी-1357108 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 443/11 0.0081 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता डीहूराम कंवर पिता/पति श्री आनंद राम कंवर पता सरकेडा पोस्ट पांडुका थाना राजिम तहसील व जिला गरियाबंद छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.07.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.06.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार**
रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/ब-121/2023-2024
ग्राम चंदनडीह प.ह.नं. 55
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 28.06.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरन लाल गुप्ता पिता स्व. छोटेलाल गुप्ता निवासी चंदनडीह दुर्गा चौक टाटीबंध रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है कि आवेदक के भाई राम सेवक गुप्ता की मृत्यु दिनांक 10.04.1992 को घर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 18.07.2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियॉद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार**
रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/क/बी-121/2024
ग्राम..... प.ह.नं.....
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 26.06.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक श्रीमती लता बाई साहू पति स्व. श्री पुन्नी लाल साहू द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के पति स्व. श्री पुन्नीलाल साहू पिता स्व. श्री दिलीप कुमार साहू की मृत्यु दिनांक 25.01.2010 को भीमराव अंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल रायपुर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 11.07.2024 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार**
रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00086 रावांभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440 720300139

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00086 के अंतर्गत ग्राम रावांभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी मनोहर राव शेख पिता/पति गजानंदराव शेष पता निवासी रावांभाठा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 136/1 2.5170, 136/3 2.7350, 136/7 1.4970, 175/1 0.1840, 10/3 0.1500, 262/1 0.7090, 104/3 1.7210, 301/1 0.2300, 10/2 0.1050, 186/1 0.0300, 104/4 1.5630 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अनुराग शेष पिता/पति मनोहर राव शेष पता मांढर रायपुर, राजेन्द्र शेष पिता/पति मनोहर राव शेष पता तात्यापारा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.06.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.05.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार**
रायपुर

शपथ-पत्र

मैं एकता भालाधरे उम्र 28 वर्ष पति श्री विनय भालाधरे निवासी म.नं. 2936 शिव मंदिर के पास मोहबा बाजार आमानाका रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करती हूं:- कि मेरा विवाह विनय भालाधरे पिता आनंद भालाधरे के साथ दिनांक 19.06.2021 को सम्पन्न हुआ था। मेरा आधार कार्ड जिसका क्रमांक 660976714237 में मेरा नाम एकता दर्ज/अंकित है जबकि सरनेम दर्ज नहीं हुआ है। मेरे आधार कार्ड में मेरा पूरा नाम सरनेम सहित एकता भालाधरे दर्ज कराने के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440722600259

तहसील रायपुर के प.ह.नं. के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी मानिकराम देवांगन पिता/पति चैतराम देवांगन पता रायपुर, हेमन्त कुमार देवांगन पिता/पति चैतराम देवांगन पता रायपुर, गायत्री देवांगन पिता/पति चैतराम देवांगन पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1090/97 0.0100 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता केवल देवांगन पिता/पति स्व. हेमन्त कुमार देवांगन पता हनुमान नगर रायपुर छ.ग., झरना देवांगन पिता/पति स्व. हेमन्त कुमार देवांगन पता हनुमान नगर रायपुर छ.ग., गायत्री देवांगन पिता/पति स्व. चैतराम देवांगन पता हनुमान नगर रायपुर छ.ग., देव देवांगन पिता/पति स्व. हेमन्त कुमार देवांगन पता हनुमान नगर रायपुर छ.ग., मानिक राम देवांगन पिता/पति स्व. चैतराम देवांगन पता हनुमान नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.07.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.07.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार**
रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल
रायपुर-3 तहसील रायपुर, जिला रायपुर
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. रायपुर-3 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक सुरेश पिता/पति पी.एन. श्रीवास्तव निवासी डंगनिया रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 233/10 रकबा 0.0100 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने उपरान्त न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 17.05.2024 के परिपालन में दिनांक 18.07.2024 को 11 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-3 कोटा

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल
रायपुर-3 तहसील रायपुर, जिला रायपुर
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. रायपुर-3 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक मलकीत कौर पति करनेल सिंह निवसी हीरापुर रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 233/12 रकबा 0.0110 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने उपरान्त न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 26.06.2024 के परिपालन में दिनांक 18.07.2024 को 11 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-3 कोटा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00035 जरवाय ऊर्फ हीरापुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440721500067

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00035 के अंतर्गत ग्राम जरवाय ऊर्फ हीरापुर के वर्तमान भूमिस्वामी रमाकांत पिता/पति-पि जगन्नाथ पंडित पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 730/1 0.0280 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अरविंद देशपांडेय, अजय देशपांडेय, अवंति अग्निहोत्री पिता/पति स्व. कृष्णाराव देशपांडेय पता चौबे कॉलोनी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.07.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.06.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार**
रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00072 डूंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440726700238

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00072 के अंतर्गत ग्राम डूंडा के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 18/2 0.0110 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती नीलू वर्मा पिता/पति श्री गीतेश्वर वर्मा पता ई. एफ. कॉलोनी सेंचुरी सीमेंट बैकुण्ठ जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.07.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा

नए कानून को लेकर कसडोल थाना में शांति समिति की बैठक

कसडोल/बलौदाबाजार, 2 जुलाई (देशबन्धु)। परिवर्तन प्रकृति का नियम है इसी के अनुसार समय के साथ कानून में भी नवीन परिवर्तन की गई है कानून में दंड संहिता को परिवर्तन कर न्याय संहिता नाम दिया गया है। उक्त बातें सोमवार 1 जुलाई को पुलिस थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कही।

ज्ञात हो कि पूरे देश में नवीन आपराधिक कानून अस्तित्व में आ गया है जिसको लेकर पुलिस विभाग के द्वारा अब जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। इसी कड़ी में सोमवार को कसडोल थाना परिसर मे पुलिस विभाग के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम रखा गया था जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रथम सत्र न्यायाधीश बृजेश रॉय शामिल हुए जिन्होंने थाना परिसर में मौजूद जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि नया कानून में अब फोन से भी शिकायत दर्ज करा सकता है। वही गवाहों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा भी

गवाही में शामिल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जो पुराने कानून हमारे देश में लागू थे वो ब्रिटिश शासन काल से चले आ रहे थे अब आधुनिकता का समय है और सभी चीजें

न्यायाधीश ने दी नये कानून की जानकारी

डिजिटल हो रही जिसको देखते हुए ही नवीन कानूनों में बदलाव किया है।

ऑनलाइन भी करवा सकते हैं एफआईआर दर्ज–अब किसी भी फरियादी की फरियाद लेकर पुलिस थाना जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। फरियादी चाहे तो ऑनलाइन फोन रिकॉर्ड, ई मेल या फिर वाट्स एप से सूचना देकर एफआई आर दर्ज करवा सकता है। इसके लिए फरियादी को ऑनलाइन सूचना देने के तीन दिन के बाद थाना आकर आवेदन की कॉपी में हस्ताक्षर करने होंगे। कसडोल पुलिस ने बताया कि आज से देश में नवीन न्याय संहिता लागू हो गई है जिसको लेकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता जिसके लिए समय समय पर कसडोल पुलिस के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहेगा। इसके पूर्व तेज कुमार एक्का सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बलोदाबाजार, थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मेला राम साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, भू पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, राजेश थवाईत, सरपंच प्रह्लाद जायसवाल, पत्रकार संघ अध्यक्ष साहेब लाल साहू, सहित जन प्रतिनिधि एवम पत्रकार गण उपस्थित थे।

सिरपुर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

महासमुंद, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सिरपुर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं को दूर करने की मांग की गई है। भाजपा नेता सुखीराम हिरवानी, दुलरवा धीवर व अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में कहा है कि आए दिन बार–बार बिजली कटौती से लोग परेशान है जिसके कारण जनजीवन त्रस्त हो चुका है। फोन लगाने पर फोन नही उठाते। इसी तरह प्राथमिक शाला कमारपारा स्कूल एवं कमार जनजति बस्ती में दो वर्षो से पानी की समस्या है। स्कूल के बच्चे पानी के लिए दूर गार्डन तक जाकर पानी लाते है। पीएचई विभाग को सूचना देने के बावजूद दो

वर्षो में पेयजल समस्या का हल नही निकल सका है। इसी तरह पर्यटन स्थल सिरपुर में नलजल योजना अधूरा पड़ा हुआ है। साथ ही प्राथमकि स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर एवं एंबुलेंस की व्यवस्था स्थाई रूप से करने की मांग ज्ञापन में किया गया है।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

महासमुंद, 2 जुलाई (देशबन्धु)। आबकारी राजस्व सुरक्षा तथा आबकारी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन में आबकारी विभाग महासमुंद द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी तारतम्य में शनिवार को मुखबीर सूचना के आधार पर आबकारी टीम

बागबाहरा द्वारा भुसडी घाट, साल्हेभाठा पहुँच कर छापामार कार्रवाई करते हुए होमेश डडसेना निवासी ग्राम परकोट थाना जोंक के आधिपत्य से एक प्लास्टिक बोरी में जेब्रा छाप के 51 पाउच और हिरन छाप के 71 पाउच कुल 122 पाउच कुल 24.40 लीटर उड़ीसा राज्य निर्मित महुआ शराब कीमत 4880 रुपए बरामद कर जप्त किया गया तथा आबकारी अधिनियम की धारा के तहत गैर जमानतीय प्रकरण कायम कर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर, आबकारी उप निरीक्षक शिव शंकर नेताम तथा आबकारी उप निरीक्षक वृत्त बागबाहरा विकास बढेंद्र के नेतृत्व में की गयी जिसमें आबकारी स्टॉफमहासमुंद का विशेष योगदान रहा।

कलेक्टर ने चिकित्सक दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को किया सम्मानित

गरियाबंद, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सोमवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। कलेक्टर अग्रवाल ने चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना रूके, बिना थके नि:स्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करें। लोग चिकित्सकों को भगवान के समान मानते है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जो स्वास्थ्य समस्या के चलते चिकित्सक के पास न पहुंचा हो। सामाज को स्वस्थ रखने में चिकित्सकों का अहम योगदान है। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव सहित चिकित्सक उपस्थित थे।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व कोरोना महमारी के दौरान मरीजों का उपचार चिकित्सकों ने दिन – रात अपनी जान की परवाह किये बगैर किया। इस दौरान चिकित्सक स्वयं कोरोना की चपेट पर आये और मरीजों की जान बचाएं। कोरोना जैसे गंभीर महमारी से बाहर निकालने की बड़ी जिम्मेदारी चिकित्सकों पर थी। कोरोना सहित अन्य महमारी को हराने में चिकित्सक सबसे बड़े योद्धा के रूप में लड़े। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही आपका असली धन है। और लोग स्वस्थ रहे इसे चिकित्सक उपचार कर सुनिश्चित करते है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा चिकित्सकीय पेशा बहुत चुनौतीपूर्ण है। हर आपदा या मुश्किल समय में रात–दिन चिकित्सक पूरी निष्ठा व ईमानदारी से लोगों का कल्याण करें।

कलेक्टर अग्रवाल ने चिकित्सकीय क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान देने वाले डॉ. मुकेश कुमार हेला, डॉ. गार्गी यदु पाल, डॉ. हरीश कुमार चौहान, डॉ. टीसी पात्रे, डॉ. अंकुश वर्मा, डॉ. जीएस ध्रुव, डॉ. एमएस ठाकुर, डॉ.चेतन नाग, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. कीर्तन साहू, डॉ. अमन होमने, डॉ. डीपी सिंह एवं फिजियो थैरेपिस्ट डॉ. मदन परते को सम्मानित किया गया।

महंगा हुआ कल्टीवेशन, बोनी पूर्व खेत तैयार करने में छूटने लगे पसीने

भाटापारा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। बोनी और नर्सरी की तैयारी इस सत्र में महंगी पड़ रही है, ऊंची कीमत पर बीज की खरीदी जैसे–तैसे की जा रही है लेकिन बाद के काम याने खेत तैयार करने में लग रही पूंजी, साफ संकेत दे रही है कि कल्टीवेशन और रोपाई पर अच्छी–खासी रकम खर्च करनी होगी।

महंगा होता डीजल और बढ़ी हुई मजदूरी दर। इस खरीफ सत्र में प्रति एकड़ खर्च बीते साल की तुलना में ज्यादा होने जा रहा है। बीज की खरीदी जारी है लेकिन इस पर भी लगभग दोगुनी कीमत निजी दुकानें ले रहीं हैं क्योंकि समितियों के पास बीज खत्म हो चुके हैं। अब बारी है कल्टीवेशन और रोटावेटर की, जिस पर किराया 200 से 300 रुपए प्रति घंटा बढ़ चुका है।

इसलिए खेत तैयार करना महंगा: ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरणों की कीमत पर लगभग 15त्न की वृद्धि हुई है। रही–सही कसर डीजल की प्रति लीटर कीमत 93 रुपए 87 पैसे पूरी कर रही है। इन सभी ने मिलकर खरीफ की तैयारी पर गहरा असर डाला हुआ है। इसलिए प्रति एकड़ बोनी और रोपाई की दर बढ़ी हुई है। इसमें वृद्धि तब और भी देखी जाएगी, जब काम शीर्ष पर होगा।

इस दर पर रोटावेटर: सिंचाई साधन से संपन्न किसानों के खेतों में नर्सरी की शुरुआत हो चली है। अगले पखवाड़े के अंत में रोपाई का काम शुरू होने की संभावना है लिहाजा खेत तैयार करने के लिए रोटावेटर का प्रति घंटा किराया 1200 रुपए तय हो चुका है। जबकि ऊंची भूमि पर सूखी जोताई के लिए 1000 रुपए प्रति घंटा लिया जा रहा है। इसमें भी बढ़त के संकेत मिल रहे हैं।

खुली रोपाई की दर: सिंचाई साधन वाले क्षेत्रों में नर्सरी में पौधों को देखते हुए रोपाई की दर ओपन होने लगी है। शुरुआती दौर में प्रति एकड़ रोपाई के लिए 4500 रुपए बोले जा रहे हैं।

बीते सत्र से यह दर इस बार 500 रुपए ज्यादा है। पखवाड़े भर बाद इसमें वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं क्योंकि तब चौतरफा मांग होगी।

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, महासमुंद जिला महासमुंद (छग)

ईश्तहार

उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन अंतर्गत धारा 372
भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक:05/2024
पेशी तारीख:06/08/2024
प्रोसेस नंबर: 369/24
टिकेश्वरी ध्रुव वगैरह आवेदिका
बनाम
शाखा प्रबंधक, यूनियन बैंक, शाखा महासमुंद वगैरह अनावेदकगण

आम जनता अनावेदक

आवेदिकागण का कथन है कि आवेदिका क्र. 1 टिकेश्वरी ध्रुव, स्व. रूपचरण ध्रुव की पत्नी है तथा आवेदिका क्र. 2,3 एवं 4 उसकी पुत्रियां है जो वर्तमान में नाबा. है जिसकी ओर से वली मां आवेदिका क्र. 1 टिकेश्वरी ध्रुव पति स्व. रूपचरण ध्रुव है। आवेदिका क्र. 1 के पति स्व. रूपचरण ध्रुव की माता श्रीमती अंजनी बाई ध्रुव की मृत्यु दिनांक 06.02.2024 को हो गई है तथा आवेदिका क्र. 1 के पति रूपचरण ध्रुव की मृत्यु दिनांक 16.08.2016 को हो गई है। एवं स्व. रूपचरण ध्रुव के पिता ठाकुरराम ध्रुव की मृत्यु दिनांक 03.01.2021 को हो गई है। श्रीमती अंजनी बाई जो आवेदिका क्र. 1 की सास है एवं आवेदिका क्र. 2,3,4 की दादी मां है। मृतिका श्रीमती अंजनी बाई ध्रुव अपने जीवनकाल में अपने पुत्र स्व. रूपचरण ध्रुव के साथ निवास करती थी तथा उसकी सेवा सुश्रुषा स्व. रूपचरण के परिवार द्वारा किया जाता रहा है। स्व. रूपचरण ध्रुव की मृत्यु के पश्चात श्रीमती अंजनी बाई ध्रुव, आवेदिकागण के द्वारा ही की जाती रही। श्रीमती अंजनी बाई ध्रुव के नाम से यूनियन बैंक आफ इंडिया शाखा महासमुंद जिला महासमुंद छग में बचत खाता क्रमांक 557602010009854 संचालित था। उक्त बचत खाते में 98,000 रुपए (अंठानबे हजार रुपए) को प्राप्त करने हेतु जब आवेदिकागण यूनियन बैंक से संपर्क किया तब उनके द्वारा दिनांक 18.06.2024 को मृतिका श्रीमती अंजनी बाई ध्रुव के बचत खाता के पृष्ठ भाग में ही आवेदिकागण को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु निर्देशित किए जाने के परिणाम स्वरूप आवेदिकागण द्वारा आवेदन अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तुत किया है। इसलिए तुम्हें सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, उक्त राशि पर हक या दावा रखते हो तो पेशी दिनांक 06.08.24 को 11 बजे दिन को न्यायालय में उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के मार्फत जिसको मुकदमे का हाल अच्छी तरह समझा दिया गया हो अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उपस्थित नही होने पर आवेदकगण के आवेदन पर एकतरफा कार्यवाही किया जाकर निर्णय पारित कर दिया जायेगा। दिनांक 06.08.24 को अवकाश घोषित हो जाने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर अगले कार्यदिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।

आज दिनांक 01.07.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

चित्रलेखा सोनवानी
सील **प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1**
महासमुंद (छग)

श्रीमान् व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-I, खैरागढ़, सिविल जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

विज्ञप्ति

क्रमांक क/व्य.न्या-I/2024
खैरागढ़, दिनांक 02.07.2024
प्रोसेस क्रमांक/139/2024
पेशी तारीख 23.07.2024

अदालत बनाम

सायल 1. परसादी आ. स्व. मेनीराम वर्मा, उम्र-57 वर्ष 2. हेमलाल वर्मा आ. स्व. मेनीराम वर्मा, उम्र-52 वर्ष 3. शिवमुमार वर्मा आ.स्व.मेनीराम वर्मा, उम्र 50 वर्ष 4. उमा बाई आ.स्व. रामखिलावन वर्मा, उम्र-55 वर्ष 5. रूमेश कुमार वर्मा आ.स्व. रामखिलावन वर्मा, उम्र-39 वर्ष 6. ओमप्रकाश वर्मा आ.स्व. रामखिलावन वर्मा, उम्र-33 वर्ष सभी निवासी-भीमपुरी, तह-छुईखदान, जिला-के.सी.जी. (छ.ग.) 7. सुकृता बाई आ.स्व. रामखिलावन वर्मा पति ओमप्रकाश, उम्र-36 वर्ष 8. सतरूपा वर्मा आ.स्व.रामखिलावन वर्मा पति-पारस वर्मा, उम्र-34 वर्ष, दोनों निवासी चांदगढी, तह-खैरागढ़, जिला-के.सी.जी. (छ.ग.)

विरूद्ध

01. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा बाजार अतरिया 02. आम जनता (जिसका इस प्रकरण से संबंध हो)

बनाम- आम जनता, (जिसका कि इससे संबंध हो)

यह कि मृतक स्व. मेनीराम वर्मा के नाम पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा-बाजार अतरिया, में बचत खाता क्र. 102000960658 जिसमे राशि 137,720/- (एक लाख सैतिस हजार सात सी बीस रूपये) जमा है। मृतक स्व. मेनीराम वर्मा की मृत्यु दिनांक 04.05.2023 को हो गई है व उसके बड़े पुत्र स्व. रामखिलावन (जो नामिनी दर्ज है) का मृत्यु दिनांक 17.03.2020 को हो चुका है व उनकी पत्नी स्व. जंगल बाई का निधन भी 20 वर्ष पुर्व हो चुका है। आवेदकगण द्वारा मृतक के संबंध में इस न्यायालय में अभ्यर्थना-उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत् यह वाद पेश किया गया है। क्योंकि इस दरख्वास्त की सुनवाई दिनांक 23.07.2024 के दिन 11 बजे होगी।

हम तुम्हें ताकिद करते हैं कि यदि मुतवक्फी के जायदाद में तुम्हे कुछ हक हासिल हो ऐसा तुम दावा रखते हो तो तुम उस तारिख को हक की कैफियत के साथ हाजिर हो जाओ और यदि तुम हाजिर ना होओगे तो उस दरख्वास्त की सुनवाई तुम्हारी गैर हाजिरी में होगी। उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 02.07.2024 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

विवेक गर्ग
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-I खैरागढ़
मुहर **सिविल जिला-राजनांदगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
मदरटेरेसा नगर जोन क्र0-3

क्र./लो.क.वि/म.नि./2024/103/61 भिलाई. दिनांक 26/2024

निविदा सूचना

आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई की ओर से ऐकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से लोक निर्माण विभाग के भवन/सड़क एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 एवं इलेक्ट्रिकल एस ओ आर 01.06.2020 से लागू तथा नान एस ओ आर पर एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम / अधिक पर निम्न लिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आंमत्रित की जाती है।

कार्य हेतु निविदा तिथि
1. निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 24.06.2024
2. निविदा प्राप्ति की तिथि - दिनांक 16.07.2024 सांय 5.30 बजे तक
3. निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 18.07.2024
4. आवेदन की अंतिम तिथि - दिनांक 09.07.2024 सायं 5.30 बजे तक

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि
1	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र.-32 बैकुण्ठधाम सुंदर नगर में सार्वजनिक उद्यानों में 03 सीटर गार्डन बैंच प्रदाय कार्य।	3.47	3500.00	750.00	02 माह
2	जोन क्र.-03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र के संतोषी पारा शासकीय स्कूल केम्प-02 के पास बोर खनन कार्य।	1.49	2000.00	300.00	30 दिन

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर निगम भिलाई के वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in and चिप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in और bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है। धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में जोन आयुक्त/कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई एवं संबंधित ठेकेदार के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी, जमा करना होगा तथा प्रत्येक कार्य के लिये जीवित ठेकेदारी ई-पंजीयन, जी एस टी प्रमाणपत्र, पेनकार्ड / आयकर प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति, जीवित साल्वेंसी की छायाप्रति एवं नोटरी से जारी (100/- रू0) का शपथ पत्र की मूलप्रति, लिफाफा 'क' में प्रस्तुत करना है एवं निविदाप्रपत्र दर सहित लिफाफा 'ख' में प्रस्तुत करना होगा।

संपत्तिकर भू-भाटक की राशि निगम कोष में जमा कर विकास कार्यों में सहयोग करें। जल ही जीवन है जल का सदुपयोग करें उसे व्यर्थ न बहाएं। स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ एवं सुदंर भिलाई।

जोन आयुक्त

कार्यालय नगर पंचायत तुमगांव, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
Phone No. 075-282233 Mail: cmotumgaon@gmail.com

क्र./296/न.प./ लो.नि.वि./2024-25 तुमगांव, दिनांक 28/06/24

निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत आवश्यकतानुसार निम्नलिखत कार्य वर्ष 2023-24 अध्यक्ष मद से जीम सामाग्री/खेल सामाग्री / विभिन्न चेयर सामाग्री क्रय किये जाने हेतु ठेकेदार/फर्म तीन लिफाफा पद्धती से स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस वैध होगा।

1) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05.07.24 सांय 3.00 बजे तक
2) निविदाकारों को निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 08.07.24 सांय 05.30 बजे तक
3) निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 18.07.24 को सांय 04.00 बजे से
4) निविदा खोलने की तिथि एवं समय 18.07.24 सांय 03.00 बजे तक

क्र.	कार्य का विवरण	अनु.ला. (लाख में)	निविदा अमानत राशि रू.	निविदा प्रपत्र मूल्य रू.
1	अध्यक्ष निधि (वर्ष 2023-24 हेतु)	7.50	5700.00	750.00

टीप :- उपरोक्त कार्यों के निविदा की नियम एवं शर्ते विस्तृत निविदा विज्ञप्ति एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखा जा सकता है, निविदा आमंत्रण को विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in में देखा अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत तुमगांव

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SURABHI GUPTA D/O GOVIND PRASAD GUPTA resident of 78, SUKDEV GALI, SARANGARH,TEHSIL- SARANGARH, DISTT. SARANGARH, BILAIGARH (C.G.) 496445 have changed my old name SURABHI GUPTA D/O GOVIND PRASAD GUPTA so in future I should be recognized by my new name that is SURABHI AGRAWAL W/O MAYANK AGRAWAL in all Government and other documents.

SURABHI AGRAWAL
78, SUKDEV GALI,
SARANGARH, TEHSIL-
SARANGARH, DISTT.
SARANGARH, BILAIGARH
(C.G.) 496445

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PRIYA SUKHWANI W/O VIJAY SUKHWANI resident of MAKAN NO. 278, WARD NO. 04, SIDHI COLONY, BEMETARA (C.G.) 491335 have changed my old name PRIYA SUKHWANI W/O VIJAY SUKHWANI so in future I should be recognized by my new name that is SONI SUKHWANI W/O VIJAY SUKHWANI in all Government and other documents.

SONI SUKHWANI
MAKAN NO. 278,
WARD NO. 04, SIDHI COLONY,
BEMETARA (C.G.) 491335

कार्यालय नगर पंचायत गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

क्रमांक/473/ नामांतरण/राजस्व विभाग / 2024-25 गुण्डरदेही, दिनांक 01/07/2024

नामांतरण ईश्तहार/दावा आपत्ति
आम सूचना

एदत् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि/भवन/भूमि भवन के अंश के स्वामी द्वारा नामांतरण हेतु इस कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किया जाना भूमि/भवन/भूमि भवन के स्वामी द्वारा प्रस्तुत आवेदन की विस्तृत जानकारी एवं सूची (कुल 18 प्रकरण) कार्यालय के सूचना पटल एवं निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित शासकीय कार्यालय में चस्पा किया जाना है, जिसे आवलोकन किया जा सकता है, साथ ही कार्यालय के राजस्व शाखा से कार्यालयीन समयावधि में जानकारी ली जा सकती है।

उपरोक्तानुसार नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/फर्म/सरथा जो हक या दावा रखते हैं, वे 30 दिवस मय दस्तावेज दावा आपत्ति लिखित में स्वयं/अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत,गुण्डरदेही

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जामगाव एम तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग.

क्रमांक/ /रानिमं/2024 जामगांव एम दिनांक 15.06.2024

//सूचना-पत्र//

(छ.ग. भू- राजस्व संहिता 1959 की धारा 28 के अंतर्गत)

विषय:-**सीमांकन**/स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत सूचना।

संदर्भ:- कार्यालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के पृ.क्र./ / के/ / ना.तह./2021 पाटन दिनांक / / /2023

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के परिपालन में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रवीण शर्मा, पिता श्री केवल कृष्ण शर्मा ग्राम भिलाई के द्वारा आवेदित भूमि खसरा न. 742, 957, रकबा 2.00 है. 0.0110 हे. ग्राम अरसनारा, प.ह.नं.-19 रानिम जामगांव एम तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के भूमि का सीमांकन/ स्थल जांच भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के संबंध में नियम 5 के अंतर्गत दिनांक 10 /07/2024 को समय 12.00 बजे निर्धारित किया गया है। अतएव आप उक्त भूमि के चतुरसीमा में लगे कृषक होने के कारण सीमांकन के समय संबंधित दस्तावेज रजिस्ट्री पेपर, किसान किताब या अन्य सुसगत दस्तावेज सहित निर्धारित स्थल एवं दिनांक पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। सूचनोपरान्त अनुपस्थित रहने पर आप व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगें। हल्का पटवारी को निर्देशित किया जाता है कि आवेदित भूमि के समीपवर्ती भूमिस्वामियो को कोटवार द्वारा सूचित कर नियत दिनांक को मय पटवारी अभिलेख के साथ उपस्थित रहे।

टीप:-निम्नलिखित चतुरसीमा के किसानो को आवेदक के बताये अनुसार दी गई है। आवेदक अपने साथ दोमजदूर एवं भूमि चिंहित किये जाने हेतु आवश्यक सामग्री अपने साथ लेकर आये। किसी कारणवश निर्धारित तिथि में सीमांकन नही हो पाता तो आवेदक को इसकी सूचना दी जावेगी जिसकी सूचना अनावेद को भी अनिवार्य रूप से देगा।

चतुरसीमा के किसानों के नाम 1) फिरता, पिता-गोपी 2) हनुमान पिता रघुनाथ, 3) बुधराम पिता- फिरंता,4) सरपंच ग्राम पंचायत अरसनारा, 5) पीताम्बर/हरीलाल, 6 दानेश्वर/शिवकुमार, 7)शोभित/कुशु. 8)दुगधी /बीजराम, 9) हनुमान/रघुनाथ

संसोधन सीमांकन दिनांक 10/7/24 को 12.00 बजे

राजस्व निरीक्षक
रानिम जामगांव-एम
तहसील पाटन

समक्ष: न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)
धारा 10, संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 के अंतर्गत अवयस्क का संरक्षक घोषित करने की गयी दरखास्त की नोटिस

विविध व्यवहार वाद प्र.क्र.-19/2024
नियत पेशी दिनांक 27.07.2024
प्रो.क्र. 865/2024

पुष्पेन्द्र कुमार पिता स्वप्न प्रेमलाल उम्र 10 वर्ष नाबालिक वली पालक संरक्षक चंद्रकांता पति किशन ठाकुर, जाति हल्बा उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम चिपरा तहसील डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) आवेदकगण

विरूद्ध

आम जनता (जिनसे संबंध हो) अनावेदकगण

बनाम-आम जनता, जिनका संबंध इस प्रकरण से हो।

अवयस्क का निवास स्थान- पुष्पेन्द्र कुमार पिता स्व. प्रेमलाल उम्र लगभग 10 वर्ष, निवासी ग्राम चिपरी, तहसील डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.)

पुष्पेन्द्र कुमार नाबालिक है और वर्तमान में अपने बड़ी बहन (आवेदिका चंद्रकांता ठाकुर) के संरक्षण में है। पुष्पेन्द्र के नाबालिक होने की स्थिति तथा वैध संरक्षक प्रमाण के अभाव में उनके धन संपत्ति व सुरक्षा हेतु, आवेदिका चंद्रकांता ठाकुर ने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 09, 25 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम वास्ते अवयस्क पुष्पेन्द्र कुमार के शरीर और संपत्ति का संरक्षक घोषित करने बाबत् आवेदन पेश किया है।

उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई दिनांक 27.07.2024 को दिन के 11 बजे नियत की गई है। यदि आपको पुष्पेन्द्र कुमार का अधिकारिक संरक्षक घोषित करने के संबंध में कोई भी हक दावा का अधिकार प्राप्त हो तो आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि पर उपस्थित होकर बचाव एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त नियत दिनांक को उपस्थित नहीं होंगे तो आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी। यदि नियत पेशी दिनांक 27.07.2024 को अवकाश घोषित हो जाये या किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जावे तो आवेदन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर नियत की जावेगी।

आज दिनांक 26.06.2024 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

डॉ. प्रज्ञा पचौरी
प्रधान जिला न्यायाधीश
मुहर **बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202406112500026
अ/6 वर्ष 2023-2024
आरंग, दिनांक 13.06.2024
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है के आवेदक प्रहलाद पिता रामभजन वगैरह निवासी ग्राम लोधी पारा आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित भूमि खसरा नं. 616/1, 618, 1294/1/ज, 1308/2, 2896, 2976/1 रकबा क्रमश: 0.1290, 0.0690, 0.4970, 0.1250, 0.120, 0.1460 हे. भूमि आवेदक एवं अनावेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। हक त्यागकर्तागण द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 11.06.2024 बुक नंबर-1 वेल्यूम नंबर 4438, पेज नंबर 92 एवं 109 सभी डाक्यूमेंट नंबर सीजी 2024-24-104-1-913 को आवेदकगण के नाम पर पारिवारिक व्यवस्था के अनुसार हकत्याग किया गया है। हकत्याग के आधार पर आवेदकगण का नाम आवेदित भूमि पर दर्ज करने हेतु प्रकरण भुईया से दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 05.07.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार आरंग**

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर जिला-

तुरमा में डायरिया के मिले 82 मरीज

- खबर मिलते ही गांव पहुंचे कलेक्टर
- लापरवाही बरतने के चलते पटवारी, पीएचई सब इंजीनियर को नोटिस
- ग्राम पंचायत सचिव को किया गया निलंबित

बलौदाबाजार, 2 जुलाई (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुरमा में डायरिया के 82 मरीज मिले है। डायरिया के बढ़ते मामले को देखते हुए आज कलेक्टर दीपक सोनी ने तुरमा पहुंचकर गांव के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। साथ ही मरीजों से मुलाकात कर स्वास्थ्य शिविर का भी जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को 76 मरीज एवं 2 जुलाई 41 मरीजों का चिन्हांकन किया गया। जिसमें से वर्तमान में 82 एक्टिव मरीज है। उक्त मरीजों में 17 को जिला अस्पताल एवं 16 को सामुदायिक केन्द्र लवन में भर्ती किया गया है। जबकि अन्य मरीज गांव के हाट बाजार क्लीनिक भवन में स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराने आ रहे हैं। ग्रामीणों का प्राथमिक इलाज करने के बाद उन्हें वापस घर भेज दिया गया है।

इस पूरे मामले में कलेक्टर दीपक सोनी ने गंभीर नाराजगी जताते हुए ग्राम पटवारी तुलसीराम बर्मन, पीएचई सब इंजीनियर के.आर.पैकरा को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही ग्राम के सचिव राजपाल कोसले के अनुपस्थित रहने के चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के प्रति भी नाराजगी जताते हुए उनके छुट्टी को निरस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। तुरमा में जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर ने सबसे पहले हाट बाजार क्लीनिक में संचालित स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे। भर्ती मरीजों और स्वास्थ्य कर्मचारियों से बातचीत कर उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने मरीजों एवं उनके परिजनों से भी मुलाकात की। स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ को स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में जागरूकता के लिए काम करने को कहा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों को डोर टू डोर जानकारी लेने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान कलेक्टर स्वयं गांव के पानी टंकी पर चढ़कर सफाई संबंधित जायजा लिया। कलेक्टर श्री सोनी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पानी की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट जल्द देने एवं स्वच्छ पानी आमजनों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने गांव में डायरिया के एकाएक अधिक संख्या में मरीज मिलने के कारण को जांच कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। गांव में सर्वे कर जो व्यक्ति डायरिया बीमारी से प्रभावित हो रहे है, उन्हें तत्काल सुविधा देने कहा गया है। जागरूकता शिविर के माध्यम से आमजनों को मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार देने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। श्री सोनी ने पीएचई विभाग अधिकारियों की पूरे गांव में ब्लीचिंग पावडर के छिड़काव सहित सभी पेयजल स्त्रोतों के जांच कराने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एसडीएम अमित गुप्ता, सीएचएमओ डॉ. एम. पी. महिश्वर, जनपद सीईओ एम.एल.मंडावी सहित स्वास्थ्य विभाग के पूरी टीम मौजूद रही।

मिशन मोड में कार्य कर छत्तीसगढ़ को कुपोषण मुक्त बनाना है: लक्ष्मी राजवाड़े

- अधिकारियों को आंगनबाड़ी की सतत निरीक्षण करने के दिए निर्देश
- महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ली समीक्षा बैठक

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज मंत्रालय महानदी भवन में महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। श्रीमती राजवाड़े ने अधिकारियों को प्रत्येक आंगनबाड़ी की सतत औचक निरीक्षण करने के निर्देशित की। उन्होंने हितग्राहियों को दिए जा रहे पोषण-आहार एवं अन्य सुविधाओं की नियमित जांच कर उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए विभागीय कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, संचालक सुश्री तुलिका प्रजापति सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने एकीकृत बाल विकास सेवाओं को धरातल में कारगर ढंग से सुलभ कराने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से भी क्षेत्र की महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके से लाभ पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। इस दिशा में सेवाओं को परिणामदायी बनाने हेतु जनजागरूकता लाने सहित सेवाओं की गुणवत्ता एवं सेवाओं के विस्तार के लिए प्रभावी पहल किया जाए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला बाल विकास विभाग की महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, रेडी-टू-ईट, नोनी सुरक्षा योजना, शुचिता योजना, बाल सन्दर्भ योजना का लाभ सभी हितग्राहियों को मिले। उन्होंने महतारी वंदन योजना की सभी पात्र हितग्राहियों के बैंक खाते को आधार कार्ड के लिंक्ड कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती, शिशुवती माताओं, बच्चों और किशोरी बालिकाओं का नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और वजन लेने कहा। वहीं स्कूल पूर्व प्रारंभिक शिक्षा, पूरक पोषण आहार तथा पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा को परिणाममूलक बनाने के लिए संवेदनशीलता के साथ दायित्व निर्वहन किये जाने के निर्देश दिए। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में सही लाभार्थी को लाभ मिले इस बात की पारदर्शिता रखें। आवेदन प्राप्त कर अधिकारी उसका सत्यापन करें ताकि वास्तविक व्यक्ति को लाभ मिले।

पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को भर्ती करने रोस्टर तैयार करने के निर्देश

मंत्री महिला एवं बाल विकास ने पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए नियमित रूप से शत-प्रतिशत बिस्तरों के अनुरूप भर्ती करने कहा। इस हेतु प्रत्येक 15 दिवस में भर्ती करने के लिए कुपोषित बच्चों का रोस्टर तैयार कर लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनांतर्गत निर्धन जरूरतमन्द महिलाओं को लाभान्वित कर योजना के उद्देश्य की सार्थकता साबित करने कहा। वहीं मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बच्चों को नियमित स्कूल या ओपन स्कूल के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने एवं उन्हें कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की स्वीकृति, संचालित एवं प्रगतिरत भवनों की समीक्षा भी की।

जिले के तीन स्वास्थ्य केन्द्रों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

जगदलपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिले के तीन स्वास्थ्य केन्द्रों शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गीदम रोड जगदलपुर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर केशलूर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पलवा को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय के लिए राष्ट्रीय स्तरीय से राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) गुणवत्ता का प्रमाणीकरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा किया गया है। जिसमें उच्च स्तरीय गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदाय किये जाने हेतु शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गीदम रोड जगदलपुर को 100 अंक के मानक में 89.6 अंक, आयुष्मान आरोग्य मंदिर केशलूर को 82 अंक एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पलवा को 91.13 अंक प्राप्त हुआ है। इन सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चयनित राष्ट्रीय स्तरीय टीम के द्वारा किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणीकरण हेतु (एनक्यूएएस) के 12 मानकों के आधार पर किया गया है। इसके लिए संबंधित संस्था के द्वारा सेवा प्रदायगी, मरीज संतुष्टी, क्लीनिकल सर्विसेस, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाता है। उक्त मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। जिले में कुल 08 संस्थाओं में से 07 संस्थाओं जिला चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आड़ावाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारावण्ड, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गीदम रोड जगदलपुर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कलचा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर केशलूर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पलवा का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणीकरण किया जा चुका है। वर्तमान में बस्तर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर तेलीमारेंगा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर माड़पाल का राष्ट्रीय स्तर मूल्यांकन हेतु चयन हुआ है एवं आगामी दिनों में जिले से 20 अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों का भी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन सर्टीफिकेशन (एनक्यूएएस) हेतु लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार जिले के समस्त संस्थाओं का गुणवत्ता मानकों के प्रमाणीकरण हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

दीपक बैज को सिसोदिया की चिट्ठी

कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने 5.39 करोड़ का किया गबन

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। चुनावी हार के कारण, को लेकर सोमवार को फूटे लेटर बम के बाद प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को लिखा एक और पत्र बाहर आया है।

पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम की कार्यकारिणी में पीसीसी महामंत्री रहे अरूण सिंह सिसोदिया ने यह पत्र लिखा है । इसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश कमेटी के कोष का 5.39 करोड़ रुपए षडयंत्रपूर्वक गबन करने वाले गिरोह की लिखित जानकारी दे पार्टी से दूर करने की मांग की है।

सिसोदिया के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने अपने मित्र और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनितिक सलाहकार विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी टेसू मीडिया लैब गाजियाबाद को 5 करोड 89 लाख रुपए प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम व प्रभारी महामंत्री की जानकारी व अनुमति के बिना भुगतान किया गया जबकि कोषाध्यक्ष को कार्यदेश जारी करने अनुमति नहीं है।और पार्टी बायलॉज के अनुसार प्रदेश कार्यकारणी में प्रस्ताव लाकर पास करना आवश्यक है। और प्रदेश अध्यक्ष के नोट शीट पे लिया जाना जरूरी है।

विदित हो की सरकार आने के बाद भी संगठन को किसी प्रकार आर्थिक सहयोग नहीं दिया जाता था।

हमारे द्वारा कई बार बैठक में और प्रभारी कुमारी सैलजा से अनुरोध व मांग करने के बावजूद ब्लाक अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष को 5-10 हजार मासिक संगठन के कार्य करने नहीं दिया गया पर अपने परिवार के लोगों को एक कमरे में बैठकर कार्यादेश व गवाह निजी लोगों को बनाकर भुगतान कर दिया गया। साथ ही जो रुकम 10 लाख 6 लाख व 3 लाख यानि 19 लाख प्रति माह भुगतान किया गया वो वर्तमान में 10 गुना है यानि प्रति माह 20 लोगो की टीम 3 लाख में कार्य कर रही है। जैसा की आपको पूर्ण विदित है। अनुरोध है की 5 साल में ही सरकार और संगठन में मनमानी करने वाले गिरोह को पार्टी से बाहर किया जाए व हार के जिम्मेदार लोगो को सक्रिय राजनीति व पार्टी से दूर रखा जाए तभी पार्टी का उत्थान संभव है।

महिला हेड कांस्टेबल की डांट और धमकी से किसान को हार्ट अटैक, मौत

सरगुजा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सरगुजा जिले के गांधीनगर थाना इलाके की एक महिला हेड कांस्टेबल की डांट और धमकी से एक किसान की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। महिला हेड कांस्टेबल जमीन विवाद के एक मामले की शिकायत पर जांच के लिए गांव पहुंची थी और वहां पर किसान को बुलाकर महिला हेड कांस्टेबल के द्वारा धमकी दिया जाने लगा, इसके बाद बुजुर्ग किसान को हार्ट अटैक आ गया और उसे बेहोशी की हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों सहित कांग्रेस के नेताओं ने इस पूरे मामले में अब दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अंबिकापुर के सूखरी गांव निवासी राम सुंदर 60 वर्ष के भाई की बेटी भगवती राजवाड़े की शिकायत पर पुलिस जमीन विवाद के मामले पर गांव पहुंची थी। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल बिरगनी तिर्की ने किसान रामसुंदर को भीड़ से किनारे ले जाकर डांटना धमकाना शुरू कर दिया इससे किसान वहीं पर बेहोश होकर जमीन पर गिर गया और तत्काल परिजनों ने उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज एंबुलेंस के माध्यम से पहुंचा लेकिन यहां डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत होना बता दिया। परिजनों का कहना है कि दूसरे पक्ष के लोगों से पुलिस वाले रिश्वत लेकर उनके घर उन्हें धमकाने पहुंचे थे और रामसुंदर शांत स्वभाव का व्यक्ति था और डांट सुनकर उसे हार्ट अटैक आ गया। घटना के बाद गांव पहुंची पुलिस की टीम भी वहां से भाग गई दूसरी तरफ घटना की जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता को लगी तो वह भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच गए और यहां पर पुलिस वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।

मृतक की बहू अनीता राजवाड़े ने बताया कि उसके ससुर के साथ पुलिस वालों ने धमकी के साथ ही धक्कामुक्की भी की और उनके ससुर जमीन पर गिर गए। जबकि हम लोग पुलिस वालों को शांति के साथ बैठकर बातचीत करने के लिए कह रहे थे लेकिन पुलिस वालों ने हमारी बात नहीं मानी। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर आईपीएस व नगर पुलिस अधीक्षक रोहित शाह भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मृतक के परिजनों से बातचीत की लेकिन परिजनों का कहना है कि वे महिला हेड कांस्टेबल का की पक्ष ले रहे हैं।

वहीं दूसरी तरफ पुलिस हेड कांस्टेबल पर डांट फटकार आरोप लगाते हुए परिजनों ने मृतक का पोस्टमार्टम तब तक कराने से इनकार कर दिया जब तक की महिला हेड कांस्टेबल को सस्पेंड नहीं किया जाता है वही उनका यह भी कहना था कि अगर महिला हेड कांस्टेबल को मामले में प्राथमिक तौर पर सस्पेंड नहीं किया जाता है तो फिर उन्हें और कोई दूसरा न्याय नहीं चाहिए। वही नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि इस पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और पहले महिला हेड कांस्टेबल को सस्पेंड नहीं कर सकते क्योंकि मामला उसे लायक नहीं है।

भाजपा कार्यालय में कल से मंत्री जनता की समस्या सुनेंगे

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। आम जनता की समस्याओं की सुनवाई के लिए भाजपा का सहयोग केंद्र फिर से शुरू होने जा रहा है।सहयोग केंद्र भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया जाएगा

सहयोग केंद्र में अलग-अलग दिन मंत्री मौजूद रहेंगे। सहयोग केंद्र दोपहर 2 से 5 बजे तक भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजनता की समस्याओं की सुनवाई होगी। 4 जुलाई को मंत्री लखन लाल देवांगन सहयोग केंद्र में मौजूद रहेंगे और आम जनता की समस्याओं को सुनेंगे और निराकरण करेंगे। इसी तरह 5 जुलाई को मंत्री दयालदास बघेल, 8 जुलाई को उपमुख्यमंत्री अरुण साव और 9 जुलाई को मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे और आम जनता की समस्या सुनेंगे।

शहर में घुसा तेंदुवा, लोगो में दहशत

भानुप्रतापपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के बसस्टैंड के समीप मंगलवार को सुबह तेंदुवा दिखने से लोगो मे हड़कंप मच गई। शहर के बीचों बीच एवं चारो ओर से भीड़ देखकर तेंदुवा डर सहमा हुआ है। तेंदुवा को पकड़ने के लिए फारेस्ट की टीम एवं प्रशासन की टीम लगी हुई है। घंटो मशकत के बाद भी देर शाम तक तेंदुवा को नही पकड़ा जा सका है।

■ वन विभाग एवं पुलिस विभाग मौके पर तैनात

बता दे कि तेंदुवा एक घर के आम पेड़ पर घंटों से बैठा हुआ है. शहर में तेंदुए के आने की खबर से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है. इसकी सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है. वहीं आसपास के लोगों को घरों के अंदर रहने की हिदायत दी जा रही है. पेड़ पर बैठे तेंदुए का वीडियो भी सामने आया है. जिसमें देखा जा सकता है कि तेंदुआ कितने आराम से बैठा हुआ है।

बता दें कि भानुप्रतापपुर जंगलों से घिरा हुआ है.ऐसे में जनगली जानवरों का शहर में आना आम बात है. कई बार शहरी क्षेत्र में भालू में घूमते पाए गए हैं. लेकिन पहली बार ऐसा है कि शहर के बीचों बीच तेंदुआ पहुंचा है. विगत कुछ वर्षों से जंगल के अनवरत कटाई होने से जंगल का रकबा धीरे-धीरे घटता जा रहा है। जिसके कारण जंगली जानवर भी नगर में दिखने लगे है। भालू एवं सियार जैसे जंगली जानवरों को कई बार देखा गया है। वही नगर में पहली बार तेंदुवा दिखा है। वन विभाग के अधिकारी की माने तो बांसला पहाड़ी जंगल मे दो दिन पूर्व तेंदुआ देखा गया था, निश्चित तौर से शिकार की तलाश में तेंदुआ नगर तक आ पहुचा है।

घटना स्थल पर वन विभाग के डीएफओ तुलेश्वर प्रसाद साहू, एसडीओ आई पी गेन्द्रे, रेंजर मोहन मंडावी, डिप्टी फूलसिंह बड्डे,पश्चिम वन मंडल एवं कांकेर वन मंडल के टीम भी तेंदुआ का पकड़ने में काफी मशक्कत की है। वही पूरे समय जनहानि एवं यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए एसडीओपी प्रशांत सिंह पैकरा, टीआई अमित सर एवं पुलिस विभाग के जवान तैनात रहे।

साफ सफाई के नाम पर फर्जी बिल आहरण करने सरपंच सचिव पर जल्द गिरेगी गाज

- कार्यवाही हेतु पुसौरजनपद सीईओ ने सक्षम अधिकारी को लिखा पत्र

रायगढ़/ पुसौर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सदैव सुर्खियों में रहने वाली ग्राम पंचायत कोतासुरा में इस बार साफ सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। प्रदेश की साय सरकार जीरो टोलरेंस पर पलीता लगाने का काम रायगढ़ के पुसौर जनपद पंचायत के ग्राम कोतासुरा मे बखूबी किया जा रहा है।

रायगढ़ जिले के पुसौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोतासुरा मे सरपंच सचिव के खिलाफ फर्जी बिल के माध्यम से आहारण करने की शिकायत दिनांक 26/03/24 को जनपद पंचायत सीईओ से की गई थी जिस पर जनपद सीईओ के बनाये कमेटी ने शिकायत जांच प्रतिवेदन की अवलोकन में पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत को सही पाया है।

बहरहाल जांच में भ्रष्टाचार सिद्ध पाए जाने पर पुसौर जनपद सीईओ ने सक्षम अधिकारी को पत्र जारी कर अग्रिम कार्यवाही हेतु संप्रेषित किया है। अब यह देखना लाजिमी होगा कि भ्रष्टाचारी सरपंच ङ्क सचिव पर किस प्रकार की प्रशासनिक गाज गिरेगी।

NECC

03.07.2024	अंडा	मुर्गी	ब्राकोल
फार्म	550	93	170
बिल्टर	6.50	118	195
डिजीबी	565 बैकड़ा		

दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद्य प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

देशबन्धु
आवश्यकता है

प्रतिष्ठित, लोकप्रिय और अग्रणी समाचार पत्र देशबन्धु को निम्न पदों के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है। इच्छुक सदस्य अपने बायोडॉटा सहित तत्काल संपर्क करें–

रिपोर्टर — किसी भी समाचार पत्र में काम करने का न्यूनतम तीन साल का अनुभव। युवा पत्रकारों को प्राथमिकता।

मार्केटिंग एक्जीकिटिव — किसी भी व्यवसायिक संस्थान में मार्केटिंग के काम करने का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव। अखबार में कार्यरत रहे सदस्य को प्राथमिकता।

कम्प्यूटर ऑपरेटर — हिन्दी टायपिंग के साथ पेजमेकिंग, कोरल ड्रॉ, क्वार्क एक्सप्रेस, विज्ञापन बनाने एवं ई–मेल कार्य में निपुण हो।

कार्मिक प्रबंधक
दैनिक देशबन्धु
रामसागरपारा, रायपुर (छ.ग.)

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

पिकनिक स्पॉट पर रहें सतर्क

महाराष्ट्र के भुशी डैम के पानी से लोनावला स्थित पर्यटन स्थल पर एक परिवार के कई सदस्यों के बह जाने के हादसे का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। तेज बहाव वाले पानी के बीचों-बीच एक चट्टान पर खड़े परिवार के कई सदस्य काफी समय तक एक-दूसरे को पकड़कर खड़े रहे और अंततः वे बह गये। कुछ ही जीवित बच पाये। इस घटना से साफ पता चलता है कि इन लोगों ने खतरे को खुद ही आमंत्रित किया जिसमें अनेक लोगों को प्राण गंवाने पड़े। असली बात यह है कि स्थानीय प्रशासन की ओर से चेतावनी के बोर्ड भी लगे होते हैं परन्तु लोग उनकी उपेक्षा कर अपने को खतरे में डालते हैं।

इस हादसे से सबक लेते हुए उन सभी जगहों पर प्रशासन की ओर से ऐसे सभी पर्यटन स्थलों पर ऐहतियाती कदम तो उठाने होंगे ही, मौज-मस्ती करने के लिये जाने वालों की भी स्वयं सतर्कता बरतनी चाहिये। बारिश अब लगभग जोरों से शुरू हो गयी है और उम्मीद है कि जल्दी ही नदी, नाले, तालाब आदि तो भरने ही लगेंगे, प्रदेश भर में कई स्थानों पर आकर्षक झरने भी फूटेंगे। इनका आनंद लेने के लिये लोग उमड़ पड़ते हैं। यह सही है कि भीषण गर्मी झेलने के बाद सभी लोग इन जलप्रपातों एवं नदियों का आनंद लेने के इच्छुक होते हैं। छत्तीसगढ़ में भी कई ऐसे बांध एवं झरने हैं जो लोगों को सम्मोहित करते हैं। जैसे ही अच्छी बरसात होती है, बड़ी तादाद में लोग अपने परिवारों और मित्रों के साथ पिकनिक मनाने इन जगहों पर पहुंचते हैं। बस्तर के चित्रकोट, तीरथगढ़, बीजकुडुम, तामड़ा घुमर, मेंद्री घूमड़, चित्रधारा, आदि तो प्रसिद्ध हैं ही, राज्य के कई जिलों में भी अनेक जलप्रपात हैं। इनमें कोरबा का रानी झरना, गोविंद झुंझा, खेतार, गरियाबंद के कई झरने भी हैं जो बहुत सम्मोहक होने के कारण लोगों को बरबस अपनी ओर खींचते हैं। धमतरी का गंगरेल व माड़मसिल्ली, बिलासपुर का खूंटाघाट, कोरबा का बांगो, मुंगेली का खड़िया जैसे बांधों के लबालब होने पर भी लोग उन्हें देखने जाते हैं। पानी छोड़ने से इनके निचले इलाकों में अक्सर पानी भर जाता है। उन्हें तो पानी छोड़ने की सूचना दे दी जाती है लेकिन पिकनिक मनाने आये लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। अक्सर वे बीच के नालों या जंगलों में पिकनिक का आनंद लेते हैं या धारा के बीच में चले जाते हैं। देखते ही देखते जल स्तर इतना बढ़ जाता है कि उन्हें निकलने का रास्ता नहीं मिलता। इससे भी हर साल बड़ी संख्या में लोग डूब जाते हैं।

प्रशासन को ऐसे सभी स्थानों पर जहां इस प्रकार की परिस्थितियां बनती हैं, सभी ज़रूरी इंतज़ाम करने चाहिये। अधिक आवश्यक यह है कि नागरिक खुद सावधान रहें तथा ऐसा कोई कदम न उठायें जो उनके लिये खतरा बने।

उल्टा पुल्टा

संजू- पापा, मुझे एक लड़की पसंद है, मैं उससे शादी करना चाहता हूं।
पापा- क्या वो भी तुझे पसंद करती है?
संजू- हां, जी हां...
पापा-जिस लड़की की पसंद ऐसी हो उसे मैं बहू नहीं बना सकता।

भाजयुमो ने राहुल गांधी का पुतला फूंका, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव शामिल हुए

कांग्रेस ने जानबूझकर कर दिया विवादित बयान, हमेशा हिन्दुओं का विरोध करती आयी है कांग्रेस : किरण देव

जगदलपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी द्वारा संसद में हिन्दुओं की आस्था पर चोट पहुंचाने वाले विवादित बयान के विरोध में भाजयुमो ने मंगलवार को स्थानीय गोल बाजार चौराहे में पुतला दहन किया, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी शामिल हुये।

हिन्दुओं को हिंसक कहे जाने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और राहुल गाँधी का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज कराया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि संसद के पटल में राहुल गाँधी के द्वारा दिये गये बयान की जितनी भी निंदा की जाये, उतनी कम है। उन्होंने जानबूझकर हिन्दू समाज की भावनाओं को आहत किया है। हिन्दू हिंसक है, यह बयान भारत की आत्मा पर वार है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि करोड़ों करोड़ हिन्दुओं की भावनाओं का अनादर कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस और कांग्रेस के शीर्ष नेता हमेशा हिन्दू धर्म और हिन्दुओं का विरोध करते आये है, यह किसी से छिपा नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के विवादित बयान का पुरजोर विरोध

भारतीय जनता पार्टी करती है। कांग्रेस को अपने ऐसे कृत्य के लिये क्षमा मांगनी चाहिये।

भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी ने कहा कि राहुल गाँधी का पुतला दहन कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताया है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने भी कड़े शब्दों में निंदा की। पुतला दहन के दौरान पूर्व विधायक सुभाऊ राम कश्यप, संतोष बाफना, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी, महापौर सफीरा साहू, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, संजय पाण्डेय, वेदप्रकाश पांडे, रजनीश पानीग्राही, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, यशवर्धन राव, दिगंबर राव, संग्राम सिंह राणा, मनीष पारेख, राजपाल कसेर, अतुल कौशल, प्रकाश रावल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा मिश्रा, भारती श्रीवास्तव, ममता पोटाई अनिल अग्रवाल, विक्रांत यादव, नरेश पानीग्राही, योगेश शुक्ला, शशिनाथ पाठक, अभय दीक्षित, योगेश ठाकुर, शशि रथ, अनिल लुंकड़, रूपेश जैन, संतोष त्रिपाठी, गणेश काले, विक्रम सिंह यादव, कृष्णा ठाकुर, किरण सेन, रेखा सिंह, रंजीता जोशी, रितेश सोनी, लक्ष्मण झा, पिंटू साव, आशु आचार्य, बलराम बेसरा, कमल पटवा, विनीत शुक्ला, सूर्यभूषण सिंह, विकास पात्रो, मनोज ठाकुर, अभिषेक तिवारी, अविनाश गौतम, अमित कपूर, कृष्णा निषाद, सत्यम झा, विवेक साहू, आलेख राज तिवारी, प्रतीक राव, मनी विक्रम नायडू, अनिमेष चौहान, पृथ्वी सिंह, परेश ताटी, हरीश पारेख, प्रेम यादव, सुभेंद्र भदौरिया, पवन गुप्ता, योगेश पानीग्राही, आशीष मिश्रा, रूपेश समरथ, सुप्रिया मुखर्जी, जितेंद्र गुप्ता, सूरज मिश्रा आदि शामिल रहे।

सुकमा में कई बड़ी घटनाओं में शामिल पांच-पांच लाख के इनामी दो हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सुकमा जिले में एक बार फिर से सुकमा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है जहां छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से जिलें में सक्रिय 01 महिला हार्डकोर माओवादी सहित 02 हार्डकोर माओवादियों के द्वारा आत्मसमर्पण किया गया। पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नीयद नेल्ला नार योजना से प्रभावित तथा अति संवेदनशील

अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव से नक्सली संगठन में कोंटा एरिया कमेटी के पांच लाख इनामी सोड़ी गजेन्द्र उर्फ हड़मा (कोंटा एरिया कमेटी सदस्य/एरीबोर सिविल ऑर्गनाईजेशन कमाण्डर) और पांच लाख इनामी सोड़ी मंजूला उर्फ मड़कम मंजूला(कोण्टा एरिया कमेटी सदस्या/पोलमपल्ली एलओएस कमाण्डर/ सिविल ऑर्गनाईजेशन कमाण्डर) के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज कोंटा सूरजपाल वर्मा, एसपी किरण चव्हाण, एएसपी निखिल राखेचा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। दोनों आत्मसमर्पित माओवादियों को कपड़ा एवं प्रोत्साहन राशि 25-25 हजार रूपये प्रदाय किया गया। दोनों आत्मसमर्पित माओवादियों को सहायता राशि व >> शेष पृष्ठ 9 पर>

जूनियर बालक स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में रूपक मुखर्जी मैच कमिश्नर नियुक्त

जगदलपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। बिलासपुर में जूनियर बालक स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में रूपक मुखर्जी मैच कमिश्नर नियुक्त। छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वाधान मे एनटीपीसी द्वारा दिनांक जुलाई 4 से 9 पत, बिलासपुर में जूनियर बालक फुटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ ने प्रतियोगिता का सुचारू संचालन हेतु बस्तर के रूपक मुखर्जी को मैच कमिश्नर के रुप में नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता में डीएफए बस्तर की टीम के अलावा डीएफए दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरिया, नारायणपुर, सूरजपुर, राजनांदगांव, धमतरी, बालोद, बीजापुर के टीम भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला से कुल 8 रेफरी के सहयोग से सभी मैच का संचालन किया जाएगा। उक्त जानकारी डीएफए बस्तर के सचिव दिलीप दास ने दी।

रोटरी और इनरव्हील क्लब ने किया डॉक्टर और सीए का सम्मान

जगदलपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वाधान में शहर के प्रमुख और जाने-माने डॉक्टरों और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का सम्मान किया गया। यह समारोह 1 जुलाई को आयोजित किया गया, जिसमें कई विशिष्ट अतिथियों और सदस्यों ने भाग लिया। इस सम्मान समारोह में जगदलपुर के निम्नलिखित डॉक्टरों का सम्मान किया गया जिसमे डॉ. आर बी पी गुप्ता, डॉ. खीलेश्वर सिंह, डॉ. राज गुप्ता, डॉ. तरुण नाईक, डॉ. कमलेश कुमार ध्रुव इसी प्रकार चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का भी सम्मान किया गया जिसमे सीए डी पी मोहन्ती, सीए आर बी श्रीवास्तव, सीए अरविंद कौशिक थे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष सी.ए विवेक सोनी ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया एवं इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉक्टर सरिता थॉमस ने स्वागत भाषण दिया। इस कार्यक्रम

का मंच संचालन अभिषेक मददी ने किया और कार्यक्रम के चेयरमैन संदीप पारख थे। इस कार्यक्रम में अन्य सदस्यों के साथ रोटरी के सदस्य भी उपस्थित थे जिसमे रतन लाल जैन, हनुमंत राव, दिनेश कगोत, पुष्पी अग्रवाल, अशोक लुंकड़, राहुल जैन, अविनाश जैन, संजय बथवाल, जय प्रकाश चौड़ा, अमित जैन, मनोज थॉमस, कमल सेठी, श्रीधर राव, कमलेश गोलछा, चंद्रेश छाजेड़, सौरव अरोरा, अमरदीप सिंह सोढ़ी, कुलजीत सिंह, मोहित गोंदी, दीपक कपूर, नवीन भावसार, नीतेश सिंह चौहान, विजय हेलीवाल, जे पी एस अहलूवालिया, निखिल जैन, सरिता थॉमस, रेशमा चामड़िया और सूर्यांश लुंकड़ थे। रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब ने इस आयोजन के माध्यम से डॉक्टर्स और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। ये सम्मान उनके अनुकरणीय कार्य और समाज के प्रति उनके समर्पण को पहचानने और उनकी सराहना करने का एक प्रयास था। इस समारोह के अवसर पर रोटरी क्लब के सम्मानित सदस्यगण, अतिथिगण और इनरव्हील क्लब की महिलाएं उपस्थित थीं। समारोह के दौरान वक्ताओं ने डॉक्टर्स और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की निस्वार्थ सेवाओं और उनके योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज के इन महत्वपूर्ण स्तंभों की सेवा और परिश्रम से ही समाज का समग्र विकास संभव है। रोटरी क्लब जगदलपुर और इनरव्हील क्लब जगदलपुर ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों का संकल्प लिया, जिससे समाज के उत्कृष्ट व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रेरित किया।

जिला एवं सत्र न्यायालय मुख्य द्वार पर पानी का जमावड़ा, लोगों को हो रही परेशानी

जगदलपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर को सौंदर्य करण करने का कार्य चल रहा है। परिसर में खंबे बार-बार स्टील के चैनल लगाकर सजाया जा रहा है वहीं, ठेकेदार द्वारा नाली बनाकर बारिश के पानी की निकासी की भी व्यवस्था की गई है, लेकिन हल्की सी बारिश होने पर मुख्य प्रवेश द्वार के पास पानी के जमा होने से अधिवक्ता एवं पक्षकारों को जिला अंतर्गत न्यायालय भवन पहुंचने में कभी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है सभी निर्माण एजेंसी की शिकायत कर रहे हैं। उस पर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किए जाने का आरोप भी लगा रहे हैं। अधिवक्ताओं का कहना है की बारिश अभी शुरू हुई है और यह स्थिति निर्मित हो गई है। लगातार बारिश होने पर क्या स्थिति होगी इसे आसानी से समझा जा सकता है। अधिवक्तोंं ने मांग की है कि शीघ्र ही जल भराव की समस्या दूर की जानी चाहिए।

बीमा कंपनी देगी 2 लाख रु की क्षतिपूर्ति और भरेगी 10 हजार का जुर्माना

जगदलपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में आवेदक को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 2 लाख रु की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रु का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं कि जगदलपुर निवासी अविनाश कश्यप ने अपनी महिंद्रा एक्सयूवी वाहन का बीमा यूनाइटेड इंडियो इंश्योरेंस कंपनी से करवाया था। आवेदक की उक्त वाहन नेल्लूर आंध्र प्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसकी सूचना आवेदक द्वारा बीमा कंपनी को प्रदान कर क्षतिपूर्ति राशि की मांग की गई थी। बीमा कंपनी द्वारा सर्वेयर नियुक्त कर क्षतिग्रस्त वाहन में क्षति राशि का आंकलन करवाया गया था किंतु सर्वेयर द्वारा आंकलित राशि वास्तविक क्षतिराशि से अत्यंत कम होने के कारण परिवादी द्वारा पुनः क्षतिदावा की जांच करने की मांग की गई थी, जिसे बीमा कंपनी द्वारा निरस्त कर दिया गया था। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि बीमा कंपनी के सर्वेयर की रिपोर्ट अंतिम और अंतिम शब्द नहीं है और ऐसी रिपोर्ट ना तो बीमाकर्ता और ना ही बीमा धारक के लिए बाध्यकारी है। बीमा कंपनी >> शेष पृष्ठ 9 पर>

राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्यों के बेहतर संपादन से बनाए पहचान : कलेक्टर

जगदलपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्यों के बेहतर संपादन से अलग पहचान बनाए। सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी राज्य शासन के निर्देशानुसार सिटीजन चार्टर के प्रावधानों और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व न्यायालय के प्रगति रिपोर्ट, राजस्व प्रकरणों की दर्ज-निराकरण के लंबित की स्थिति

राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

की समीक्षा करते हुए उन्होंने निराकरण के मासिक लक्ष्य के आधार पर आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व प्रकरणों की मासिक प्रगति, भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की प्रगति, भू-अर्जन के भुगतान, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन के प्रकरणों का न्यायालयवार समीक्षा, व्यपवर्तन, आरबीसी-6-ए के प्रकरणों, भू-राजस्व के बकाया राशि की वसूली, शीर्ष व 121 के प्रकरण, त्रुटि सुधार और नक्शा बांटाकन के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नक्शा बांटाकन कार्य की प्रगति हेतु विशेष ड्राईव चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण के प्रकरणों का समय-सीमा से बाहर नहीं जाना चाहिए, दर्ज प्रकरणों के आधार पर निराकरण की संख्या भी ज्यादा होनी चाहिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

एनएसयूआई ने रायपुर में हुए लोहंडीगुड़ा छात्र की हत्या के विरोध में किया मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला दहन

आदिवासी मुख्यमंत्री के होते हुए प्रदेश के आदिवासी ही नहीं है सुरक्षित : सुशील मौर्य

जगदलपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर जिला एनएसयूआई शहरी/ग्रामीण के अध्यक्ष विशाल खम्बारी व नीलम कश्यप के नेतृत्व में राजधानी रायपुर में लोहंडीगुड़ा के 21 वर्षिय छात्र मंगल मुरिया की आपराधिक तत्वों द्वारा पीट पीटकर हुए हत्या के विरोध व प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव सांय व गृहमंत्री विजय शर्मा का शहर के एसबीआई चौंक पर पुतला दहन किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा, कि बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के निवासी मंगल मुरिया रायपुर के निजी विश्वविद्यालय में पड़ रहा था और आदिवासी समुदाय से आता है। वही प्रदेश के मुख्यमंत्री भी आदिवासी समाज से है। एक आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में खुद आदिवासी सुरक्षित नहीं है। अपने माँ बाप का नाम रौशन करने गए मंगल मुरिया का शव भाजपा के राज में घर वापस आएगा तो उसके परिजनों पर क्या बीतेगी इसका भाजपा के मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को देना चाहिए, साथ ही प्रदेश के बाकी लोगों की क्या सुरक्षा रहेगी, यह घटना बेहद निंदनीय है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। इसी घटना के विरोध में कांग्रेस पार्टी व एनएसयूआई छात्र संगठन द्वारा पुतला दहन किया गया है।

एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष विशाल खम्बारी ने बताया कि जब से भाजपा की सरकार बनी है छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है। अपने भविष्य को रायपुर के एक निजी कॉलेज में पड़ रहे आदिवासी छात्र को लिफ्ट मांगना भारी पड़ गया। सरेआम गाड़ी पर बैठाकर ले जाना और छीना झपटी कर पीट-पीट कर मार दिया गया। इससे स्पष्ट है भाजपा राज में पुलिस निष्क्रिय और निकम्मी बन गई है। प्रदेश की भाजपा सरकार में कानून का नही जंगल राज चल रहा है जो कि सरकार की नाकामी को दर्शाता है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष एनएसयूआई नीलम कश्यप ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि, भाजपा सरकार में लगातार बढ़ रही हत्याए, लूटमार, चोरी, अपहरण व मोब्लिंचिंग जैसी घटनाओं का पनपना इस सरकार की लचर कानून व्यवस्था का स्पष्ट परिचायक है। मंगल मुरिया ने सिर्फ अपना पिन नंबर नहीं बताया तो उसे अपराधीक तत्वों ने उसे मार डाला क्या यही है कानून का राज। जहां पर रास्ता पूछने पर एक कॉलेज के छात्र >> शेष पृष्ठ 9 पर>

तीन नए विधिक अधिनियम की जागरूकता के लिए पीजी कॉलेज में सेमिनार

जगदलपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर में सोमवार को तीन नए विधिक अधिनियम के जागरूकता के लिए सेमिनार आयोजित किया गया इसमें प्राचार्य डॉ के इंदिरा ने अध्यक्षता की ओर सभी को विधि के प्रीति जागरूक। रहने के लिए बोला डॉ हेमंत कंवर ने बताया कि विधि सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रोफेसर तूणीर खेलकर ने कहा कि विधि का उचित रूप से लागू किया जाए। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मोहन सोलंकी

द्वारा नए अधिनियम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के बारे में पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन से एक विस्तृत जानकारी सभी के साथ साझा की और बताया कि नए कानून से क्या लाभ हो सकते हैं ,ऑनलाइन एफ आई आर केसे दर्ज की जा सकती है, कब जमानत मिलेगी, अंगुली चिन्ह आवाज को संरक्षित करना गिरफ्तारी कब हो सकती है के बारे में बताया। विधि विभाग की सहायक प्राध्यापक चंद्रप्रभा कोशरे ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया >> शेष पृष्ठ 9 पर>

जल संरक्षण के लिए प्रभावी होगा केरल मॉडल : चैतराम

- विधायक ने साझा किए केरल प्रवास के अनुभव
- कलेक्टर मयंक की मौजूदगी में अधिकारियों से चर्चा
- दंतेवाड़ा में भी शुरू होगा जल संरक्षण महा अभियान

दंतेवाड़ा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में आज क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी और अधिकारियों के मध्य जिला में घटते भू-जल स्तर तथा जल संरक्षण के उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया गया।

इस मौके पर विधायक श्री अटामी ने अपने हालिया केरल प्रवास के दौरान विभिन्न स्थानों जैसे सेंट जेवियर्स स्कूल पेयाड, कल्लिक्कविलामाम, अम्बालाथिनकला, कुलथुमेल हाई स्कूल (वैल रिचार्जिंग) मायलाडी तालाब में वहां के स्थानीय समुदाय द्वारा जल संरक्षण हेतु किये गये कार्यों और इस कार्य में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से जल बचाने और इन प्रयासों से भूमिगत जल स्तर के मुद्दिम को अधिकारियों संग साझा किया। उन्हेंने बताया कि वहां के शालेय संस्था सोलर एनर्जी से संचालित है और ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों में मत्स्य पालन को अधिक से अधिक किया जाता है। क्षेत्र के गांव एवं वनांचलों में अब भू जल स्तर तेजी से गिर रहा है पहले 300 फीट तक भी जल या पानी उपलब्ध हो जाया करता था लेकिन अब 500 में जल उपलब्ध हो रहा है इसका अर्थ है कि हमें अब भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के लिए सामुदायिक स्तर पर प्रयास करना होगा अब इसमें सभी विभाग अपना दायित्व सुनिश्चित करेगें। शुरुआती तौर पर ग्रामों का कलस्टर बना कर भूमिगत जल वृद्धि की कार्ययोजना बनाया जाए इसके लिए वर्षा ऋतु के जल का संचयन कर उसे अनावश्यक बहने से रोकना होगा। साथ ही बारिश के पानी को रोकने के लिए छोटे-छोटे स्टाप डैम एवं चेक डैम बनाया जाए। इसके अलावा पुराने तालाबो के संरक्षण, नये तालाबो के निर्माण, जल ग्रहण विकास के कार्य, वाटरशेड प्रमुख है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने इस दौरान कहा कि जिले के सभी शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के निर्देश भी दिये गये है। साथ ही नये कुओं के संरक्षण एवं पुराने कुओं को पुनर्जीवित किया जाएगा, ताकि वर्षा जल का संरक्षण किया जा सके। साथ ही नगरीय निकाय क्षेत्र में जलाशय और तालाबों की साफ-सफाई, सॉकपिटों का निर्माण, अन्य जल स्रोतों के रखरखाव, बिगड़े हुए बोरवेल्स को रिचार्ज करने जैसे कार्यो को प्रमुखता दिए जाऐंगे। इस जल संरक्षण के महाअभियान मे सभी विभागों का समावेशी योगदान रहेगा। इसके अलावा जल संरक्षण की जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए स्व सहायता समूह, स्वच्छता दीदियों का सहयोग रहेगा। इसके अलावा हाट बाजारों में नुक्कड़ नाटकों के आयोजन, शालाओं में छात्रों द्वारा जलदूत की भूमिका, ग्राम सभाओं में जल प्रबंधन चर्चा जैसे छोटे-छोटे आयोजन कर लोगों को जल संरक्षण का महत्व बताया जायेगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन, अपर कलेक्टर राजेश पांते सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

मानसिक स्वास्थ्य पर युवोदय कोंडानार चेम्स स्वयं सेवकों व आंबा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। मानसिक स्वास्थ्य पर युवोदय कोंडानार चेम्स स्वयं सेवकों एवं आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

कोंडागांव कलेक्टर कुनाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में संचालित युवोदय कोंडानार चेम्स स्वयं सेवकों का लगातार क्षमता वर्धन किया जा रहा है। यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के सहयोग से 2 जुलाई को जिला कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य की राज्य समन्वयक सुश्री दानिश खातून हुसैन ने युवोदय स्वयं सेवकों और आंगन वाड़ी कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रथम सहायता उपचार के लिए प्रशिक्षित किया। दुख और परेशानी से ग्रस्त व्यक्ति की सहायता प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था। जिला समन्वयक पॉल कुमार ने कहा कि 'मैं हूं ना' थीम के तहत स्वयं सेवकों को मन मित्र के रूप में समुदाय में सेवा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच के अंतर को समझा और मन मित्र के रूप में आवश्यक सावधानियों को सीखा।

उल्लेखनीय है कि युवोदय कोंडानार चेम्स जिले में पांच कार्यक्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं, जिनमें से एक मानसिक स्वास्थ्य है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मन मित्र के रूप में स्वयं सेवकों को तैयार करना है।

गिरोला पोस्टमेन रामदयाल नाग को सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। उपडाकघर कोंडागांव के शाखा डाकघर गिरोला में विगत 46 वर्षों से कार्यरत सहायक शाखा डाकपाल रामदयाल नाग को उनके 65 वर्ष पूर्ण होने पर 1 जुलाई सोमवार को पोस्ट ऑफिस कोंडागांव में शॉल, श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर उप संभागीय निरीक्षक आर.एस.मिश्रा ने कहा उन्होंने डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के रूप में कुल 46 वर्ष सेवा दी। 46 वर्ष तक सेवा देना अपने आप में बड़ा मायने रखता है। डाक विभाग उनकी सेवा को हमेशा याद रखेगा, मैं पूरे डाकघर परिवार की ओर से उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना करता हूं। इस कार्यक्रम में डाकघर के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

महिलाओं को आर्थिक समृद्धि दे रही बिहान योजना

दंतेवाड़ा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के तहत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में महिला स्वावलंबन की नई-नई पहल की जा रही है और इससे जिले में सैकड़ों महिलाओं की जिन्दगी बदली है। इन कार्यक्षेत्रों में कदम रखकर जिले के महिलाओं ने अपने लिए सशक्त आर्थिक आधार बनाया है।

- एनआरएलएम ने प्रतीक्षा को दी नई पहचान
- बेकरी उत्पाद की दुकान से हो रही बेहतर आय

इस कड़ी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अन्तर्गत विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के विभिन्न स्व-सहायता समूहों की 35 दीदियों को बेकरी उत्पाद जैसे-केक, कुकीज, टोस्ट एवं फास्ट फूड बनाने का 7-7 दिवस का दो बार प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दंतेवाड़ा के द्वारा दिया गया था। इसी प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षित होकर ग्राम बालूद की झांसी महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती प्रतीक्षा जगत के द्वारा (पंचायत भवन बालूद के पास) बेकरी उत्पाद की दुकान खोली गई। इस संबंध में स्वयं श्रीमती प्रतिक्षा जगत ने बताया कि उन्होंने 22 जनवरी से बेकरी दुकान खोला और पति की सलाह पर पहले साधारण केक बनाना प्रारंभ किया। साथ ही और इसकी मांग बढ़ने पर वे केक के विभिन्न स्वाद जैसे चॉकलेट, वनीला, स्ट्रॉबेरी, कप केक, बटरस्कॉच, पाइनेपल, रसमलाई, वेलवेट केक भी बनाया जिसकी बिक्री बढ़ती गई। अब तो वे पेस्ट्री और टोस्ट भी बखूबी बना रही है। उनका यह भी कहना है कि शुरू से उन्हें पकाने और नये-नये व्यंजन बनाने का शौक था। इसी के चलते वे समोसा, पापड़, मुरूक्, नमकीन का भी बिक्रय किया करती थी। परन्तु बेकरी उत्पाद निर्माण ने उनके सपनों को नई दिशा दी है और पिछले 6 महीनों में उन्हे केक बनाकर 50 हजार रूपये की आमदनी हुई। 12वीं तक शिक्षा प्राप्त प्रतिक्षा कहती है कि उनका सपना है कि वे एक सफल बिजनेस वूमेन बने।

विधायक-कलेक्टर तक पहुंचा बीटीओए विवाद

चुनाव की मांग के साथ सौंपा ज्ञापन

दंतेवाड़ा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के बैलाडीला स्थित एनएमडीसी से लीज अयस्क के परिवहन हेतु संचालित बीटीओए (बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसियेशन) ट्रक मालिकों की संस्था के सदस्य, विधायक निवास दंतेवाड़ा पहुंचे व विधायक चैतराम अटामी को ज्ञापन सौंपकर संस्था का चुनाव करवाने का मांग की। विधायक चैतराम अटामी से चर्चा में सदस्यों ने वर्तमान संचालित कमेटी के कार्य प्रणाली पर नाराजगी जताई और बताया कि बिना किसी निर्वाचन या आम चुनाव के जो भी बीटीओए का संचालन कर रहा है उसे तत्काल प्रभाव से हटाकर विधिवत निर्वाचित कमिटी द्वारा चुनाव करवाया जाये। विधायक चैतराम अटामी ने सदस्यों की बात सुनी और सभी सदस्यों के साथ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से मुलाकात कर मामले की विस्तृत जानकारी दी। बीटीओए सदस्यों ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंप और चर्चा उपरांत बायलॉज अनुसार ये निर्णय लिया गया है कि बीटीओए का जब तक चुनाव संपन्न नहीं हो जाता संचालन पूर्व निर्वाचित कमेटी ही करेगी क्योकि उसके बाद किसी भी तरह का चुनाव बीटीओए में नहीं हुआ है, और 17 जुलाई से पहले बीटीओए की पूर्व निर्वाचित कमेटी चुनाव संपन्न करवाएगी। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि बीटीओए के सदस्यों से आग्रह है कि शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करवाइये और जो निर्वाचित हो वही संचालन करे। किसी भी तरह की तानाशाही, भ्रष्टाचारी, गुंडागर्दी जिससे अराजकता फैले और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो बिलकुल भी बदोस्त नहीं किया जायेगा।

घर पहुंचा कर दिया जाएगा पौधा

दंतेवाड़ा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। वनमण्डल, दन्तेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार पौधा तुंहर द्वार योजना के तहत निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्तर पर शासकीय वाहनों के माध्यम से घर पहुँच पौधा प्रदाय सेवा प्रारंभ कर दी गई है। अतः इच्छुक व्यक्ति जो अपने घर या घर के आस-पास हरियाली लाने के लिए पौधों का रोपण करना चाहते है, तो दन्तेवाड़ा वनमण्डल से फलदार प्रजाति के पौधे प्राप्त कर सकते है। इसके अन्तर्गत हरिहर दन्तेवाड़ा बनाने के उद्देश्य के चलते एवं जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए इच्छुक हितग्राही, नागरिक दन्तेवाड़ा वनमण्डल के मोबाईल नम्बर 7587016130 में फोन एवं व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर पंजीयन कराकर संबंधित परिक्षेत्र से निशुल्क पौधा प्राप्त कर सकते हैं।

जिला एवं सत्र न्यायालय मुख्य द्वार पर पानी का जमावड़ा, लोगों को हो रही परेशानी

जगदलपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर को सौंदर्य करण करने का कार्य चल रहा है। परिसर में खंबे बार-बार स्टील के चैनल लगाकर सजाया जा रहा है वहीं, ठेकेदार द्वारा नाली बनाकर बारिश के पानी की निकासी की भी व्यवस्था की गई है, लेकिन हल्की सी बारिश होने पर मुख्य प्रवेश द्वार के पास पानी के जमा होने से अधिवक्ता एवं पक्षकारों को जिला अंतर्गत न्यायालय भवन पहुंचने में कभी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है सभी निर्माण एजेंसी की शिकायत कर रहे हैं। उस पर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किए जाने का आरोप भी लगा रहे हैं। अधिवक्ताओं का कहना है की बारिश अभी शुरू हुई है और यह स्थिति निर्मित हो गई है। लगातार बारिश होने पर क्या स्थिति होगी इसे आसानी से समझा जा सकता है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि शीघ्र ही जल भराव की समस्या दूर की जानी चाहिए।

विधायक बंगला निर्माण पर आरोप से बिफरी भाजपा

दंतेवाड़ा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिला भाजपा महामंत्री और नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा द्वारा विधायक चैतराम अटामी के बंगले पर सवाल उठाने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाने पर पलट वार किया है। पत्रकार वार्ता ने धीरेन्द्र प्रताप ने स्पष्ट किया कि पुराने विश्राम गृह को अस्थायी रूप से विधायक बंगला बनाया गया है। इसके निर्माण में कहीं कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है।

- जिला भाजपा महामंत्री ने जिपं अध्यक्ष तुलिका पर लगाए कई आरोप
- धीरेन्द्र प्रताप ने जिपं अध्यक्ष को बताया भ्रष्टाचार की एटीएम
- देवेन्द्र झाड़ी गबन मामले में भी भागीदारी का जताया संदेह

श्री सिंह ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में काफी गड़बड़ियां की हैं, जिस पर जांच और कार्रवाई होगी। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक देवेन्द्र झाड़ी द्वारा 78 लाख रूपए गबन किये जाने के मामले में भी जिला पंचायत अध्यक्ष की भागीदारी हो सकती है तभी वो श्री झाड़ी के पक्षधर बनती नजर आ रही हैं। पत्र वार्ता में धीरेन्द्र ने आगे कहा कि विधायक आवास के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार नही हुआ है। वहां तो साफ शुद्ध कार्य चल रहा है, जो नगरवासियों को भी दिख रहा है। कांग्रेस शासन काल में जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने क्या-क्या किया है, उन सभी भ्रष्टाचारों का खुलासा होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका तो भ्रष्टाचार की एटीएम है। कांग्रेस के शासन काल में जिला पंचायत अध्यक्ष ने भ्रष्टाचार करने में कोई कसर नही छोड़ी है। उनके द्वारा के किए गए सभी भ्रष्टाचार की जांच होगी और कड़ी कार्रवाई भी करवाई जाएगी।

धीरेन्द्र प्रताप ने आगे कहा कि तुलिका, कांग्रेस को डुबाने के लिए काफी है। नगर में वोट बैंक तो बचा नहीं है अब ग्रामीण क्षेत्र में बची कांग्रेस की राजनैतिक जमीन को भी बंजर करने का प्रयास कर रही हैं। वे विधायक निवास पर सवाल खड़े कर रही है, पहले खुद का भी तो आंकलन कर लें। अभी वे जहां निवासरत है, वह बंगला जब का था। अपने परिवार के आवासों पर भी ध्यान केंद्रित करें और लोगों के सामने रखें क्या वाकई में जितने बंगले मिले वे जायज हैं। ये तो हो गई आवास की बात। अब घोटालों की बात करते हैं। आदिवासी विकास विभाग की सप्लाई का घोटाला किसी से छिपा नहीं है। शिक्षा विभाग में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गई। टैंकरों की सप्लाई भी सवालों के घेरे में है। विधायक निधि का किस तरह से बंदरबांट हुआ लोग बखूबी जानते है। वॉटर कूलर सप्लाई में भ्रष्टाचार तो खुला दिख रहा है। इस वॉटर कूलर की कीमत बाजार में कुछ है और सप्लाई वाली कीमत आसमां छू रही है। इन सभी भ्रष्टाचारों की जांच करवाई जाएगी और कार्रवाई भी कारवाई जाएगी।

अटामी के बंगले पर राजनीति ओछी मानसिकता : अवधेश

दंतेवाड़ा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम ने विधायक चैतराम अटामी के बंगले को लेकर जारी राजनीति पर नाराजगी जताती है। जारी बयान में श्री गौतम ने कहा है कि नक्सल निशाने पर रहने वाले श्री अटामी को जिला मुख्यालय में आवास की जरूरत है।

- जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन के निर्णय को बताया सही
- असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया था पुराना रेस्ट हाउस

प्रशासन की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अस्थायी रूप से पुराने विश्राम गृह को उनके आवास के लिए तैयार किया गया है। इसमें गलत कुछ भी नहीं है, क्योंकि इस पुराने विश्राम गृह में जुआ, शराब खोरी जैसी गतिविधियां हो रही थीं। अब इस पर अंकुश लगेगा। इसके साथ ही जर्जर हो चुके विश्राम गृह को नया स्वरूप देकर व्यवस्थित किया गया है। इसको लेकर की जा रही राजनीति और बयानबाजी निराशा जनक है।

श्री अटामी क्षेत्र के विधायक हैं, इस लिहाज से जनता से जुड़ने और संवाद के लिए जिला मुख्यालय में उनका रहना आवश्यक है और इसी वजह से प्रशासन ने उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवास उपलब्ध कराया है। विधायक बंगले पर राजनीति करने वालों को नसीहत देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री गौतम ने कहा है कि क्षेत्र में जन हित से जुड़े कई समस्याएं और मुद्दे हैं, जिस पर मुखरता से आवाज उठानी चाहिए। विधायक बंगले पर बयानबाजी ओछी मानसिकता का परिचायक है।

प्रादेशिकी का शेष...

सुकमा में कई बड़ी घटनाओं में...

अन्य सुविधायें प्रदाय करायें जायेंगे। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि आत्मसमर्पित महिला माओवादी लगभग 22- 23 वर्ष एवं पूरूष माओवादी लगभग 14-15 वर्षो तक माओवादी संगठन में सक्रिय रहकर कई बड़ी-बड़ी माओवादी घटनाओं में शामिल रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पदों के अनुरूप दोनों माओवादियों पर 05-05 लाख कुल 10 लाख रूपये का इनाम घोषित है।

बीमा कंपनी देगी 2 लाख...

द्वारा आवेदक को क्षतिराशि प्रदान न कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस हेतु बीमा कंपनी को 10 हज़ार रु के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है।

एनएसयूआई ने रायपुर ...

को मारे दिया जाता है क्या यही विष्णु का सुशासन है। कुल मिलाकर भाजपा की सरकार अपराधियों को सरंक्षण देने का कार्य कर रही है। सांय की सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके है। आदिवासी समाज में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को देखते हुए गृहमंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। इस अवसर पर उदय नाथ जेम्स, राजेश राय,कोमल सेना,ललिता राव,सूर्या पानी,रोजवीन दास,जावेद खान,शुभम यदु,आभास महंती, राजा तिवारी,अल्ताफ उल्लाह खान,ज़ाहिद हुसैन,निकेत राज,विजेंद्र ठाकुर, ईश्वर बघेल, राजा कश्यप,विक्की नायडू,पापिया गाईन,एवं अन्य उपस्थित रहे।

तीन नए विधिक अधिनियम...

कि इलेक्ट्रोनिक दस्तावेज को वेरीफाई कर न्यायालय में पेश किया जा सकता है। ऋचा सिंह ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के बारे में कहा की दण्ड के स्थान पर अब न्याय पर अधिक ध्यान दिया जाएगा । दण्ड में एक नए दण्ड को जोड़ा गया। सामुदायिक दण्ड के प्रावधान तथा मॉबलिचिंग में अपराध को दंडित करने के बारे में बताया। इस अवसर पर महविधालय के प्राध्यापक डॉ रानू मेश्राम, जी एस ठाकुर, एफ आर साहू ,सी पी यादव, हेमंत बघेल, नूरल हक, किशन मरावी, अजय ठाकुर,होलेश साहू ,कल्पना मांडवी , दीपिका डडसेना, संध्या प्रसाद, मेखला चट्टोपाध्याय, नेवीदिता कुईरी, चित्रलेखा किडोपी, डॉली प्रवीन, तृप्ति मांडवी , प्रीति सिंह , हिमांशु मिश्रा ग्रंथपाल शोएब अंसारी, और मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक नरेंद्र साहू ने किया। विधि प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष , एवं एल एल एम के छात्र एवं छात्राएं अपस्थित रहे।

कलेक्टर के हाथों सम्मानित हुए नवाचारी शिक्षक

दंतेवाड़ा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में पोस्ट ऑफ द मंथ अप्रैल और मई के जिला स्तर के विजेता रहे शिक्षकों को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा प्रमाणपत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक ऊन्नयन के उद्देश्य हेतु आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है।

- विनोबा एप में शानदार पोस्ट पर सम्मान
- शिक्षकों की सृजनशीलता को नया आयाम

आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप यह ऑपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है, विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान और सराहना होती है, यहाँ शिक्षक एक दुसरे के साथ कनेक्ट होते है, साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है, शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड जिला स्तर पर पांच शिक्षकों को दिया जाता है।

इस कड़ी में पिछले महीने अप्रैल और मई के पोस्ट ऑफ द मंथ के जिला स्तर के विजेता रहें शिक्षिका शिल्पा चव्हाण (प्राथमिक शाला सोनाराघाट, गीदम) लक्ष्मी पुरांडे-(प्राथमिक शाला दमपाल कुआकोंडा), और इसी के साथ मई महीने के विजेता रवि कुमार सुराना (माध्यमिक शाला बडेसूरोखी,) मनीषा सोनी (पटेल पारा हारम) और सुनीता अजीथ-(बालक प्राथमिक शाला गीदम) आज सम्मानित हुए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्व रंजन, जिला शिक्षा अधिकारी,एस के अंबस्ता, विनोबा टीम की ओर से जिला सहयोग अधिकारी सागर गजभिये आदि के साथ अन्य विभागों के अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

ओपीडी में डॉक्टरों का गायब रहना गंभीर मामला

कलेक्टर ने समीक्षा में दिए कड़े निर्देश

दंतेवाड़ा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर प्रबंधन के साथ-साथ ही ओपीडी बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाया गया है कि बाह्य रोगियों को स्वास्थ्य केंद्र में देर तक प्रतिक्षा करनी पड़ती है इसकी नौबत नहीं आनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अंदरूनी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र या उप स्वास्थ्य केंद्र में भी ओपीडी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने चितालंका आयुष्मान आरोग्य मंदिर को बन्द करने, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, शत्रुहन सोनी को प्राथमिक स्वा. केन्द्र गदापाल झूटूटी करने, कासोली ग्रामीण चिकित्सा सहायक को 1 दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार को कासोली एवं गुरूवार, शुक्रवार, शनिवार को को कोंटे में झूटूटी करने, जिस आरएमए, सीएचओ का मूल पद जहाँ है उनका पदस्थापना वहीं करने, भवन ऑफिस से हेण्ड ओवर लेकर आरएमए, सीएचओ को स्वीकृत करने, टेली मेडिसिन दुरूस्त करने, सभी स्वास्थ्य संस्था में टेलीमेडिसिन की बोर्ड, आई.सी. लगाने तथा निर्देश को स्थानीय भाषा में प्रचार-प्रसार करने, कठेकल्याण में एन्ट्री सुनिश्चित करने, एम्पिरेशनल ब्लॉक एम्पिरेशनल जिला के मिशन संपूर्ण करके नीति आयोग के निर्देशानुसार पैरामीटर से पूर्ण करने, गर्भवती माताओं को 100 प्रतिशत प्रथम तिमाही एन्ट्री, पूर्ण टीकाकरण सितंबर 2024 तक पूर्ण करने एवं कायाकल्प का एक्शन प्लान 2 बार बनाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया।

केशकाल के तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा जन सैलाब

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विकास खण्ड केशकाल के शासकीय कन्या शाला केशकाल में आज संपन्न हुआ। जीवनदीप समिति केशकाल के तत्वाधान में कराए गए मेगा हेल्थ कैंप में 30 से भी अधिक प्रतिष्ठित अनुभवशील डाक्टरों की टीम मौजूद रहे। इस शिविर का लाभ जिले में पांचों विकास खण्ड को मिला। शिविर में आने वाले लाभार्थियों का डाक्टरों की टीम ने जांच करने के साथ ही गंभीर बीमारीयों से ग्रस्त लोगों का पंजीयन उच्च संस्था में रिफर हेतु किया। इस शिविर में जिला अस्पताल कोण्डागांव के अतिरिक्त जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज कांकेर, जगदलपुर, धमतरी के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त प्राइवेट संस्था से एम.एम.आई. एवं मित्तल अस्पताल रायपुर के विशेषज्ञ शिविर में अपना योगदान दे रहे थे।

केशकाल के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.डी.के.बिसेन के अनुसार 29 जून से 01 जुलाई तक चलने वाले इस शिविर में दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा बैशाखी, ट्राई सायकल एवं बैटरी चलित सायकल का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आए हितग्राहियों का चिकित्सीय सुविधा के अतिरिक्त राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड निर्माण किया गया।

असाध्य रोगों से ग्रसित लाभार्थियों का लैब जांच किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक, नेत्र रोग

दूरस्थ अंचल के ग्रामीणों ने लिया लाभ

विशेषज्ञ, शिशुरोग, स्त्री रोग, हृदय रोग, कैंसर रोग, चरम रोग, ई.एन.टी, निश्चेतना विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, रेडियोलोजिस्ट, आयुषचिकित्सक, फिजियोथैरेपिस्ट, टी.बी.रोग विशेषज्ञ एवं एम.डी मेडिसिन उपलब्ध थे। जहां 3088 मरीज शामिल हुए। सामान्य एवं मौसमी बिमारी के बहुत से मरीजों का तत्काल उपचार कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। 612 का लैब जांच, 1284 को दवाई वितरण, 127 दन्त चिकित्सा, 421 नेत्र चिकित्सा, 492 आयुर्वेदिक चिकित्सा, 128 शिशुरोग, 243 स्त्री रोग, 29 हृदय रोग के मरीजों ने उपचार हेतु पंजीयन कराया।

स्वास्थ्य शिविर में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम एवं नगर के निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, समाज सेवी सहित तहसीलदार केशकाल, नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर व मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत केशकाल के अध्यक्ष महेन्द्र नेताम तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी व अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शिविर में शामिल होकर सहयोग प्रदान किया।

कलेक्टर कुणाल दुदावत तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह ने सफल शिविर आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर कराने तथा जन सामान्य को स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया।

हत्या की नियत से टंगिया से मारने वाले आरोपी को किया चंद घंटों में गिरफ्तार

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। अनंतपुर पुलिस द्वारा हत्या करने की नियत से टंगिया से मारने वाले आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर आरोपी दसमत नेताम को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक वाय.अक्षय कुमार भा.पु.से.के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक रूपेश डाण्डे के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव रूपेश कुमार के नेतृत्व में अनंतपुर पुलिस ने टांगिया से मारने वाले आरोपी दसमत नेताम को 2 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया गया।

मामले की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जुलाई 2024 की सुबह प्रार्थिया अपने पति सूदन देवांगन और अपने बेटे पोबेंद्र देवांगन और सुनील देवांगन और मूलचंद देवांगन के साथ अपने काबिज जमीन में मक्का लगाने ग्राम सिंगनपुर गए और अपने काबिज जमीन में खती का कार्य कर रहे थे ग्राम सिंगनपुर निवासी दसमत नेताम ने प्रार्थिया एवं उसके अन्य परिजनों को गंदी गंदी मां-बहन की गाली गलौज करते हुए तेरे बाप की जमीन है, यहां आकर खेती कर रहे हो, कहते हुए हांथ थप्पड़ से मारपीट करने लगा। उसका बेटा पोबेंद्र देवांगन बीच बचाव कर रहा था, इस दौरान आरोपी दसमत के द्वारा प्रार्थिया के बेटे पोबेंद्र देवांगन को भी मां-बहन की गाली गलौज देते हुए अपने पास रखे टंगिया से जान से मारने की नीयत से सिर में हमला कर दिया, जिससे सिर में चोट लगा लगा है। प्रार्थीया की सूचना पर थाना अनंतपुर में बीएनएस की धारा 296, 115(2), 109 अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी दशमत नेताम पिता चमरा नेताम 40 साल निवासी सिंगनपुर थाना अनंतपुर जिला कोण्डागाव से पूछताछ किया गया, अपराध कारित करना स्वीकार करने और अपराध के सबूत पाए जाने पर 02 जुलाई 2024 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अखिलेश धीवर, सहायक उप निरीक्षक डोमनलाल दीवान, प्र.आर.रमेश मरकाम, रघुनाथ कश्यप, भूपेंद्र मरकाम, आरक्षक गीतेश सेठिया, दीनदयाल सोनवानी, मनराज वट्टी व थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

छूटे हुए लोगों के प्राथमिकता के साथ तैयार किए जाएंगे आयुष्मान कार्ड

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत सभी छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के साथ तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में 4 जुलाई को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु महाअभियान चलाते हुए आयुष्मान कार्ड से छूटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सभी कोंडागांव नगर पालिका सहित सभी नगर और ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह ने आयुष्मान कार्ड से वंचित सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लेकर अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन या ग्राम पंचायत सचिवों से संपर्क कर 4 जुलाई को आयुष्मान महाअभियान में अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

बिंजोली में शाला प्रवेशोत्सव के साथ न्यौता भोज

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के विकासखंड माकड़ी के संकुल बिंजोली के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला बिंजोली, उच्च प्राथमिक शाला डॉंगरीगुड़ा में शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों को शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रंजीत बघेल, चंदूलाल बघेल एवं सुकराम मंडावी एवं पालकों के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को राज्य शासन से प्राप्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक और निःशुल्क गणवेश प्रदान किया गया तथा सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। न्योता भोज में विद्यार्थियों सहित सभी पालकों को भोजन करवाया

गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिंजोली के सरपंच अनीता बघेल, उप सरपंच रबि बघेल, सोनबारू, फरिस, गंभीर, चैतू तेजकुमार, सेमलाल, सविता, दुलमा, महागीन, दशमी, जगबती, संकुल समन्वक विशंभर बघेल, प्रधान अध्यापक भोलानाथ सूर्यवंशी, सुदामा नाग एवं शिक्षक संतोष पोर्ते, वेदप्रकाश कवर, रविंद्र करचाम, दिवाकर मांझी, संदीप तिर्की, दिनेश बघेल एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

निःशुल्क पौधा वितरण

चारामा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ लगाओ मां के नाम अभियान प्रारंभ किया इसी अभियान के तहत कांकेर वन मंडल सभी परिक्षेत्र में 1 जुलाई को निशुल्क पौधा वितरण का शुभारंभ वन मंडल अधिकारी आलोक वाजपाई आईएफएस के निर्देशानुसार किया गया। वन परिक्षेत्र चारामा के अंतर्गत 1 जुलाई से 15 जुलाई तक निशुल्क पौधा का वितरण किया जायेगा। सोमवार को वन परिक्षेत्र अधिकारी रहेमान खान के मार्गदर्शन में सभी स्टाप के सहयोग से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे निशुल्क पौधा वितरण स्टाल लगाकर किया गया। ललिता दुग्गा, पुनिता मरकाम, युगल किशोर सोनबोईर, जीवन लाल साहू, महेश सलाम, प्रदीप भोलेश्वर, बिरजु पटेल, नरेश साहू, विनोद केमरो, चिंतामणि नेताम, उमेशवरी सिन्हा, तरूण देवदास के सहयोग से वितरण किया गया।

शिक्षक शिवचरण के प्रयास से दिव्यांग छात्र नवलु को मिला, कृत्रिम हाथ

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के पदरापा निवासी दिव्यांग छात्र नवलु को शिक्षक शिवचरण के प्रयास से रायपुर में कृत्रिम हाथ लगाया गया। 11 साल की उम्र में छात्र ने एक हादसे में अपना एक हाथ खो दिया था। छात्र पिछले वर्ष कोंडागांव जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल मडानार में 12वीं का छात्र था। छात्र को कृत्रिम हाथ लगवाने शिक्षक दो साल से प्रयासरत थे। शिक्षक शिवचरण साहू ने उदयपुर (राजस्थान) की नारायण सेवा संस्था की मदद से छात्र को कृत्रिम हाथ लगवाया। शिक्षक शिवचरण साहू ने बताया कि छात्र नवलु को उन्होंने बचपन से पढ़ाया है। 11 साल की उम्र में दुर्घटना के चलते उसका एक काटना पड़ा था। आज मेरा प्रयास सफल रहा बच्चे और परिवार की मुस्कान ही मेरी खुशी है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल महात्मागांधी वार्ड में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद स्कूल महात्मागांधी वार्ड में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा उपस्थित रहे। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुस्तक एवं गणवेश देकर उनका स्वागत किया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया। शाला के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद लक्ष्मी ध्रुव, सोनानाणि पोयाम, बंटी नाग, नानू सेन, रितेश कोर्राम एवं समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

पुलिस व प्रशासन द्वारा नवीन कानून पर परिचर्चा

दंड प्रक्रिया संहिता से न्याय संहिता की ओर किया कार्यशाला

चारामा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। थाना चारामा पुलिस द्वारा श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय आई. के. एलिसेला (भा.पु.से.) के निर्देशन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन एवं श्री मोहसीन खान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर की पर्यवेक्षण में निरीक्षक दिलेश्वर चन्द्रवंशी थाना प्रभारी चारामा के नेतृत्व पर देश में 1 जुलाई 2024 से लागू हो रही नवीन कानून संहिताओं के संबंध में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर किये गये बदलाव एवं संशोधन के संबंध में जानकारी थाना परिसर में दिया गया ,जिसमें पूर्व के अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून भादवि के 511 धाराओं में किया गया बदलाव 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराओं एवं 23 अध्याय के स्थान पर 20 अध्याय का समावेश किया गया है, उसके मुख्य उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करने के संबंध तथा अपराधियों के लिए नए कानून में गंभीर सजा एवं समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए कड़े प्रावधानो की जानकारी दिया गया।

थाना प्रभारी द्वारा यह भी बताया गया कि किसी भी मामले में अब सारे रिकार्ड ऑनलाईन और कम्प्यूटरीकृत हो रहे है। नये कानून में वह सब सुविधा लोगों को उपलब्ध होगी, जिससे आम जनता को उनके अधिकार, न्याय और निर्णय शीघ्र मिलेगा। उक्त कानून में विशेष तौर पर महिला एवं बच्चों के घटित अपराधों एवं अत्याचारों के विषय एवं उनके लिये बनाये गये प्रावधानों एवं कानून के संबंध में जानकारी दिया गया ।वही कार्यशाला में उपस्थिति जनों ने भी अपनी प्रतिक्रिया और विचार नये कानून पर रखे ।इस दौरान जननिधियों अधिकारियों एवम भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता ने इस नए कानून के संबध जानकारी दी गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल श्रीमती मिश्रा भार्गव नायब तहसीलदार लखनपुरी, गोपाल सिंह कंवर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा , केशव साहू खण्ड शिक्षाधिकारी चारामा, एवं नदकुमार ओझा, ओमप्रकाश साहू श्रीमती उमादेवी शर्मा,चारामा विकास खण्ड के समस्त शासकीय कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगन, शिक्षक ,पत्रकार, पुलिस अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जोन्दरापदर में अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार

सक्रिय माता बिजियाबाई सम्मानित

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम जोन्दरापदर में संचालित षासकीय प्राथमिक शाला में अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार का आयोजन हुआ जहां सक्रिय माताओं का भी सम्मान किया गया और इस क्रम में बिजिया बाई को सक्रिय माता के खिताब से नवाजा गया।

षासकीय प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजना अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार का आयोजन 2 जुलाई को किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं को भाषा, गणित की पूर्व तैयारी शारिरिक, मानसिक बौद्धिक उन्मुखीकरण कर घर में भी बच्चों को पढाने हेतु रोचक गतिविधियां करवाई। कहानी सुनाना, चित्र देखकर बताना, क्रम से जमाना, मौखिक जोड़ घटाना आदि गतिविधियों से बच्चों और माताओं को जोड़ा। इसका उद्देश्य बच्चों की माताओं को शाला से जोड़ने के साथ-साथ घर में ही अपने बच्चों के पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत करना घर में ही उपलब्ध संसाधनों से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित करना है। इस अवसर पर सक्रिय माताओं को सम्मानित कर स्मार्ट माता के खिताब से नवाजा गया। पढ़ाई तिहार में माता बच्चों सहित स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड हेतु जिले से पांच बच्चों का चयन

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सत्र 2022-23 में आयोजित इंस्पायर अवार्ड में कोंडागांव जिले से चयनित छात्र छात्राओं का राज्य स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता राजनांदगांव में आयोजित होना है। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कोंडागांव में जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में इन बच्चों का चयन हुआ था। कोंडागांव जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के फलस्वरूप राज्य स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता के लिए जिले से कुल पांच छात्रों का चयन हुआ है, जिनमें विकास खंड फरसगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलोर में अध्ययनरत राकेश कोर्राम, शासकीय हाई स्कूल पासंगी में अध्ययनरत देवकी पांडे, रितिका सायतोडे, विकास खंड कोंडागांव के शासकीय माध्यमिक शाला पिकड़भाटा लेमडी में अध्ययनरत रघुनाथ मरकाम, शासकीय माध्यमिक शाला बड़ेबेंदरी में अध्ययनरत रूपेश राठौर में हैं। उपरोक्त विद्यार्थियों के मार्गदर्शक शिक्षक हेमा कश्यप व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल पासंगी विकास खंड फरसगांव तथा दुगपाल दास मानिकपुरी शासकीय माध्यमिक शाला बड़ेबेंदरी विकास खंड कोंडागांव हैं।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन मिला जिला शिक्षा अधिकारी से

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिला के शिक्षक संवर्ग की स्थानीय समस्याओं एवं मांगों के समाधान को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव के जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संगठन द्वारा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 24 जून 2024 को 01 अप्रैल 2024 की स्थिति में जारी जिला स्तरीय समस्त शिक्षक संवर्ग की प्रावधिक पदक्रम सूची (वरिष्ठता सूची) का त्रुटिपूर्ण एवं अपूर्ण प्रकाशन को तत्काल सुधारने, जिला स्तर पर जारी वरीयता सूची की त्रुटि सुधारकर व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति हेतु राज्य कार्यालय को भेजने, सहायक शिक्षकों का प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों में पदोन्नति करने, जिले के समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के जी.पी.एफ.कटौती का पासबुक संधारण करने हेतु सभी आहरण संवितरण अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी करने, समस्त एल.बी.संवर्ग के शिक्षकों का वेतन आहरण एवं संवितरण अधिकारी के माध्यम से स्थानीय निधि संपरीक्षक कार्यालय एवं कोष एवं लेखा कार्यालय द्वारा सत्यापन हेतु भेजे गए प्रकरण का निराकरण समयावधि में नहीं किया जा रहा है। विभागीय पत्राचार कर शीघ्र निराकरण करने, जिले में शिक्षक एलबी संवर्ग से सेवानिवृत्ति या असमय मृत्यु हुए कर्मचारियों का नियमानुसार नवीन अंशदायी पेंशन योजना अथवा पुरानी पेंशन योजना की राशि का भुगतान एवं पेंशन प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने सम्बन्धी ज्ञापन सौंपा गया।

वरिष्ठता, पदोन्नति, पेंशन निर्धारण, सेवा पुस्तिका सत्यापन व पासबुक संधारण की मांग

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सौंपे गये ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव ने अपने स्थापना शाखा प्रभारियों से चर्चाकर बिन्दुसार शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा महेंद्र पाण्डेय, सहायक जिला परियोजना अधिकारी कवलसाय मरकाम उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव के प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह सहित जिला सचिव संजय कुमार राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, आईटीसेल प्रभारी अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर, जिला पदाधिकारी गुरूदीप छाबड़ा, शिवकुमार तिवारी एवं लिखेश्वर पाण्डेय शामिल रहे।

जिला चिकित्सालय कोंडागांव राष्ट्रीय स्तर पर हुआ सम्मानित

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत

कोण्डागांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिला अस्पताल कोंडागांव को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मानित किया गया। 28 जून को नयी दिल्ली मे स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय कोंडागांव का मूल्यांकन दिसंबर 2023 में राष्ट्रीय दल द्वारा लगातार 3 दिनों तक किया गया था। उक्त मूल्यांकन में अस्पताल के 17 विभाग गुणवत्ता के विभिन्न पैमानों में खरे पाए गए थे। जिला अस्पताल कोण्डागांव को कुल 91 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। यहां उल्लेखनीय यह रहा कि नयी दिल्ली की नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर टीम द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य मे एनक्यूएएस सेर्टिफाइड 14 जिला अस्पतालों में से सिर्फ कोंडागांव जिला अस्पताल को ही चयनित किया गया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला अस्पताल को सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी और जनता को निरंतर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने हेतु निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य करने हेतु जिला प्रशासन की ओर से निरंतर सहयोग प्रदान करने की बात कही।

संपादकीय

पिकनिक स्पॉट पर रहें सतर्क

महाराष्ट्र के भुशी डैम के पानी से लोनावला स्थित पर्यटन स्थल पर एक परिवार के कई सदस्यों के बह जाने के हादसे का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। तेज बहाव वाले पानी के बीचों-बीच एक चट्टान पर खड़े परिवार के कई सदस्य काफी समय तक एक-दूसरे को पकड़कर खड़े रहे और अंततः वे बह गये। कुछ ही जीवित बच पाये। इस घटना से साफ पता चलता है कि इन लोगों ने खतरे को खुद ही आमंत्रित किया जिसमें अनेक लोगों को प्राण गंवाने पड़े। असली बात यह है कि स्थानीय प्रशासन की ओर से चेतावनी के बोर्ड भी लगे होते हैं परन्तु लोग उनकी उपेक्षा कर अपने को खतरे में डालते हैं।

इस हादसे से सबक लेते हुए उन सभी जगहों पर प्रशासन की ओर से ऐसे सभी पर्यटन स्थलों पर ऐहतियाती कदम तो उठाने होंगे ही, मौज-मस्ती करने के लिये जाने वालों की भी स्वयं सतर्कता बरतनी चाहिये। बारिश अब लगभग जोरों से शुरू हो गयी है और उम्मीद है कि जल्दी ही नदी, नाले, तालाब आदि तो भरने ही लगेंगे, प्रदेश भर में कई स्थानों पर आकर्षक झरने भी फूटेंगे। इनका आनंद लेने के लिये लोग उमड़ पड़ते हैं। यह सही है कि भीषण गर्मी झेलने के बाद सभी लोग इन जलप्रपातों एवं नदियों का आनंद लेने के इच्छुक होते हैं। छत्तीसगढ़ में भी कई ऐसे बांध एवं झरने हैं जो लोगों को सम्मोहित करते हैं। जैसे ही अच्छी बरसात होती है, बड़ी तादाद में लोग अपने परिवारों और मित्रों के साथ पिकनिक मनाने इन जगहों पर पहुंचते हैं। बस्तर के चित्रकोट, तीरथगढ़, बीजकुडुम, तामड़ा घुमर, मेंढ़ी घूमड़, चित्रधारा, आदि तो प्रसिद्ध हैं ही, राज्य के कई जिलों में भी अनेक जलप्रपात हैं। इनमें कोरबा का रानी झरना, गोविंद झुंझा, खेतार, गरियाबंद के कई झरने भी हैं जो बहुत सम्मोहक होने के कारण लोगों को बरबस अपनी ओर खींचते हैं। धमतरी का गंगरेल व माड़मसिल्ली, बिलासपुर का खूंटाघाट, कोरबा का बांगो, मुंगेली का खुड़िया जैसे बांधों के लबालब होने पर भी लोग उन्हें देखने जाते हैं। पानी छोड़ने से इनके निचले इलाकों में अक्सर पानी भर जाता है। उन्हें तो पानी छोड़ने की सूचना दे दी जाती है लेकिन पिकनिक मनाने आये लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। अक्सर वे बीच के नालों या जंगलों में पिकनिक का आनंद लेते हैं या धारा के बीच में चले जाते हैं। देखते ही देखते जल स्तर इतना बढ़ जाता है कि उन्हें निकलने का रास्ता नहीं मिलता। इससे भी हर साल बड़ी संख्या में लोग डूब जाते हैं।

प्रशासन को ऐसे सभी स्थानों पर जहां इस प्रकार की परिस्थितियां बनती हैं, सभी ज़रूरी इंतज़ाम करने चाहिये। अधिक आवश्यक यह है कि नागरिक खुद सावधान रहें तथा ऐसा कोई कदम न उठायें जो उनके लिये खतरा बने।

उल्टा पुल्टा

अलग-अलग स्कूल में पढ़ने वाले दो दोस्त आपस में बात कर रहे थे.
चिंटू- भाई, इस ऑनलाइन क्लास में तो बहुत होमवर्क मिलता है. तेरी टीचर नहीं देती काम?
मिंटू- भाई बहुत काम देती हैं लेकिन मैंने उन्हें ब्लॉक किया हुआ है.

100 किलो से अधिक गैस के इस्तेमाल वाले हॉटल संस्थानों को लेना होगा विस्फोटक सुरक्षा संबंधी लाइसेंस



- गैस सिलेण्डर की डिलीवरी के साथ उपभोक्ता को रसीद भी उपलब्ध कराएं कंपनियां
- सिलेण्डर आपूर्ति कर्ता वाहन-ड्राइवर सहित पूरी जानकारी खाद्य अधिकारी को देनी होगी
- कलेक्टर के निर्देश पर शासकीय और निजी क्षेत्र की पेट्रोलियम वितरण कंपनियों के प्रतिनिधियों और वितरकों की बैठक

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। घरेलू एवं व्यवसायिक गैस सिलेण्डरों के सुरक्षित उपयोग और भण्डारण के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आज इस संबंध में जिले की शासकीय एवं निजी गैस वितरण कंपनियों के प्रतिनिधियों और वितरकों की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई। जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान राठौर ने बैठक की अध्यक्षता की और जरूरी निर्देश दिए। बैठक में गैस वितरण कंपनियों को सुरक्षा के निर्धारित सभी मानकों का पूरी तरह पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। इसी तरह कंपनियों को उपभोक्ताओं के अधिकार और उनकी सहुलियतों के लिए जरूरी सभी इंतजाम भी सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर ने घरेलू एवं व्यासायिक गैस उपभोक्ता को सिलेण्डर डिलीवरी करने पर उसकी रसीद भी अनिवार्यतः देने के निर्देश दिए ताकि रिकॉर्ड संधारित किया जा सके और विपरित परिस्थितियों में उसकी पहचान आसानी से की जा सके। इसके साथ ही अपर कलेक्टर ने जिले के सभी व्यावसायिक गैस उपभोक्ताओं को कंपनी द्वारा उपभोक्ता कार्ड भी अनिवार्यतः जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि व्यावसायिक रूप से गैस की आपूर्ति करने पर कार्ड में रिकॉर्ड दर्ज किया जाना चाहिए। कार्ड में रिकॉर्ड दर्ज नहीं करने पर गैस की आपूर्ति अवैध मानी जाकर संबंधित कंपनी के प्राधिकारी और वितरक के साथ-साथ उपयोग कर्ता के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी गैस वितरकों से पिछले चार महीनों में व्यावसायिक गैस सिलेण्डरों की डिलीवरी संबंधी लिखित जानकारी भी वितरकों से तलब की है। बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारियों सहित रायपुर जिले में कार्यरत सरकारी गैस कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम कंपनी सहित समांतर निजी गैस कंपनी के प्रतिनिधि थे।

एक सौ किलो एलपीजी रखने वाले हॉटल-संस्थानों को लेना होगा लाइसेंस- रायपुर जिले में एक सौ किलो या उससे अधिक एलपीजी गैस के सिलेण्डर एक साथ रखने वाले हॉटल-व्यावसायिक संस्थानों को अब सुरक्षा की दृष्टि से विस्फोटक सुरक्षा लाइसेंस लेना होगा। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान राठौर ने आज पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों और वितरकों की बैठक में इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

श्री राठौर ने कहा कि 100 किलो से अधिक द्रवीकृत गैस के सिलेण्डर एक साथ रखने वाले संस्थानों- होटलों के पास विस्फोटक सुरक्षा लाइसेंस अनिवार्य रूप से होना चाहिए। पेट्रोलियम कंपनी और वितरक दोनों संबंधित संस्था/होटल के विस्फोटक सुरक्षा लाइसेंस की एक प्रति भी अपने पास रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा इसकी आकस्मिक जांच कराई जाएगी। बिना लाइसेंस के एक सौ किलो या उससे अधिक एलपीजी एक साथ रखने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गैस डिलीवरी करने वाले वाहन, ड्राइवर आदि की जानकारी खाद्य विभाग को देनी होगी- बैठक में अपर कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि सभी गैस कंपनी-डीलर्स आगामी 15 दिनों में घरेलू और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर आपूर्ति करने वाले वाहनों के नंबर, ड्राइवर का नाम, वाहन का इंश्योरेंस, वाहन में लगे अग्निशामक यंत्र की नाप तील विभाग से स्टेंपिंग की जानकारी खाद्य विभाग को लिखित रूप से उपलब्ध कराएं। हर वाहन में वजन तौलने की मशीन अनिवार्य रूप से रहे। उपभोक्ता को देने से पहले सिलेण्डर की तौल कर देना सुनिश्चित करें। सभी गैस एजेंसी अपने गोडाउन का पता और कार्यरत कर्मचारी का नाम और नंबर भी अनिवार्य रूप से खाद्य अधिकारी को प्रदान करें। पेट्रोलियम कंपनी द्वारा रायपुर जिले में गैस डीलर की जांच नियमित समय पर की जाए और जांच रिपोर्ट की एक प्रति कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा को उपलब्ध कराएं।

बैठक में निर्देश दिए गए कि गैस एजेंसी सभी गैस उपभोक्ता को अनिवार्य रूप से होम डिलीवरी की सुविधा देंगे। जिन लोगों के पास सिंगल सिलेंडर है उनको डबल सिलेंडर रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाये। उपभोक्ता को बिल अनिवार्य रूप से दिया जाए। सारे कॉमर्शियल गैस उपभोक्ताओ से केवायसी भरवाया जाए। सभी गैस डीलर अपने पास जशप्रदा गैस सिलेंडर, भ्रै और खाली की जानकारी भी खाद्य अधिकारी को दें। प्राइवेट गैस डीलर अपने रेटिंग सर्टिफिकेट खाद्य अधिकारी को उपलब्ध कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर ने घरेलू सिलेण्डरों का अनाधिकृत रूप से होने वाले व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए सभी सहायक खाद्य अधिकारी-खाद्य निरीक्षकों को सार्वजनिक रूप से ठेले, गुमटी में एक महीने के भीतर कॉमर्शियल सिलेंडर लेने का शपथ पत्र भरवाने के भी निर्देश दिए।

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस से राजभानी रायपुर स्थित उनके निवास में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्यपाल श्री बैस को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंटकर उनका अभिवादन किया और उनसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

ईडी,ईओडब्लू के वकील को जान का खतरा, डीजीपी को दी सूचना

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस शासन काल में हुए महादेव सट्टा, शराब और कोल लेवी घोटाले के मामलों की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक डॉ.सौरभ पांडे ने अपने साथ अनहोनी की आशंका जताई है। डीजीपी अशोक जुनेजा,एडीजी गुप्त वार्ता अमित कुमार को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। डॉ पांडे को इन मामलों की पैरवी को लिए रायपुर और बिलासपुर के कोर्ट आना जाना पड़ता है। और हाल के दिनों में उनके साथ कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं। इसे देखते हुए उन्होंने जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। डॉ पांडे , बीते दो वर्ष से ईडी के साथ साथ एसीबी ईओडब्लू के लिए संयुक्त रूप से पैरवी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री को उत्कल समाज ने दिया रथयात्रा में शामिल होने का न्योता

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में विधायक पुरन्दर मिश्र के नेतृत्व में आये उत्कल समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय को प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस वर्ष 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रथयात्रा के आमंत्रण के लिए उत्कल समाज के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर डॉ पीके पात्रा, डॉ कमलाकांत भोई, नारायण भोई, उषा पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

महतारी वंदन योजना

छत्तीसगढ़ में 1.44 लाख महिलाओं का आधार अब भी लिंक नहीं, कैसे मिलेगी राशि

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन से महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन रही है। राज्य सरकार की ओर से महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह महिलाओं को एक.एक हजार रुपये की राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महतारी वंदन योजना की पांचवीं किस्त आज जारी करेंगे। योजना के अंतर्गत करीब 70 लाख महिलाओं के खाते में 653 करोड़ 84 लाख रुपए अंतरित किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए महिला के स्वयं के बैंक खाते में आधार लिंक और डीबीटी डायरेक्ट बैंक ट्रांसफ्र सक्रिय होना अनिवार्य है।

एनईएफटी के जरिए राशि हो रही ट्रांसफ्र

प्रदेश में 68.60 लाख हितग्राहियों ने खाता आधार लिंक कराया है जबकि 1.44 लाख महिलाओं का खाता आधार से लिंक नहीं है। विभाग के पास राशि नहीं मिलने की लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। हालांकि विभाग की ओर से हितग्राहियों को एनईएफटी ;नेशनल इलेक्ट्रानिक फंड्स ट्रांसफ्रद्ध के माध्यम से राशि निरंतर जारी की जा रही है। इससे कुछ महिलाएं अपने घरेलू बजट को व्यवस्थित कर पा रही हैं तो कुछ इस राशि को अपनी बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में खर्च कर रही हैं वहीं कुछ भविष्य के लिए निवेश कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि महतारी वंदन योजना आधार बेस्ड डीबीटी योजना है। आवेदन भरने के समय ही बैंक खाता आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय होने की शर्त रखी गई थी इसके बावजूद हितग्राहियों ने लापरवाही बरती है। डीबीटी सक्रिय नहीं होने की कुछ तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ता है। हितग्राहियों के खाते में राशि विलंब से पहुंचती है।

शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने में जुटा मैदानी अमला

छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना का शुभारंभ एक मार्च 2024 को किया गया था। 70 लाख से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन हुआ था।

विभाग ने विशेष अभियान चलाकर 63 लाख से अधिक हितग्राहियों का आधार डीबीटी से लिंक कराया था। 10 मार्च को पहली किस्त जारी की गई थी। 63.57 लाख हितग्राहियों को डीबीटी तथा 6.48 लाख को एनईएफटी के माध्यम से भुगतान किया गया था। विभाग का मैदानी अमला हितग्राहियों का आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने में जुटा है। विभाग जुलाई तक सभी शेष हितग्राहियों के बैंक खातों को आधार लिंक कराकर डीबीटी के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए प्रयासरत हैं।

नए आवेदन के लिए प्रक्रिया का इंतजार

प्रदेश में अभी भी ऐसी लाखों हितग्राही हैं, जो योजना से वंचित हैं। महतारी वंदन योजना 2.0 शुरू होने की उम्मीद लगाए बैठीं हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आश्वस्त किया था कि जुलाई से वंचितों का आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। बताते चलें कि महतारी वंदन योजना 1.0 के लिए राज्य शासन ने पांच फरवरी से 20 फरवरी 2024 तक आनलाइन और आफ्लाइन आवेदन जमा करने का समय दिया थे। इसके बाद नए आवेदन की प्रक्रिया को पोर्टल पर बंद कर दिया गया था। लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होते ही आवेदन जमा करने की प्रक्रिया बंद कर दी गई थी।

हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। हितग्राहियों का आधार डीबीटी से लिंक कराने में मैदानी अमला जुटा हुआ है। किसी तरह की शिकायत मिलने पर तत्काल निराकरण होता है।

-**तूलिका प्रजापति**, निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग

सहकारी बैंकों को आदर्श बैंक के रूप में विकसित करे : केदार

- सहकारी समितियों में अनियमितता बरतने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आज अटल नगर नवा रायपुर स्थित अपेक्स बैंक के सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

श्री कश्यप ने बैठक में कहा कि प्रदेश के सभी सहकारी बैंकों को आदर्श बैंक के रूप में विकसित किया जाए। किसान धान विक्रय के बाद स्वयं का पैसा निकालने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगाकर खड़े रहते हैं। इससे शासन की छवि खराब होती है। उन्होंने अधिकारियों को सभी बैंकों में पैसा निकालने आने वाले किसानों के लिए प्राइवेट बैंक की तरह पंखे और छाया-पानी आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पर्किल्पना के अनुरूप 'सहकार से समृद्धि' को साकार करने के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाई जाए और इसका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। श्री कश्यप ने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आने वाले किसानों को तत्कालिक रूप से राशि उपलब्ध कराने के लिए माइक्रो एटीएम सुविधा को भी सुदृढ़ करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को तत्कालिक रूप से जरूरत के लिए उपार्जन केन्द्र में राशि मिल सके।

सहकारिता मंत्री ने खाद-बीज वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों की मांग के अनुरूप खाद-बीज का वितरण किया जाए। सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद-बीज का भंडारण हो। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि खाद-बीज के संबंध में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में अनियमितता करने वालों के खिलाफ केवल राशि वसूली तक की कार्यवाही न हो, उन पर सख्त कार्यवाही भी की जाएगी।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि धान उपार्जन वर्ष 2023-24 के समितियों में शेष धान का शीघ्र उठाव कर लिया जाए तथा लेखा मिलान भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध है। इस खरीफ वर्ष में किसानों की मांग के अनुरूप 9 लाख 13 हजार 310 मीटरिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके विरूद्ध 6 लाख 96 हजार मीटरिक टन खाद का भंडारण समितियों में किया गया है।

राशनकार्ड का नवीनीकरण और ई-केवाइसी का काम जल्द करे पूरा : कलेक्टर

कलेक्टर ने ली खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने खाद्य विभाग के योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिले में राशनकार्ड नवीनीकरण 01 सप्ताह के भीतर 90 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। साथ ही राशनकार्ड सदस्यों के ई-केवाइसी और उनके मोबाईल नम्बर दर्ज करने का कार्य पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि राशनकार्ड धारियों को किसी भी प्रकार का समस्या का सामना ना करना पड़े। यह ध्यान रखें कि राशन के पूरा मात्रा में राशन का उपलब्ध है। इस खरीफ वर्ष में किसानों को बताया कि प्रदेश के किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध है। इस खरीफ वर्ष में किसानों को मांग के अनुरूप 9 लाख 13 हजार 310 मीटरिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके विरूद्ध 6 लाख 96 हजार मीटरिक टन खाद का भंडारण समितियों में किया गया है।

बैठक में बताया गया कि सितंबर 2022 की स्थिति में उचित मूल्य दुकानों का भौतिक सत्यापन में खाद्यान्न की कमी पाये जाने पर शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालनकर्ता के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किए गए है। कलेक्टर ने कहा कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय द्वारा जिन उचित मूल्य की दुकानों के विरूद्ध आरआरसी जारी किए गए है ऐसी उचित मूल्य दुकानों से तत्काल वसूली की कार्यवाही 01 सप्ताह के भीतर पूर्ण करने किया जाये।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि निरस्त एवं निलंबित दुकान से संबंधित प्रकरण का तत्काल निराकरण पूर्ण किया जावे तथा पुर्नआबंटन के लिए तत्काल कार्यवाही कर लिया जावे। उन्होंने कहा कि टोल फ्री नंबर, डी. जी. आर. ओ., खाद्य आयोग, जनदर्शन/जन चौपाल में प्राप्त शिकायत का तत्काल निराकरण किया जावे। उन्होंने मासिक निरीक्षण हेतु आबंटित रेण्डम दुकानों की जांच शत प्रतिशत करने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, खाद्य नियंत्रक भूपेन्द्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

पुरखौती मुक्तांगन में बनेगा कन्वेंशन सेंटर

छत्तीसगढ़ को पर्यटन के क्षेत्र में पहचान दिलाने की बृजमोहन अग्रवाल के प्रयासों को केंद्र से मिली मंजूरी

- राजिम में राजीव लोचन कॉरिडोर
- पांच प्रमुख शक्तिपीठों को जोड़ने की भी सहमति
- सिरपुर स्थित बागेश्वरी मंदिर के जीर्णोद्धार को केंद्र से मिली स्वीकृति

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री एवं वर्तमान में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के छत्तीसगढ़ को आस्था का केंद्र और धार्मिक पर्यटन के रूप में विश्व में पहचान दिलाने के प्रयासों के बाद केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने राज्य सरकार को पत्र जारी किया है।

निदेशक , पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार रोशन एम थॉमस ने पत्र जारी करते हुए जानकारी दी है कि, राजिम में राजीव लोचन कॉरिडोर निर्माण, रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन में कन्वेंशन सेंटर निर्माण, सिरपुर स्थित बागेश्वरी मंदिर का जीर्णोद्धार को 'छ्ब्ल्स्ब' योजना के तहत स्वीकृति प्रदान की गई है साथ ही पांच प्रमुख शक्तिपीठों रतनपुर में महामाया, चंद्रपुर में चंद्रहासनी, डोंगरगढ़ में बम्लेश्वरी, दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी देवी और सूरजपुर स्थित कुदरगढ़ मंदिर के विकास और उनको जोड़ने के लिए भी केंद्र से स्वीकृति प्रदान की है।

पत्र के अनुसार मंत्रालय, पर्यटन के क्षेत्र में आधारभूत संरचना के लिए तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) और स्वदेश दर्शन के तहत आर्थिक सहयोग प्रदान करता है। जिसके लिए डोंगरगढ़ स्थित बमलेश्वरी माता मंदिर को पहले ही 48.44 करोड़ रुपए प्रदान किए जा चुके हैं। साथ ही सूरजपुर स्थित कुदरगढ़ मंदिर और जशपुर-कुनकुरी-मैनपाट कमलेशपुर-महेशपुर ङ्क कुरदार सरोधादार -गंगरेल -कोंडागांव नथियानवागांव ङ्क जगदलपुर चित्रकोट, तीरथगढ़, के विकास के लिए 96.10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी गई है। इसके अलावा स्वदेश दर्शन2.0 के तहत 2 अन्य गंतव्यों को भी चिन्हित किया गया है। जिसके लिए मंत्रालय द्वारा परियोजना विकास प्रबंधन सलाहकार (छ्ब्ल्स्ब) की चयन प्रक्रिया जारी है। निदेशक, केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने राज्य सरकार से पूरा प्रस्ताव और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट मांगी है। साथ ही राज्य में चल रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति और प्रगति रिपोर्ट भी मांगी है।

बता दें मंत्री पद पर रहते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने राजिम में राजीव लोचन कॉरिडोर, रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन में कन्वेंशन सेंटर, सिरपुर स्थित बागेश्वरी मंदिर का जीर्णोद्धार, शक्ति पीठ परियोजना के तहत पांच प्रमुख शक्तिपीठों के विकास और उनको जोड़ने और सूरजपुर स्थित कुदरगढ़ मंदिर के विकास के साथ ही मैनपाट, चित्रकूट, तीरथगढ़, गंगरेल आदि स्थलों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, वहां ज्यादा से ज्यादा विकास करने का छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था। जिसके बाद विभाग की तरफ से कार्यों बनाकर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय को भेज दी गई थी।

जैन समाज का चातुर्मास 20 से प्रारंभ होगा

रायपुर, 2 जुलाई। नगर में इस वर्ष भी जैन समाज के अनेक चातुर्मास हो रहे हैं, फलस्वरूप जैन संतों एवं साध्वियों के आगमन भी प्रारंभ हो चुके है। उक्त जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश बरलोटा ने बताया इस वर्ष चातुर्मास बीस जुलाई से प्रारंभ हो रहे हैं।

कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से वितरित पुस्तकों की ली जानकारी, बैग खोलकर भी देखा

- कलेक्टर पहुंचे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बच्चों से की बातचीत
- जर्जर स्कूल बिल्डिंग को नष्ट करने के निर्देश

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह धरसींवा के ग्राम कुरा में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पहुंचे। कलेक्टर ने स्कूल से निकलने वाले बच्चों को रूकवाया और उनके बैग को खोलकर स्वयं देखा और वितरित पुस्तकों की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्कूल की तरफ से पुस्तकें मिलने की बात पूछी। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर को बताया कि पुस्तकें मिल चुकी है और सुरक्षित करने कवर भी लगा दिए है। इस पर कलेक्टर ने कहा कि अच्छे से पढ़ाई कीजिए। कलेक्टर ने कुरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पहुंचकर बच्चों से बातचीत की। कलेक्टर ने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और स्कूल खुलने के टाइमिंग को भी पूछा। साथ ही स्कूल परिसर के जर्जर और पुराने भवन को नष्ट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उस स्थान को उपयोगी बनाने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद और एसडीएम नंदकुमार चैबे उपस्थित थे।

कलेक्टर ने चखा मध्याह्न भोजन का स्वाद

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ग्राम कुरा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मध्याह्न भोजन कीचन का अवलोकन किया। कलेक्टर ने जल्द ही कीचन शेड को सुधार करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर कुरा के आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचे और मध्याह्न भोजन का स्वाद चखा। कलेक्टर ने वहां की व्यवस्थाओं को भी देखी। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बाहर पौधरोपण करने के निर्देश दिए और फेंसिंग करने के लिए भी कहा। इसके अलावा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुरा के मध्याह्न भोजन कीचन का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए।

अस्पताल में कलेक्टर डॉ. गौरव से नन्हे गौरव की हुई मुलाकात

कलेक्टर ने पूछा- इलाज और दवा मिल रहा, मरीज बोले-हां मिल रहा है

- ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट होगा जल्द शुरू, कलेक्टर ने जल्द पूर्ण करने दिए निर्देश
- गर्भवती महिलाओं को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के दिए निर्देश

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। मां के साथ अस्पताल में पहुंचे नन्हें बच्चे को देखकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ठहर गए। कलेक्टर ने नन्हें बच्चे से नाम पूछा तो उसने अपना नाम गौरव बताया। इतने में कलेक्टर ने कहा कि हम दोनों एक नाम के है। कलेक्टर ने नन्हें गौरव से उसकी पढ़ाई के बारे में पूछा। फिर बेहतर भविष्य की कामना करते हुए आगे की पढ़ाई जारी रखने की बात कहीं। यह वाक्या धरसींवा के सामुदायिक केंद्र में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह द्वारा निरीक्षण के दौरान देखने को मिला। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कई मरीजों से बातचीत की और इलाज के बारे में जानकारी ली। सभी ने अस्पताल में बेहतर सुविधा और उपचार मिलने पर संतुष्टि जताई। कलेक्टर ने चिकित्सा कक्ष की व्यवस्थाओं को भी देखा। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में तैयार हो रहे ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए और शुरू करने को कहा।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कुरा के हमर क्लिनिक और ग्राम बरबंदा के उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मरीजों से भी बातचीत की और सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्टॉक दवाओं में एक्सपायरी डेट का ध्यान रखा जाए। किसी भी मरीज को एक्सपायरी डेट की दवा वितरित न की जाए। मरीजों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे उपस्थित थे।

संजय नगर पानी टंकी का निर्माण पूरा

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक 6 के जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने जानकारी दी है कि नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा अमृत मिशन फेस-2 के तहत संजय नगर में 34 लाख लीटर क्षमता के नवीन उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है और संजय नगर क्षेत्र जोन कमांक 06 के क्षेत्र के अंतर्गत शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड कमांक 62 एवं शहीद बिग्रेडियर उस्मान वार्ड कमांक 63 के अंतर्गत टिकरापारा के प्रस्तावित क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूशन वाटर सप्लाई पाईन लाईन बिछाये जाने व घरेलू नल कनेक्शन, वॉटर मीटर सहित प्रदाय किये जाने का कार्य पूर्ण करते हुए टेस्टिंग कमीश्निंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है. जो हितग्राही किसी कारणवश अब तक घरेलू नल कनेक्शन नहीं ले पाये हैं, वे दिनांक 10 जुलाई 2024 तक संबंधित जोन 6 कार्यालय के जोन जल विभाग में संपर्क कर आवेदन सम्पतिकर एवं आधार कार्ड की छायाप्राप्ति अनिवार्य रूप से आवेदन के साथ प्रस्तुत कर सकते है, ताकि अतिशीघ्र घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किया जा सके। इस अंतिम नियत तिथि दिनांक 10 जुलाई 2024 के पश्चात् अमृत मिशन योजना से इन क्षेत्रों में घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय नही किया जायेगा। इसके उपरांत उक्त हितग्राहियों को नगर निगम का पूर्ववत घरेलू नल कनेक्शन नियमानुसार कार्यवाही करने के पश्चात दिया जायेगा। जोन 6 जोन कमिश्नर ने आगे जानकारी दी है कि नियमित जलप्रदाय के दौरान पानी कम आने, प्रेशर की कमी, लीकेज आदि की सूचना भी कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड नम्बर 62 और शहीद ब्रिगेडयर उस्मान वार्ड नम्बर 63 से संबंधित क्षेत्रों के लिए नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 6 के उप अभियंता जल हिमांशु चंद्राकर को उनके मोबाइल नम्बर 8982203765 पर दी जा सकती है।

पंजाब नैशनल बैंक के महाप्रबंधक आशीष चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। छ.ग. राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पंजाब नैशनल बैंक, के महाप्रबंधक (अंचल प्रबंधक छ.ग. एवं झारखंड) आशीष चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री कार्यालय में भेंट की। आशीष चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को बैंक की सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा रिटेल (गृह, वाहन, शिक्षा ऋण इत्यादि) तथा व्यवसाय व उद्यम ऋण के बारे में बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी। अंचल प्रबंधक ने मुख्यमंत्री महोदय को अवगत कराया कि रायपुर अंचल कार्यालय के तहत पंजाब नैशनल बैंक की छ.ग. राज्य के प्रत्येक जिले में कुल 182 शाखाएं हैं। बैंक द्वारा ग्राहकों को खुदरा ऋण, गृह ऋण, कृषि ऋण औद्योगिक तथा व्यवसाय संबंधी ऋण आदि त्वरित रूप से प्रदान किए जाते हैं। बैंक के वर्तमान व्यवसाय, बैंक की विभिन्न ऋण एवं जमा योजनाओं एवं छ.ग. के विभिन्न जिलों में कार्यरत शाखाओं द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बैंक द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे विकास कार्यों, योजनाओं एवं पंजाब नैशनल बैंक की प्रदेश में विशेष भूमिका को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने पंजाब नैशनल बैंक द्वारा राज्य में समाज के प्रति किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों को काफी सराहा। मुख्य मंत्री द्वारा राज्य में पंजाब नैशनल बैंक की शाखाओं को बढ़ाने हेतु भी कहा गया। इस अवसर पर चैता कुमार पंडा, मुख्य प्रबंधक, अंचल कार्यालय, रायपुर भी उपस्थित थे।

चिकित्सक दिवस पर महिला चेम्बर ने किया रक्तदान

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा बताया कि चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में श्री नारायणा हॉस्पिटल एवं महिला चेंबर के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन श्री नारायणा हास्पीटल, देवेन्द्रनगर, रायपुर में किया गया जहां महिला चेम्बर के सदस्यों एवं आमजनों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में डॉ. प्रीतम अग्रवाल-चिकित्सा अधीक्षक, हड्डी रोग विशेषज्ञ, कंधे एवं घुटने के विशेषज्ञ, डॉ. ए. चंद्रा राव-वरिष्ठ गहन विशेषज्ञ, डॉ. धनंजय प्रसाद- पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक प्रमुख, डॉ. अंकिता पटेल-बच्चों का चिकित्सक, डॉ.नयन सिंह-आपातकालीन प्रभारी, श्री अतुल सिंघानिया-प्रबंध निदेशक, डॉ. मेघा खेमका प्रशासनिक अधिकारी श्री नारायणा हास्पीटल, रायपुर ने अपना भरपूर सहयोग दिया।श्रीमती अरोरा ने बताया कि चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान हेतु लोगों में जागरूकता लाने तथा रक्तदान करने से होने वाले लाभ की जानकारी देने श्री नारायणा हॉस्पिटल एवं महिला चेम्बर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु रक्तबीरों एवं चिकित्सकों का महिला चेम्बर द्वारा सम्मान किया गया। श्रीमती अरोरा ने आगे कहा कि समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए जब बड़ी जिम्मेदारी कंधे पर सवार होती है तो संघर्षों का सामना, राह में रुकावटें बनना सहज है, परंतु वही आपको जीवन वृहद प्रबंधन का गुण भी सिखाती है।

सार-संक्षेप

हिंदी श्रेष्ठ सम्मान की प्रविष्टि 15 तक आमंत्रित

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन द्वारा कक्षा दसवीं में अपनी स्कूल में हिंदी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को रायपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 'हिंदी श्रेष्ठ सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया की इस सम्मान हेतु शाला के प्राचार्य संबंधित छात्र की सत्यापित अंक सूची लेटर हेड पर प्रमाणित करते हुए वाट्स एप पर भेज सकते हैं। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 15 जुलाई निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 9575467733 पर संपर्क कर सकते हैं।

महतारी वंदन योजना का पैसा लोकसभा के बाद नहीं मिलेगा बोलने वाले कांग्रेसी माफी मांगे : रंजना साहू

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना साहू ने 'मोदी की गारंटी' के तहत दिए गए वादे के मुताबिक महतारी वंदन योजना की पाँचवीं किश्त की राशि महिलाओं के खाते में अंतरित किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया है। श्रीमती साहू ने कहा कि सत्ता में आते ही प्रदेश सरकार ने अपने वादों पर तेजी से अमल करके देशभर में एक मिसाल कायम की है और यह प्रमाणित किया है कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के लोग कहते थे कि महतारी वंदन योजना लागू नहीं होगी, किसी को पैसा नहीं मिलेगा। फिर भाजपा चुनाव जीती तो कांग्रेस को लोग कहने लगे कि पैसा नहीं मिलेगा। महतारी वंदन योजना की पहली एवं दूसरी किश्त देने के बाद भी कांग्रेस पार्टी कह रही थी कि अब अगली किश्त नहीं मिलेगी। उसके बाद भी मिल गई तो कहने लगे कि लोकसभा चुनाव के बाद नहीं मिलेगी। लोकसभा चुनाव के बाद भी किश्त मिल गई, लेकिन कांग्रेस के लोग फिर कहने लगे कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद यह राशि नहीं मिलेगी। वह राशि भी नतीजे आने के बाद प्रदेश की महिलाओं को मिल गई। श्रीमती साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने पाँच बार झूठ बोला, इसके लिए कांग्रेस के सारे नेताओं को छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों से तुरंत माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के नेता झूठ की राजनीति करते हैं। अब यह स्पष्ट बयान पब्लिक डोमेन में मौजूद है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व मीडिया प्रमुख ने कहा था कि महतारी वंदन योजना की राशि नहीं मिलेगी लेकिन मिल गई है तो अब उन सबको माफी मांगनी चाहिए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने कहा कि सोमवार, 01 जुलाई को मुख्यमंत्री श्री साय ने महतारी वंदन योजना की पाँचवीं किश्त सीधे 70 लाख लाभार्थी विवाहित महिलाओं के खाते में अंतरित करके महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के संकल्प को पूर्ण किया है। विधानसभा चुनाव के दौरान व्यक्त किए गए अपने इस संकल्प की पूर्ति करते हुए सत्ता में आने के तीन महीनों के भीतर ही प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस योजना पर अमल शुरू कर दिया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च को इस योजना की पहली किश्त जारी की थी जो बिना किसी बाधा के नियमित महिलाओं तक हर महीने पहुँच रही है और प्रदेश की महिलाएँ इस राशि से परिवार, बच्चों की शिक्षा, निवेश आदि में अर्थ-प्रबंधन को सुचारू दिशा प्रदान कर रही हैं।

संस्कृत के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए गुरुदेव ने इस विद्यालय की स्थापना की थी : राजेश्री महंत

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में स्थित ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक दृष्टि से प्रमुख स्थान श्री दूधाधारी मठ द्वारा संचालित प्राच्य संस्कृत विद्यालय में आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी (योगिनी एकादशी) के पावन अवसर पर दिनांक - 02/07/2024, मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया, इसमें श्री दूधाधारी मठ, रायपुर एवं श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर डॉ राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महराज विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने प्रवेश उत्सव के संदर्भ में अपने संदेश में कहा है कि- छत्तीसगढ़ राज्य में संस्कृत के प्रचार प्रसार एवं विकास को ध्यान में रखकर पूज्य गुरुदेव राजेश्री महन्त वैष्णव दास जी महाराज ने प्राच्य संस्कृत विद्यालय की स्थापना की थी, इस विद्यालय ने अपने स्थापना के वर्ष से लेकर आज पर्यंत देव वाणी संस्कृत के प्रचार-प्रसार में अपना अमूल्य योगदान दिया है आने वाले समय में भी हम निरंतर इसके उन्नति के हर संभव प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ तोयनिधि वैष्णव जी,विद्यालय के प्राध्यापक द्वय श्री तिवारी जी, श्री मिश्रा जी, श्री दूधाधारी मठ न्यास के न्यासी श्री सुखराम दास जी, मुक्तियार रामछबि दास जी, छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुरेश शर्मा जी, रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा जी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे, अतिथियों ने छात्रों को तिलक एवं अक्षत लगा कर सम्मानित किया। सभी छात्रों ने स्वस्तिवाचन करते हुए प्रवेशोत्सव का पर्व संपादित किया तत्पश्चात् छात्रों को मिष्ठान वितरण किया गया।

प्राच्य संस्कृत विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

विदित हो कि देववाणी संस्कृत भाषा के प्रचार - प्रसार एवं उसे जन - जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस विद्यालय की स्थापना श्रद्धेय राजेश्री महन्त वैष्णव दास जी महराज के द्वारा 24 अप्रैल 1936 को (शुभारंभ) किया गया था, तबसे लेकर आज पर्यन्त अनेक छात्र विद्याध्ययन करके भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों में सेवा प्रदान कर रहे हैं।

राहुल ने हिन्दू को हिंसक नहीं बताया भाजपाई कर रहे दुष्प्रचार : भूपेश

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। संसद में दिए गए राहुल गांधी के भाषण पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उन्होंने हिंदू को हिंसक नहीं बताया है। उनके खिलाफ भाजपाई दुष्प्रचार कर रहे हैं।दरअसल, भाजपा और आरएसएस का इतिहास हिंसा और डराने का रहा है। कांग्रेस ने हमेशा सर्वधर्म, अहिंसा और भाईचारा की बात की है।

राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में भूस बघेल ने कहा कि भाजपा और संघ का राष्ट्रवाद भारतीय परम्परा का नहीं है।भाजपा का राष्ट्रवाद मुसोलिनी और हिटलर का राष्ट्रवाद है। हमारा राष्ट्रवाद गांधीजी और संतों का दिखावा राष्ट्रवाद है।उन्होंने कहा कि भाजपा की सत्ता विरोधियों को दबाने का प्रयास करती रही है।मोदी सरकार आज नीट के मामले में मौन है, और इस पर चर्चा नहीं करना चाहती।

उन्होंने कहा कि पहली बार संसद में भाजपा की सरकार बैकफुट पर आई। हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व भाजपा नहीं करती है। भाजपा राहुल गांधी के बयान को गलत ढंग से पेश कर रही है।उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी असल हिंदू नहीं है।क्योंकि वो तो हिंदू परंपरा का पालन ही नहीं कर रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के समय मोदी सपत्नीक क्यों नहीं थे? शास्त्र में विवाहित पुरुष बिना पत्नी के पूजा नहीं करता। मां का निधन हुआ तो मुंडन भी मोदी नहीं कराए थे? हिंदू परंपरा में मुंडन अनिवार्य है।

अभी और गुमनाम चिट्ठियां आएगीं

गुमनाम पत्र को लेकर एक सवाल के जवाब में भूपेश बघेल ने कहा अभी और गुमनाम चिट्ठियां आएगी।पुराने कलाकार सामने आ रहे हैं। जिन्होंने पत्र लिखा है वे कांग्रेस में है क्या।

राजनादगांव सांसद ने मुझ पर लोकसभा के अंदर गंभीर आरोप लगाया है। मै सदन का सदस्य नहीं हूं।मुझ पर निराधार आरोप लगाने के लिए लोकसभा स्पीकर को पत्र लिख रहा हूं। वे अब मुख्यमंत्री नहीं है।केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है तो अब यह महादेव सट्टा ऐप क्यों चल रहा है।

तूता धरना स्थल में क्रेडा कर्मचारियों का आज से अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के क्रेडा कर्मचारियों के द्वारा अनुबंध पत्र बनाए जाने के विरोध में 2 जुलाई मंगलवार से नया रायपुर ट्टा धरना स्थल में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया गया कर्मचारी नेता विजय कुमार झा एवं क्रेडा कर्मचारी संघ अध्यक्ष भूपेंद्र साहू ने बताया है कि बरसते पानी में शहर से 18 किलोमीटर दूर रोजी-रोटी के लिए धरना प्रारंभ किया गया है।छत्तीसगढ़ राज्य में भूपेश बघेल सरकार द्वारा बूढ़ा तालाब धरना स्थल को स्थानांतरित कर तूता 18 किलोमीटर दूर स्थापित किया गया था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार के विरोध में वर्तमान में भाजपा के वरिष्ठ नेता मंत्रीगण तूता धरना स्थल जाकर कर्मचारियों के आंदोलन को संबोधित करते हुए तूता धरना स्थल का विरोध करते थे। अब समय आ गया है कि सरकार बनने के बाद कर्मचारियों से वादा को पूरा किया जाए। नेता द्वय ने कहा है कि आज 2 जुलाई मंगलवार को केडा में संविदा कर्मचारियों से अनुबंध पत्र भराने के विरोध में भूपेंद्र साहू के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। लगातार नया बस स्टैंड में शहर से कुछ दूर होने के कारण मारपीट गुण्डा गर्दी होती है। इसलिए नया बस स्टैंड को धरना स्थल घोषित कर बस स्टैंड को पुनः वापस पंडरी स्थानांतरित कर दिया जाए।

यदि ऐसा किया जाना संभव नहीं है तो रविशंकर विश्वविद्यालय के सामने नगर परिवहन के डिपो की खाली सरकारी जमीन अथवा पंडरी पुराना बस स्टैंड के पीछे की सरकारी जमीन को धरना स्थल घोषित किया जाए। लोकतंत्र में धरना प्रदर्शन संवैधानिक अधिकार है। जिससे वंचित होना पड़ रहा है। श्री झा ने कहा है कि खेद का विषय है कि राजनीतिक दल के लोग नगर निगम सीमा, अंबेडकर चौक, जयस्तंभ चौक, बूढ़ातालाब, आजाद चौक आदि में धरना प्रदर्शन कर लेते हैं। केवल तूता धरना स्थल शासकीय कर्मचारियों के लिए ही दूर किया गया है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत व संविधान की नीतियों के विपरीत है। इसलिए तत्काल नगर निगम सीमा में धरना स्थल स्थापित किया जाए। श्री झा ने धरनारत क्रैडा कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए पूर्ववर्ती सरकार के पदचिन्हों पर चलकर अनुबंध पत्र भराए जाने की निंदा की है। आज के प्रदर्शन में कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों से अनुबंध पत्र बनाए जाने की विरोध में पंकज टिकरिया, धनू सलाम, लीलधार साहू, खिलेंद्र कुमार,तलवेंद्र सिंह, अशोक राजपूत, मनोज साहू, उत्तम उपाध्याय,नरेंद्र सिन्हा, मंकु राम आदि के नेतृत्व में धरना प्रारंभ किया गया। जो अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा।

निधन

जीवनलाल देवांगन

राजनांदगांव, 2 जुलाई। मोतीपुर



वार्ड क्रमांक 3 के प्रतिष्ठित नागरिक जीवनलाल देवांगन का 2 जुलाई को निधन हो गया। श्री देवांगन विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे वरिष्ठ पत्रकार मिथलेश देवांगन के बड़े भाई थे। वे अपने पीछे पत्नी, सुपुत्र मुकेश देवांगन, रूपेश देवांगन के अलावा पोते-पोतियों, नाती-नातियों से भरापूरा परिवार छोड़ गए। श्री देवांगन का अंतिम संस्कार मोतीपुर मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद व भाजपा नेता मधुसूदन यादव, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, सावन वर्मा सहित समाज के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही।

राघवा प्रसाद ताम्रकार

दुर्ग, 2 जुलाई। सिकोला भाठा

निवासी राघव प्रसाद ताम्रकार 74 वर्ष पिता स्व. इतवारी लाल ताम्रकार का निधन आज 2 जुलाई को हो गया उनका अंतिम संस्कार आज 3 जुलाई को हरनाबाधा मुक्तिधाम में प्रात: 10 बजे किया जाएगा। वे कल्याण (कल्लू) ताम्रकार के बड़े भाई थे, विनय, विशाल, योगेश एवं विनीता, विद्या के पिता थे।

गुरप्रीत सिंह लूथरा

दुर्ग, 2 जुलाई। कादम्बरीनगर

दुर्गा मंदिर रोड निवासी गुरप्रीत सिंह लूथरा (45) पिता स्व. एच.एस. लूथरा का आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल 3 जुलाई को हरना बांधा मुक्तिधाम में किया जायेगा। कल सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान कादम्बरी नगर से शवयात्रा निकाली जायेगी। वे जगप्रीत सिंह लूथरा (राजा) के छोटे भाई थे।

जैन समाज ने कोतवाली थाने का किया घेराव

बीती रात हुए बलवे के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर जताई नाराजगी

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी के शैलेन्द्र नगर इलाके में बीती रात करीब आधा दर्जन युवकों ने एक बिल्डर और उसके परिवार वालों पर लाठी डंडे और रॉड से हमला कर दिया इस दौरान आसपास के लोग जमा हो गए और उनमें से 3 लोगों को पकड़ लिया जबकि अन्य मौके से फरार हो गए पुलिस ने देर रात मामले में एफआईआर दर्ज कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया है इस बीच आज एक बार फिर बड़ी संख्या में समाज के लोग कोतवाली पहुंचे और फरार आरोपियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग करते हुए थाने का घेराव कर दिया ब्रह्मभ बिल्डर के ओनर पीड़ित ब्रह्मभ कटारिया ने पुलिस को शिकायत में बताया कि सोमवार को उनके भतीजे का जन्मदिन था इसलिए घर में कई रिश्तेदार आए हुए थे उनके घर के सामने आए हुए मेहमानों की कारें खड़ी थीं शाम को एक बुलेट सवार ने घर के बाहर खड़ी दो कारों को ठोकर मार दी शोर सुनकर सभी लोग घर

से बाहर निकले बुलेट सवार युवक नीचे गिरा पड़ा था जिसे हमने उठाया पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मोक्ष राय बताया हमने उससे कहा कि अपने पेरेंट्स को बुलाओ लेकिन उसने इसकी जगह अपने दोस्तों को फोन कर दिया करीब 10 मिनट बाद आधा दर्जन

सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

युवक वहां पहुंच गए और बातचीत करने की बजाय पिटाई शुरू कर दी ब्रह्मभ कटारिया ने पुलिस को शिकायत में बताया कि मारपीट करने आए युवकों ने बेस बैट रॉड और डंडे से मारपीट की है जिससे उनके दाहिने कंधे बाएं हाथ कमर और सिर पर चोट आई है साथ ही उनके बड़े भाई प्रीतेश कटारिया अखिलेश कटारिया छोटे भाई सुरेश और पिता बसंत कटारिया को भी चोटें आई हैं घर में काम करने वाले सुपरवाइजर और परिवार की महिलाओं से भी मारपीट की गई है पीड़ित ने बताया कि घटना के दौरान आसपास के लोग जमा हो गए थे जिन्होंने तीन युवकों को पकड़ लिया जबकि उनके बाकी साथी भाग निकले इन लोगों ने अपना नाम मोक्ष राय राजदीप आर्य और संजू भारती बताया है बता दें कि इस घटना के बाद पीड़ित परिवार कोतवाली थाना पहुंचा थोड़ी देर बाद देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई जिसके बाद देर रात जैन समाज के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर थाने का घेराव कर दिया था मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 281, 191;2, 191;3 333, 296,351,115 ;2,324;4,324;5 के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया है जबकि अन्य की तलाश जारी है

ऑपरेशन निजात: पुलिस ने 3 किलो अफीम के साथ एक युवक को पकड़ा

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत श्याम नगर स्थित गुरुनानक चौक के पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम की बिक्री करते हुए आरोपी सुंदर सिंह को पकड़ा गया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 3 किलो 210 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम और बिक्री की रकम 3,23,800 रुपये जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 6,43,800 रुपये आंकी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन में रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी थाने और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्रवाई के लिए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को नशे की सामग्री की बिक्री और सप्लाई

करने वालों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। 1 जुलाई को थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम को सूचना मिली कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत श्याम नगर स्थित गुरुनानक चौक के पास एक व्यक्ति अपने पास मादक पदार्थ अफीम रखे हुए है और उसकी बिक्री कर रहा है। थाना प्रभारी तेलीबांधा निरीक्षक विनय सिंह बघेल को आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में और थाना प्रभारी तेलीबांधा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिये के व्यक्ति को पकड़ कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुंदर सिंह निवासी तेलीबांधा रायपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 03 किलो 210 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम और 3,23,800६ रुपये जब्त किए गए। आरोपी के खिलाफथाना तेलीबांधा में धारा 18 नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

खाद्य विभाग का छापा, डेयरी में मिली 50 किलो सड़ी मलाई

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। खाद्य विभाग ने राजधानी के अवंती बाई चौक स्थित रामा डेरी में छापा मारा। यहाँ से टीम को करीब 50 किलो सड़ी हुई मलाई मिलीए जिसे नष्ट करवाया गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पिछले कई दिनों से विभाग को सूचना मिल रही थी कि रायपुर की कई डेरी में अनहाईजेनिक तरीके से दूध.दही बेचा जा रहा है। टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए मंगलवार को अवंती बाई चौक के रामा डेरी पहुंची जहाँ जंग लगी ट्रे में मलाई रखी हुई मिली। अधिकारियों ने जब दुकान के अंदर रखे डीप फ्रिजर को खुलवाया तो गंध से अधिकारी खुद परेशान हो गए। फ्रीज के अंदर कई दिनों से रखा हुआ क्रीम मौजूद थाए जो पूरी तरह से सड़ गया था और उसका रंग सफेद से मटमैला हो गया था। खाद्य विभाग की टीम ने इस सड़े क्रीम को नष्ट किया और दुकान में मौजूद दूध दही और क्रीम के सैंपल भी जब्त किए। अधिकारियों के अनुसारए राजधानी के विभिन्न डेरी में यह कार्रवाई जारी रहेगी।

सड़क हादसे रोकने मवेशियों को गौशाला व कांजी हाउस में शिफ्ट करे : गौरव सिंह

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सड़कों में आवारा मवेशियों को विचरण करता पाया जाए तो सभी विभागों का यह कर्तव्य है कि वे प्राथमिकता के आधार पर इसकी सूचना नगर निगम और यातायात पुलिस को प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम रायपुर एवं यातायात पुलिस रायपुर द्वारा लगातार काऊ कैप्चर टीम के साथ पेट्रोलिंग की जाए। शहर के भीतर कहीं पर भी घुमंतु आवारा मवेशी पाये जाने पर तत्काल किसी सुरक्षित गौशाला कांजीहाउस में शिफ्ट करें। यह बात डॉ गौरव सिंह ने कही। उनके अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज रेडक्रास सोसायटी सभागार में हुई। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा समिति के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित हुए। इस दौरान कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा सुधार एवं बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

प्राधिकरण से उपस्थित अधिकारियों को रिंग रोड नम्बर.01 में तेलीबांधा थाना के सामने चौक का आइलैण्ड को छोटा करने और शहर प्रवेश मार्ग को चौड़ा करने कहा गया। साथ ही विशाल नगर की ओर से आने वाले रोड में मिलाने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को कमल बिहार चौक में सिग्नल लगाया जल्द से जल्द कनेक्टिविटी सर्विस रोड को चंद्रा आईकान बिल्डिंग तक अधूरे सर्विस देकर चालू करने बताया गया। इसी प्रकार नगर पालिक निगम बीरगांव आयुक्त को भनपुरी तिराहा से धनेली नालाए सिलतरा अंडरब्रिज बायपास पहुंच मार्ग तक उचित स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था करने एवं खराब विद्युत बल्बों को तत्काल बदलने के लिए कहा गया। नगर पालिक निगम रायपुर को शहर के अन्दर 16 प्रमुख चौक चौराहों में लेफ्ट टर्न फ्री रखने के लिए लगाये गये। फ्लेक्सिबल इस्प्रिंग पोस्ट जो जहां पर क्षतिग्रस्त एवं टूट गए है जिन्हे तत्काल सुधारने कहा गया। साथ ही शहर के भीतर विभिन्न मार्गों के किनारे स्थित झाडिय़ां और वृक्ष जिनके कारण से यातायात बाधित होता है। उन्हें हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही लोक निर्माण विभाग को तेलीबांधा अवंति विहार तिराहा एक्सप्रेसवे ब्रिज के नीचे खाली जगह को यातायात थाना तेलीबांधा के लिए यातायात पुलिस को आबंटित करने निर्देश दिए गए।

धारदार चाकू के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व चाकूबाजो के ऊपर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से चाकू रखे चाकूबाज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला की रिंग रोड नंबर 1 कुशालपुर चाय टपरी के पास एक लड़का काई कलर का शर्ट,नीला जींस पहना है जो अपने पास अवैध रूप से चाकू रखा है की सूचना पर तत्काल कोई गंभीर अपराध की घटना घटित न हो की आशंका पर घटनास्थल पर रवाना हुआ मुखबिर के बताए अनुसार लड़के को पकड़ कर तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध रूप से नोकदार धारदार चाकू रखे मिला आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

नए कानून के तहत मंदिर हसौद थाना में पहली एफआईआर दर्ज

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। रात 12 बजे एक जुलाइ सोमवार से देशभर में नया कानून लागू हो गया। इसके साथ ही अंग्रेजों के जमाने का कानून खत्म हो गया। नए कानून के तहत जिले में पहली एफआइआर मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई। रात 1. 00 बजे जिले के मंदिर हसौद थाने में मारपीट के मामले में एफआइआर हुई। नए कानून के अस्तित्व में आने पर सोमवार को सभी थानों में उत्सव मनाया गया।

राजधानी के मंदिर हसौद थाना में नोहर दास राजे की रिपोर्ट पर पुलिस ने अमित सिंहराजपूत के खिलाफगाली.गलौज और जान से मारने की धमकी देने का अपराध दर्ज किया है। धारा 296 351 ;2 भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पहले यह 294 506 आइपीसी के तहत दर्ज होता था। इसके बाद अभनपुर पुलिस ने संतोष सिंह की शिकायत पर रात तीन बजे मर्ग कायम किया है। परसदा में बीमारी से परेशान होकर टीकम निषाद की खुदकुशी कर ली। पूर्व में मर्ग में सीआरपीसी की धारा 174 लगती थी बीएनएसएस में नई धारा 194 दर्ज की गई है।

नई धारा देखने चार्ट की मदद

नए कानून लागू होने के बाद शहर के अलग.अलग थानों में उत्साह देखने को मिला। विधायक और मंत्री भी थाने में पहुंचे। वहीं थानों का जब जायजा लिया गया तो पाया गया की एफआइआर दर्ज करने वाले मुंशी पूरे दिन नए और पुराने कानून को समझने से लेकर धाराओं को अध्ययन करते मिले।

एक जुलाई के पहले के अपराध की जांच पूर्व की तरह

एक जुलाई से पहले जो अपराध दर्ज किए गए हैं। उसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा। वह जांच उसी आधार पर की जाएगी। नए जांच नए धाराओं के तहत होगी। जिसके लिए समय सीमा तय की गई है।

भूतपूर्व डायरेक्टर जरनल आरएन माथुर ने कहा काफी समय से नए कानून की जरूरत थी। नया कानून न्याय दिलाने की दिशा की ओर है। पीडितों को भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अंग्रेजों के द्वारा बनाए गए कानून में न्याय के ऊपर कानून हावी था। यह पीड़ितों के लिए उत्सव मनाने का समय है।

रिटायर्ड डीजीपी डीएम अवस्थी ने कहा पुराना कानून अंग्रेजों के समय का था। उस समय को देखते हुए कानून बनाया गया था। काफी समय से बदलाव की जरूरत थी। नया कानून समय के अनुकूल है। इससे लोगों का फायदा होगा। वर्तमान को देखते हुए न्याय पर फोकस किया गया है।

यह कानून बदला

भारतीय दंड संहिता 1860 ;आइपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता.2023 ;बीएनएस . दंड प्रक्रिया संहिता 1973 सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता.2023 बीएनएसएस,भारतीय साक्ष्य अधिनियम.1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम.2023

4 उपनिरीक्षक सहित 14 पुलिस कर्मी रेंज सायबर थाने में संलग्न

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर रेंज के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक अमरेश कुमार मिश्रा ने चार उपनिरीक्षकए, तीन सब उपनिरीक्षक एक प्रधान आरक्षक और 6 आरक्षकों को अस्थायी रूप से रेंज सायबर थाना रायपुर में संलग्न किया है। जारी आदेश के मुताबिक उप निरीक्षक रूपेश देवांगन जिला गरियाबन्द उप निरीक्षक महेश साहू जिला गरियाबन्द उप निरीक्षक रविन्द्र धुव्र जिला महासमुन्द उप निरीक्षक हेमंत डहरिया जिला बलौदाबाजार सउनि प्रवीण शुक्ला जिला महासमुन्द सउनि अनिल यदु जिला धमतरी सउनि राकेश मिश्रा जिला धमतरी प्रआर 244 प्रशांत शुक्ला जिला धमतरी आर 730 त्रिनाथ प्रधान जिला महासमुन्द आर 301 पीयूष शर्मा जिला महासमुन्द, आर 328 युगल पटेल जिला महासमुन्द आर 701 पंकज प्रधान जिला धमतरी आर 429 नितिश राज वर्मा जिला धमतरी तथा आर 328 विरेन्द्र सोनकर जिला धमतरी शामिल है।

4 कबाड़ियों से 1 टन अवैध लोहा, रॉड जप्त

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। लोहा स्क्रैप के अवैध कारोबार की घटनाओं को देखते हुये थाना प्रभारियों को लोहा स्क्रैप के अवैध कारोबार की घटनाओं पर अंकुश लगाने आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। थाना खमतराई क्षेत्रान्तर्गत स्थित विभिन्न कबाड़ दुकान संचालकों के दुकानध्मार्ड में रेड कार्यवाही की गई जिसमें आरोपी मोहम्मद अकमल पिता जलालउद्दीन उम्र 43 वर्ष निवासी लक्की किराना स्टोर के पास गाजी नगर थाना उरला रायपुर के नेशनल बिल्डिंग मेटेरियल लैब के सामने उरकुरा में स्थित कबाड़ दुकान यार्ड में आरोपी शेख खुज्जू पिता नासीर खान उम्र 51 वर्ष निवासी तोरण किराना स्टोर के पास गाजी नगर बीरगांव रायपुर के जवाहर नगर के पिछे मेटल पार्क रावांभाठा स्थित कबाड़ दुकान यार्ड मे विनोद यादव पिता श्रीकेश्वर यादव उम्र 30 वर्ष निवासी डॉक्टर राजेश क्लिनिक के बाजू कुम्हारी जिला दुर्ग के दुर्गा पेट्रोल पम्प के पीछे रिंग रोड नम्बर भनपुरी रायपुर स्थित कबाड़ दुकान यार्ड में कौशल कुमार साहू पिता कालीचरण साहू उम्र 33 वर्ष निवासी सज्जन विहार कालोनी रायपुरा थाना डीडी नगर रायपुर के अशोक विहार रिंग रोड़ नम्बर 02 स्थित कबाड़ दुकान यार्ड में अवैध रूप से रखे लोहा स्क्रैप लोहे का रॉड के संबंध में बिल दस्तावेज प्रस्तुत करने के संबंध में नोटिस देने पर उपरोक्त आरोपियों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर आरोपियों को शपथ पत्र देकर पुलिस कार्यालाही में सहयोग करने की हिदायत दी गई है।

घरेलू विवाद पर चाकू घोंपकर हत्या, आरोपी युवक गिरफ्तार

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में घरेलू विवाद के कारण हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि 29 जून को मृतक मोहम्मद मुकीम निवासी अवधपारा सोनडोंगरी थाना कबीर नगर को आरोपियों द्वारा पुराने हुए विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए अपने पास रखे धारदार चाकू से सीने में घोंपकर तथा बाएं हाथ के भुजा के पास मारकर चोट पहुंचे जिससे मोहम्मद मुकीम लहूलुहान हो गया और बेहोश हो गया जिसे उपचार हेतु एम्स अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर द्वारा मृत्यु होना बताएं की सुचना पर आरोपियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर में धारा 294 302 34 भा

द वि कायम किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के संबंध में तत्काल अवगत कराया गया। प्रकरण को गंभीरता से लिया गया और आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी कबीर नगर निरीक्षक दीपेश जायसवाल के नेतृत्व में तत्काल घटना स्थल पहुंचकर घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किया गया व आसपास के लोगो से पूछताछ कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त किया गया। तथा आरोपी मोहम्मद अल्ताफको पता तलाश कर घेराबंदी कर पकड़ा गया 2 अन्य आरोपी फरार हैं जिसकी पतासाजी हेतु प्रयास किया जा रहे हैं। आरोपी मोहम्मद अल्ताफको प्रकरण में गिरफ्तार कर न्यायालय रिमांड पर भेजा गया।

लंबित राजस्व प्रकरणों पर भड़के कलेक्टर

- धरसींवा तहसीलदार और नायब तहसीलदार को शो-कॉज नोटिस
- रीडर के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश
- उरला पटवारी के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश
- कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने धरसींवा तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। कलेक्टर ने राजस्व के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई और धरसींवा तहसीलदार व नायब तहसीलदार को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य में लापरवाही पर रीडर के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए और पटवारी के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह आज धरसींवा तहसील में राजस्व प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली और पंजी-अभिलेख का अवलोकन किया। लंबित प्रकरणों की सिलसिलेवार जानकारी ली। कलेक्टर ने फाइलों को देखा और अधूरे दस्तावेज संलग्न होने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने खुद कार्यालय के आलमारी को खोलकर फाइलों की पड़ताल की। इस दौरान भारी कमियां मिलने पर धरसींवा तहसीलदार जयेंद्र सिंह और नायब तहसीलदार संदीप सिंह राजपूत को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही रीडर दिलीप घोष और मिथिलेश ध्रुव के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के तहत पटवारी प्रतिवेदन नहीं देने पर उरला पटवारी दिलीप नायक के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी रिकॉर्ड दुरूस्त किया जाए और राजस्व प्रकरणों की कार्रवाई जल्द सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकरणों में लेट-लतीफी न की जाएं। आम नागरिकों के आवेदनों की सुनवाई कर जल्द से जल्द निराकरण किया जाए।

प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना थाना खमरडीह क्षेत्र अंतर्गत हेरिटेज हॉस्पिटल के पास दो पहिया वाहन में एक व्यक्ति नशीली टैबलेट रखकर बिक्री करने हेतु घूम रहा है जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खम्हारडीह पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये वाहन एवं व्यक्ति को

चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम पंचम छतर पिता रघु छतर उम्र 24 साल निवासी गैलेक्सी अपार्टमेंट थाना विधानसभा स्थाई पता ग्राम जरिया थाना लम्हा जिला बलांगीर उड़ीसा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर उनके पास नाईट्रोसुन नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया।

उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 410 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट नाईट्रोसुन तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 21,22नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

संपादकीय

पिकनिक स्पॉट पर रहें सतर्क

महाराष्ट्र के भुशी डैम के पानी से लोनावला स्थित पर्यटन स्थल पर एक परिवार के कई सदस्यों के बह जाने के हादसे का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। तेज बहाव वाले पानी के बीचों-बीच एक चट्टान पर खड़े परिवार के कई सदस्य काफी समय तक एक-दूसरे को पकड़कर खड़े रहे और अंततः वे बह गये। कुछ ही जीवित बच पाये। इस घटना से साफ पता चलता है कि इन लोगों ने खतरे को खुद ही आमंत्रित किया जिसमें अनेक लोगों को प्राण गंवाने पड़े। असली बात यह है कि स्थानीय प्रशासन की ओर से चेतावनी के बोर्ड भी लगे होते हैं परन्तु लोग उनकी उपेक्षा कर अपने को खतरे में डालते हैं।

इस हादसे से सबक लेते हुए उन सभी जगहों पर प्रशासन की ओर से ऐसे सभी पर्यटन स्थलों पर ऐहतियाती कदम तो उठाने होंगे ही, मौज-मस्ती करने के लिये जाने वालों की भी स्वयं सतर्कता बरतनी चाहिये। बारिश अब लगभग जोरों से शुरू हो गयी है और उम्मीद है कि जल्दी ही नदी, नाले, तालाब आदि तो भरने ही लगेंगे, प्रदेश भर में कई स्थानों पर आकर्षक झरने भी फूटेंगे। इनका आनंद लेने के लिये लोग उमड़ पड़ते हैं। यह सही है कि भीषण गर्मी झेलने के बाद सभी लोग इन जलप्रपातों एवं नदियों का आनंद लेने के इच्छुक होते हैं। छत्तीसगढ़ में भी कई ऐसे बांध एवं झरने हैं जो लोगों को सम्मोहित करते हैं। जैसे ही अच्छी बरसात होती है, बड़ी तादाद में लोग अपने परिवारों और मित्रों के साथ पिकनिक मनाने इन जगहों पर पहुंचते हैं। बस्तर के चित्रकोट, तीरथगढ़, बीजकुडुम, तामड़ा घुमर, मेंढ़ी घुमड़, चित्रधारा, आदि तो प्रसिद्ध हैं ही, राज्य के कई जिलों में भी अनेक जलप्रपात हैं। इनमें कोरबा का रानी झरना, गोविंद झुंझा, खेतार, गरियाबंद के कई झरने भी हैं जो बहुत सम्मोहक होने के कारण लोगों को बरबस अपनी ओर खींचते हैं। धमतरी का गंगरेल व माड़मसिल्ली, बिलासपुर का खूंटाघाट, कोरबा का बांगो, मुंगेली का खुड़िया जैसे बांधों के लबालब होने पर भी लोग उन्हें देखने जाते हैं। पानी छोड़ने से इनके निचले इलाकों में अक्सर पानी भर जाता है। उन्हें तो पानी छोड़ने की सूचना दे दी जाती है लेकिन पिकनिक मनाने आये लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। अक्सर वे बीच के नालों या जंगलों में पिकनिक का आनंद लेते हैं या धारा के बीच में चले जाते हैं। देखते ही देखते जल स्तर इतना बढ़ जाता है कि उन्हें निकलने का रास्ता नहीं मिलता। इससे भी हर साल बड़ी संख्या में लोग डूब जाते हैं।

प्रशासन को ऐसे सभी स्थानों पर जहां इस प्रकार की परिस्थितियां बनती हैं, सभी ज़रूरी इंतज़ाम करने चाहिये। अधिक आवश्यक यह है कि नागरिक खुद सावधान रहें तथा ऐसा कोई कदम न उठायें जो उनके लिये खतरा बने।

उल्टा पुल्टा

अलग-अलग स्कूल में पढ़ने वाले दो दोस्त आपस में बात कर रहे थे.
चिंटू- भाई, इस ऑनलाइन क्लास में तो बहुत होमवर्क मिलता है. तेरी टीचर नहीं देती काम?
मिंटू- भाई बहुत काम देती हैं लेकिन मैंने उन्हें ब्लॉक किया हुआ है.

जिले में विद्युत संबंधी समस्याओं के लिये संबंधित अधिकारियों से मोबाईल पर करें सीधे शिकायत, होगा समाधान

दुर्ग, 2 जुलाई (देशबन्धु)। मानसून के मौसम में आंधी-बारिश से विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी दुर्ग क्षेत्र ने शहर के सभी 12विद्युत जोन एवं जिले के सभी 25 वितरण केंद्रों के साथ उनके प्रभारी इंजीनियरों के नंबर भी नये फोन नंबर जारी किए हैं। दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता ने कहा है कि कोई भी उपभोक्ता विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए इन नये नंबरों पर संपर्क कर मदद प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले से ही पॉवर कंपनी द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1912 कार्यरत है, लेकिन उपभोक्ताओं की अतिरिक्त सुविधा के लिए जोन एवं वितरण केंद्रों के नये नंबर भी जारी किए गए हैं। उपभोक्ता बिजली कंपनी के मोबाइल एप "मोर बिजली कंपनी" पर भी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

जोन/वितरण केंद्र और प्रभारी अधिकारियों के फोन नंबर : दुर्ग सिटी डिवीजन : आर.के.दानी(ईई) 6232943250, दुर्ग टाउन जोन-आलोक प्रसाद साहू(एई)6232943276, कमलकांत नेताम(जेई) 6232943369 जवाहर नगर जोन-अंजु देसाई(एई)6232943280, अनीता ढाले(जेई) 6232943367, जषवंत सिंह(जेई) 6232943368, बोरसी जोन-डिलेन्द्र कुमार देषमुख(एई) 6232943279, सुनील कुमार बेलचंदन(जेई) 6232943343, बघेरा जोन-एम.के .साहू(एई)6232943277, सोहराब खान(जेई)6232943341।

भिलाई सिटी (वेस्ट): (ईई)- 6232943252, रिसाली जोन-रवि रंजन कुमार(एई) 6232943289, रामगोपाल साहू(जेई)6232943378, भेनूका खरे(जेई)6232943379, कोहका जोन-(एई) निरंजन दास 6232943290, सोनम प्रजापति(जेई) 6232943380, पी.के.रामटेके(जेई) 6232943381, नेहरु नगर जोन-कौषलेन्द्र पांडे(एई) 6232943291, आनंद सिंह(जेई) 6232943382, सुपेला जोन-दिनेष कुमार गुप्ता(एई) 6232943292, रेणू लकरा(जेई) 6232943383, गोविंद मिश्रा(जेई) 6232943384, वैषाली नगर जोन-सीमा बघेल(एई)6232943293, ललित कुमार(जेई) 6232943385, गिरवर सिंह(जेई) 6232943386।

हेल्प लाईन 1912 पर भी कर सकते है शिकायत

भिलाई सिटी (ईस्ट): बी.के.वर्मा(ईई) 6232943251, छावनी जोन-दीक्षांत चुरेन्द्र(एई) 6232943283, प्रतिमा दीवान(जेई) 6232943372, श्रेया अग्रवाल(जेई) 6232943373, भिलाई टाउन जोन-रामलाल सिन्हा(एई) 6232943282, रुचि बंछोर(जेई) 6232943370, लिषा मरकाम(जेई) 6232943371, भिलाई-चरोदा जोन-प्रकाष नारायण वर्मा 6232943285, निर्मल कुमार कुर्रे(जेई) 6232943375, ज्योत्स्ना राव(जेई) 6232943376।

दुर्ग (संचारण-संधारण) संभाग : (ईई) 6232943257, बषेरा सब डीएन-श्रीकांत बरगैया (एई) 6232943304, दुर्ग ग्रामीण-1 सब डीएन- अविनाश कुमार दुबे (एई) 6232943306, गुंडरदेही सब डीएन- दुर्जेंद्र कुगतपल (एई) 6232943307, अंडा डीसी- कमल किशोर देशमुख (जेई) 6232943389, सिकोसा डीसी- चंद्र कुमार बघेल (जेई) 6232943390, नगपुरा डीसी- शैलेश कुमार (जेई) 6232943392, अर्जुदा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों हेतु 5 जुलाई से नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण

दुर्ग, 2 जुलाई (देशबन्धु)। बैंक ऑफबड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान हैए जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्गए बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों हेतु 5 जुलाई से नि:शुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण हेतु दुर्गए बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड,नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आय उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 5 जुलाई को कम्प्यूटर एकाउंटिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक),15 जुलाई को फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का प्रशिक्षण (30 दिन तक), 05 अगस्त को मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक) दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए फोन नम्बर 0788.2961973 व ऑनलाईन लिंक पता.शंकराचार्य हॉस्पिटल के पास जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग से सम्पर्क किया जा सकता है।

राहुल के बयान पर भड़के भाजपा सहित कई हिन्दूवादी संगठन

पटेल चौक में किया गया पुतला दहन

दुर्ग, 2 जुलाई (देशबन्धु)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं से संबंधित विषय पर दिये गये कथित वक्तव्य को लेकर आज दुर्ग शहर में भी गूंज रही। भाजपा, भाजयुमो, एवं हिन्दू युवा मंच तथा विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल द्वारा अलग अलग समय में रैली निकालकर पटेल चौक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इन सभी संगठनों ने पुतला दहन के साथ ही जबर्दस्त नारेबाजी की।

भाजपा : भारतीय जनता पार्टी, भाजयुमो एवं अनुशांगिक संगठनों ने आज जिला भाजपा कार्यालय से जोरदार नारेबाजी करते हुए राहूल गांधी का पुतला लेकर रैली निकाली। पटेल चौक पहुंचकर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वक्तव्य की कड़ी निंदा की। उन्होंने कांग्रेस को हिन्दू विरोधी मानसिकता का परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, भाजयुमो अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव, अजय तिवारी, आशीष निमजे, रजनीश श्रीवास्तव, विजय ताम्रकार, मदन बढ़ई, निलेश जैन, प्रशांत अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विहिप बजरंग दल : नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं के विषय को लेकर पटेल चौक में पुतला दहन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शैलेन्द्र सोनी, राकेश तिवारी, मनीष बुचसिया, ऐश्वर्य सोनी, बबलू सोनी, प्रवीण दास, शुभम चिंचूलकर, विमलेश तिवारी, आत्रित्य सिंह, सौरभ देवांगन, अरूण शर्मा, खेमलाल सेन, टीकू निषाद, सहित अनेक विहिप कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हिन्दू युवा मंच : नेता प्रतिपक्ष राहूल गांधी के संसद में दिये गये हिंदुओं से संबंधित बयान के विरोध में आज अन्य हिन्दू संगठनों की तरह हिन्दू युवा मंच ने भी पृथक से नेता प्रतिपक्ष का पुतला दहन किया। हिन्दू युवा मंच के नेताओं ने राहुल गांधी के पुतले को लेकर पटेल चौक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

आयुष्मान कार्ड बनाने डोर-टू-डोर अभियान चलाये : कलेक्टर

राजीव युवा मितान क्लब के लिये उपलब्ध राशि का युसीसीसी उपलब्ध करायें

दुर्ग, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि जिले में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का पेंशन प्रकरण सेवानिवृत्ति तिथि के पूर्व निराकृत कर लिया जाए ताकि अधिकारी-कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन का लाभ मिल सकें। साथ ही आहरण संवितरण अधिकारियों को कार्यालयीन संबंधित दस्तावेज सेवा पुस्तिका आदि अपडेट कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में समय.सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक

दिशा.निर्देश दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगरीय निकायों के साथ गांवों पर भी फोकस करने कहा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की अद्यतन जानकारी ली। साथ ही नगरीय निकायों में डोर.टू.डोर अभियान चलाकर परिवार के प्रत्येक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनाने तथा वितरण में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के अंतर्गत उपलब्ध कराये गये राशि के यूसीण्ध्प्रीमसीण् उपलब्ध कराने के साथ ही खाते में जमा राशि तत्काल वापस करने संबंधित नगरीय निकायए अनुभाग एवं जनपद के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आदि की जानकारी ली।

बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर बी.के. दुबे,सभी नगरीय निकायों के आयुक्त, सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

हेमचंद विवि के प्रतिभा समारोह में प्रतिभाशालियों का सम्मान

दुर्ग, 2 जुलाई (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने आज समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि विगत कुछसप्ताह से वि.वि. में विभिन्न प्रकार को स्पर्धाओं का आयोजन किया गया था। अध्यक्षीय उदबोधन वि.वि. के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने दिया।

इस कार्यक्रम की शुरूआत पीएचडी शोधार्थी, रीमा गोते ने छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुति से की। इस कार्यक्रम में कहानी, कविता एवं निबंध संग्रह पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया।

विजेताओं की सूची इस प्रकार है-निबंध लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं में पलक वर्मा एवं श्रेया धमगाये, द्वितीय स्थान पर

■ मुख्य अतिथि कौशल्या देवी साय एवं रजनी बघेल

अरमान खण्डेलवाल एवं लक्ष्मी साहू एवं तृतीय स्थान पर पूनम जैन एवं बिजया मुंषी रहे। इसी प्रकार वि.वि. द्वारा छत्तीसगढ़ी कहानी स्पर्धा में प्रथम स्थान डॉ. पी. सी. लाल यादव, द्वितीय स्थान हरिषंकर गजानंद देवांगन, छुरा, एवं डॉ. ऋतु दुबे तृतीय स्थान राधेष्याम सुर्यवंषी, ईरा तथा रोशनलाल देवांगन इंदावनी ने प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी कविता लेखन स्पर्धा में प्रथम स्थान पर विजेन्द्र कुमार वर्मा, रिसाली भिलाई द्वितीय स्थान पर सुशील गजभिये, राजनांदगांव एवं भेषज राम विश्वकर्मा, खुरसुल एवं तृतीय स्थान पर निशा श्रीवास्तव, धुसेरा, अभनपुर एवं जय कुमार धगेश, भिलाई रहे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के दर्शनीय स्थल विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अभिषेक कुमार, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई, द्वितीय स्थान पर दुर्जेन्द्र देशमुख, चंगोरी एचवं कुलेश्वर साहू महासमुंद एवं तृतीय स्थान पर रोषन देवांगन, इन्दावनी एवं हरीश कुमार गोंड, भिलाई रहे।

भारत विकास परिषद ने स्कूलों की रिक्त भूमि में वृक्षारोपण का लिया संकल्प

दुर्ग, 2 जुलाई (देशबन्धु)। भारत विकास परिषद दुर्ग द्वारा शहर की विभिन्न कालोनियों की स्कूलों की रिक्त भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों का रोपण का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत 6 जुलाई को नेहरू प्राथमिक शाला संतराबाड़ी में वृक्षारोपण किया जायेगा। इसके लिये वार्ड की ही गीतांजली एवं कविता छाबड़ा को प्रभारी बनाया गया है। इस सिलसिले में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सुरेश कोठारी की अध्यक्षता में बैठक ली गई।

इस संदर्भ में परिषद के सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि उक्त बैठक में आगामी दिनों में विभिन्न स्कूलों में राष्ट्रगान, समूह गान, भारत को जाने प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में संस्था के संरक्षकगण डॉ. अजय गोवर्धन, डॉ. सुधीर हरिशंकर, कोषाध्यक्ष हर्ष जैन, डॉ. लक्ष्मी वर्मा, आशीष शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नयापारा में सामुदायिक भवन की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन

दुर्ग, 2 जुलाई (देशबन्धु)। श्री राम जिम नयापारा के पास सामुदायिक भवन स्थापना की मांग को लेकर आज भजन फाग एवं जस झांकी संघ दुर्ग द्वारा विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव को ज्ञापन सौंपा। संघ के संरक्षक पूरन साहू, अध्यक्ष पवन यादव एवं पदाधिकारियों ने विधायक श्री यादव को अपनी मांग के औचित्य से अवगत कराते हुए कहा कि नयापारा में एक ऐसे सामुदायिक भवन की आवश्यकता है जहां गरीब परिवारों के बच्चों को संगीत की शिक्षा दी जा सके। इसके अलावा वार्डवासियों के सुख दुख कार्यक्रम करने के लिये भी कोई ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

मोबाईल रिचार्ज व डेटा शुल्क में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लिया जायें : एआईडीएसओ

दुर्ग, 2 जुलाई (देशबन्धु)। आल इंडिया डेमोक्टिक आर्गेनाइजेशन ने डायरेटर को अध्यक्ष, दूर संचार नियामक प्राधिकरण के नाम ज्ञापन सौंपकर निजी दूरसंचार कंपनियों द्वारा नेट पैक एवं मोबाईल रिचार्ज की दरों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि आज सभी सरकारी सेवाओं का डिजलाईजेन कर दिया गया है। आज का सारा कारोबार आन लाईन चल रहा है। पढ़ाई, लिखाई परीक्षा सहित सभी वर्गों की निर्भरता इसी डिडिलाइजेशन

से जुड़ गई है। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक के लिये मोबाईल डाटा रिचार्ज कराना जरूरी हो गया है। महंगाई के इस दौर में रिचार्ज व डाटा शुल्क में की गई बेहताशा वृद्धि से लोगों में काफी परेशानी हो रही है। एआईडीएसओ ने मांग की है कि निजी कंपनियों को रिचार्ज व डेटा शुल्क में की गई वृद्धि को वापस लेने के लिये बाध्य करें। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के राज्य सचिव आत्माराम साहू, देवेन्द्र पाटिल, पूजा सागर, संतोष कुर्रे, तिरित साहू व पूनम यादव उपस्थित थे।

केन्द्रीय विद्यालय में पहली कक्षा के बच्चों का सीनियर विद्यार्थियो ने किया प्रवेश उत्सव पर आत्मीय स्वागत

दुर्ग, 2 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए आज शाला प्रवेश महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पुराने छात्रों ने नृत्य गीत एवं कविता के द्वारा नए छात्रों का स्वागत किया। राजस्थानी,पंजाबी नृत्य ने सभी अभिभावकों का मन मोह लिया।

प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, मुख्य अध्यापक कमल नारायण सोनी, मधु धपलियाल, एस वी एस गायत्री, ज्योति एवं अभिभावकों ने मिलकर दीप प्रन्वलन किया।

मधु धपलियाल ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। मोनिका एवं ज्योति ने कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं के अभिभावकों को विद्यालय की समय व्यवस्था, प्रक्रिया आदि की जानकारी साझा की।

कमल नारायण सोनी मुख्य अध्यापक ने अभिभावकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया। उन्होंने कहा. इस बार लगभग 1500 आवेदनों में से मात्र 96 प्रवेश हुए हैं। देशभर में लगभग 120 केंद्रीय विद्यालय है जिसमें 13 लाख विद्यार्थी

अध्ययन कर रहे हैं और 50 हजार शिक्षक अध्यापन करा रहे हैं। उन्होंने बच्चों की परीक्षा प्रणाली होमवर्क आदि पर जानकारी दी और अभिभावकों के सवालों के जवाब दिए । उन्होंने बताया कि कक्षा एक में पढ़ने वाले बच्चों को विद्या प्रवेश योजना के तहत आरंभ में बिना सिलेबस के पढ़ाया जाएगा । बच्चों को तीन साढे तीन घंटे विद्यालय में रखा जाएगा उसके पश्चात उसका मूल्यांकन करके पूरे 6 घंटे विद्यालय में पठन-पाठन की प्रक्रिया होगी।

डॉ अजय आर्य ने अभिभावकों से कहा. अल्फाजों के भी जायके होते हैं जरा परोसने से पहले चखकर देखिए । बच्चों के साथ विनम्र सरल और शुद्ध भाषा का प्रयोग करें। बच्चों की भाषा परिवेश से बनती और बिगड़ती है । बच्चे हमारे सुपर कंप्यूटर हैं। वे तुरंत हमारी बातों को पढ़ते हैं और उससे प्रभावित भी होते हैं । छात्र, शिक्षक और अभिभावक तीनों का आपसी विश्वास आवश्यक है। केंद्रीय विद्यालय के अध्यापक छात्र-छात्राओं और अभिभावकों की परेशानी को दूर करने के लिए हमेशा उपलब्ध हैं । इसलिए हम सबको जब भी कभी कोई ऐसी बात सुनाई दे तत्काल विद्यालय से संपर्क करके उसका निदान प्राप्त कर लेना चाहिए । तरह-तरह के अफवाह एक दूसरे से फैलते हैं हमें उससे बचकर रहना चाहिए । उन्होंने अटल बिहारी वाजपेई को उद्धृत करते हुए कहा. छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और टूटे मन से कोई खड़ा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम का मिश्रा ने किया विरोध

भिलाईनगर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। हिंद मजदूर सभा एचएमएस के छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने बीएसपी में 1 जुलाई से लागू बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रबंधन मनमानी पर उतारू है। उन्होंने कहा कि बीएसपी में कर्मचारियों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। इसका एक और प्रत्यक्ष उदाहरण 1 जुलाई से लागू की गई बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम है। प्रबंधन कर्मचारियों को प्रताड़ित करना, सुविधाओं में कटौती करना बंद करने के साथ ही बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को वापस ले, अन्यथा उग्र आंदोलन होगा। कर्मचारियों का मनोबल गिराकर और दुखी करके प्रबंधन उत्पादन बढ़ाने का नहीं बल्कि घटाने का काम कर रही है। प्रबंधन को मालूम है कि कुछ कर्मचारी यहां के सक्रिय यूनियनों का साथ नहीं देते इसलिए मनमानी किया जा रहा है। श्री मिश्रा ने बताया कि यूनियनों के संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर समय समय पर सरकार और प्रबंधन की गलत नीतियों का राष्ट्रीय, प्रांतीय व यूनिट स्तर पर पुरजोर विरोध किया जा रहा है। जब कभी कोई धरना प्रदर्शन और हड़ताल का आह्वान होता है तो संयुक्त मोर्चा के लोग सुबह 4 से लेकर रात 10 बजे तक हर चौक चौराहे पर झंडा बैनर के साथ सरकार और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हैं। यूनियनों के तरफसे कभी कोई कसर नहीं छोड़ी जाती। कर्मचारियों के 39 महीने का एरियर्स, रात्रि पाली भत्ता और एचआरए सहित पूर्णकालिक वेज रिवीजन के लिए आवाज बुलंद की जाती है।

निगम मना रहा विशेष वन महोत्सव

सामाजिक संगठन, जन प्रतिनिधियों के सहयोग से विशेष अभियान

भिलाईनगर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को हरा भरा रखने के लिए 1 से 7 जुलाई तक विशेष वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक एवं अध्यात्मिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, औद्योगिक चेम्बर ऑफ कामर्स के सदस्यो के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संजय नगर तालाब, नेहरू नगर समता उद्यान के समीप, कोहका भेलवा तालाब, स्मृति नगर नहर किनारे, शांति नगर, प्रियदर्शनी परिसर पूर्व व पश्चिम के उद्यानों, कुरूद ढांचा भवन तालाब के किनारे, कुरूद शीतला तालाब एवं शहर के अन्य विभिन्न स्थलों पर वृक्षोरापण किया जा रहा है। बीएसपी क्षेत्र में खुर्सीपार बी.एस.पी. कन्या शाला, सेक्टर 1 अम्बेडकर उद्यान, सेक्टर 4, सेक्टर 10 सड़क 33 आदि क्षेत्रो में भी पेड़ लगाए जा रहे है।

इस अभियान में विभिन्न शासकीय संस्थाओ, स्कूलो, आंगनबाड़ी केन्द्रो, कालोनियों, अस्पताल परिसर, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, गौठानो, तालाबों, रोड़ किनारे, उद्यानों, नहर किनारे एवं व्यवसायिक क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई का प्रयास है कि देशी वृक्ष मुख्य रूप से नीम, करंज, अमलताश, पुत्रजीवा, गुलमोहर, पेल्टाफार्म, बादाम, कचनार, जामुन, मौलश्री जैसे महत्वपूर्ण पौधे ही रोपित किये जा रहे है। ये पौधे भौगोलिक वातावरण के रूप से हमारे शहर, प्रदेश एवं मानव जीवन के अनुकुल हैं। ये सब वृक्ष आसानी से बढ़ जाते है। नगर पालिक निगम भिलाई के साथ वृक्षारोपण करने वाली सहयोगी संस्थाएं परमार्थी संस्था, आर्टकॉम, पर्यावरण मित्र मण्डल, सर्व धर्म सेवा संस्था, ऑक्सीजोन, नई पहल, शपथ फाउंडेशन आदि का मिल के काम कर रही है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर क्षेत्र को हरा भरा रखने एवं जल संरक्षण हेतु पुराने कुंओ को पुन: जीवित करने एवं नये कुओ का निर्माण करने पर विशेष बल दिया है। महापौर नीरज पाल ने कहां है कि अभी समय है, सही समय है वन महोत्सव में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का। इन पेड़ो से जीवन खुशहालमय होगा। पेड़ पौधो से रोटी, कपड़ा और मकान सभी की आपूर्ति होती है, जो हमारे एवं आने वाली पीढ़ि के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देशित किये है कि सभी संगठनो से समन्वय बनारक वृक्षो को लगाना है और बचाना है। लगाये गये पेड़ जीवित है कि नहीं इसका भी हिसाब होगा। बताया जा रहा है, कि पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर भिलाई टाउनशिप व नगर पालिक निगम भिलाई में वृहद स्तर पर वृक्षरोपण किया जा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि वृक्ष लगाने के साथ-साथ उसकी रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए। ताकि आने वाले बच्चों के लिये किसी तरह की परेशानी न हो।

ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरफ्तार

भिलाईनगर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस ने ऑन.लाईन गेमिंग एप्प के माध्यम से सट्टा का कारोबार संचालित करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुये ऑन.लाईन गेमिंग एप्प के माध्यम से सट्टा खिलाने वाले कारोबारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम सुत्री रिचा मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम हेम प्रकाश नायक नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में प्रभारी एसीसीयू निरीक्षक तापेश्वर नेताम, थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय एवं थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही की गई। पुलिस टीम को विशेष सूत्रों से पता चला कि विनय यादव अपनी फार में दक्षिण गंगोत्री सर्कस मैदान के पास कार में बैठकर ऑन.लाईन गेमिंग एप्प सट्टा का कारोबार कर रहा है कि सूचना पर टीम द्वारा मौके पर जाकर घेराबंदी कर रुआबांधा निवासी विनय को पकड़ा गया। जिसके पास से 3 मोबाईल फोन में ऑन.लाईन गेमिंग सट्टा से संबंधित हिसाब किताब व्हाट्सअप ग्रुप मिला। बताया जा रहा है कि हैदराबाद के सांई ऐमू रेसीडेन्सी गोली डोडी में स्थित कमरा नम्बर 303 में ब्रांच के अंतर्गत पैनल क्रमांक 444 लोटस में मोबाईल के नाम आदित्य , उदय , वी चन्दु, हिमांशू, अभिषेक, सुजीत एवं मणी लड़कों को मोबाईल फोन, लैपटॉप, बैंकों के खाते उपलब्ध करवाकर ऑन लाईन गेमिंग सट्टा का कारोबार कराये जाने के बारे में बताया। जिससे आरोपी विनय के कब्जे से 3 नग मोबाईल फोन जिसमें गेमिंग सट्टा से संबंधित हिसाब किताब मौजूद है व कार, 05 लाख के सोने के जेवरात जुमला कीमती 17 लाख रूपये को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना सुपेला में धारा 7, 8 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना सुपेला के अपराध धारा 363 भादवि के प्रकरण में आरोपी पतासाजी पर तेलंगाना हैदराबाद रवाना टीम को सूचित किया गया।

महापौर ने की विकास कार्यों की समीक्षा

भिलाईनगर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। निगम भिलाई चरौदा कार्यालय के महापौर कक्ष में सोमवार को राजस्व बाजार सहित शिक्षा महिला बाल कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारी कर्मचारी एवं प्रभारी एमआईसी सदस्य शामिल रहे। महापौर निर्मल कोसरे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में होर्डिंग, राजस्व टैक्स वसूली सहित महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की गयी। सहायक राजस्व अधिकारी द्वारा महापौर के समक्ष विभाग की जानकारी का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। महापौर निर्मल कोसरे को सहायक राजस्व अधिकारी ने अवगत कराते हुये बताया कि 31 जुलाई के बाद होर्डिंग विज्ञापन बोर्ड के लिए नयी निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जायेगी। जिस पर श्री कोसरे द्वारा अवैध होर्डिंग पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश विभागिय अधिकारियों को प्रदान किये गये साथ ही प्रत्येक वार्ड में वसूल किये जाने वाले संपत्तीकर, समेकित कर, जलकर, भू.भाटक एवं शिक्षा उपकर की जानकारी समस्त सहायक राजस्व निरीक्षक से ली गई। श्री कोसरे द्वारा कमर्शियल और आवासीय कर दाताओं की जानकारी के पृथक कर अगली बैठक में उपस्थित रहने कर्मचारियों को निर्देशित किया। आज की बैठक में राजस्व प्रभारी एमआईसी सदस्य मोहर्ना साह, श्रीमती दिप्ती, आशीष वर्मा, मनोज कुमार पूर्व पार्षद उमदा आशीष वर्मा, वार्ड-4 जरवाय के पार्षद भूपेन्द्र वर्मा बैठक में शामिल हुए। सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे, सहायक राजस्व निरीक्षक शत्रुहन सिन्हा, सहायक राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र चन्द्राकर, सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती सरोजनी यदु, सहायक राजस्व निरीक्षक रामअवतार साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक कन्हैया सोनी, दिलीप देवांगन, रामचन्द्र निषाद, दुष्यंत चतुर्वेदी, अशोक शर्मा, बलराम चेलक, अनिल सिंह, अर्जुन पाल, सुश्री वृष्टि चंद्राकर, पुरानिक साहू, दीपक निषाद उपस्थित रहे।

चंदा वसूली का आरोप का मामला न्यायालय पहुंचा

भिलाईनगर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। संयंत्र की मान्यता प्राप्त यूनियन बीएमएस में गुटबाजी अब कानूनी लड़ाई का रूप ले चुकी है। महामंत्री चन्ना केशवलू की तरफ से 5 पदाधिकारियों को नोटिस देने के बाद यूनियन से बाहर कर दिया गया। चंदा का आरोप लगाया गया। इसी आरोप पर पलटवार करते हुए रविशंकर सिंह, आईपी मिश्र, शारदा गुप्ता, हरिशंकर चतुर्वेदी ने महामंत्री चन्ना केशवलू और प्रदीप पाल को नोटिस भेज दिया है। छवि को धूमिल करने और प्रतिष्ठा पर सवाल उठाए जाने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। सात दिनों के भीतर वकील के माध्यम से जवाब मांगा गया है। केस को मानहानि तक ले जाने का दावा किया जा रहा है। यूनियन में गुटबाजी चरम पर पहुंच चुकी है। अधिवक्ता की तरफ से भेजी गई नोटिस में उल्लेख किया गया है कि महामंत्री के द्वारा किया जा रहा कृत्य भारतीय दण्ड संहिता की धारा 500 एवं सूचना एवं प्रौद्योगिक अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इसलिए इस नोटिस प्राप्ति के सात दिवस के भीतर मेरे पक्षकारगणों के विरूद्ध की गई झूठी एवं मानहानिकारक बातों के संबंध में सार्वजनिक रूप से खण्डन किया जाये। अन्यथा मेरा पक्षकारगण समयावधि बीतने के पश्चात नोटिसगणों के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिसके समस्त हर्जे खर्चे व परिणाम की जिम्मेदारी नोटिसीगणों की होगी। नोटस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि बीएमएस के राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए चंदा को लेकर यह विवाद बताया जा रहा है। केंद्रीय नेतृत्व में रविशंकर सिंह को जिम्मेदारी दी गई थी। जिसके आधार पर उन्होंने रसीद देकर चंदा लिया है।

निगम भिलाई से 31 कर्मियों हुए सेवानिवत्त दी गई विदाई



भिलाईनगर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम भिलाई के 31 अधिकारी, कर्मचारियों को सोमवार को ससम्मान विदाई दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग के अध्यक्ष संदीप निरंकारी ने अधिकारी, कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी, कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी, कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने सेवा के दौरान अनुभव को साझा किया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी, कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए हैं। पूर्व साख और वर्तमान नगर पालिका निगम भिलाई में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। यूनियन के सभी पदाधिकारी ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियो के बारे में कहा कि इन कर्मचारियों ने निगम हित में पूरी निष्ठ एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों को जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हुए कार्य किए है। जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना प्रभावशील होने के कारण मार्च, अप्रैल, मई, जून के अधिकारी कर्मचारियों की एक साथ विदाई की जा रही है इस दौरान नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों के उपस्थिति मे सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी, कर्मचारी नरेन्द्र कुमार शुक्ला, मोहन लाल मेश्राम, अरूण कुमार जांगड़े, बिसहत राम, श्रीमती इसरावती, लेखराम, एन.गेबियास, कोंदाराम, पतिराम बरेठ, भूपेश्वर सिंह देशमुख, सुनील कुमार नेमाड़े, देवेन्द्र कुमार श्रीवास, बलवंत सिंह, श्रीमती पुष्पा बाई, टहलराम, रिखीराम, रमेश निषाद, तरूण कुमार रणदिवे, एच.के.चंद्राकर, श्रीमती कौशिल्या यद, अरूण कुमार सिंह, कृष्ण कुमार शर्मा, जगन्नाथ सिंह, चित्तारम वर्मा, रामरतन, गुहादास जोशी, सुभाष चंद, धनीराम यादव, मनहरण लाल चंद्राकर, अलखराम यादव, श्रीमती गिरजा देवी एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव मंगल बाजार खावनी में सुबह पहुंच गये। वहां जाकर बच्चो की उपस्थिति को चेक किये। बच्चो से बात किये। यह भी जांच किये की शासन द्वारा निर्धारित पौष्टिक भोजन किस प्रकार से वितरित किया जा रहा है । उनका स्वाद कैसा है खाना समय पर बन करके नियमित मिल रहा है की नहीं। बच्चों को भोजन किस प्रकार परोसा जा रहा है। गर्भवती महिलाओ को पौष्टिक भोजन, कुपोषित बच्चो को पौष्टिक भोजन प्रदान करने की मात्रा एवं प्रतिदिन क्या-क्या भोजन प्रदान किया जाता है। आदि की जानकारी प्राप्त किये। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने आयुक्त से बाउण्ड्रीवाल की मांग की। उन्होने बताया कि आंगनबाड़ी के सामने मंगल बाजार मार्केट है लोगो का आना जाना लगा रहाता है, जिससे बच्चो के लिए परेशानी हो रही है। आयुक्त ने बाउण्ड्रीवाल बनाने के लिए अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े को निर्देश देते हुएए यह भी कहा कि निर्धारित समय अवधि के अंदर बाउण्ड्रीवाल को पूर्ण करवाये।

लॉन्ग रेल पैनल ने बनाया नया रिकार्ड

भिलाईनगर। संयंत्र के साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट ने जून माह में 282 लॉन्ग रेल पैनल उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है। एफबीडब्ल्यूपी ने मई में दर्ज 264 लॉन्ग रेल पैनल उत्पादन के पिछले सर्वश्रेष्ठ को पार किया। एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से अब तक भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनलों के 22 रेक भेजे जा चुके हैं। इसके अंतर्गत वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल से जून अवधि में भेजे गए दस रेक और वित्त वर्ष 2023-24 में भेजे गए 12 रेक शामिल हैं। साबरमती प्लांट से 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की पहली रेक नवंबर 2023 में भेजी गई थी। एफबीडब्ल्यूपी में वेल्डिंग हेतु इनपुट रेल की आपूर्ति भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल द्वारा 26 मीटर लंबाई में की जा रही है। साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के उपयोग से भारतीय रेलवे को 260 मीटर लांग रेल पैनल आपूर्ति की मात्रा बढ़ाने में सेल बीएसपी को मदद मिली है।

हुडको के मूल आबंटियों के पट्टे का पंजीयन धारा 35 के तहत हो



भिलाईनगर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। हुडको संघर्ष समिति के संयोजक जावेद खान ने मांग की है कि कलेक्टर गाइड लाइन मुल्य मे वृद्धि और पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत होने से बजार मुल्य पर पट्टे का पंजीयन करवाने में हितग्राही असमर्थ आमदी नगर हुडको भिलाई के शेष बचे हुए मूल आबंटियो ने धारा 35 के तहत पट्टे का पंजीयन किए जाने की मांग की है। आर्थिक कारणों से घरो का पंजीयन नही करा पाए इन हितग्राहियों को धारा 35 पट्टा विलेख के तहत पट्टे का पंजीयन करवाने हेतु आग्रह कलेक्टर जन दर्शन मे हुडको संघर्ष समिति के संयोजक जावेद खान, बी एल मालवीय ने की है। उन्होनें कहा कि आमदी नगर हुडको की भूमि नजूल के अंतर्गत आती है। नजूल विभाग द्वारा यंहा आवासों को पट्टा प्रदान किया गया है पट्टे का पंजीयन, पंजीयन विभाग दुर्ग से करवाना होता है। पंजीयन विभाग मे पट्टे के पंजीयन हेतु धारा 35 का प्रावधान है। दुर्ग शहर के भी नजूल भूमि के पट्टे धारा 35 के तहत ही पंजीकृत हुए हैं, अब चुंकि कलेक्टर गाइड लाइन मुल्य मे छूट समाप्त हो गयी है और पंजीयन शुल्क भी आवास हेतु 4 प्रतिशत लग रहा है, चालीस साल पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र से मकान खरीदे हुए हितग्राहियों को वर्तमान बजार दर पर पट्टे का पंजीयन करवाना बहुत महंगा पड़ रहा है, अभी धारा 23 के तहत पट्टे का पंजीयन किया जाता है। हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति तीक नही होने का हवाला देते हुए अब जब की पंजियन विभाग मे प्रावधान है धारा 35 मे पट्टे का पंजीयन करवाने का तो मानवीय आधार पर कलेक्टर से निवेदन किया गया है कि शेष बचे हुए हितग्राहियों को उन्हें धारा 35 का लाभ देते हुए पट्टे का पंजीयन करवाया जाए जो की नियमानुसार सही भी है पंजीयन विभाग के माध्यम से पट्टे के पंजीयन हेतू धारा 35 के नियम के तहत किया जाये।

गोलीकांड के एक और आरोपी अंकुर शर्मा के घर चला बुलडोजर

बीएसपी प्रवर्तन विभाग की टीम ने सेक्टर-6 के 42 मकान को अवैध कब्जेधारी से मुक्त कराया

भिलाई नगर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सेक्टर 6 सड़क एवेन्यू में बीएसपी की टीम ने आरोपी अंकुर शर्मा के निवास सहित 13 घरों को अवैध कब्जे से मुक्त करवा कर खाली करा कर बुलडोजर चलाया मकान के दरवाजे और खिड़की तक निकाल लिए गए। इस कार्यवाही के दौरान ब्लॉक 5 चार्टर नंबर सी में अवैध कब्जे के मकान में फिनायल और अगरबत्ती कारखाने का संचालन हो रहा था आरोपी अंकुर शर्मा के मकान से बटन दार चाकू एवं अन्य हथियार भी बरामद किया गया।

बीएसपी प्रवर्तन विभाग की टीम ने आज सेक्टर 6 के 26 मकान से अभी कब्जा हटाया इस दौरान मकान के दरवाजा खिड़की जहां निकाल दिए गए वहीं नल के कनेक्शन काट दिए गए इन मकानों में लंबे समय से अवैध कब्जाधारियों का कब्जा था और मकान कुछ रसूखदार एवं अपराधी तत्वों के लोगों द्वारा किराया पर चलाए जा रहा था ऐसे ही एक मकान में फिनायल और अगरबत्ती का कारखाना भी संचालित था इस मकान से भारी संख्या में फटाका भी जप्त किया गया है इसके अलावा संपदा न्यायालय के डिक्री आदेश के अनुपालन में आवास क्र38/6 को अवैध कब्जे से खाली करवाकर लाइसेंसधारी को सुपुर्द किया गया । सड़क-38, में ही एक अन्य आवास क्रामंक -8क्को भी अवैध कब्जेधारी से खाली करवाकर रखरखाव कार्यालय को सोपा गया ।कार्यवाही के दौरान कार्यपालक मजिस्ट्रेट योगिता बंजारे,सीएसपी भिलाई श्री सत्य प्रकाश तिवारी, टीआई कोतवाली राजकुमार लहरे, टीआई भट्टी प्रशांत तिवारी, टीआई वैशालीनगर ममता अली शर्मा, टीआई नेवई आनंद शुक्ला आदि सहित भारी पुलिसबल उपस्थित था।

वित्तीय निवेश और कर योजना पर 5 दिवसीय कार्यशाला

भिलाईनगर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के पीजी वाणिज्य विभाग द्वारा वित्तीय निवेश और कर योजना पर 5 दिवसीय एफडीपी का आयोजन पीजी, डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एवम कॉमर्स एसोसिएशन कॉम जेनिथ के तत्वावधान में वाणिज्य विभाग ने एमओयू पार्टनर भिलाई महिला महाविद्यालय भिलाई के सहयोग से वित्तीय निवेश और कर योजना पर 5 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विभिन्न निवेश मार्गों के साथ.साथ उनकी कर योजना पर भी केंद्रित है। यह मिश्रित मोड में था। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह में सेंट थॉमस कॉलेज के प्राचार्य एम.जी. रॉयमोन सम्मानित अतिथि थे। उन्होनें कहा कि व्यक्तिगत वित्तीय योजना एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, हालांकि बहुत से लोग इसके प्रबंधन के उचित तरीकों के बारे में नहीं जानते हैं। इसलिए एफडीपी का उद्देश्य प्रतिभागियों को वित्तीय नियोजन के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी देना है। विशिष्ट अतिथि भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.संध्या मदन मोहन ने कहा कि एक आम आदमी के लिए उपलब्ध धनराशि का प्रबंधन करना मुश्किल है। इस तरह के संकाय विकास कार्यक्रम प्रतिभागियों को अपने फंड के प्रबंधन और करों को बचाने में विभिन्न निवेशों का ज्ञान प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेंगे। डॉ.सपना शर्मा हेड पीजी डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स सेंट थॉमस कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के समन्वयक ने पांच दिनों की गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ.भारती वर्मा विभागाध्यक्ष पीजी भिलाई महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग एवं समन्वयक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पहले दिन के सत्र की रिसोर्स पर्सन श्रीमती अंजलि हिंदुजा सिंह थी, जो भिलाई महिला महाविद्यालय की पूर्व छात्रा हैं और केयरिंग यू अकादमी की निदेशक और संस्थापक भी हैं। उनका विषय था कराधान लाभ और हानि के साथ वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए कर योजना की आवश्यकता। दूसरे दिन का सत्र दलजीत सिंह चावला द्वारा मिश्रित मोड में था जो प्रमाणित वित्त पेशेवर हैं और उनका विषय था। लेट्स टॉक मनी तीसरे दिन का सत्र सेंट थॉमस कॉलेज के पूर्व छात्र सीए नितिन रूंगटा द्वारा ऑनलाइन मोड पर था और उनका विषय था प्ष्वेानिवृत्ति के बाद निवेश योजना। चौथे दिन रिसोर्स पर्सन ट्रेड एक्स अद्वैत के संस्थापक और सीईओ और सेंट थॉमस कॉलेज के पूर्व छात्र सोमेंद्र पाटिल थे। उन्होंने म्यूचुअल फंड, डेरिवेटिव और टैक्स प्लानिंग विषय को कवर किया। पांचवां दिन आखिरी दिन था जहां पहले सत्र में रिसोर्स पर्सन सीएम, उज्जवल यादव थे जिन्होंने निवेश और कर योजना के प्रति बीमा अंतर्दृष्टि प्र्य ध्यान केंद्रित किया।

मिशन लक्ष्मी के तहत 28 महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

भिलाईनगर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। मिशन लक्ष्मी के तहत भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय सेक्टर 06 में महिलाओं से सम्बन्धित पूर्ण शैक्षिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और नि:शुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डी.आई.ओ. डॉ.दिव्या श्रीवास्तव उपस्थित थीं। मिशन लक्ष्मी के तहत बालिकाओं, युवतियों एवं महिलाओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आयरन, फोलिक एसिड व अल्बेंदाजोल टेबलेट का वितरण तथा रक्त में हीमोग्लोबिन व शुगर की मात्रा की जाँच व पेप स्मेअर जाँच करने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी जाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने मिशन लक्ष्मी कार्यक्रम की सराहना करते हुए डायरिया के रोकथाम पर विशेष जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में डॉ.मनीषा कांगो द्वारा मिशन लक्ष्मी के विस्तार पर प्रकाश डाला। डॉ. निशा ठाकुर ने स्तन कैंसर व प्रजनन अंगों के कैंसर, श्रीमती लता मिश्रा द्वारा खान पान व संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई।

वायु सेना भर्ती के संबंध में आज से कैरियर मार्गदर्शन

बलौदाबाजार, 2 जुलाई (देशबन्धु)। भारीतय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के द्वारा जिले के शैक्षणिक संस्थाओ में भारतीय वायु सेना भर्ती के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन 3 जुलाई से शुरू किया जा रहा है। इस कैरियर मार्गदर्शन में शामिल होकर युवा अपने कैरियर का लाभ उठा सकते हैं।

आदर्श शा. नवीन प्रा. शाला दीनदयाल नगर नवापारा में पढ़ई तिहार

नवापारा राजिम, 2 जुलाई (देशबन्धु)। आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा में पढ़ई तिहार 2024 -25 का आयोजन हर्षोल्लस संपन्न हुवा अतिथियों व माताओं द्वारा शुभारंभ में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात कार्यक्रम में आए हुए माताओं का स्वागत तिलक वंदन के साथ किया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती एकता शर्मा शिक्षिका द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रारंभिक स्तर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु स्कूल के साथ-साथ घर की सहभागिता हेतु पढ़ाई तिहार- अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक प्राथमिक शालाओं में इस वर्ष से संचालित किया जा रहा है. बेनीराम साहू शिक्षक ने अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह माता उन्मुखीकरण को नए स्वरूप प्रदान कर बच्चों को घर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बुनियादी शिक्षा देने और माता को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से प्राथमिक शाला में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. माता घरवाद पधानपाठक ने कहा कि माता बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं एवं प्रारंभिक स्तर पर खेलों के माध्यम से घर व आसपास की वस्तुओं से कई प्रकार की घरेलू गतिविधि से वे अपने बच्चों को निरंतर कुछ न कुछ सिखाते रहते हैं इसी को शासन ने नया स्वरूप प्रदान कर वृहद स्तर पर पूरे छत्तीसगढ़ में पढ़ाई तिहार के रूप में मनाने का निश्चय किया है।

कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने अपने बच्चों के साथ विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया और काउंटर की वस्तुओं से अपने बच्चों को प्रश्न पूछा इसमें अधिकांश बच्चों ने प्रश्नों के सही उत्तर दिए, भिन्न-भिन्न काउंटर में विभिन्न वस्तुओं का समायोजन किया गया था जिसमें अक्षर पहचान, फ्लैश कार्ड से चित्र पहचान, संख्या पहचान, वर्गीकरण, क्रम से जोड़ी मिलना, आकृतियों की पहचान रंगों का पहचान, गणित सीखने पूर्व तैयारी, जोड़ घटाओ, वस्तुओं को गिनती करना सम्मिलित था, गतिविधियों में माताएं की सक्रिय भागीदारी रही इस कार्यक्रम में श्रीमती कृति बया अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, राधा देवांगन सुशीला कंसारी दीपक साहू अंजलि निषाद आदि माताएं सम्मिलित थी इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं पालक माताएं और बच्चों का ड्रेस कोड नीला रंग निर्धारित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओ में से कुछ चयनित माताओं को गोपाल राम यादव प्रधानपाठक द्वारा आभार व्यक्त करते हुवे अभिनंदन प्रमाण पत्र वितरित किया गया, प्रमाण पत्र पाकर माताओ के चेहरे खिल उठे और उन्होंने अपने घर पर बच्चों के साथ की जाने वाली गतिविधियों और उनके अनुभव को साझा किया और बच्चों को घर पर नियमित रूप से अध्ययन अध्यापन में लगातार सहयोग प्रदान करने की बात सहर्ष कही.कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था एकता शर्मा एवं योगिता साहू शिक्षिका के द्वारा किया गया।

हरिहर शाला में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आज

नवापारा राजिम, 2 जुलाई। स्थानीय हरिहर शासकीय हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत सायकल वितरण किया जायेगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इन्द्रकुमार साहू, अध्यक्षता नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा विशेष अतिथि नवापारा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव होंगे. कार्यक्रम विद्यालय परिसर में ही दोपहर 12 बजे से संपन्न होगा. उठाशय की जानकारी संस्था प्राचार्य संध्या शर्मा एवं संकुल समन्वयक विनोद साहनी ने दी।

शिक्षा के बिना मानव जीवन है अधूरा : राजेन्द्र वर्मा

थानखम्हरिया, 2 जुलाई (देशबन्धु)। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद प्रदेश के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों का अभिनंदन कर प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है इसी श्रृंखला में समीपस्थ ग्राम हाटरांका के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 01 जुलाई को शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों को तिलक लगाकर नि: शुल्क पाठ्य-पुस्तकों का भी वितरण किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत हाटरांका सरपंच प्रतिनिधि रामखिलावन साहू, शिक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश वर्मा, धनराज वर्मा, राधिका बाई निषाद, जानकी बाई तथा विद्यालय के प्रधानपाठक आलोक तिवारी, शिक्षकगण पीलूराम साहू, विमल कुमार वर्मा, गंगाधर वर्मा, हेमलाल साहू, शंकरलाल वर्मा, जितेन्द्र कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

रूद्राक्ष की माला से सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक मोहन वैष्णव का किया सम्मान

पलारी 2 जुलाई (देशबन्धु) विकास खंड पलारी के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कोसमंदी पर्यवेक्षक मोहन दास वैष्णव के सेवानिवृत्त और जन्मदिन पर विदाई समारोह का आयोजन कोसमंदी शाखा में किया गया। उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों ने फूलमाला और रूद्राक्ष की अलौकिक माला से सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक का स्वागत किया। शाखा प्रबंधक धीरेन्द्र सिंह वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री वैष्णव जी सरल सहज और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं अपने सर्विस का अधिकांश समय ग्राम गाड़ाघाटा में व्यतीत किए वहां भी उनके व्यवहार से लोग काफी प्रभावित हुए अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने पर ग्रामीणों ने उनका कार्यालय में दबिश देकर पुन: गाड़ाघाटा में पदस्थ कराकर शांत हुए लेकिन पदोन्नत होने पर पर्यवेक्षक बनकर कोसमंदी आए फिर भी लोग उन्हें नहीं भूले। सहकारिता सीईओ अशोक साहू डॉक्टर कोमल वैष्णव ने भी बसावन यदु और अन्य कर्मचारीयों ने भावपूर्ण उद्बोधन दिए उनके स्वभाव को लेकर शानदार काव्यपाठ किया गया लोगों ने तालियां बजाकर सम्मान किया। उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक मोहन दास वैष्णव को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं सेवानिवृत्त की भावपूर्ण विदाई दिए। सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक मोहन दास वैष्णव ने कहा कि आप लोगों ने जो मुझे सम्मान प्रेम दिया है यही मेरे लिए बहुत बड़ी पुंजी है आप सबका स्नेह मैं कभी नहीं भूल सकता इस शानदार आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।ठक अवसर पर प्रमुख रूप से शाखा प्रबंधक धीरेन्द्र सिंह वर्मा नोडल प्रतिनिधि संजय वर्मा शाखा प्रबंधक पलारी ओमप्रकाश वर्मा रोशंसी बसावन यदु वटगन प्रहलाद कुमार पटेल बलौदा बाजार रमेश भावलकर सीईओ अशोक कुमार साहू समिति प्रबंधक छेरकापुर सेवक राम कोसमंदी संतोष यादव अमेरा दुष्यंत साहू कोसमंदी दुर्गा प्रसाद कऊँजे परस राम साहू टिकेश्वर यदु रोशन यादव मनोज निषाद भूपण वर्मा चंद्रभूषण साहू भागवत दयाल वर्मा रूपेश वर्मा डॉ कोमल वैष्णव महेंद्र वैष्णव आदित्य वैष्णव आदि उपस्थित थे।

ताराशिव में शाला प्रवेशोत्सव व सरपंच द्वारा नेवता भोज का आयोजन

तिल्दा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। तिल्दा ब्लॉक के ग्राम ताराशिव मे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मे नव प्रवेशी शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, और हायर सेकेंडरी स्कूल ताराशिव के बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता ताराशिव सरपंच मनीष वर्मा द्वारा किया गया विशेष अतिथि के रूप में क्लॉक शिक्षा अधिकारी जाहिर सर,जनपद पंचायत तिल्दा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी सर उपस्थित रहें जिसमे शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर बच्चों को स्कूल ड्रेस, किताब पेन बाटा गया व तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया, साथ ही शाला परिसरो मे सभी उपयुक्त जगह पर वृक्षारोपण किया गया! 02 जुलाई को जन्मदिन के अवसर पर सरपंच मनीष वर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल के बच्चों को नेवता भोज मे खीर,पूड़ी, मिठाई, केला, मिक्सचर, पापड़ प्रदान किया गया! हायर सेकेंडरी स्कूल ताराशिव के बच्चों के लिए नाश्ता वितरण किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति राजू शर्मा ने कहा की आजादी के 75 साल बाद भी स्कूलों में अगर शिक्षक,अतिरिक्त शाला भवन, या अन्य प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए अगर कमी हो तो जल्द बेवस्था मे सुधार करने की आवश्यकता है व्यक्ति पढेगा तो उसमे विवेक रहेगा अपने स्वास्थ्य और जीवनयापन के लिए धन कमाने की व्यवस्था कर लेगा, बेटियां सब जगह आगे होती जा रही है बेटों के ऊपर भी ध्यान देने शासन को प्लान बनाने के आवश्यकता है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच मनीष वर्मा ने कहां की आप सभी के सहयोग से मेरा जन्मोत्सव अविष्मरणीय बन चुका है क्योंकि शाला मे आप सब के मध्य केक काटकर कर जन्मदिन मानना खास रहा, सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें, छात्र जीवन ही सबसे अनमोल समय है जिसमे व्यक्ति के जीवन की दशा और दिशा तय होती है सभी जमकर मेहनत करे! कार्यक्रम को बिईओ जाहिरे सर और सीईओ गोस्वामी सर ने भी सम्बोधित किया व बच्चों को निरंतर मेहनत करना ही सफलता की कुंजी बताया सबसे अच्छा जीवन विद्यार्थी जीवन को कहा! कार्यक्रम मे प्रायमारी, मिडिल, हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहें व विद्यालय परिवार की और से अमिया धृतलाहरे ने आभार व्यक्त करते हुए सरपंच मनीष वर्मा को नेवता भोज के आयोजन और अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाने के लिए धन्यवाद प्रदान किया व सभी अतिथियों का स्कूल आगमन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

सार-संक्षेप

हिन्दू संगठन कल निकालेगी रैली

बलौदाबाजार, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सांसद राहुल गांधी द्वारा लोकसभा भवन में हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा कह कर संबोधित किया जा रहा है हिंदुओं को हर बार राहुल गांधी और उसके सहयोगियों द्वारा अपमानित करने का नीच कर्म विभिन्न मंचों सभाओं और सदन में किया जाता रहा है इसके विरोध में राहुल गांधी की सांसद सदस्यता रद्द करने कठोरतम कार्यवाही करने की मांग को लेकर सर्व हिन्दू समाज, विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल जिला बलौदाबाजार भाटापारा के समस्त कार्यकर्ता एवं सनातनी हिन्दू आक्रोश रैली कर विधर्मी राहुल गांधी का पुतला दहन करेंगे।

भानसोज में 53 पौवा अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

आरंग, 2 जुलाई। बीते 30 जून को आरंग पुलिस थाना का प्रभार लेने के साथ ही थाना प्रभारी राजेश सिंह ने क्षेत्र में नशा और जुआ के खिलाफ मुहिम छेड़ते हुए इनसे जुड़े अपराधियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है हासी कड़ी में मंगलवार को ग्राम भानसोज में 53 पौवा अवैध देशी शराब के साथ चनेश्वर साहू नामक कोचिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया की मुखबिर की सूचना पर ग्राम भानसोज के साहू होटल के पीछे एक व्यक्ति सफेद थैला लेकर खड़ा था,पुलिस को देखकर वह भागने लगा जिसे घेरा बंदी करके पकड़ा गया। आरोपी के थैले की तलाशी लेने पर उसमे 53 पौवा अवैध देशी शराब बरामद हुआ है।पुलिस ने आरोपी चनेश्वर साहू को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। नवपदस्थ थाना प्रभारी राजेश सिंह द्वारा क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग के साथ साथ अवैध नशा और जुआ से जुड़े अपराधियों पर नकेल कसने की बात कही जा रही है।इसके अलावा निगरानी बदमाश और आपराधिक गतिविधियों में रहने वाले असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है।

थाना प्रभारी पासवान ने नए कानून की दी जानकारी

खरोरा, 2 जुलाई। खरोरा थाना परिसर मे नये भारत का नया कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित जनप्रतिनिधि ,राजनीतिक पार्टी पदाधिकारी व आम लोगों को नया कानून न्याय संहिता के संबंध मे जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ सहित पुरे देश मे आज से नया कानून भारतीय न्याय संहिता 2023,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023,व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज से लागू होने पर नये कानुन के संबंध मे पुरे प्रदेश के आम जन मानस तक इस नये कानुन के संबंध मे जनकारी देने उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, खरोरा थाना परिसर मे आयोजित कार्यक्रम मे खरोरा क्षेत्र के जन प्रतिनिधि , नगर पंचायत परिषद, ग्रामीण क्षेत्र से आये पंच सरपंच सहित आम लोगों उपस्थित मे थाना प्रभारीखरोरा दीपक पासवान ने जनकारी देते बताया भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार नये कानुन का उद्देश्य जहां पहले से चले आ रहे कानुन में दण्ड देने का उद्देश्य निहित होने के चलते उसेमें बदलाव कर न्याय देने उद्देश्य से न्याय संहिता 2023लागू किया है ।

आगे जीवन सफल होने के लिए आज मन लगाकर पढ़ाई करें : मेमन

गरियाबंद, 2 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में मंगलवार को शाला उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही कक्षा ७वी को निशुल्क किताबें और गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन थे। कार्यक्रम में उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगातार स्वागत किया। साथ ही उपहार देकर उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उन्होंने स्कूल के कक्ष में पीओपी कराने तथा साइकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा की। इसके अलावा विभिन्न मांगों को लेकर सौएम विष्णु देव साय, शिक्षा मंत्री से मिलकर पहल करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन कहा को स्कूल जीवन से ही सुनहरे भविष्य की नीव रखी जाती है। अभी आज जितनी लग्न से पढ़ेंगे, मेहनत करेंगे, आगे जीवन में उतने ही सफल होंगे। आप सभी अच्छे से मन लगाकर पढ़े, अपने स्कूल, माता पिता, गुरुजनों के साथ ही जिले का नाम रोशन का करें। इसके साथ ही उन्होंने माता पिता के समान ही गुरुजनों का आदर सम्मान करने की अपील की। मेमन ने कहा की गुरु ही जीवन के सफलता का मार्ग प्रशस्त करते है। इस अवसर पर कार्यक्रम को नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, पूर्व अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, सभापति वंश गोपाल सिन्हा ने भी संबोधित कर बच्चो को प्रोत्साहित किया। वही प्राचार्य श्रीमती अलका दानी, एच आर साहू ने पालक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। जिसके बाद मौके सायकल वितरण और न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभापति आसिफ मेमन, बरिष्ठ नागरिक घनश्याम सिन्हा, दीनू सिन्हा, राधेश्याम सोनवानी, श्रीमती रेणुका साहू, श्रीमति बिंदु सिन्हा, व्याख्याता अजय यादव, आरके साहू, श्रीमती रेनू शर्मा, श्रीमती रंजना परिहार, श्रीमती अनामिका हरदेल सहित अन्य स्टॉफ व बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

निधन

जीवनलाल देवांगन

राजनांदगांव, 2 जुलाई। मोतीपूर वार्ड क्रमांक 3 के प्रतिष्ठित नागरिक जीवनलाल देवांगन का 2 जुलाई को निधन हो गया। श्री देवांगन विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे वरिष्ठ पत्रकार मिथलेश देवांगन के बड़े भाई थे। वे अपने पीछे पत्नी, सुपुत्र मुकेश देवांगन, रूपेश देवांगन के अलावा पोते-पोतियों, नाती-नातियों से भरापूरा परिवार छोड़ गए। श्री देवांगन का अंतिम संस्कार मोतीपुर मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद व भाजपा नेता मधुसूदन यादव, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, सावन वर्मा सहित समाज के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही।



राघवा प्रसाद ताम्रकार

दुर्ग, 2 जुलाई। सिकोला भाठा निवासी राघव प्रसाद ताम्रकार 74 वर्ष पिता स्व. इतवारी लाल ताम्रकार का निधन आज 2 जुलाई को हो गया उनका अंतिम संस्कार आज 3 जुलाई को हरनाबाधा मुक्तिधाम में प्रात: 10 बजे किया जाएगा । वे कल्याण (काहू) ताम्रकार के बड़े भाई थे, विनय, विशाल, योगेश एवं विनीता, विद्या के पिता थे।

गुरप्रीत सिंह लूथरा

दुर्ग, 2 जुलाई। कादम्बरीनगर दुर्गा मंदिर रोड निवासी गुरप्रीत सिंह लूथरा (45) पिता स्व. एच.एस. लूथरा का आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल 3 जुलाई को हरना बांधा मुक्तिधाम में किया जायेगा। कल सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान कादम्बरी नगर से शवयात्रा निकाली जायेगी। वे जगप्रीत सिंह लूथरा (राजा) के छोटे भाई थे।



प्रादेशिकी का शेष...

जिले में विद्युत संबंधी समस्याओं के लिये ...

डीसी- होमैंद करपाल (जेई) 6232943393, गुंडरदेही डीसी- निशांत कुमार देवांगन (जेई) 6232943394, तिरगाझोला डीसी- प्रज्ञा स्वर्णकार (जेई) 6232943396, कलंगपुर डीसी- लालिमा (जेई) 6232943398, बोरी डीसी- नितिन देशमुख (जेई) 6232943400, बघेरा डीसी- उत्तम कुमार सोनी (जेई) 6232943401।

अहिवारा (संचारण-संधारण) संभाग: धर्मेंद्र कुमार भारती (ईई) 6232943258, कुम्हारी उपसंभाग- अत्रकार राते (एई) 6232943313, धमधा उपसंभाग- नवीन कुमार साहू (एई) 6232943305, कुम्हारी डीसी- अर्चना (जेई) 6232943408, जामुल डीसी- देवाशीष मिश्रा (जेई) 6232943409, अहिरवारा डीसी- संदीप कुमार वर्मा (जेई) 6232943410, मुरमुंदा डीसी- अत्रकार रात्रे (अतिरिक्त प्रभार) (एई) 6232943412, धमधा डीसी- राहुल गोपालानी (जेई) 6232943391, ननकट्टी डीसी- परमेष्वर (जेई) 6232943395, ठेलका डीसी- ध्वेता ठाकुर (जेई) 6232943397।

राहुल के बयान पर भड़के...

गये और भाषणबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पटेल चौक में संगठन कार्यकर्ताओं को भाजपा पार्षद अरूण सिंह ने संबोधित किया और चेतावनी दी कि यदि उनकी गतिविधियां इसी तरह चलती रहीं तो राहुल को इस देश में रहना दूभर कर दिया जायेगा।

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक गोविंद राज नायडू, प्रदेशाध्यक्ष कुमार नायर, संगठन महामंत्री राजेश शर्मा, जय देवांगन, विरेन्द्र सिंह, प्रिंस तिवारी, राज गुप्ता, शिव सोनी, शिवांशा वैष्णव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नयापारा में सामुदायिक भवन की मांग ...

उपयुक्त भवन नहीं है। लोगों को सामुदायिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के लिये जहां तहां भटकना पड़ता है। संघ के पदाधिकारियों ने सामुदायिक भवन के स्थल हेतु खसरा क्रमांक 51 की भूमि का चयन भी कर लिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के पदाधिकारी दुर्वासा मेश्राम, हेमंत सिंह, खिलेश यादव शामिल थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अविनाश सपहा ने दी।

केन्द्रीय विद्यालय में पहली कक्षा के...

नहीं होता । प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने केंद्रीय विद्यालय की शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संभव है कि आपके यहां बाहरी चमक धमक कम दिखाई दे किंतु हम बच्चों के साथ बच्चों के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से जुड़ते हैं और कार्य करते हैं। आप बच्चों को जल्दी सिखाने के चक्कर में ना पड़े। छोटी कक्षाओं में बच्चों के अभिभावक इसी समस्या को लेकर के आते हैं होमवर्क नहीं दिया जा रहा है। इसका मतलब पढ़ाई नहीं हो रही है। हम पढ़ाई को होमवर्क से जज करते हैं। सच्चाई यह है कि बच्चे का खड़ा होना विद्यालय में प्रवेश करना आना.जाना मुस्कुराना सब कुछ सीखने की एक प्रक्रिया है। बच्चों को सहजता से सरलता से धीर-धीरे बढ़ने दीजिए ।

सिर्फ किताबी ज्ञान पर ही ध्यान नहीं मत दीजिए बल्कि खेल.कूद और अन्य गतिविधियों में भी बच्चों को सपोर्ट कीजिए।

मां सबसे बड़ी शेफहै : आपसे अगर कोई प्रसिद्ध शेफ का नाम पूछे तो आप संजीव कपूर और बराड़ आदि का नाम लेंगे । किंतु सच्चाई यह है की मां सबसे बड़ी शेफ है। आप सब बच्चों को फास्ट फूड से दूर रखें और अपने हाथों का खाना खिलाए। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की उप प्राचार्या पुष्पा बड़ा ने किया ।

नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत व न्योता भोज

कुम्हारी, 2 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला कुम्हारी में नव प्रवेशी विद्यार्थियों के लिए शाला प्रवेश उत्सव वृहत स्तर पर मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अश्वनी देशलहरे (समाजसेवक) अनुराग गुप्ता और फिगेश्वर साहू उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता एस एम सी अध्यक्षा श्रीमती पद्मा सेन की ने। क्रियान्वयन संस्था प्रमुख पी.एम चंद्राकर द्वारा किया गया । इसके साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा सभी बच्चों के लिए न्योता भोजन के रूप में अंकुरित अनाज (मूंग, चना, फलीदाना) की व्यवस्था की गई । विद्यालय परिवार एवं छात्रों द्वारा मुख्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्पाहार तथा धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया । विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य कर सभी को आनंदित कर दिया । नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत उत्साह पूर्वक किया गया और परंपरागत ढंग से छात्रों ने रुचि अनुसार अपने हाथों के पंजों को रंग में डुबोकर छाप लगाए । समाजसेवी अश्विनी देशलहरे ने युवा व्यवसायीअनुराग गुप्ता के सौजन्य से सभी छात्रों को न्योता भोजन कराया शासन की योजना के अंतर्गत निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश आदि का भी वितरण प्राचार्य एवं मुख्य अतिथियों द्वारा छात्रों को किया गया । ज्ञात हो कि लगभग 200 बच्चों को उपरोक्त सामग्री प्रदान की जा चुकी है अंत में अतिथियों द्वारा प्राचार्य तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ वृक्षारोपण करते हुए क्रमशः पीपल, बरगद एवं कनेर आदि के वृक्ष रोपण किये गये । पालक शिक्षण बैठक भी किया गया जिसमें निवेदन किया गया कि सभी पालक विद्यालय के साथ जुड़कर अपनी पूर्ण सहभागिता दें । कार्यक्रम में सभी सम्मानित शिक्षणगण जिनमे ए, कश्यप, एस. श्रीवास्तव, के. एल. वर्मा, आर के ध्रुव, एस के धीवर, के. पटेल, एवं ए के प्रधान उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन शिक्षण डोमार यादव द्वारा किया गया ।

हिन्दू विरोधी कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया भाजपाईयों ने

बेमेतरा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। संसद में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपने उद्बोधन में हिन्दू विरोधी बाते कही उन्होने कहा कि जो अपने आप को हिन्दू कहता है । वही हिन्सा करता है । राहुल गांधी के इसी बयान को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला - बेमेतरा ने राहुल गांधी का बेमेतरा सिंग्नल चौक में पुतला दहन किया । पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का चरित्र हमेशा हिन्दू विरोधी रहा। पिछड़ा वर्ग विरोधी रहा। हमेशा वह हिन्दूओं के खिलाफ काम करती रही है । कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भारत जोड़ों यात्रा में भी हिन्दू विरोधी बयान दिया था । और संसद में उन्होने हिन्दूओं को हिन्सा करने वाला बताकर देश के 100 करोड़ हिन्दुओं का अपमान किया है। राहुल गांधी को माँफी मांगनी चाहिए हम राष्ट्रपति से मांग करते है ऐसे हिन्दू विरोधी बयान देने वाले नेता की संसद की सदस्यता समाप्त होनी चाहिए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने राहुल गांधी के बयान को निंदा करते हुए कहा कि इस देश में हिन्दू बहुसंख्यक है । और शांति है। तभी यह देश धर्म निरपेक्ष बना हुआ है। नही तो पाकिस्तान बन जाता। राहुल गांधी की मंशा यह है कि इस देश से हिन्दु समाप्त होना चाहिए। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा ने कहा कि हिन्दू शांति प्रिय हैं । ऐसी कोई घटना नहीं है जिससे हिन्दू समाज को हिंसक कहा जाये। राहुल गांधी ने जानबूझकर तुष्टीकरण की राजनीति करते हुए एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए हिन्दुओं के खिलाफ व्यक्तव संसद में दिया। राहुल गांधी से पूछना चाहता हूँ कि सावाजनिक ईश्वर साहू के बेटे भुनेश्वर साहू की हत्या करने वाले कौन लोग थे। राज्यस्थान के उदयपुर के दर्जी कन्हैयालाल की हत्या करने वाले कौन लोग थे। सवाल पूछने पर वह मौन धारण कर लेते है। आज उनके बयान को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कड़ा विरोध करते हुए विरोध प्रदर्शन किया है। और राहुल गांधी का पूतला दहन कर यह संदेश देने का प्रयास किया गया है भारत के बहुसंख्यक समाज हिन्दुओं को गाली देना राहुल गांधी एवं कांग्रेस नेता बंद करें। पूतला दहन में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, विकास तम्बोली, राकेश मोहन शर्मा, पंचू साहू, धर्मेन्द्र साहू, निखिल साहू, संदीप यादव, तुषार साहू, लक्ष्मी साहू, हेमलता शर्मा, डॉ. विनय साहू, संतोष वर्मा, गोपी देवांगन, अनील रजक, तारण राजपूत, ओंकार साहू, रोशन दत्ता, कमलेश वर्मा, अजीज कुरैशी, जितेन्द्र मात्रे, संजू सिंह, परमेश साहू, उमेश यादव, पुन्यांश श्रीवास, अमेन्द्र वर्मा, धर्मराज खाण्डे, ओमप्रकाश सलूजा, पिन्टू तम्बोली उपस्थित थे।

जनदर्शन में कलेक्टर शर्मा ने सुनी लोगों की समस्याएं मिले 46 आवेदन

■ नागरिकों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करने के दिए निर्देश

बेमेतरा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले 46 आवेदको ने अपनी समस्याओं, मांगो और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए। इस जनदर्शन में लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं, जैसे पानी, बिजली, सड़क, और सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दों को उठाया। कलेक्टर ने अधिकारियों को इन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करने का आदेश दिया। जनदर्शन का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करना और सरकारी सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया जाता है। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज के जन चौपाल में 46 आवेदन विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित थे जिन्हे संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु भेजा गया। जन चौपाल में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुँचे लोगों में से तहसील बेरला के ग्राम मोहभट्ठा के समस्त ग्रामवासी ने आम रास्ता को मरम्मत करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा ग्राम खंडसरा के निवासी मदीना बेगम ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राशि प्रदाय करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा ग्राम कुसमी निवासी नीरा वर्मा ने ग्राम कुसमी के वार्ड नं. 04 गली का रास्ता बंद होने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नांदघाट ग्राम टेमरी निवासी कुंबबिहारी साहू ने बटवारे की जमीन का हिस्सा न मिलने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील साजा ग्राम बासीन के समस्त ग्रामवासी ने आम रास्ता (कृषि कार्य हेतु आने जाने वाले रास्ते) पर किये जा रहे अतिक्रमण को रोकने तथा आम रास्ता सुलभ करने के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह नांदे के गंदा पानी की नकासी के संबंध में तहसील बेमेतरा के ग्राम तेलई कुड़ा के समस्त ग्रामवासीयों ने आवेदन दिया, तहसील धानखम्हरीया ग्राम किरकी निवासी सतन वर्मा ने सांघ्रप्राप्ती कराने के संबंध में, अतिक्रमण हटाने, नामांतरण करने, आर्थिक सहायता प्रदान करने आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपेयी, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में नाराजगी

थान खम्हरिया, 2 जुलाई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम नवागाँवकला में अनेक ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत गाँव वालों द्वारा की गयी है लेकिन इस पर अब तक कोई कार्रवाई न किये जाने से ग्रामवासियों में नाराजगी व्याप्त हैं। ग्रामवासियों का दल इस संबंध में शिकायत लेकर उच्च अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से मिलने वाले हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवागाँवकला के अनेक ग्रामीणों जिनमें सरपंच, उपसरपंच, पंच भी शामिल हैं ने पटवारी हल्का नं. 8 के खसरा नं 284, 288, 289, 290/2, 290/5, 291/1, 291/2, 306/1, 128, 265 में अतिक्रमण कर लिया है। शासकीय भूमि को मिलीभगत कर लगानी भूमि बना दिया गया है। अनेक लोगों द्वारा इस भूमि पर मकान, दुकान भी बना लिया गया है। गाँव वालों द्वारा इसकी शिकायत तहसीलदार थानखम्हरिया, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा, कलेक्टर बेमेतरा से की गयी है परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। जिन जनप्रतिनिधियों पर शासकीय भूमि के संरक्षण का जिम्मा है वे ही इन पर बेजा कब्जा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गाँव के रसूखदार लोग शासकीय भूमि में अतिक्रमण कर रहे हैं और दूसरी ओर गरीब परिवार के लोगों पर मकान जबरिया तोड़ा जा रहा है। शत्रुहन साहू, विष्णु यादव, पूरन लाल, नारायण, बद्री वर्मा, जगताथ वर्मा आदि ने विधायक ईश्वर साहू सहित संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जावे। इसमें शामिल राजस्व अधिकारियों तर भी कड़ी कार्रवाई की मांग की गयी है।

नए कानून को लेकर कुम्हारी थाने में जागरूकता शिविर का आयोजन, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी अब होंगे मान्य

कुम्हारी, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कुम्हारी पुलिस थाना परिसर में सोमवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर देश भर में 1 जुलाई से आईपीसी सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागु होने के कारण किया गया। शिविर में आये हुए अतिथियों व वकाओं ने अपने उद्बोधन में बताया कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानूनों में संशोधन कर नए कानून बनाने से देश की न्याय व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। साथ ही आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान होगा। इसके अलावा कई सारे बदलाव भी हुए है, जैसे अब घर बैठे एफआईआर दर्ज करा सकते हैं। बता दे की नए कानून की जानकारी से लोगों को अवगत कराने के उद्देश्य से कुम्हारी थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू ने बताया कि आज के दिन को हमे न्याय दिवस के रूप में मनाना चाहिए नए कानून लागू होने से लोगों को अनेक सुविधाएं मिलेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने कहा कि नए कानून लागु होने से देश के साथ ही कुम्हारी में भी प्रत्येक नागरिकों को इस कानून की सुविधाएं मिलेंगी अब न्याय तेजी से मिलेगा। शिविर में थाना प्रभारी जगतराम कुर्रे ने बताया की 1 जुलाई से नए तीन कानून लागू हो गए है और अब जो भी प्रकरण दर्ज होंगे वो नए कानून के तहत किए जाएंगे। नए कानून में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को भी मान्य किया गया है। झूठे मुकदमे दर्ज करवाने वालों पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा यही नही एफआईआर चार्जशीट जजमेंट सभी अब डिजिटल होंगे जिससे लोगों को काफ़ी सुविधाएं मिलेंगी। इस कानून में तय तिथि में ही आरोप पत्र जमा करने होंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका पार्षद विनोद बंजारे, ओंकार मारकंडे, निश्चय वाजपेयी एवं समाजसेवी राजनैतिक पार्टियों के नेतागण राकेश पाण्डेय, रामबिहारी मिश्रा, मिथलेश यादव, इमरान रिजवी, अवधेश शुक्ला, अश्वनी देशलहरे, उमेश शुक्ला एवं रामकुमार सोनी सहित आस-पास गांव के सरपंच सहित कानून के जानकार , पत्रकारगण एवं पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

मोटर सायकल की भिंडत मे एक की मौत

परपोडी, 2 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत परपोडी थाना के पास दो मोटर सायकिल एक दूसरे के साथ आपस मे जबरदस्त भिड़ंत हो गयी जिसमे एक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी मोटर सायकल की भिंडत इतनी भयंकर थी की देखने वालो की रुह कांप गयी जहा एक की मौके की पर मौत हो गयी वही दुसरी गाडी मे सवार युवक की हालत चिंता जनक है ग्राम जानकारी के अनुसार *भारत वर्मा पिता उदय राम वर्मा* साकिन परदाणेड उम्र लगभग 35 वर्ष जिला के.जीसी (खैरागढ़) थाना छुईखदान का निवासी है उक्त व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी वही दुसरी गाडी पर सवार *किसन निषाद पिता कुलेश निसाद* उम्र 24 वर्ष है साकिन मानिकचौरी जिला खैरागढ़ थाना छुईखदान का निवासी है इसकी हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे तत्काल परपोडी हास्पिटल से दुर्ग के लिए रिफर किया गया है ग्राम जानकारी के अनुसार मृतक *भारत वर्मा * खेत के लिए किटनासक दवाई खरिदने के लिए परपोडी कृषि केंद्र आया हुवा था परपोडी मे आये दिन ?रही दुर्घटनाए होती रहती है स्वास्थ्य केंद्र मे एक भी एम बी बी एस डाक्टर नही है इससे मौत का आकडा बढता नजर आ रहा है यदी वरिष्ठ डाक्टर एंव सुविधाएँ जनक अस्पताल नगर मे रहता तो कुछ मौत के आकडे को कम किया जा सकता था इसी प्रकार बल की कमी से थाना परपोडी भी गुजर रहा है।

छात्रों को पुस्तकों के बोझ से मुक्त करने के उद्देश्य से दी गई ज्ञानवर्धक जानकारियां

कुम्हारी, 2 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर सासा में एक दिन छात्रों को पुस्तकों के बोझ से मुक्त करने के उद्देश्य से विद्यालय आमंत्रित किया गया एवं छात्रों को ज्ञानवर्धक जानकारी दिए जाने की भी व्यवस्था की गई इस कार्यक्रम में अन्य गतिविधि के रूप में रक्दान जागरूकता कार्यक्रम भी रखा गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में अंतरा गोवर्धन (सामाजिक कार्यकर्ता, काउंसलर- अपना ब्लड सेंटर रायपुर), मुकुंद राठौर (सामाजिक कार्यकर्त्ता) एवं बी. एल. साहू (भूतपूर्व शिक्षक) सम्मिलित हुए 7 कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों को इस जागरूकता कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया 7 बच्चों को रक्दान के महत्व के बारे में विभिन्न जानकारियां दी गई, जैसे रक्त समूह के प्रकार, रक्तदान, कैंसर के रोगी को, थैलेसीमिया के रोगी को, सर्जरी के दौरान एवं एनीमिया के रोगी को कैसे रक्तदान कर उनका जीवन बचा सकते हैं? बच्चों को हीमोग्लोबिन की भी जानकारी दी गई की महिलाओं और पुरुषों में हीमोग्लोबिन की मात्रा कितनी होनी चाहिए साथ ही हरी सब्जियां और सलाद प्रतिदिन अत्यधिक मात्रा में लेना चाहिए, पानी खूब पीना चाहिए, यह सभी जानकारियां बच्चों को दी गई 7 बच्चों ने रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम में ड्राइंग पेंटिंग एवं पोस्टर भी बनाए 7 समस्त कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती लता रघुकुमार, प्रधान पाठक श्रीमती शीतल नय्यर एवं समस्त मिडिल विंग शिक्षकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

गाँव गांव में मां कौशल्या मंदिर संपर्क यात्रा का हुआ स्वागत

थान खम्हरिया, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जामडी पाटेश्वर आश्रम के संत श्रीराम बालक दास जी महात्यागी ने अपने छत्तीसगढ़ के आन बान शान को बनाए रखने मां कौशल्या मंदिर निर्माण को सन 2026 में पूर्ण करने 1 जून से लगातार छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों में मंदिर निर्माण सम्पर्क यात्रा को लेकर श्रीराम जननी मां कौशल्या की भव्य मंदिर निर्माण की कीर्ति को बताने व मंदिर निर्माण में सहभागी बनने गांव गांव तक पहुंच रहे हैं, और बता रहे हैं कि छत्तीसगढ़ की बेटी कौशल्या के पुत्र श्रीराम जी का पावन धाम अयोध्या में बन चुका है अब बारी है छत्तीसगढ़ के बालोद जिला में मां कौशल्या जी के विराजमान होने की। आप अन्य प्रदेशों में बनने वाले मंदिर निर्माण के लिए जब प्रेम से सहयोग करते हैं। ये तो आपके प्रदेश के सम्मान का विषय है आपके प्रदेश की बेटी मां कौशल्या अपने ही जन्म भूमि में अपने धाम के लिए क्यों तरसे। आप भी आइए और इस मंदिर निर्माण में सहभागी बनकर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाईये। इस बात को सुनकर बंधुओ के साथ माताए भी संकल्प करने मंच में पहुंचने लगती है । माताओं का आशीर्वाद धन राशि के रुप में मिल रहा है ।

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संत राम बालक दास महात्यागी जी के द्वारा आयोजित मां कौशल्या मंदिर संपर्क यात्रा 45 दिन तक चलेगी। इस यात्रा के अंतर्गत सरोरा , तुलसी , तिल्दा एवं देवरी गांव में संत श्री का आगमन हुआ तो ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण कार्य में अपना नाम अंकित कराये । चार धाम के बाद संत श्री ने कहा कि भारत का पांचवा धाम माता कौशल्या का बने ऐसी मेरे मन की इच्छा है जिसे साकार करने आप सबके सहयोग की आवश्यकता है । उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने दोनों भुजाएं खड़ी कर सहयोग करने का सहमति प्रदान किया।

इस अवसर पर बहुत संख्या में भक्तों एवम माताओ, ने मां कौशल्या धाम के निर्माण के लिए अपने-अपने संकल्प राशि का दान किया । यात्रा में मुख्य प्रवक्ता संत श्री राम बालक दास जी ने कहा कि हम भगवान राम को अपना भांजा मानते हैं इसलिए छत्तीसगढ़ से करोड़ो रूपये अयोध्या भेजा गया । लेकिन अब तीन युग से इंतजार कर रही हमारे छत्तीसगढ़ की बेटी माता कौशल्या के धाम के निर्माण का विषय है इसलिए समस्त छत्तीसगढ़िया अपने कमाई का एक हिस्सा छत्तीसगढ़ के मान संवर्धन हेतु मां कौशल्या धाम के निर्माण के लिए प्रदान करें। अभी मंदिर निर्माण कार्य में 80 कारीगर एकरंगा लाल पत्थर को तरासने में लगे हुए हैं। मां कौशल्या मंदिर निर्माण कार्य को द्वितीय तल लोकार्पण की तैयारी जोरों से चल रहा है। आप भी जाकर उस निर्माण को सहजता से देख सकते हैं। इस अवसर पर बहुत संख्या में भक्तों एवं माताओ ने तीन वर्ष तक प्रतिवर्ष , 21000, 11000 , 5100 रूपये की राशि का संकल्प लिया । संत श्री ने सभी का रामनामी अंग स्वरूप एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इसी तरह आगामी 2 दिनों तक यात्रा बलौदाबाजार क्षेत्र में चलेगी

दल्लीराजहरा पुलिस द्वारा रिपोर्ट लिखाने वालों के साथ गाली ग्लौज करते मारपीट:चोपड़े

■ कानून की रक्षा करने वाले ही जब कानून तोड़ेगी तो आम जनता कहां जाएगी

दल्लीराजहरा,2 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा अनसूचित जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष चंद्रकांत चोपड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक एक तरफ जिले के थानों के निरक्षण के दौरान पुलिस कर्मचारियों से पुलिस की छवि बेहतर बनाने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने सभी थाना प्रभारी व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहते हैं की थाने में कोई व्यक्ति रिपोर्ट लिखवाना आता है उससे अच्छा व्यवहार किया जावे। पुलिस का संबंध आम जनता से मित्रता वाली होनी चाहिए। वही दल्ली राजहरा की पुलिस चंद आर्थिक स्वार्थ के लिए इसकी खुले आम अनदेखी करते है। उन्होने आगे कहा की कानून को रक्षा करने वाले ही जब कानून तोड़ते तो फिर आम जनता कहा जाए ? कुछ ऐसी मामला विगत दो माह से दल्ली राजहरा थाना अंतर्गत लंबित है ? घटनाक्रम है आम सड़क मे हुए बदतमीजी की रिपोर्ट लिखाने राजहरा थाने पहुंचे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष चंद्रकांत चोपड़े को बेवजह राजहरा थाने में पदस्थ आरक्षक रवि निर्मलकर द्वारा गाली गलौज करते हुए रिपोर्ट लिखने से रोका गया ? दूसरे दिन जब दुबारा रिपोर्ट लिखाने चंद्रकांत चोपड़े अपने साथी के साथ थाना परिसर पहुंचे तो आरक्षक रवि निर्मलकर के द्वारा उनके साथ बदतमीजी कर उनके साथ हाथापाई की गयी ? इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत चंद्रकांत चोपड़े द्वारा दल्ली राजहरा थाना प्रभारी एवं जिला पुलिस अधिक्षक के समक्ष की गयी परन्तु आज दो माह गुजरने के पश्चात भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही की गयी है ? सूत्रों की माने तो आरक्षक रवि निर्मलकर दल्ली राजहरा के कुछ जनप्रतिनिधियों का बहुत करीबी है और इसी कारण उन पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हो रही है ? चंद्रकांत चोपड़े ने बताया की उनके द्वारा मध्यप्रांत के सडक पर एक व्यक्ति के द्वारा बदतमीजी की गयी थी उसकी रिपोर्ट लिखाने जब वो थाने पहुंचे तो आरक्षक रवि निर्मलकर द्वारा रोका गया एवं दुसरे दिन जब मैं पुनः रिपोर्ट दर्ज करने पहुंचा तो मेरे गाड़ी से उतरने से पहले ही मेरे से मेरी गाड़ी चाबी को छीन कर मेरे साथ गली गलौज करते हुए मुझे 4-5 झापड़ मार दिए जब आरक्षक व्यहार यह हरकत कर रहा था उस वक्त और फुल स आरक्षक उसे कह रहे थे की कैमरे मे न दिखे वहां ले जा कर इसे मारो इससे राजहरा पुलिस की मानविकता साफ प्रतित होती है ? मैं इस पूरे घटनाक्रम से पूर्ण रूप से मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुका हूँ ? मेरे द्वारा इस पर कार्यवाही के लिए जिला पुलिस अधीक्षक, राजहरा थाना प्रभारी को बार बार पत्र लिखकर न्याय की मांग की परन्तु आज दो माह भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हुई ? चंद्रकांत चोपड़े ने आगे कहा की कानून की रक्षा करने वाले ही जब कानून तोड़ेंगे तो आम जनता किसके पास जाएगी ? चोपड़े ने यह भी कहा की जब इस मामले में मेरे ब्यूरा सुचाना के अधिकार के तहत थाना प्रभारी से सी सी कैमरे का फूटेज मांग गया तो उनका कहना था की नक्सली क्षेत्र होने के कारण नही दे सकते है इससे साफ प्रतित होता की पुलिस रक्षक नही भक्षक बनी हुई है।

इस मामले में नगर पुलिस अधीक्षक जांच कर रही हैं, जांच के बाद दोषों पर कार्यवाही की जाएगी
सुनिल तिर्की
थाना प्रभारी दल्लीराजहरा

खादबीज के लिए किसानों को न हो परेशानी, गांवों में जाकर लें उपलब्धता की जानकारी: कलेक्टर

■ समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

बेमेतरा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज कलेक्टरेट के हिसा सभाकक्ष में जिले के कार्यों की समीक्षा करने समय सीमा बैठक ली । समय सीमा की बैठक आमतौर पर सरकारी कार्यों की समीक्षा और शासन के योजनाओं की प्रगति की जांच के लिए आयोजित की जाती है। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से शासकीय कार्यों के कामकाज की रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । और विकास कार्यों की प्रगति, सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन, और समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई । इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, सर्व एसडीएम, सर्व जनपद सीईओ, सर्व सीएमओ सहित जिला के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर शर्मा ने सभी निर्माण एजेंसियों के धीमी कार्य प्रगति पर नाराजगी जताई और समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर शख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए । उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सड़कों के किनारे पौधारोपण के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को एक साप्ताह के भीतर उपयुक्त स्थल देखकर पौधारोपण करने को कहा । उन्होंने मरम्मत योग्य शाला भवनों की जानकारी ली और प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने 4 जुलाई को होने वाले शाला प्रवेश जिला स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली और कहा की सभी डूयूटीवार अपने अपने कार्यों को सम्पन्न करेंगे साथ ही उक्त स्थल पर पौधारोपण भी करेंगे, इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम अच्छे से करने के निर्देश दिए । आगामी मानसून के मद्देनजर कलेक्टर ने बाढ़ और जलजमाव की समस्याओं से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लिया और बाढ़ आपदा के पहले मॉक ड्रिल कर सतर्क रहने के आवश्यक निर्देश दिए । उन्होंने कहा की साप्ताह में सभी जनपद, नगरीय निकाय और विभागवार प्लान तैयार करें कि नदी किनारे बसे गांवों में आपदा से निपटने के लिए क्या तैयारी की गई है

जिलाधीश ने राजीव युवा मितान योजना की प्रगति की जानकारी ली और अगले तीन दिवस के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश जनपद सीईओ को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने कृषि के लिए खाद बीज वितरण, महतारी वंदन और पीएम किसान सम्मान निधि योजना में आधार का केवायसी और भूमि सीडिंग कराने की स्थिति की जानकारी लेकर संबंधीत अधिकारी से कहा कि सभी महिला हितग्राही और किसानो का केवायसी और सीडिंग कराएं, ताकि योजनाओ का लाभ तुरंत मिले। खादबिज की जानकारी देते हुये कृषि अधिकारी ने बताया की जिले में जिले में 9। प्रतिशत खादबिज प्राप्त हुई हैं जिसमे से ।। प्रतिशत किसानो को वितरित कर दिया गया हैं । कलेक्टर शर्मा ने खाद्य अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन राशन दुकानों से वसूली कार्य किया जाना है, उन वसूलियों को शीघ्र करें। साथ ही राशन आबंटन का रिकार्ड सिर्फ एप या वेबसाइट लॉगिन में नही देखें, बल्कि मैदानी राशन दुकानों में जाकर क्रॉस चेकिंग करें। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी से जिले में वितरित राशन कार्ड की जानकारी ली और 1 साप्ताह के भीतर सारे राशनकार्ड को शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों से धान उठाव, भंडारण, राइस मिलरों को जारी डीओ, निराकरण आदि के संबंध में चर्चा की।

कलेक्टर ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए संबंधित विभागों को नियमित सफाई और कचरा प्रबंधन पर सख्ती से काम करने के निर्देश दिए । उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये । उन्होंने जिला अस्पताल में रात के समय डॉक्टर को उपलब्ध रहने को कहा ताकि इमरजेंसी परिस्थिति में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने वर्षा ऋतु में होने वाले मौसमी बीमारी से निपटने आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने नविन कानून व्यवस्था के बारे में बताते हुये कहा की आगामी महीने में सर्व ग्राम पंचायतों में नविन आपराधिक विधी अधिनियमों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना हैं । जिलाधीश ने पीएम किसान सम्मान निधि की जानकारी ली और जल्द से जल्द पात्र हितग्राहीयों का आधार सिडिंग कार्य पूर्ण करने को कहा । उन्होंने शिक्षा विभाग को स्कूलों की स्थिति सुधारने और छात्रों के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए और सभी अधिकारीयों से सभी स्कूलों में नेवता भोज कार्यक्रम करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा की अपने स्कूल परिसर का वातावरण स्वच्छ रखें । अपने स्कूल के बच्चों के पालकों को बुलाकर पालक-बालक बैठक आयोजित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में चर्चा कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करें।

कलेक्टर ने बारिश से पूर्व बिजली सबंधित सभी मरम्मत कार्यों का शीघ्र पूर्ण करने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र मे सुधारने लायक ट्रांसफार्मर को सुधारे जाने का कार्य किया जाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हे बिजली के चलते कृषि कार्य में असुविधा ना हो। इसके साथ आवश्यकता अनुसार ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य भी किया जाना सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने ग्रामीण अंचल या खेतों में लटकते हुये तार कनेक्शन तत्काल ठीक कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आबकारी विभाग को जिले में चल रहे अवैध शराब की बिक्री की जांच कर उन पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर शर्मा ने जल संरक्षि अभियान, ध्वनि प्रदूषण कार्यवाही, आवारा पशुओं की जानकारी, विकसित छ.ग. की दस्तावेज, आ.बा. कार्यकर्ता की नियुक्ति की जानकारी, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, लंबित राजस्व प्रकरणों, जनदर्शन में लंबित प्रकरणों आदि पर विस्तार से समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अवैध प्लांटिंग के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।

सभी भाजपा कार्यकर्ता मां के नाम से एक पेड़ जरूर लगाएं: भूपेंद्र सवन्नी

■ चुनाव के बाद संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए बैठकों का दौर शुरू

राजनांदगांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत माना जाता है, इसलिए चुनाव के बाद भी कार्यकर्ताओं में निरंतरता बनी रहे, इसलिए लगातार बैठकों का दौर शुरू हो चुका है।

इस परिपेक्ष में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि प्रदेश भाजपा के आवाहन पर तीनों मंडलों की संयुक्त बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई,जिसे प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने संबोधित किया।

भूपेंद्र सवन्नी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए योग दिवस की समीक्षा की, साथ ही डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस जो की 23 जून से 6 जुलाई तक आयोजित किया गया है, विषय पर विस्तार से बताते हुए कहा कि इस दौरान सभी कार्यकर्ता कहीं ना कहीं एक पेड़ अपनी मां के नाम से जरूर लगाए। और मां के नाम से लगाए गए पेड़ को संरक्षित करने का प्रयास भी करें।

नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी के संबंध में भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए परिसीमन पर सक्रिय एवं जागरूक रहने का आह्वान किया, लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी और बताया कि कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय लोकसभा के संयोजक मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे। । पर्यावरण को लेकर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। साथ ही भूपेंद्र सवन्नी ने मन की बात कार्यक्रम को नियमित रूप से सबके बीच सुनने का आव्हान भी किया।

लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक बूथ पर भाजपा ने लीड प्राप्त की इसलिए उन्होंने कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए राजनंदगांव की प्रशंसा भी की।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने प्रतिवेदन देते हुए बताया कि भाजपा का संगठन पर्व शुरू हो चुका है, जिसके तहत सदस्यता अभियान प्रारंभ हो चुका है, सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू होगा फिर बूथ का गठन होगा, तत्पश्चात मंडल जिला एवं प्रदेश का गठन होगा, । जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी कार्यकर्ता जुट जाएं और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी की संघटनात्मक रचना को मजबूत करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

कार्यक्रम का सफल संचालन गोलू सूर्यवंशी ने किया एवं आभार प्रदर्शन दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवाणी ने किया।

डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिये निगम में कार्यशाला आयोजित

■ एसएलआरएम सेन्टर सुपरवाईजर, स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा को दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव 2 जुलाई (देशबन्धु)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य अमला के लिये निगम सभागृह में डेंगू एवं मलेरिया के रोकथाम एवं बचाव हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में डब्लू.एच.ओ. के प्रतिनिधि डॉ. राजेन्द्र सिंह के द्वारा डेंगू एवं मलेरिया के लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी।

कार्यशाला में डॉ. राजेन्द्र सिंह ने निगम सीमाक्षेत्र में पर्याप्त साफ सफाई रखने, पानी जमा नहीं होने सफाई अमला को समझाईस दिये। उन्होने कहा कि एडिस मच्छर स्थिर एवं साफ पानी में पैदा होते है, इसके लिये कूलर में पानी जमा नहीं होने देना है, उसे साफ कर प्रति सप्ताह साफ पानी भरना है, इसके अलावा घर के खुले गड्ढे, गमले एवं पुराने टायर आदि में पानी जमा न होने दे, पानी जमा होने पर उन्हें तुरन्त खाली करे, क्योकि इसमें डेंगू के लार्वा पैदा हो सकते है। उन्होंने कहा कि पानी के गड्ढे में जला आईल डाले जिससे मच्छर का लार्वा नष्ट हो जा सके। मच्छरों से बचाव के लिये घर के दरवाजे व खिडकियो मे जाली लगावे, मच्छरदानी का उपयोग करे।

राज्य सलाहार सुश्री स्निग्धा पटनायक ने कहा कि डेंगू मलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है, जिससे सावधानी बरतकर बचा जा सकता है। यह समान्यतः बारिश के दिनों में होने वाली बीमारी है। उन्होंने कहा कि आप सभी सफाई अमला स्वयं सावधानी बरते तथा वार्डो में भी लोगों को इसके लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी देवे। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे, तथा लोगों को भी साफ सफाई रखने समझाईस देवे, तभी इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

कार्यशाला में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल, जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री पूजा मेश्राम, जिला सलाहकार श्रीमती संगीता पाण्डेय सहित एसएलआरएम सेन्टरों के सुपरवाईजर, स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा उपस्थित थे।

आयुक्त सुबह निकले सफाई देखने

राजनांदगांव 2 जुलाई (देशबन्धु)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज सुबह सफाई व्यवस्था देखने निकल कालोनी एवं जीई रोड में सफाई का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मचारियों से निर्धारित समय तक सम्पूर्ण क्षेत्र में साफ सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने साफ सफाई रखने, सफाई में सहयोग करने नागरिकों से भी अपील की है।

आयुक्त गुप्ता सफाई निरीक्षण में आज जी.ई.रोड, अनुपंम नगर, आर.के.नगर, दिग्विजय कालेज रोड में सफाई का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से रूबरू हो निर्धारित समय दोपहर 1 बजे तक साफ सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बरसात में पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है, जिसे ध्यान में रखकर नाली नालों की अच्छे से सफाई करे, कचरा नियमित रूप से उठावे, पानी भरान क्षेत्रों में कच्ची नाली खोदे तथा दवाई का छिडकाव करे, मच्छर न पनपे इसके लिये गड्ढों में जला आईल डाले।

■ स्वच्छता अपनाने सफाई में सहयोग करने नागरिकों से की अपील

आयुक्त गुप्ता ने स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा, वार्ड चपरासी से कहा कि वर्तमान में सफाई ठेका निरस्त हो गयी है। जिसके कारण ठेका वार्डो में साफ सफाई प्रभावित न हो इसके लिये निगम के सफाई कर्मी व फ्लेसमेंट कर्मी सभी वार्डो में नियमित रूप से सफाई करेंगे। इस संबंध में आप लोग रूप रेखा तैयार कर कर्मचारियों से साफ सफाई करावे, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्रों में सफाई हो सके। उन्होंने कहा कि सफाई ठेका होते तक सभी वार्डो में कर्मचारियों की पर्याप्त उपस्थिति रहे, बिना कारण किसी भी कर्मचारी को छुटटी न देवे, सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करेंगे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। बरसात में किसी भी प्रकार की सफाई में लापरवाही न हो इसका भी ध्यान रखे, लोगों को भी साफ सफाई के प्रति जागरूक करे।

आयुक्त गुप्ता ने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि बरसात के दिनों में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका रहती है, जिसे ध्यान में रखते हुये स्वच्छता अपनावे, डेंगू मलेरिया जैसे संक्रामक बीमारी से बचने घरों में पानी जमा न होने दे, पानी ज्वालकर छान कर पीने, सडे गले खाद पदार्थो का उपयोग न करे, अभी के विषम परिस्थिति में साफ सफाई में निगम को सहयोग करे।

31 तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर 6.25 प्रतिशत छुट का लाभ लेने करदाताओं से आयुक्त ने की अपील

राजनांदगांव 2 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा राजस्व करों की वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। सहायक राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक घर घर जाकर सम्पत्तिकर, समेकितकर व जलकर की वसूली कर रहे है, साथ ही निगम के राजस्व कार्यालय में भी करों का भुगतान लिया जा रहा है। करदाताओं की सुविधा के लिये चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर नियमानुसार छुट का लाभ दिया जा रहा है। इसी कडी में 31 जुलाई 2024 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जावेगी।

इस संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छुट का लाभ दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 31 जुलाई 2024 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जा रही है। इसी प्रकार 1 अगस्त 2024 से 30 दिसम्बर 2024 तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक 0 प्रतिशत छुट दी जायेगी।

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि जिन करदाताओं के द्वारा सम्पत्तिकर का भुगतान किया जा रहा है, उन्हें नियमानुसार छुट दी जा रही है। उन्होनें कहा कि कुछ करदाता जिन्होंने लम्बे समय से अपने बकाया कर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर व दुकान किराया का भुगतान नहीं कर रहे है, उन्हें नोटिस दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राजस्व अमला निगम के राजस्व कार्यालय के अलावा घर घर जाकर करदाताओं से करो का भुगतान करने अपील कर रहे है और उनका बकाया कर ले रहे है, इस माह 31 जुलाई तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग करने की अपील की है।

भाजपा शासन में खाद के लिए भटक रहे किसान: महेंद्र यादव

राजनांदगांव, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य एवं महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनादगांव ग्रामीण यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसान डीएपी खाद के लिए रोज सोसाइटी का चक्कर लगा रहे हैं। परंतु डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। रोपाई का समय है और खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

श्री यादव ने आगे कहा कि पिछले 5 साल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही 5 साल कभी भी किसानों को खाद बीज के लिए भटकना नहीं पड़ता था। लेकिन जैसे कि हम सबको मालूम है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बड़े व्यापारियों को खाद उपलब्ध हो जाता है और सोसाइटी में खाद नहीं मिलने से किसान व्यापारी से अधिक दामों में खाद लेने विवश हो जाते हैं। उन्होंने भूपेश बघेल की सरकार में किसानों को फसलों का सही दाम मिला किसान समृद्ध हुए खुशहाल हुए, लेकिन आज फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हमारे किसान भाई अपनी किसानी के लिए खाद के लिए भटक रहे हैं।यादव ने कहा कि जल्द ही किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद नहीं मिलने पर क्षेत्र के किसानों के हक के लिए छत्तीसगढ़ के विष्णु देव सरकार की नाकामी के विरोध में धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा।

कलेक्टर ने फोर्टिफाइट चांवल वितरण की शिकायत को लिया संज्ञान में

कवर्धा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पंडरिया विकासखंड के ग्राम भेलकी के आश्रितग्राम चुलटोला के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में बैगा परिवारों के राशनकार्डधारियों को फोर्टिफाइट चांवल की जगह कनकी (खंडा) चांवल वितरण करने एवं माह अप्रैल-मई 2024 में 30 फिटल चांवल कम मिलने की शिकायत को संज्ञान में लिया। उन्होंने खाद्य अधिकारी को शिकायतों की जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य अधिकारी ने शिकायत के संबंध में खाद्य निरीक्षक को सरपंच, सचिव की उपस्थिति में आवश्यक कार्यवाही कर जांच करते हुए हितग्राहियों को पात्रता अनुसार खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश दिए।

कवर्धा कोषालय में पेपरलेस व्यवस्था लागू

कवर्धा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में कवर्धा कोषालय में पेपरलेस व्यवस्था 01 जुलाई 2024 से लागू हो गया है। ई-बिल की व्यवस्था न सिर्फ मासिक वेतन के लिए भुगतान के लिए बल्कि मेडिकल कैल्म, टीए कैल्म सहित सभी प्रकार के बिलो को अब ई-बिल के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही महालेखाकार को भी लेखे, म.लेखे के माध्यम से ऑनलाइन भेजना होगा। नई व्यवस्था से पेंशन सहित विभागीय भुगतान के अन्य प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। नई व्यवस्था से ई-बिल की जांच आहरण एवं संवितरण अधिकारी स्तर से लेकर कोषालय स्तर पर, लिपिक, सहायक कोषालय अधिकारी, कोषालय अधिकारी स्तरों पर जांच होगी। जिससे मानवीय त्रुटि में कमी आएगी। इस व्यवस्था के लागू होने से कार्यालयों में पेपर के उपयोग में कमी आएगी जो हमारे पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

डोंगरगढ़, 2 जुलाई (देशबन्धु)। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिए एक बयान को लेकर बवाल मच गया है राहुल के हिन्दू हिंसा करता है चहिन्दू विरोधीह बयान पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओ ने श्री हनुमान चौक में राहुल गांधी का पुतला जला कर विरोध जताया साथ ही नगर के धार्मिक हिन्दू संगठन व राजनीतिक दल ने रैली निकाल नारे बाजी कर प्रदर्शन करके सम्पूर्ण समाज से इस बयान के लिए माफी मांगने की मांग की। बजरंग दल जिला सह संयोजक हनी गुप्ता ने बताया कि लोक सभा सत्र के दौरान पहले दिन भारत के समस्त हिन्दू समाज के लिए अमर्यादित बयान राहुल गांधी ने दिया जिससे सम्पूर्ण हिन्दू समाज से माफी मांगी चाहिए हर बार राहुल गांधी कभी हिन्दुओ को आतंवादी, हिन्दू मंदिर लड़की छेड़ने जाते है,भगवा आंतकवाद हैं ऐसे बयान देकर खुद को दूसरे समाज का हितैषी साबित करना चाहते है इस दौरान विश्वनाथ यादव ,करौल भाटिया ,विनीत यादव ,विजेंदर ठाकुर, सतेंद्र बिसेन ,बाल मुकुंद तराने,नगर संयोजक बजरंग दल ऋषभ डकहा, मनीष समुन्द्रे ,अतुल बिरहा, अमन नामदेव, कुश मालेकर ,अनुज शर्मा ,जय टम्टा, आकाश ठाकुर ,हिमांशु गुप्ता ,पुष्प तराने, वंश शर्मा ,अभय डकहा युवा मोर्चा के जयंत साहू, आदित्य मिश्रा, सत्यम यादव, गणेश साहू ,जय साहू, डिम्पी ,सोमेंद्र गजेंद्र ,आवेश गिनम व अन्य उपस्थित थे।

कुकुदुर मे आदिवासी छात्रा को बाईक चालक ने थप्पड़ मारा

कवर्धा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। कुकुदुर कुई पटौहा पंडरिया मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम पटौहा मे एक आदिवासी छात्रा अपने छोटी बहन एवं पालक के साथ शाम वॉकिंग करते हुए घर जा रही थी कि कुई की तरफ से आते हुए एक मोटर साइकिल पर सवार दो लड़को ने लड़की को मार करके भाग निकल गए जब लड़की पुलिस थाना कुकुदुर में अपने साथ घटी घटना की जब रिपोर्ट लिखाने कुकुदुर थाना गई तो पुलिस बोलती है इसमें कोई अपराध नहीं बनता नतीजा ऐसी स्थिति में अपराधी पकड़े नहीं जाएंगे जिससे अपराधियों का मनोबल उठा हुआ है और औरतें एव लड़कियां घरों से बाहर निकल कर रोड पर जाने में डर रही हैं। जानकारी के अनुसार दिनांक 28.06.2024 को शाम लगभग 8:00 बजे एक लड़की अपने पालक एव छोटी बहन के साथ कुई से पटौहा की तरफ जा रही थी कि एक मोटरसाइकिल पर दो सवार लड़को ने पैदल चल रही लड़की को मार करके पंडरीया की तरफ भाग गए जब लड़की ने थाने में रिपोर्ट करने गई तो थानेदार बोलते हैं कि इसमें कोई अपराध नहीं बनता क्योंकि लड़की को जो मारे तो हैं लेकिन उसे चोट का निशान नहीं पड़ा है और लड़की उनको पहचानती भी नहीं है । लड़की को सादे कागज पर आवेदन देने के लिए कहा गया लेकिन जब लड़की ने आवेदन देने से मना किया एव रिपोर्ट लिखने को कही तो थाना मे बोले कि हम रोजनामचा मे नाम लिख करके जांच करेगे रिपोर्ट नही लिखेगे। कुकुदुर पुलिस आगे क्या कार्रवाई करती है यह देखना पड़ेगा लड़की के बताएं अनुसार अपराधी लड़के कुई के तरफ से ही आए हैं।

कुई पटौहा पंडरीया सडक मार्ग में सीसी कैमरा लगे हैं कुई अटल चौक के पास सलूजा ऑटो पार्ट्स, साहू किराना स्टोर्स कुई,दिलीप मोटर्स कुई, पेट्रोल पंप कुई, आदिवासी कन्या आश्रम कुई इन स्थानों पर सीसी कैमरा लगा हुआ है। यदि सीसी कैमरा में गंभीरता से जांच की जाए तो हो सके कि अपराधी पकडे भी जा सकते।

इसमें अपराध नहीं बनता इसलिए रिपोर्ट नहीं लिखेगे हम रोज नामचा में लिख करके जांच करेंगे

श्री चुरेन्द्र
थाना प्रभारी कुकुदूर

वी माधुरी पंडा कैबिनेट सचिव बनी

डोंगरगढ़, 2 जुलाई (देशबन्धु)। द एसोसियेशन आफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया की डिस्ट्रीक्ट 323-ल3 अपराजिता की सत्र 24-25 की कैबिनेट का आयोजन 15-16 जून 2024 को मनेन्द्रगढ़ छग मे आयोजित दो दिवसीय कान्फ्रेंस मे कार्यकारिणी का गठन किया गया. जिसमें वी क्लब्स ऑफ माँ बम्लेशवरी डोंगरगढ़ की सदस्य एवं संरक्षिका वी माधुरी पंडा को प्रदेश स्तरीय संगठन मे कैबिनेट सेवा गतिविधि सचिव के पद पर नियुक्त किया गया । ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षो से समाजसेवा मे अपना योगदान देकर अनेक प्रदेश स्तरीय पद पर इन्होंने उत्तरदायित्व निभाते हुये डोंगरगढ़ को प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है इस गौरवमयी उपलब्धि पर श्रीमती पंडा को कैबिनेट पदाधिकारी व सदस्यों ने बधाई दी ।

3 नए अधिनियमो के सम्बन्ध में दी जानकारी



डोंगरगढ़, 2 जुलाई (देशबन्धु)। अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सावंत एवं सचिव हेमंत राज़े के मार्गदर्शन में तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अनीष दुबे के निदेसानुसार उपजेल में न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपत सिंह साहू एवं शैलेश कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में 1 जुलाई 2024 से लागू हुए तीन नए अधिनियमों भारतीय न्याय सँहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सँहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। पूर्व अधिनियम भारतीय दण्ड सँहिता 1860, दण्ड प्रक्रिया सँहिता 1973 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को निरसित करते हुए नये अधिनियम लागू किये गये हैं। आगे उन्होंने बताया कि पुराने एवं नए अधिनियमों के प्रावधानों व धाराओं की तुलनात्मक सारणी सभी न्यायालयों में उपलब्ध होने सम्बन्धी निर्देश दिये गये। नए अधिनियमों के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में परिचर्चा कर आने वाली कठिनाईयों को दूर किये जाने के सम्बन्ध में भी दिशा- निर्देश दिये गये। इसी क्रम में उपजेल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लीगल एड डिफेंस काउँसिल्स द्वारा जेल प्रशासन के साथ बंदियों को नए अधिनियमों के लागू होने के सम्बन्ध में विधिक रूप से जागरूक किया गया। इस दौरान उपजेल डोंगरगढ़ के अधीक्षक एवं समस्त कर्मचारीगण तथा पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय एवं पवन कुमार उपस्थित थे ।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा ने राजपत्रित अधिकारियों का लिया समीक्षा बैठक

बेमेतरा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। रामकृष्ण साहू भापुसे पुलिस अधीक्षक जिला-बेमेतरा द्वारा दिनांक 02-01-2024 को राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा मीटिंग लिया गया जिसमें लंबित अपराधों लंबित चालान लंबित मर्ग लंबित गुम इंसान लंबित षिकायतों का शीघ्र निकाल करने तथा अपने अपने अनुविभाग थाना एवं चैकी क्षेत्रांतर्गत ढाबो में आकस्मिक निरीक्षण कर अवैध रूप से शराब बिक्री या पिलाये जाने पर संबंधित ढाबा संचालको के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा शराब जुआ सट्टा अन्य नषीली दवाओं एवं संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त से सख्त वैधानिक कार्यवाही करने तथा गुंडा एवं निगरानी बदमाष की प्रतिदिन चेक करने जिसमें अपराधों में अंकुष लगाया जा सके थाना एवं चैकी में शराब नष्टीकरण की कार्यवाही व वाहनों का नियमानुसार निराकरण करने रेंज स्तरीय त्रिनयन एप एवं साईबर प्रहरी ग्रुप में अधिक से अधिक लोगो को शामिल करने जिससे अपराधों की रोकथाम में अंकुष लगाया जा सके। किसी प्रकार की कोई कोताही नही बरतने तथा मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने हेतु निर्देषित किया गया 01 जुलाई से लागू नवीन कानून के नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया इस अवसर पर तेजराम पटेल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला राजेष कुमार झा प्रभारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा कमलनारायण शर्मा उप पुलिस अधीक्षक बालक विरूद्ध अपराध सउनि ' अ'अजय कुमार देवांगन स्टेनों प्रभारी सउनि विष्णु सप्रे रीडर 1 उपस्थित रहे।

उल्टा पुल्टा

संजू- पापा, मुझे एक लड़की पसंद है, मैं उससे शादी करना चाहता हूं।
पापा- क्या वो भी तुझे पसंद करती है?
संजू- हां, जी हां...
पापा-जिस लड़की की पसंद ऐसी हो उसे में बहू नहीं बना सकता।

डीके महाविद्यालय जमीन की सीमांकन करने की मांग को लेकर राजस्व मंत्री को पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मोती वर्मा ने सौंपा ज्ञापन

महाविद्यालय की 25 एकड़ जमीन में आज बचा है मात्र 15 एकड़

बलौदाबाजार, 2 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार की 25 एकड़ जमीन का सीमांकन कर विद्यालय के अधीन करने की मांग पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मोतीलाल वर्मा ने राजस्व, खेल कुद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन देते हुए की है। इन्होने कहा है कि महाविद्यालय भवन निर्माण के समय महाविद्यालय के नाम पर 25 एकड़ जमीन थी लेकिन आज की स्थिति में वहां पर 25 एकड़ जमीन नही है। बल्की मात्र 15 एकड जमीन उपलब्ध दिखाई दे रहा है। जिसका सीमांकन का निर्देश देकर महाविद्यालय की जमीन सुनिश्चित करने की मांग राजस्व मंत्री से की है।

शासकीय दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मोतीलाल वर्मा ने एक अधिकृत जानकारी लेकर बताया है कि महाविद्यालय की जमीन खसरा नं. 9, 13, 5/7, 5/8, 5/9 कुल रकबा 25 एकड़ की है। लेकिन वर्तमान में उक्त जमीन पर कुछ जमीन दलालों एवं कुछ लोगों ने अपने प्रभाव के दम पर अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं कुछ जमीन अन्य कार्यो के लिए अधिग्रहण कर लिया है। जिसके चलते वर्तमान में 15 एकड जमीन ही महाविद्यालय के कब्जे में है। श्री वर्मा ने कहा कि मेरे छात्र संघ अध्यक्ष के कार्यकाल 1986-87 में कॉलेज के नाम पर 25 एकड़ जमीन प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार शासकीय दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार के नाम पर कृषि भूमि ग्राम छड़िया (पलारी), करमदा (बलौदाबाजार), धुर्राबांधा (भाठापारा) में भी है। जिसके अंतर्गत छडिया में खसरा नं. 202/2, 434, 508, रकबा क्रमशः 41.4 एकड, 1.70 एकड, 18.46 एकड कुल 41.20 एकड़, धुर्राबांधा में खसरा नं. 127/1, 140/2, 133, रकबा क्रमशः 3.99 एकड, 10.00 एकड, 1.50 एकड कुल 15.56 एकड़ रकबा है। इसी प्रकार करमदा में ख.नं. 140, रकबा 9.40 एकड़ जमीन है। उपरोक्त जमीन का भी सीमांकन कराकर कब्जा में मै ऋण पुस्तिका दिलाने की मांग राजस्व मंत्री से की है।

आसपास के शासकीय जमीनों के कब्जाधारियों पर भी की गयी कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि शासकीय दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार की जमीन कम होने के साथ ही वहां के आसपास के शासकीय जमीनों को भी तथाकथित लोगों के द्वारा भी संबंधित पटवारियों एवं अधिकारियों की मिली भगत से अपने कब्जे में भी ले लिया गया है। महाविद्यालय समीप विद्युत विभाग के आसपास की शासकीय जमीन पर भी अन्य लोगों की कब्जा होने की बात कही गयी है। जबकि जिला बनने के बाद अन्य विभागीय कार्यालयों के विस्तार हेतु जमीन की तलाशी करने पर उपलब्ध जमीनों पर अवैध कब्जा के चलते ग्रामीण क्षेत्र मे नये विभाग एवं कार्यालय विस्तार हेतु जमीन की तालाश की जा >> शेष पृष्ठ 9 पर>

सालासर समिति ने किया डॉक्टरों का सम्मान

नवापारा राजिम, 2 जुलाई (देशबन्धु)। नगर एवम अंचल की सुप्रसिद्ध सेवाभावी सामाजिक, धार्मिक, जनकल्याण कारी संस्था सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति ने नवापारा राजिम, एवम अंचल के 42 डॉक्टरों का डॉक्टर्स डे पर सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि बिना डॉक्टरों के जीवन के कल्पना करना ही व्यर्थ है। संचालन करते हुवे उन्होंने कहा डॉक्टर धरती में भगवान के स्वरूप है, ना ही उनका कोई टाइम टेबल है, ना ही कोई छुट्टी, चाहे कोई त्योहार हो, घर मे मांगलिक कार्यक्रम हो वो अपने मरीज की जान बचाने में अपना पूरा दांव लगा देते है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे अंचल के मसीहा कहे जाने वाले 85 वर्ष के उम्र में भी मरीजों की सेवा में रहने वाले डॉक्टर बलजीत सिंग, डॉ श्रीमती एम कौर, सदा मुस्कराने वाले ,जिंदादिल आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर राजेन्द्र गदिया ने कहा कि आज इस समिति को परिचय की आवश्यकता नही बहुत कम समय मे चाहे निर्धन कन्या विवाह, निर्धन छात्र छात्राओं को पढ़ाने की बात हो, चाहे गरीब परिवार में मृत्यु पर राशन सामग्री देने की बात हो, कोरोना के समय 151 घरों में राशन पहुंचाना, कोरोना के समय 43 दिन लगातार गौ सेवा की बात हो, धार्मिक आयोजन हो, जनकल्याण ,सामाजिक कार्य हो सालासर समिति का नाम सबसे ऊपर है। सेवा निवृत डॉक्टर विकाश शर्मा के अलावा इस अवसर पर कुछ कर गुजरने की चाहत रखने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर तेजेन्द्र साहू, डॉक्टर दिलीप शाह, पुनीत गोस्वामी, टी एन रमेश, डॉ गोपाल केला, वी के हिरोदया के आर सिन्हा डॉ जीवन ज्योत, अनुज जैन, नितिन सेवानी, ,रमेश सोनसायटि, लीलाराम साहू, प्रकाश गुप्ता, अंजनी कांटा जैन, रूपरेला, गोपेश्वरी ,प्रीति त्रिपाठी, भावना साहू के अलावा काफी डॉक्टर उपस्थित थे, डॉक्टर शाह, गोस्वामी, रमेश ने कहा कि सालासर समिति ने जो आयोजन किया है उसके लिए शब्द नही है। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के बाद हनुमान चालीसा समिति की डॉली, पिंकी, मोहिनी ने स्वागत गीत गाकर सबका दिल मोह लिया, तिलक वंदन एवम गुलाब फूल देकर मुस्कान छाया ने सभी डॉक्टरो का सम्मान किया, चालीसा समिति की अध्यछ तारणी शर्मा, उपाध्यक्ष आरती काबरा, सरिता सिंग, ईशा, तुलसी लक्ष्मी, वासनी, चंचल, तनिसा, ने सभी को मोती माला, श्रीफल देकर सम्मान किया। समिति के नंदकिशोर राठी, मोहन पंजवानी, सुमित पंजवानी, रूपेंद्र चन्द्राकर, ओमप्रकाश शर्मा, नेमी साहू, खिलेश, राजकुमार, संतोष, भूपेंद्र ने स्मृति चिन्ह एवम मिठाई देकर सम्मान किया। शायराना अंदाज में गुलाब साहू ने सबको हंसाते हुवे अपनी कविता पढ़ी, एवम अध्यक्ष धरम साहू ने आभार प्रदर्शन किया, साथ ही सबके लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई।

बायपास निर्माण की मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी को नपाध्यक्ष ने लिखा पत्र

महासमुंद, 2 जुलाई (देशबन्धु)। बहुप्रतीक्षित महासमुंद शहर से बाहर बायपास अविलंब निर्माण की मंजूरी के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को महासमुंद नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांगे ने पत्र लिखकर बायपास निर्माण की सभी अड़चनों को दूर कर निर्माण की मंजूरी की मांग की है। पत्र के सबंध में श्रीमती महिलांगे ने कहा कि महासमुंद शहर के अनेक बुद्धजीवी, सामाजिक संस्था के सदस्य ,व्यापारी गण व नागरिक जनों ने मेरे पालिका कार्यालय आकर व विभिन्न अवसरों पर मुलाकात कर बायपास को मंजूरी के लिए आवश्यक उपायों पर जोर देने व संबंधित विभाग के मंत्री को उपरोक्त समस्या के तत्काल आग्रह का निदान करने का विषय संज्ञान में लाने को कहा था। उपरोक्त समस्त नगरवासी जनों ने एक स्वर पर पिछले वर्षों में घटित एक दंपति व शासकीय सेवारत महिला के नेहरू चौक में हुए सड़क हादसे को शहर के लिए दुखद विषय बताया था। नागरिकों ने चर्चा में प्रतिदिन हादसों से घायल हुए शहर जनों के बारे में विस्तार से बताया था। श्रीमती महिलांगे ने आगे कहा कि आशा है कि बहुप्रतीक्षित बायपास निर्माण को शीघ्र मंजूरी अन्य सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मिल जाएगी शहर के भीतर होने वाले सड़क हादसों में कमी आएगी व शहर तथा क्षेत्रवासियों का जीवन सुरक्षित होगा।

मावली माता मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

धमतरी/पुरूर, 2 जुलाई (देशबन्धु)। आदर्श सेवा समिति पुरूर द्वारा स्वच्छता जागरूरकता अभियान के तहत ग्राम पुरूर में मावली माता मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

समिति द्वारा मंदिर परिसर सहित गांव के सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर आम लोगों को गांव में स्वच्छता बनाये रखने की अपील किये। समिति के मुकेश यादव ने जानकारी मे बताया कि आदर्श सेवा समिति सेवानिवृत कर्मचारियों एवं पंचायत क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का सक समुह हैं जिनका उदेश्य गांव में नशामुक्ति अभियान, पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण व गांव को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए दृढ़ संकलिपत है। समिति के साथ शांति फांउडेशन समाज सेवी संस्था के माध्यम से सड़कों पर भटकने को मजबुर अनाथ बेसहारा को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। आदर्श सेवा समिति एवं शांति फांउडेन को ग्राम के सरपंच सुकर्ती यादव एवं सभी पंचायत प्रतिनिधिगण का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

स्वच्छता अभियान में कुवर सिंह नागवंशी, डी.के. साहू, तुलसीराम नागवंशी, अशोक कुमार सिन्हा, जितेन्द्र यादव, ग्राम पटेल कीर्तन माला, आनंद राम साहू, दयाशंकर पवरिया, भागबली यादव, सुखुराम देवांगन, रामेश्वर साहू, भुनेश्वर शांडिल्य, मनोहर साहू, बिसम्भर, मोहनलाल साहू, महेन्द्र शोरी, कुलेश्वर साहू, सरपंच सुकीति यादव, सहित सभी पंचायत प्रतिनिधिगण एवं ग्राम प्रमुख उपस्थित थे।

नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर कराया शाला में प्रवेश

महासमुंद, 2 जुलाई (देशबन्धु)। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मंगलवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्कूल में स्वागत करते हुए निःशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पाठ्यपुस्तक देखकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बच्चों से कहा कि आप अपने जीवन के बहुत महत्वपूर्ण साल की शुरुआत कर रहे हैं। आप सभी को प्रतिदिन स्कूल आकर पढ़ाई करना है। कड़ी मेहनत और लगन से जीवनपथ में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि यह बच्चें देश का भविष्य हैं, हमारे देश के भविष्य को संवारने के लिए बुनियादी शिक्षा बहुत जरूरी है। इसलिए मैं शिक्षकों से भी निवेदन करता हूं कि आप भी कड़ी मेहनत से बच्चों को इस काबिल बनाएं कि वह देश के उज्ज्वल भविष्य का हिस्सा बने। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पालकगण से भी बच्चों की शिक्षा के प्रति ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, तुमगांव नगर पंचायत उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेतागण रमेश साहू, ललिता अग्रवाल, पवन पटेल, झनक लाल साहू और शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्कूल के प्राचार्य व स्टाफसहित पालकगण उपस्थित रहें।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक सिन्हा

पोंड में विधायक ने छात्रों का सम्मान किया

नवापारा राजिम, 2 जुलाई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पोंड़ में आयोजित ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में क्षेत्रीय विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा स्थानीय हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र गोपाल प्रथम एवं चैतन्य निषाद ने 96.5 प्रतिशत अंक लेकर ब्लॉक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। दोनों छात्रों को हरिहर शाला प्राचार्य संध्या शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।

धान की फसल लहलहाने लगी

नवापारा राजिम, 2 जुलाई (देशबन्धु)। भीमसेनी एकादशी से योगिनी एकादशी के बीच 15 दिन का यह धान का फसल लहलहाने लगा है। जो लोग खुर्रा बोनी पागल में कर लिए थे उनका फसल ठीक है किन्तु अभी वर्षा की अपेक्षाकृत कम गिरने से लद्दा बोनी नहीं हो पाया है जो अपने खेतों को पानी की प्रयाप्त स्थिति में खेत को मताई कर बोंवाई कार्य करते हैं ऐसे किसानों के लिए चिन्ता का विषय हो गया है।

नए न्यायिक अधिनियम पर एक दिवसीय सेमीनार

बलौदाबाजार, 2 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी.जेम्स के मार्गदर्शन एवं विधिक शिक्षा केन्द्र के विभागाध्यक्ष डॉ.नबी खान के दिशा निर्देशन में नये आपराधिक कानूनों के प्रावधानों के विषय पर एक दिवसीय सेमीनार कार्यक्रम का आयोजन गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी.जेम्स ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विभिन्न प्रावधानों का वर्णन करते हुए बताया कि नये कानून आज के समय के अनुसार निर्मित किया गया है और भारत की वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार प्रावधानों को सम्मिलित किया गया है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.यू.के. मिश्र ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और कानून में भी आज परिवर्तन कर महिलाओं एवं बच्चों की व्यापक सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए इसके लिए अलग से अध्याय का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में आगे नरेन्द्र देव मिझ़ी द्वारा सम्बोधन में कहा गया कि नये कानून का लागू किया जाना त्वरित न्याय प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगें लेकिन वर्तमान में इसे सुचारू रूप से संचालित करना एक चुनौती भी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.नबी खान ने नये कानून को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए उसके प्रावधानों के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन किया। मॉब लिंचिंग, आतंकवाद, महिलाओं एवं बच्चों से सम्बंधित अपराधों, देशद्रोह, अपराध में सजा के रूप में सामाजिक सेवा, अप्राकृतिक यौन संबंध आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक अभिषेक बंजारे ने कहा कि नये कानून में तकनीकि उपकरणों एवं फॉरेंसिक साइंस का उपयोग पर जोर दिया गया है जिससे त्वरित न्याय प्राप्त करने में तेजी से काम हो सके और न्यायलय में मामलें लंबित न रहे इसके लिए कानून में समय का प्रावधान किया गया है। विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री जयंत मिंज ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में नए कानून के प्रावधान शीघ्र न्याय >> शेष पृष्ठ 9 पर>

मॉडल इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल
धमतरी (छ.ग.)
परीक्षा परिणाम - छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, छ.ग. रायपुर
मॉडल स्कूल परिवार की ओर से सफलता की बधाइयाँ और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं!
कक्षा दसवीं शाला परिणाम - 93.5%
प्रावीण्य सूची प्रदेश
अक्षत सिन्हा पिता श्री दिलीप कुमार सिन्हा प्राप्तांक - 97.16%
पियूष कुमार साहू पिता श्री तामेश्वर साहू प्राप्तांक - 97.16%
प्रावीण्य सूची में स्थान - दशम | प्रावीण्य सूची मॉडल इंग्लिश स्कूल, धमतरी

अक्षत सिन्हा 97.16% | पियूष कु.साहू 97.16% | गरिमा साहू 96.5% | पियूष कुमार साहू 96% | वैष्णवी सिन्हा 93.6%
कुल विद्यार्थी - 139 उत्तीर्ण - 130 प्रथम श्रेणी - 90 द्वितीय श्रेणी - 40
कक्षा बारहवीं - निकाला चार परिणाम | परीक्षा परिणाम - 94.6%

गणित: मीनाक्षी साहू 89.4% | संजना साहू 83% | सुबोध सिन्हा 81%
जीवविज्ञान: महक कश्यप 90.6% | लवी साहू 80.6% | हंसिका राजपूत 79.2%

वाणिज्य: रश्मि ठाकुर 89.6% | वैशाली देवांगन 88% | अर्शदीप 87.8%
कृषि: डेविड साहू 82.4% | विवेक साहू 82.2% | यहुदत्त सिन्हा 81.8%

नोट :- कक्षा 11th एवं 12th आर्ट्स (कम्प्यूटर के साथ) की कक्षाएं 2023-24 से संचालित है।

12 वी उत्तीर्ण विद्यार्थी उचित मार्गदर्शन के अभाव में आज भी BA, B.Com, B.Sc जैसे परंपरागत पाठ्यक्रम में ही उलझा हुआ है और लगातार बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। वर्तमान दौर प्रतिस्पर्धा एवम व्यावसायिक शिक्षा का है। सही विषय का चुनाव ही देश को बेरोजगारी से मुक्त बना सकता है।
ऐसे दौर में बंदेमातरम महाविद्यालय, धमतरी विद्यार्थियो को कंप्यूटर के क्षेत्र में स्वर्णिम भविष्य बनाने का अवसर प्रदान करता है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से संबंध एवं ऑल इंडिया काउंसिल आफ टेक्निकल एजुकेशन नई दिल्ली (AICTE) से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम BCA विद्यार्थियों के लिए न सिर्फ शासकीय नौकरी अपितु कॉरपोरेट सेक्टर एवं स्वरोजगार के लिए भी श्रेष्ठ पाठ्यक्रम है। इस वर्ष से इस पाठ्यक्रम की पढ़ाई सेमेस्टर पद्धति से होगी जिससे विद्यार्थियों को 100% परीक्षा परिणाम प्राप्त होगा।
साथ ही PGDCA एवम DCA जैसे डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी महाविद्यालय में संचालित है सभी पाठ्यक्रम में प्रवेशित विद्यार्थी (ST, SC, OBC संवर्ग) को शासन द्वारा शत प्रतिशत तक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है।

वायु सेना भर्ती के संबंध में आज से कैरियर मार्गदर्शन

बलौदाबाजार, 2 जुलाई (देशबन्धु)। भारतेय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के द्वारा जिले के शैक्षणिक संस्थाओ में भारतेय वायु सेना भर्ती के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन 3 जुलाई से शुरू किया जा रहा है। इस कैरियर मार्गदर्शन में शामिल होकर युवा अपने कैरियर का लाभ उठा सकते हैं।

आदर्श शा. नवीन प्रा. शाला दीनदयाल नगर नवापारा में पढ़ई तिहार

नवापारा राजिम, 2 जुलाई (देशबन्धु)। आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा में पढ़ई तिहार 2024 -25 का आयोजन हर्षोल्लस संपन्न हुवा अतिथियों व माताओं द्वारा शुभारंभ में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात कार्यक्रम में आए हुए माताओं का स्वागत तिलक वंदन के साथ किया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती एकता शर्मा शिक्षिका द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रारंभिक स्तर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु स्कूल के साथ-साथ घर की सहभागिता हेतु पढ़ाई तिहार- अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक प्राथमिक शालाओं में इस वर्ष से संचालित किया जा रहा है. बेनीराम साहू शिक्षक ने अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह माता उन्मुखीकरण को नए स्वरूप प्रदान कर बच्चों को घर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बुनियादी शिक्षा देने और माता को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से प्राथमिक शाला में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. गोपाल राम यादव प्रधानपाठक ने कहा कि माता बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं एवं प्रारंभिक स्तर पर खेलों के माध्यम से घर व आसपास की वस्तुओं से कई प्रकार की घरेलू गतिविधि से वे अपने बच्चों को निरंतर कुछ न कुछ सिखाते रहते हैं इसी को शासन ने नया स्वरूप प्रदान कर वृहद स्तर पर पूरे छत्तीसगढ़ में पढ़ाई तिहार के रूप में मनाने का निश्चय किया है।

कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने अपने बच्चों के साथ विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया और काउंटर की वस्तुओं से अपने बच्चों को प्रश्न पूछा इसमें अधिकांश बच्चों ने प्रश्नों के सही उत्तर दिए, भिन्न-भिन्न काउंटर में विभिन्न वस्तुओं का समायोजन किया गया था जिसमें अक्षर पहचान, फ्लैश कार्ड से चित्र पहचान, संख्या पहचान, वर्गीकरण, क्रम से जोड़ी मिलना, आकृतियों की पहचान रंगों का पहचान, गणित सीखने पूर्व तैयारी, जोड़ घटाओ, वस्तुओं को गिनती करना सम्मिलित था, गतिविधियों में माताएं की सक्रिय भागीदारी रही इस कार्यक्रम में श्रीमती कुंति बया अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, राधा देवांगन सुशीला कंसारी दीपक साहू अंजलि निषाद आदि माताएं सम्मिलित थी इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं पालक माताएं और बच्चों का ड्रेस कोड नीला रंग निर्धारित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओ में से कुछ चयनित माताओं को गोपाल राम यादव प्रधानपाठक द्वारा आभार व्यक्त करते हुवे अभिनंदन प्रमाण पत्र वितरित किया गया, प्रमाण पत्र पाकर माताओ के चेहरे खिल उठे और उन्होंने अपने घर पर बच्चों के साथ की जाने वाली गतिविधियों और उनके अनुभव को साझा किया और बच्चों को घर पर नियमित रूप से अध्ययन अध्यापन में लगातार सहयोग प्रदान करने की बात सहर्ष कही.कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था एकता शर्मा एवं योगिता साहू शिक्षिका के द्वारा किया गया।

हरिहर शाला में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आज

नवापारा राजिम, 2 जुलाई। स्थानीय हरिहर शासकीय हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत सायकल वितरण किया जायेगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इन्द्रकुमार साहू, अध्यक्षता नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा विशेष अतिथि नवापारा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव होंगे. कार्यक्रम विद्यालय परिसर में ही दोपहर 12 बजे से संपन्न होगा. उक्ताशय की जानकारी संस्था प्राचार्य संध्या शर्मा एवं संकुल समन्वयक विनोद साहनी ने दी।

हिंदू समाज पर विवादित बयान को लेकर आक्रोशित विहिप ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

गरियाबंद, 2 जुलाई (देशबन्धु)। लोकसभा में हिंदू समाज पर दिए विवादित बयान को लेकर मंगलवार को विहित ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान विहिप कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और विवादित बयान के लिए माफी मांगने की मांग की।

सोमवार को संसद में अपने भाषण के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि था ही जो लोग अपने आप को हिंदू कहते है वे 24 घंटे हिंसा हिंसा हिंसा, नफरत नफरत नफरत, असत्य असत्य असत्य करते है। राहुल गांधी के इस विवादित बयान के बाद से देश में भाजपा, विहिप सहित कई हिंदू संगठन ने आपत्ति जताई थी। पीएम मोदी ने भी इस पर तत्काल विरोध जताया था। लेकिन अब तक कांग्रेस नेता ने अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगी न ही इसे वापिस लिया। इसके चलते हिंदू संगठनों विशेषकर विहिप में जमकर आक्रोश है। विहिप ने इसके विरोध में आज शाम तिरंगा चौक में राहुल गांधी का पुतला फुंका। जमकर राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान विहिप नेता परस राम देवांगन ने कहा कि चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी अपनी मानसिकता को चुके हैं। संसद में वे गैर जिम्मेदाराना और विवादित बयान दे रहे हैं। हिंदू समाज को हिंसक कहना उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है। देवांगन ने कहा की हिंदू समाज सर्वे भवन्तु सुखिन का संदेश देता है, यह समाज आदिकाल से शिक्षा संस्कार और सद्भाव का से प्रवाहक रहा है। केवल तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हिंदू समाज को हिंसक कहना कदापि बर्दास्त नही किया जा सकता। विहिप उनके बयान की कड़ी शब्दो में निंदा करती है। उन्होंने कहा की राहुल गांधी को अपने विवादित बयान के लिए देश से मांफी मांगनी चाहिए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रकाश निर्मलकर, बेदराम नंदे, अनिल चंद्राकर, वेशनारायण पाण्डेय, रिखीराम यादव, सुरेंद्र सोनटेके, दीनू सिन्हा, अनूप भोंसले, पुष्पक देवांगन, धनंजय नेताम, सुमित पारख, वंश गोपाल सिन्हा, प्रह्लाद ठाकुर, प्रकाश यादव, अभिमन्यु ध्रुव, धनराज विश्वकर्मा, संजू साहू, विनोद नेताम, मुकेश सिन्हा, पुरषोत्तम ध्रुव, नवीन सिन्हा, प्रकाश सोनी, भानु सिंह राजपूत, राज डे, भीम साहू, अमित बखारिया, नमन सेन, हेमंत निषाद, योगेश्वर निषाद , राजीव रंजन साकरे, तरुण ठाकुर , चिरंजीव देवांगन, आशीष सिन्हा, रामेश्वर चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में विहिप कार्यकर्ता मौजूद थे।

रूद्राक्ष की माला से सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक मोहन वैष्णव का किया सम्मान

पलारी 2 जुलाई (देशबन्धु) विकास खंड पलारी के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कोसमंदी पर्यवेक्षक मोहन दास वैष्णव के सेवानिवृत्त और जन्मदिन पर विदाई समारोह का आयोजन कोसमंदी शाला में किया गया। उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों ने फूलमाला और रूद्राक्ष की अलौकिक माला से सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक का स्वागत किया। शाखा प्रबंधक धीरेन्द्र सिंह वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री वैष्णव जी सरल सहज और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं अपने सर्विस का अधिकांश समय ग्राम गाड़ाभाठा में व्यतीत किए वहां भी उनके व्यवहार से लोग काफी प्रभावित हुए अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने पर ग्रामीणों ने उच्च कार्यालय में दबिश देकर पुनः गाड़ाभाठा में पदस्थ कराकर शांत हुए लेकिन पदोन्नत होने पर पर्यवेक्षक बनकर कोसमंदी आए फिर भी लोग उन्हें नहीं भूले। सहकारिता सीईओ अशोक साहू डॉक्टर कोमल वैष्णव ने भी बसावन यदु और अन्य कर्मचारीयों ने भावपूर्ण उद्बोधन दिए उनके स्वभाव को लेकर शानदार काव्यपाठ किया गया लोगों ने तालियां बजाकर सम्मान किया। उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक मोहन दास वैष्णव को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं सेवानिवृत्त की भावपूर्ण विदाई दिए। सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक मोहन दास वैष्णव ने कहा कि आप लोगों ने जो मुझे सम्मान प्रेम दिया है यही मेरे लिए बहुत बड़ी पूंजी है आप सबका स्नेह मैं कभी नहीं भूल सकता इस शानदार आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।तक अवसर पर प्रमुख रूप से शाखा प्रबंधक धीरेन्द्र सिंह वर्मा नोडल प्रतिनिधि संजय वर्मा शाखा प्रबंधक पलारी ओमप्रकाश वर्मा रोहांसी बसावन यदु वटगन प्रहलाद कुमार पटेल बलौदा बाजार रेषमे धावलकर सीईओ अशोक कुमार साहू समिति प्रबंधक छेरकापुर सेवक राम कोसमंदी संतोष यादव अमेरा दुष्यंत साहू कोसमंदा दुर्गा प्रसाद कजौजे परस राम साहू टिकेश्वर यदु रोशन यादव मनोज निषाद भूषण वर्मा चंद्रभूषण साहू भागवत दयाल वर्मा रूपेश वर्मा डॉ कोमल वैष्णव महेंद्र वैष्णव आदित्य वैष्णव आदि उपस्थित थे।

ताराशिव में शाला प्रवेशोत्सव व सरपंच द्वारा नेवता भोज का आयोजन

तिल्दा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। तिल्दा ब्लॉक के ग्राम ताराशिव मे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मे नव प्रवेशी शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, और हायर सेकेंडरी स्कूल ताराशिव के बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता ताराशिव सरपंच मनीष वर्मा द्वारा किया गया विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जांहिरे सर,जनपद पंचायत तिल्दा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी सर उपस्थित रहें जिसमे शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर बच्चों को स्कूल ड्रेस, किताब पेन बाटा गया व तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया, साथ ही शाला परिसरो मे सभी उपयुक्त जगह पर वृक्षारोपण किया गया! 02 जुलाई को जन्मदिन के अवसर पर सरपंच मनीष वर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल के बच्चों को नेवता भोज मे खीर,पूड़ी, मिठाई, केला, मिक्सचर, पापड़ प्रदान किया गया! हायर सेकेंडरी स्कूल ताराशिव के बच्चों के लिए नाश्ता वितरण किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति राजू शर्मा ने कहा की आजादी के 75 साल बाद भी स्कूलों में अगर शिक्षक,अतिरिक्त शाला भवन, या अन्य प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए अगर कमी हो तो जल्द बेवस्था मे सुधार करने की आवश्यकता है व्यक्ति पढेगा तो उसमे विवेक रहेगा अपने स्वास्थ्य और जीवनयापन के लिए धन कमाने की व्यवस्था कर लेगा, बेटियां सब जगह आगे होती जा रही है बेटों के ऊपर भी ध्यान देने शासन को प्लान बनाने के आवश्यकता है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच मनीष वर्मा ने कहां की आप सभी के सहयोग से मेरा जन्मोत्सव अविष्मरणीय बन चुका है क्योंकि शाला मे आप सब के मध्य केक काटकर कर जन्मदिन मानना खास रहा, सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें, छात्र जीवन ही सबसे अनमोल समय है जिसमे व्यक्ति के जीवन की दशा और दिशा तय होती है सभी जमकर मेहनत करे! कार्यक्रम को बिईओ जाहिरे सर और सीईओ गोस्वामी सर ने भी सम्बोधित किया व सबको को निरंतर मेहनत करना ही सफलता की कुंजी बताया सबसे अच्छा जीवन विद्यार्थी जीवन को कहा! कार्यक्रम मे प्रायमारी, मिडिल, हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहें व विद्यालय परिवार की और से अमिया धृतलहरे ने आभार व्यक्त करते हुए सरपंच मनीष वर्मा को नेवता भोज के आयोजन और अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाने के लिए धन्यवाद प्रदान किया व सभी अतिथियों का स्कूल आगमन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

सार-संक्षेप

हिन्दू संगठन कल निकालेगी रैली

बलौदाबाजार, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सांसद राहुल गांधी द्वारा लोकसभा भवन में हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा कह कर संबोधित किया जा रहा है हिंदुओं को हर बार राहुल गांधी और उसके सहयोगियों द्वारा अपमानित करने का नीच कर्म विभिन्न मंचों सभाओं और सदन में किया जाता रहा है इसके विरोध में राहुल गांधी की सांसद सदस्यता रद्द करने कठोरतम कार्यवाही करने की मांग को लेकर सर्व हिन्दू समाज, विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल जिला बलौदाबाजार भाटापारा के समस्त कार्यकर्ता एवं सनातनी हिन्दू आक्रोश रैली कर विधर्मी राहुल गांधी का पुतला दहन करेंगे।

भानसोज में 53 पौवा अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

आरंग, 2 जुलाई। बीते 30 जून को आरंग पुलिस थाना का प्रभार लेने के साथ ही थाना प्रभारी राजेश सिंह ने क्षेत्र में नशा और जुआ के खिलाफ मुहिम छेड़ते हुए इनसे जुड़े अपराधियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है हुसी कड़ी में मंगलवार को ग्राम भानसोज में 53 पौवा अवैध देशी शराब के साथ चनेश्वर साहू नामक कोचिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया की मुखबिर की सूचना पर ग्राम भानसोज के साहू होटल के पीछे एक व्यक्ति सफेद थैला लेकर खड़ा था.पुलिस को देखकर वह भागने लगा जिसे घेरा बंदी करके पकड़ा गया। आरोपी के थैले की तलासी लेने पर उसमे 53 पौवा अवैध देशी शराब बरामद हुआ है।पुलिस ने आरोपी चनेश्वर साहू को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। नवपदस्थ थाना प्रभारी राजेश सिंह द्वारा क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग के साथ साथ अवैध नशा और जुआ से जुड़े अपराधियों पर नकेल कसने की बात कही जा रही है।इसके अलावा निगरानी बदमाश और आपराधिक गतिविधियों में रहने वाले आसामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है।

थाना प्रभारी पासवान ने नए कानून की दी जानकारी

खरोरा, 2 जुलाई। खरोरा थाना परिसर मे नये भारत का नया कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित जनप्रतिनिधि,राजनीतिक पार्टी पदाधिकारी व आम लोगों को नया कानून न्याय संहिता के संबंध मे जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ सहित पुरे देश मे आज से नया कानून भारतीय न्याय संहिता 2023,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023,व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज से लागू होने पर नये कानून के संबंध मे पुरे प्रदेश के आम जन मानस तक इस नये कानून के संबंध मे जनकारी देने उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है , खरोरा थाना परिसर मे आयोजित कार्यक्रम मे खरोरा क्षेत्र के जन प्रतिनिधि , नगर पंचायत परिषद, ग्रामीण क्षेत्र से आये पंच सरपंच सहित आम लोगों उपस्थित मे थाना प्रभारीखरोरा दीपक पासवान ने जानकारी देते बताया भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार नये कानून का उदेश्य जहां पहले से चले आ रहे कानून में दण्ड देने का उद्देश्य निहित होने के चलते उसेमें बदलाव कर न्याय देने उदेश्य से न्याय संहिता 2023लागू किया है ।



आगे जीवन सफल होने के लिए आज मन लगाकर पढ़ाई करें : मेमन

गरियाबंद, 2 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में मंगलवार को शाला उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही कक्षा 9वी और दसवीं के बच्चों को निशुल्क किताबें और गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन थे। कार्यक्रम में उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही उपहार देकर उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उन्होंने स्कूल के कक्ष में पौधोपी कराने तथा साइकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा की। इसके अलावा विभिन्न मांगों को लेकर सीएम विष्णु देव साय, शिक्षा मंत्री से मिलकर पहल करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन कहा की स्कूल जीवन से ही सुनहरे भविष्य की नीव रखी जाती है। अभी आज जितनी लग्न से पढ़ेंगे, मेहनत करेंगे, आगे जीवन में उतने ही सफल होंगे। आप सभी अच्छे से मन लगाकर पढ़े, अपने स्कूल, माता पिता, गुरुजनों के साथ ही जिले का नाम रोशन का करें। इसके साथ ही उन्होंने माता पिता के समान ही गुरुजनों का आदर सम्मान करने की अपील की। मेमन ने कहा की गृह ही जीवन के सफलता का मार्ग प्रशस्त करते है। इस अवसर पर कार्यक्रम को नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, पूर्व अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, सभापति वंश गोपाल सिन्हा ने भी संबोधित करे बच्चो को प्रोत्साहित किया। वही प्राचार्य श्रीमती अलका दानी, एच आर साहू ने पालक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। जिसके बाद मौके सायकल वितरण और न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभापति आसिफ मेमन, वरिष्ठ नागरिक घनश्याम सिन्हा, दीनू सिन्हा, राधेश्याम सोनवानी, श्रीमती रेणुका साहू, श्रीमति बिंदु सिन्हा, व्याख्याता अजय यादव, आरके साहू, श्रीमती रेनू शर्मा, श्रीमती रंजना परिहार, श्रीमती अनामिका हरदेल सहित अन्य स्टॉफ व बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

निधन

जीवनलाल देवांगन

राजनांदगांव, 2 जुलाई। मोतीपुर वार्ड क्रमांक 3 के प्रतिष्ठित नागरिक जीवनलाल देवांगन का 2 जुलाई को निधन हो गया। श्री देवांगन विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे वरिष्ठ पत्रकार मिथलेश देवांगन के बड़े भाई थे। वे अपने पीछे पत्नी, सुपुत्र मुकेश देवांगन, रूपेश देवांगन के अलावा पोते-पोतियों, नाती-नातियों से भरापूरा परिवार छोड़ गए। श्री देवांगन का अंतिम संस्कार मोतीपुर मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद व भाजपा नेता मधुसूदन यादव, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, सावन वर्मा सहित समाज के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही।



राघवा प्रसाद ताम्रकार

दुर्ग, 2 जुलाई। सिकोला भाठा निवासी राघव प्रसाद ताम्रकार 74 वर्ष पिता स्व. इतवारी लाल ताम्रकार का निधन आज 2 जुलाई को हो गया उनका अंतिम संस्कार आज 3 जुलाई को हरनाबाध मुक्तिधाम में प्रातः 10 बजे किया जाएगा । वे कल्याण (कालू)ताम्रकार के बड़े भाई थे, विनय, विशाल, योगेश एवं विनीता, विद्या के पिता थे।



गुरप्रीत सिंह लूथरा

दुर्ग, 2 जुलाई। कादम्बरीनगर दुर्गा मंदिर रोड निवासी गुरप्रीत सिंह लूथरा (45) पिता स्व. एच.एस. लूथरा का आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल 3 जुलाई को हरना बांध मुक्तिधाम में किया जायेगा। कल सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान कादम्बरी नगर से शवयात्रा निकाली जायेगी। वे जगप्रीत सिंह लूथरा (राजा) के छोटे भाई थे।

प्रादेशिकी का शेष...

डीके महाविद्यालय जमीन की ...

रही है। उक्त स्थिति को देखते हुए महाविद्यालय की जीमन के अलावा अन्य कब्जा धारियों पर जांच कार्यवाही करने की मांग की है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के बलौदाबाजार चांपा निवास प्रवास के दौरान उक्त मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मोतीलाल वर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पवन कश्यप, उपाध्यक्ष विशाली वर्मा, महेन्द्र कुमार वर्मा, महेश वर्मा आदि शामिल थे। जिस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने सीमांकन हेतु समिति बनाकर सीमांकन करने का निर्देश तहसीलदार बलौदाबाजार को दिया है।

नए न्यायिक अधिनियम ...

प्रदान करने में सहायक होने के साथ-साथ भारतीय नागरिकों को न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा करने में महत्वपूर्ण है। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ.ए.के.उपाध्याय, डॉ.आर.के. मिश्रा, डॉ.सी.के. चन्द्रवंशी, डॉ.रीमारानी दास,एस.एल.नेगी, डॉ.राजू महोबिया, बी. राय, पी.एस. चौहान, डॉ. राजेन्द्र वर्मा, डॉ.रीता यादव, श्रीमती सुशीला गिलहरे, श्रीमती नीरजा नामदेव, श्री जी.आर.कुर्रे, डॉ.अजय औधेलिया, श्रीमती तारा पटेल, श्रीमती सिम्मी मिंज, सुश्री आकांक्षा एक्का, रूपेश देवांगन, मोहन लाल वर्मा, राजेश कोमलवार, शीतल पटेल, रामकुमार सार्थी, फुलचंद साहू, जी.आर.साहू, पंकज साहू, महाविद्यालय के विद्यार्थीगण एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन एलएल.बी. के छात्र मेघ प्रकाश टण्डन एवं आभार प्रदेशन एलएल.एम. के छात्र धनऊ कोसले द्वारा किया गया।

अभा अघरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुई विधायक चातुरी नंद

सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की

सरायपाली, 2 जुलाई (देशबंधु)। अखिल भारतीय अघरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान, एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ अघरिया समाज के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि अघरिया समाज एक मेहनतकश समाज है। समाज आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज के लोगों का क्षेत्र और दुलार मुझे सदैव मिला है। उन्होंने आत्मीय स्वागत के लिए अघरिया समाज का आभार जताया। विधायक नंद ने अघरिया समाज के भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने की बड़ी घोषणा भी की। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष भूनेश्वर पटेल, उपाध्यक्ष गेसमोती पटेल, कोषाध्यक्ष द्वारिका पटेल, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, दीनदयाल पटेल, लक्ष्मण पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, प्रेमशीला नायक, खेमराज पटेल,हेरू पटेल, दुर्ग्रह पटेल, गोपाल नायक, विश्वनाथ नायक, अमृत पटेल और तोरा कुमार पटेल ने भी संबोधित किया।

अघरिया समाज का शानदार निर्णय

कार्यक्रम में अघरिया समाज के द्वारा प्री वेडिंग बंद करने, मांसाहार त्यागने और 8 बजे के पहले बारातों आगमन का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उपरोक्त प्रस्ताव पर अपनी सहमति देते हुए निर्णय को स्वागतयोग्य बताया।

मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई किया गया। कार्यक्रम में कुमाधुरी पटेल गायत्री पटेल, देवकी चौधरी, गीतेश पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, सौरभ चौधरी, दिव्या पटेल, यामिनी चौधरी,वृजेश कुमार चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, चंचला चौधरी,आंचल पटेल समेत उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में ये रहे शामिल

कार्यक्रम में कमल पटेल, भेष कुमार पटेल, डंका धर चौधरी, रघु राम पटेल, कन्हैया पटेल, गंगा मनोज पटेल, सरपंच हेमंत कुमारी पटेल, ओमप्रकाश पटेल, गोपाल पटेल, तोष कुमार पटेल, , विजय पटेल, सुशील नायक, कुमार सिंह चौधरी, रविलाल पटेल, ब्रदय पटेल,लीला कांत पटेल, पद्मलोचन पटेल, उमेश पटेल, सुशील नायक, वीरेन्द्र नायक, हीरा चौधरी, निर्मला पटेल, डिप्ती नायक, युधिष्ठिर चौधरी समेत अघरिया समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आरक्षी केन्द्र पिथौरा में मनाया गया नवीन न्याय संहिता स्थापना दिवस



पिथौरा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। आज 1 जुलाई से भारतीय न्याय सहिता नागरिक सुरक्षा लागू हुआ है स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया है इसमें महिला एवं बच्चों के सुरक्षा के संबंध में नया क़ानून का प्रावधान किया गया है नए कानून के संबंध में जानकारी नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए बनाये गए क़ानून के संबंध में प्रस्तावना जानकारी दी गई है अतः सभी सम्मानीनय जनप्रतिनिधि गण, समस्त पत्रकार बंधुओ, समस्त सरपंचगण,समस्त कोटवार, समस्त अधिवक्तागण,समस्त नोटरीकर्ता, समस्त चॉइस सेंटर एवं फोटो कॉपी सेंटर,समस्त सराफा एवं व्यापारी संघ, ड्राइवर संघ,मेडिकल दुकान संघ एवं आम नागरिक एवं महिलाएं सभी को स्ह्ह्क्ष प्रेम लाल साहू तहसीलदार नितिन ठाकुर एवं थाना प्रभारी राजेंद्र राजपूत के द्वारा जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया, लगभग 150 महिला पुरूष उपस्थित रहे । इस दौरान जनपद अध्यक्ष सत्यभामा नाग भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल ग्राम सभा शीतला समाज अध्यक्ष प्रेमलाल सिन्हा विधायक जनसंपर्क कार्यालय प्रभारी स्वप्निल तिवारी. अमृत सिंह वर्मा व्यापारी संघ अध्यक्ष अनूप अग्रवाल एडवाकेट क्षमा गोयल पत्रकार शिखा दास वीरेंद्र तिवारी मंचस्थ थे।

जानिए येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट का मतलब

भारी से अति भारी बारिश का संकेत

भाटापारा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सक्रिय है मानसून। सतर्क है भारतीय मौसम विज्ञान विभाग। पल-पल बदलते रूप को देखते हुए वह अलर्ट भी जारी कर रहा है। ऐसे में यह जानना जरूरी होगा कि येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट का मतलब क्या होता है? ऐसा इसलिए क्योंकि जानकारी के बाद जरूरी सुरक्षागत उपायों का किया जाना आसान होगा।

शुरू हो चुके जुलाई माह के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और महाराष्ट्र के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है जबकि शेष राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग कुछ जगहों के लिए येलो, तो कुछ जगह के लिए ऑरेंज के साथ-साथ रेड अलर्ट भी जारी करता है। क्या आपको मालूम है कि मौसम विभाग किस परिस्थिति में, कौन सा अलर्ट जारी करता है ? आईए जानते हैं कि यह अलर्ट कब और क्यों जारी किए जाते हैं ?

इसलिए येलो अलर्ट

खराब है मौसम। यह बताने के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग येलो अलर्ट जारी करता है। येलो अलर्ट का मतलब होता है कि मौजूदा स्थिति में खतरा तो नहीं है लेकिन कभी भी मौसम की प्रतिकूल स्थिति सामने आ सकती है। इसलिए तैयार और सतर्क रहें। सतर्कता वांछनीय है। यह अलर्ट 24 घंटे में 64.5 मिमी से 115.5 मिमी की बारिश की संभावना व्यक्त करता है। जो अगले एक या दो घंटे तक बना रह सकता है।

ऑरेंज अलर्ट मतलब भारी बारिश

मौसम खराब हो चुका है। बाहर जाने से बचें क्योंकि वायु वेग चक्रवात में बदल चुका है। इसकी गति 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। अधिकतम बारिश 24 घंटे में 115.6 से 204.4 मिलीमीटर होने की संभावना है। यह अलर्ट प्रभावित क्षेत्र में बाढ़ की भी आशंका को स्पष्ट करता है। आवश्यक होने पर अतिरिक्त सावधानी और सुरक्षा उपाय के साथ निकलें।

रेड अलर्ट यानि अति भारी बारिश

बेहद गंभीर और मौसम बहुत ज्यादा खराब होने की आशंका पर रेड अलर्ट जारी किया जाता है। 24 घंटे में 204.5 मिमी से ज्यादा बारिश प्रभावित क्षेत्र की नदियों में भीषण बाढ़ ला सकती है। खतरनाक स्थिति का सूचक रेड अलर्ट, धन-जन के लिए बेतरह नुकसान का संकेत देता है। इसलिए सतर्क और सावधान रहें। जारी नियमों का परिपालन करने की सलाह भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जारी की है।

यह सावधानी आवश्यक

अलर्ट जारी होने की स्थिति में सबसे पहले अपने घर पहुंचें। आगे की स्थितियों के लिए विभिन्न संचार माध्यम के जरिए जानकारी लेते रहें। बिजली उपकरण और गैस कनेक्शन का उपयोग कम से कम करें। दरवाजे खिड़कियां बंद रखें और फर्स्ट एड बॉक्स नजदीक रखें। यह उपाय मानव और मवेशियों, दोनों के लिए करना होगा।

भारी और अति भारी बारिश का संकेत

येलो अलर्ट का प्रभाव सीमित दायरे में होता है जबकि ऑरेंज और रेड अलर्ट भारी और अति भारी बारिश जैसी स्थिति को परिभाषित करते हैं। अलर्ट की तीनों स्थितियों में सावधानी आवश्यक है।

- डॉ एस आर पटेल, रिटायर्ड साइंटिस्ट, एग्रोनॉमी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

राहुल गांधी के शर्मसार बयान के विरोध में भाजयुमो ने किया पुतला दहन

कसडोल/बलौदाबाजार, 2 जुलाई (देशबन्धु)। आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू के नेतृत्व में युवाओं ने संसद सत्र के दौरान राहुल गांधी के द्वारा हिन्दुओं को हिंसा करने, झूठ बोलने, नफरत फैलाने के कथित बयान के विरोध में युवा मोर्चा के द्वारा नगर के मुख्य स्थल पुराना नगर पंचायत के पास पुलिस आरक्षको के साथ झुमाझटकी में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। नागेश्वर साहू भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष साहू सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के एक सांसद के द्वारा इस तरह की बयान शोभा नहीं देती उसको इस पर माफी मांगनी चाहिए। अंत में पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने आज के कार्यक्रम के लिए सभी युवाओं का आभार ज्ञापित किया।

उक्त कार्यक्रम में मण्डल मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, पुनेश्वर नाथ मिश्रा अधिवक्ता एवं आरएसएस नगर प्रमुख, भाजयुमो मण्डल उपाध्यक्ष रेशम वर्मा व तेजनाथ पटेल, सोसल मीडिया प्रभारी सुंदर साहू, कमल श्रीवास, राजेंद्र साहू, धर्मेंद्र पैकरा सरपंच बोरसी, भजन यादव, रामा धीवर, लालू साहू, शिव साहू, देवेंद्र यादव, दिलहरण साहू, नंदू धीवर, चंदन वर्मा, अजय श्रीवास, ओमप्रकाश यादव, संजय साहू, राजा पाठक, प्रदीप पाठक, रवि सेन, गौरी शंकर सेन, हरि किशन यादव, सूर्य धीवर, दिगेश्वर, खिलेश वैष्णव, संजीव साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना जैन ने जिला अस्पताल को सोनोग्राफी मशीन की भेंट

धमतरी, 2 जुलाई (देशबन्धु)। डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में धमतरी शहर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना एस. जैन ने आज जिला अस्पताल को सोनोग्राफी मशीन भेंट की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर नम्रता गांधी ने डॉ. जैन की सराहनीय कार्य का सम्मान करते हुए उन्हें आभार प्रमाण पत्र प्रदाय किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के प्रबुद्धजनों के ही कारण सामाजिक कार्यों को बढ़ावा मिल रहा है। आपके द्वारा किए गए इस प्रयास से जिलेवासियों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या हो सकेगी। इसके लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से हार्दिक आभार। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.उत्तम कौशिक, डीपीएम डॉ. प्रिया कंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

भाटापारा पृथक जिला निर्माण की बात पर शिवरतन मौन क्यों : सुशील शर्मा

सिमगा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भाटापारा मंडी में आयोजित आम सभा को भाटापारा वाशियो के लिये निराशाजनक बताया है।

सुशील शर्मा ने जनता जनार्दन को याद दिलाते हुये कहा की सन् 2023 के विधान सभा चुनाव के दौरान लोकोत्सव मैदान में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा में असम राज्य के मुख्यमंत्री हेमंतविश्वा शर्मा की उपस्थिति में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने खुल्लेआम सार्वजनिक मंच से घोषणा करते हुये कहा था कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा शासन के बनते ही भाटापारा स्वतंत्र और पृथक ज़िला निर्माण हो जायेगा आज प्रदेश में भाजपा का शासन है फिर भाटापारा ज़िला निर्माण क्यों नहीं किया गया शिव रतन शर्मा जी को यह बात जनता को बतानी चाहिये, प्रदेश में सत्तासीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री जब भाटापारा में आम सभा को संबोधित करने आये हो और भाजपा के सभी दिग्गज नेता मंच पर उपस्तिथ हो इसी मंच पर पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा जी को अपने पूर्व घोषणा अनुरूप भाटापारा को पृथक स्वतंत्र ज़िला निर्माण कराने की महत्वपूर्ण,जीवंत और ज्वलन्त माँग को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पूरा कराना था लेकिन उन्होंने दुर्भावनावंश क्षेत्र की जीवंत ज्वलंत जयाज माँग को नहीं रखकर पूरे विधानसभा के विकास और प्रगति पर कुठाराघात किया है।

कॉंग्रेस के शासनकाल में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जनता जनार्दन से मिलने अपने भेट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्राम कड़ार आने वाले थे तब तत्कालीन विधायक शिवरतन शर्मा जी ने भाटापारा की सड़ी पर रैली निकाल कर भाटापारा को ज़िला बनाने धरना प्रदर्शन किया था,विधान सभा में ज़ोर शोर से ज़िला बनाने प्रस्ताव भी रखे थे,आज अपने ही मुखिया के सामने मौन क्यों थे जवाब दे।

कॉंग्रेस नेता सुशील शर्मा ने कहा की भाजपा सरकार के एक और पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह ने भाटापारा में अपर कलेक्टर की पदइस्थापना,सौ बिस्तर का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल निर्माण,इंडोर इस्टेडियम निर्माण करने की घोषणा की थी जिसका आज तक अता-पता भी नहीं है,भाटापारा सहित आसपास के लगभग सात लाख आबादी के लिये भाटापारा अस्पताल में स्त्री एवं प्रस्तुती रोग विशेषज्ञ महिला डाक्टर का न होना भाजपा की कथनीं और करनी के अंतर को दर्शाता है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष भाटापारा के सतत विकास के लिये भाटापारा में नगर निगम इस्थापना,भाटापारा बाइपास सड़क निर्माण,पृथक ड्रिग्री गर्ल्स कॉलेज,डिग्गी नाला और गुर्रा नाला में उच्च इस्तरीय पुल निर्माण,सेण्ट्रल लॉयबेरी सहित जनता के हित में कोर्ट बिल्डिंग निर्माण, शिवलाल मेहता स्कूल बिल्डिंग निर्माण की माँग रखने से क्षेत्र विकास को गति मिलती किंतु छोटी छोटी माँग रखी गई ग्रांव-गाँव में सड़क निर्माण का कार्य तो कृषि उपज मंडी फंड से किया जा सकता है।कुल मिलाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से विकास की सौग़ात लेने में भाजपा नेता असफल रहे।

मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा दूत पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षिका भारत माता खटकर

बिलाईगढ़, 2 जुलाई (देशबन्धु)। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवम मुख्य मंत्री गौरव अलंकरण पुरुस्कार सम्मान समारोह में श्रीमती भारत माता खटकर को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्य मंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरुस्कार 2023 से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेश साहू कलेक्टर सारंगढ़ रहे। डॉ. वर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर, अनिकेत साहू एस डी एम, एस एन भगत जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़, नरेश चौहान जिला नोडल, हरिशंकर चौहान परियोजना नोडल, जी एस धीवर नोडल समग्र शिक्षा, एस एन साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़, सोम ठाकुर ए बी ओ, डी पी सोनी ए बी ओ, आर के भोई ए बी ओ, एम आर साहू बी आर सी सी बिलाईगढ़, के शुभ हाथो से सम्मानित किया गया।इस सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र,मोमेंटो और 5000/ की सम्मानित राशि प्रदान किया गया सम्मान के साथ एक चीकू का पौधा भी प्रदान किया गया।

श्रीमती भारत माता खटकर प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला पीपर भवना (ग) संकुल - दुरुग, विकासखंड बिलाईगढ़ में पदस्थ हैं।श्रीमती भारत माता खटकर को विभिन्न क्षेत्रों में स्मानित किया जा चुका है, कोरोना काल के समय ऑनलाइन क्लास, मोहल्ला क्लास मुक्त नवोदय कोचिंग, नवाचार, कबाड़ से जुगाड़ ज़रूरूसमर कैंप, समाज के क्षेत्र में ,ब्रांड एंबेसडर के कार्य में नगर पंचायत भटगांव में स्वच्छ भारत से सम्मानित, पर्यावरण स्वच्छ चैंपियन सम्मानित, शिक्षक कला नारी शक्ति, बेस्ट टीचर, ग्रेट टीचर, शिक्षक सम्मान, ऑनलाइन वर्ड पॉवर चैंपियन सम्मान, पढ़ाई तुहर दुवार आदि से सम्मानित किया गया है।

अंगना में शिक्षा कार्य और सक्रिय माताओं को सम्मानित करना (स्मार्ट माता) के रूप में उन्हें ताज पहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाता है। खल्ल का प्रशिक्षण का स्त्रन्न जिला मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य कर रहे हैं एवं शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न पुरुस्कार से सम्मानित है ।

श्रीमति भारत माता खटकर को मुख्य मंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत सम्मान मिलने पर संकुल परिवार एवं शाला परिवार शिक्षक साथियों ने दिनेश डहरिया प्रधान पाठक, के आर डहरिया संकुल प्राचार्य, अरविंद खूंटे संकुल समन्वयक, जलतारे सर, शैलेंद्र, परमानंद, नंद पटेल, तिजराम, रामकुमार, रजनी भारद्वाज, शशिकीरण, पुष्पेंद्र पटेल, टंडन सर, बुधनी अजय, झब्बू साहू, पीताम्बर साहू, हेमलाल साहू, सेतलाल, मोहन कुर्रे, प्रताप प्रेमी, अजय पटेल, दुर्गेशंकर, कार्तिक जांगड़े संकुल प्राचार्य धनगौंव, पार्वती, नीलकुमारी, अल्का साहू, शांति राय, सरोजनी साहू, संजीव राजेजी, कमलेश, मनहर सर, बिंदुलता ललिता, प्रीतम भारद्वाज, अधिवक्ता फिरौत लाल खटकर इत्यादि सभी मित्रगण , रिश्तेदारों खुशी जाहिर करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

पदोन्नति पहले हो बाद में युक्तियुक्तकरण, अध्ययन एवं अध्यापन के गुणवत्ता के लिये विषय तथा कक्षा संख्या के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना हो : फेडरेशन



नवापारा राजिम, 2 जुलाई (देशबन्धु)। सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के अनुसार सभी शिक्षक संवर्ग के पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही करना विद्यार्थी हित में है। मार्च 2020 के स्थिति में प्राचार्य के 2820 पद रिक्त थे। सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप आँकडा और अधिक हो गया है। ज-संवर्ग में 2013 एवं म-संवर्ग में 2016 से प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुआ है। तकरीबन वही हाल व्याख्याता के रिक्त रहे 9622 पदों का है। जोकि सेवानिवृत्ति के कारण और अधिक हो गया है। प्रधानपाठक मिडल स्कूल के 5715, शिक्षक के 15969 एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला के 20678 रिक्त पदों पर कमोबेश यही स्थिति है।

फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी का कहना है कि अध्ययन एवं अध्यापन की गुणवत्ता के लिए प्राथमिक, माध्यमिक, हाई तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में कक्षावार दर्ज संख्या के अनुसार विषय शिक्षकों की पदस्थापना आवश्यक है। अत: शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के बाद ही युक्तियुक्तकरण करना उचित होगा। उन्होंने बताया कि पदोन्नति के पश्चात ही शालावार अतिशेष शिक्षकों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना चाहिये । अन्यथा अनेक विद्यालय विषय शिक्षक/शिक्षक विहीन हो जाने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में 5 कक्षा एवं 4 विषय, पूर्व माध्यमिक में 3 कक्षा एवं 6 विषय, हाई स्कूल में 2 कक्षा एवं 6 विषय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त कॉमर्स संकाय के 3 विषय, कला संकाय के 3 विषय, गणित/बायलॉजी के 3 विषय के 5 कक्षाओं में अध्यापन होता है।जोकि संकाय अनुसार न्यूनतम है। कक्षाओं की संख्या दर्ज संख्या पर निर्भर होता है।फेडरेशन का कहना है कि छात्रहित के दृष्टिगत स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों का निर्धारण पदोन्नति से पदस्थापना करने के बाद किया जाना चाहिए।पहले पदोन्नति फिर युक्तियुक्तकरण का नीति निर्धारण होना शिक्षक एवं शिक्षार्थी हित में होगा।

नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण कर नए शिक्षण सत्र में किया प्रवेश

डीएवी बेहतर शिक्षा और संस्कार उन्नत राष्ट्र का बने आधार के सुदृढ़ निश्चय के साथ नए शिक्षण का सत्र आगाज

भाटापारा, 2 जुलाई (देशबन्धु)। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में तत्पर, निरंतर विकास के पथ पर प्रगतिशील व शिक्षा, संस्कार ,सफलता और समर्पण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एकमात्र शिक्षण संस्थान डीएवी टिकुलिया भाटापारा में नये शिक्षण सत्र का आगाज बेहतर शिक्षा और संस्कार के निश्चय के साथ, हुआ ।

विगत 8 वर्षों से डीएवी विद्यार्थियों का राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टप्रदर्शन: डीएवी टिकुलिया भाटापारा शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण के साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बना हुआ है, इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है की के विद्यार्थी लगातार 4वर्षों साइंस एंड इंस्पायर अवार्ड में हुए हैं। लगातार तीन वर्षों से यहां के विद्यार्थी ह्रश्वअंज्ञ, छ्वअंज और लज्ञ्ज जैसे नेशनल एग्जाम में सफलता प्राप्त कर अपनी जगह बनाई है ।खेलों में लगातार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर कई मेडल जीत कर भाटापारा छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है ।यहां के प्रतिभाशाली विद्यार्थी का चयन अग्नि वीर सैनिक हेतु भी किया गया हैं , जो विद्यार्थियों का मातृभूमि के प्रति समर्पण को चिन्हित करता है ।

डीएवी टिकुलिया भाटापारा में एक नई सराहनीय पहल शुरू की गई है जिसमें यहां नए एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों ने स्कूल में वृक्षारोपण कर नए सत्र की शुरुआत की है तथा नवरोपित पौधे के संरक्षण के लिए संकल्पित हुए हैं । जहां विद्यार्थी अपनी पूरी विद्यार्थी जीवन तक इनका संरक्षण करेंगे।

तथा जुलाई के प्रथम सप्ताह जिसे वन महोत्सव के रूप में मनाया जाता है के पूरे सप्ताह में वृक्षारोपण करने व वृक्षारोपण हेतु दूसरों को प्रेरित करने का प्रण लिया गया ।

संस्था प्रमुख ने कराया विद्यार्थियों को डीएवी के सहयोगात्मक एवं विकासात्मक परिवेश से अवगत: डीएवी संस्था प्रमुख एसके सिंह ने विद्यार्थियों को नवीन सत्र में शिक्षण आरंभ करने के लिए शुभकामनाएं दी। नव प्रवेशित विद्यार्थीयों को डीएवी टिकुलिया के सभी कक्षा शिक्षकों तथा विषय शिक्षकों से अवगत करवाया जो हमेशा विद्यार्थियों के समस्या समाधान व सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे । तथा डीएवी में लगाए गए ऐसे हेल्प बॉक्स से अवगत कराया इसमें विद्यार्थी अपना नाम बिना अंकित किये अपनी समस्या लिखित रूप में रख सकते हैं जिसकी गोपनीयता ही सबसे बड़ी विशेषता है । जिसमें विद्यार्थी बिना किसी हिचकिचाहट और डर महसूस किए बिना अपनी बात रख सकते हैं । साथ ही विद्यार्थीयों को स्वच्छता, सही समय निर्धारण, समर्पण, अनुशासन, निरंतरता, सफलता के मूल मंत्र संस्थापक द्वारा विद्यार्थीयों को दिया गया।

नगरीय निकाय के कर्मचारियों को समय पर नहीं मिल रहा है वेतन,रोष

महासमुंद, 2 जुलाई (देशबन्धु)। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को वेतन नही मिलने से आर्थिक कठिनाईयों से जुझना पड़ रहा है । जिसके कारण कर्मचारियों में आक्रोश पनपता जा रहा है । गत दिनों डिप्टी सीएम व विभागीय मंत्री अरूण साव को वेतन समेत अनेक समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था बावजूद इसके कोई कार्रवाई नही हुई । नगरीय निकायों में 1 से 4 माह तक का वेतन बकाया है जिन निकायो में 4 माह का वेतन भुगतान लंबित है वहां के कर्मचारियों की स्थिति समझी जा सकती है । जारी प्रेस विज्ञप्ति में नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि बागबाहरा, तुमगांव, महासमुंद, पिथौरा, सरायपाली, पंडातराई, मारो, डौंडीलोहारा, अंबागढ़ चौक, भानुप्रतापपुर, नहरपुर, कोंडागांव, फसरगांव, भैयरमगढ़, कटघोड़ा, गौरेला, कोटा समेत करीब ढाई दर्जन से अधिक नगरीय निकायो में कर्मचारियों का वेतन भुगतान लंबित है । इस संबंध में उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, महामंत्री सुभाष सोनकर, मयंक, जितेंद्र देवांगन, विकास ठाकुर, ऋषभ ठाकुर, संदीप चंद्राकर ने कहा है कि नगर पंचायत व नगर पालिकाओं में हमें ही वेतन भुगतान की समस्या बनी रहती है । इसलिए सरकार को चाहिए कि प्रति माह वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करें । संघ द्वारा लगातार ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बावजूद ध्यान नही देने से कर्मचारियों में रोष है ।

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी के गौरवमंच में हुआ पढ़ई तिहार का आयोजन

नवापारा राजिम, 2 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा खेलसिह नाराक के निर्देश पर शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी मे अंगना म शिक्षा कार्यक्रम 4.0 के तहत नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत एवं विद्या प्रारंभ हेतु पढ़ई तिहार का आयोजन 02 जुलाई को किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुलेश्वर सिन्हा संकुल समन्वयक लोहरसी अध्यक्षता वेदलता गोस्वामी उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति एवं विशेष अतिथि के रूप में श्यामगिरी गोस्वामी, धनेश राम सहु, इंद्राणी साहू, मनीषा साहू,लक्ष्मी यादव, तारा साहू उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मा सरस्वती के पूजा अर्चना कर किया गया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी द्वारा अंगना म शिक्षा 4.0कार्यक्रम के महत्व पूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए पढ़ई तिहार मनाने के उद्देश्यों से अवगत कराया। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के प्रशिक्षक वरिष्ठ शिक्षक टीकुराम ध्रुव द्वारा विभिन्न काउंटर के माध्यम से जैसे नामांकन व संकलन, शारिरिक व क्रियात्मक विकास संतुलन बनाकर चलना, पेपर फेल्डिंग बौद्धिक विकास मिलान व रंग पहचान करना, वर्गीकरण व क्रम से लगाना भाषा विकास चित्र वाचन व अक्षर, शब्द, अनुच्छेद पढ़ना, गणित पूर्व तैयारी आकार पहचान व वस्तुओं को गिनना एव बच्चों का कोना रंग भरना, चेहरे का भाव पहचान व लिखना एवं अंगना म शिक्षा से सम्बंधित विभिन्न सपोर्ट कार्ड के माध्यम से बच्चों को खेल खेल में कैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो समझाया और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवप्रवेशी बच्चों के लिए 90 दिवसीय स्कूल रेडिनेश विद्या प्रारंभ कार्यक्रम से पालकों को अवगत कराया गया।कार्यक्रम को मुख्य अतिथि दुलेश्वर सिन्हा संकुल समन्वयक लोहरसी ने सम्बोधित करते हुए की माताएं प्रथम गुरु होती है जो हमे ऊगली पकड़कर चलना एवं बोलना सिखाती है।निश्चित ही ग्राम भेंडरी के माताएं शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही जागरूक है जो अन्य विद्यालय के लिए प्रेरणादायी है।ग्राम भेंडरी विद्यालय में शासन से बच्चों के हित चलाये जा रहे सभी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाय जिससे लिये सभी शिक्षक बधाई के पात्र है।प्राथमिक विद्यालय भेंडरी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है कि प्राथमिक शिक्षा इसी विद्यालय मे पढ़ी होनिशा साहू ने 10 वी बोर्ड की परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर ग्राम भेंडरी को गौरवांवित किया। कार्यक्रम को वेदलता गोस्वामी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे प्राथमिक विद्यालय मे कार्यरत सभी शिक्षक बहुत ही लगन एव मेहनत के साथ बच्चों को पढ़ाते है।और विभाग के हर योजनाओं को लागू कर बच्चों तक पहुचाने का प्रयास करते है।आभार प्रदर्शन शिक्षक लालजी सिन्हा द्वारा किया गया।और उपस्थित समस्त माताओं को आह्वान किया कि अपने बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए हमेशा सहयोग प्रदान करते रहे।कार्यक्रम मे शिक्षक रेखराम निषाद, प्रदीप कुमार साहू द्वारा विभिन्न गतिविधियों को क्रियाकलापों के माध्यम से बताया गया। आज के कार्यक्रम में कक्षा पहली में प्रवेश लिए 18 बच्चों के साथ माताओं को सपोर्ट कार्ड से कैसे काम करना है उसे बताया गया।

बच्चों के प्रथम गुरु माताएं होती है : दुलेश्वर सिन्हा